सूर्योदय 6:6 सूर्यास्त 6:41

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 13.2 न्यू | 24.4 अधि |
| धर्मशाला | 11.8 न्यू | 29.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 75364.69 |
| निफ्टी | 22904.45 |
| सोना | 93,000 |
| चांदी | 95,500 |

# अनंत ज्ञान

www.anantgyaan.in



द्रविड़ सर का साथ मिलना सौभाग्य की बात : जायसवाल

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | रविवार, 6 अप्रैल 2025 | 24 चैत्र, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 97, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## रामनवमी: मां सिद्धिदात्री



**रामनवमी** के दिन कन्या पूजन किया जाता है और मां सिद्धिदात्री की पूजा की जाती है। मां की पूजा से समस्त सिद्धियों का ज्ञान प्राप्त होता है। जीवन से हमेशा के लिए अंधकार का अंत होता है। मां की पूजा बेहद शुभ मानी गई है। इसके अलावा यह दिन बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है।
इस दिन कन्याओं का पूजन करने से शुभ फल की प्राप्ति होती है। नवरात्र में व्रत रखने के बाद कन्या पूजन करने से माता प्रसन्न होती हैं। सुख-समृद्धि, धन-संपदा का आशीर्वाद देती हैं। इसके साथ ही कन्या पूजन करने से कुंडली में नौ ग्रहों की स्थिति मजबूत होती है।

ॐ सिद्धिदात्र्यै नमः।।
सर्वभूता यदा देवी स्वर्गमुक्ति प्रदायिनी।
त्वं स्तुता स्तुतये का वा भवन्तु परमोक्तयः।।

### आज का मैच

सनराइज हैदराबाद vs गुजरात टाइटंस

समयः रात 7:30 बजे (हैदराबाद)

## न्यूज शॉर्ट्स

### पापुआ न्यू गिनी में 6.9 तीव्रता का भूकंप



**नई दिल्ली।** पापुआ न्यू गिनी में शनिवार सुबह तेज भूकंप के झटके महसूस किए गए। अमेरिकी जियोलॉजिकल सर्वे के अनुसार, भूकंप की तीव्रता 6.9 मापी गई। भूकंप का केंद्र न्यू ब्रिटेन द्वीप के किंबे कस्बे से 194 किलोमीटर पूर्व समुद्र में था। यह भूकंप केवल 10 किलोमीटर की गहराई पर आया, जिससे इसे अधिक प्रभावी माना गया। भूकंप के तुरंत बाद पापुआ न्यू गिनी के कुछ तटीय हिस्सों में 1 से 3 मीटर ऊंची लहरें उठने की आशंका जताते हुए सुनामी की चेतावनी जारी की गई। पास के सोलोमन द्वीपों के लिए भी 0.3 मीटर तक की छोटी लहरों की चेतावनी दी।

### नेपाल के पूर्व डिप्टी पीएम रबि लामिछाने गिरफ्तार

**काठमांडु।** नेपाल के पूर्व उप प्रधानमंत्री रबि लामिछाने को शुक्रवार आधी रात को काठमांडू स्थित उनके घर से गिरफ्तार कर लिया। लामिछाने को करोड़ों रुपए की सहकारी ठगी मामले में गिरफ्तार किया है। इस मामले में जमानत मिली हुई थी, लेकिन तुलसीपुर हाईकोर्ट ने रद्द कर दिया। लामिछाने ने कहा कि उनके साथ अन्याय हो रहा है। हाईकोर्ट की कॉपी मिले बिना ही पुलिस उन्हें गिरफ्तार करने उनके बेडरूम तक में घुस गई। रबि लामिछाने पुष्प कमल दहल की सरकार में 2024 में देश के डिप्टी पीएम थे।

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- वन संरक्षण में रोजगार के नए साधन होंगे उपलब्ध: सुक्खू -पेज 3
- जजों के व्यवहार ने न्यायपालिका पर खड़े किए सवाल: शांता कुमार -पेज 4
- दो फर्मों को सौंपा दो टापू विकसित करने का जिम्मा -पेज 6
- नक्सली हिंसा छोड़ विकास यात्रा का हिस्सा बनें: शाह -पेज 13

# केंद्र ने हिमाचल को आपदा राहत के लिए दिए 136.22 करोड़ रुपए

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता वाली उच्च स्तरीय समिति ने 2024 में बाढ़, बादल फटने, भू-स्खलन और चक्रवाती तूफान से प्रभावित बिहार, हिमाचल प्रदेश, तमिलनाडु और पुडुचेरी को 1280.35 करोड़ रुपए की अतिरिक्त केंद्रीय सहायता को मंजूरी दी है।

हिमाचल प्रदेश को 136.22 करोड़ रुपए, बिहार के लिए 588.73 करोड़ रुपए, तमिलनाडु के लिए 522.34 करोड़ रुपए और पुडुचेरी के लिए 33.06 करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं। यह सहायता केंद्र की ओर से राज्यों को राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष (एसडीआरएफ) और यूटीडीआरएफ के तहत जारी की गई धनराशि के अतिरिक्त है, जो पहले से ही राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के पास उपलब्ध है। एक अधिकारिक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार बिहार, हिमाचल प्रदेश, तमिलनाडु और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान केंद्र सरकार ने एसडीआरएफ के तहत 28 राज्यों को 20,264.40 करोड़ रुपए और एनडीआरएफ के तहत 19 राज्यों को 5,160.76 करोड़ रुपए जारी किए थे।

## अष्टमी पर मंदिरों में आस्था का सैलाब





कांगड़ा। चैत्र नवरात्र की अष्टमी पर हिमाचल प्रदेश के शक्तिपीठ बज्रेश्वरी देवी, चामुंडा देवी व ज्वाला जी, चिंतपूर्णी और नयना देवी मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही मंदिरों के बाहर श्रद्धालुओं की लाइनें लगनी शुरू हो गईं और भक्तों के जयकारों से पूरा दिन मंदिर गूंजते रहे। बज्रेश्वरी देवी मंदिर में मां के दर्शन के लिए लालायित श्रद्धालु।

# न्यूनतम बस किराया 10 रुपए कॉन्ट्रैक्ट-डेलीवेजर्स होंगे रेगुलर

## कैबिनेट के फैसले: आवंटित 4 पावर प्रोजेक्ट वापस लेगी सुक्खू सरकार



कैबिनेट बैठक की अध्यक्षता करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश की सरकारी और प्राइवेट बसों में अब न्यूनतम किराया 10 रुपए लिया जाएगा। यह फैसला मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में शनिवार को हुई कैबिनेट मीटिंग में लिया गया।

पूर्व में न्यूनतम किराया 5 रुपए था, जिसमें 5 रुपए की बढ़ोतरी की गई है। अब तीन किलोमीटर या इससे कम सफर करने वाले यात्रियों को 10 रुपए किराया चुकाना होगा। सरकारी और प्राइवेट बसों में रोजाना 8 से 10 लाख लोग सफर करते हैं। इससे हजारों लोगों पर बोझ पड़ने वाला है। इसे लेकर हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम ने सरकार को एक प्रस्ताव भेजा था। प्राइवेट बस ऑपरेटर भी सरकार पर न्यूनतम किराया बढ़ाने का दबाव डाल रहे थे। वहीं, कैबिनेट ने 31 मार्च, 2025 को दो साल की लगातार सेवा पूरी करने वाले अनुबंध कर्मचारियों की सेवाओं को नियमित करने की मंजूरी प्रदान की। इससे 3000 से ज्यादा कर्मचारी लाभान्वित होंगे। दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों और आकस्मिक वेतन भोगी कर्मचारियों को भी रेगुलर करने का निर्णय लिया गया।

**प्रोजेक्ट में अब तक खर्च के अनुमान के लिए गठित होगी कमेटी**

कैबिनेट ने पूर्व भाजपा सरकार की ओर से सतलुज जल विद्युत निगम (एसजेवीएन) को आवंटित चार पावर प्रोजेक्ट वापस लेने का फैसला लिया। इनमें 382 मेगावॉट के सुन्नी पावर प्रोजेक्ट, 210 मेगावॉट के लुहरी, 66 मेगावॉट के धौलासिद्ध और डुंगर पावर प्रोजेक्ट शामिल हैं। इसके मूल्यांकन के लिए सरकार ने प्रोजेक्ट में अब तक खर्च के अनुमान के लिए एक कमेटी गठित करने का फैसला लिया है। (अनंत ज्ञान)

### सीनियर रेजिडेंट का वजीफा 1 लाख रुपए किया

**कैबिनेट** में वरिष्ठ रेजिडेंट और ट्यूटर विशेषज्ञों के लिए मासिक वजीफा मौजूदा 60,000-65,000 रुपए से बढ़ाकर 1,00,000 रुपए, सुपरस्पेशलिस्ट और सीनियर रेजीडेंट (सुपर स्पेशलिस्ट) के लिए वजीफा 60,000-65,000 रुपए से बढ़ाकर 1,30,000 रुपए प्रतिमाह ने का निर्णय लिया।

# भारत-श्रीलंका करेंगे रक्षा, ऊर्जा और स्वास्थ्य क्षेत्र को मजबूत

## दोनों देशों के बीच हुए सात समझौते, मछुआरों की गिरफ्तारी पर भी चर्चा



**एजेंसी, कोलंबो**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी श्रीलंका के तीन दिन के दौरे पर हैं। पीएम मोदी और श्रीलंकाई राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के बीच शनिवार को द्विपक्षीय बातचीत हुई। इस दौरान मोदी ने भारतीय मछुआरों की गिरफ्तारी पर चर्चा की।

मोदी ने कहा कि यह मछुआरों की आजीविका का मुद्दा है। हमने मछुआरों को तुरंत रिहा करने और उनकी नावों को छोड़ने पर बात की है। हम सहमत हैं कि हमें इस मामले में इंसानियत के साथ आगे बढ़ना चाहिए। इस दौरान भारत और श्रीलंका के बीच रक्षा, ऊर्जा, डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन, डिफेंस, फार्मा, सोलर पॉवर प्रोजेक्ट और स्वास्थ्य के क्षेत्र में समझौते हुए। रक्षा समझौता सात अहम समझौतों में से एक है, जिन पर प्रधानमंत्री मोदी और श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के बीच व्यापक वार्ता के बाद हस्ताक्षर किए गए। रक्षा समझौते को रणनीतिक संबंधों को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। यह समझौता श्रीलंका में भारतीय शांति रक्षा सेना के हस्तक्षेप के लगभग चार दशक बाद हुआ है। पीएम मोदी ने तमिल मुद्दे पर कहा कि उन्हें यकीन है कि श्रीलंका सरकार तमिलों की उम्मीदों को पूरा करेगी और श्रीलंका के संविधान के तहत मिले पूरे अधिकारों को लागू करेगी। वहीं, दिसानायके ने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को आश्वासन दिया है कि श्रीलंका अपने भूभाग का इस्तेमाल किसी भी तरह से भारत के सुरक्षा हितों के प्रतिकूल कदमों के लिए नहीं होने देगा।

### मोदी को 'मित्र विभूषण' पुरस्कार

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी को शनिवार को श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके ने द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने में उनकी भूमिका के लिए 'मित्र विभूषण' पुरस्कार से सम्मानित किया। श्रीलंका का यह सर्वोच्च नागरिक सम्मान है, जिसकी शुरुआत फरवरी 2008 में तत्कालीन राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे ने की थी। इससे पहले ये पुरस्कार मालदीव के पूर्व राष्ट्रपति मौमून अब्दुल गयूम और दिवंगत फलस्तीनी नेता यासिर अराफात को प्रदान किया जा चुका है। मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रपति दिसानायके की ओर से श्रीलंका मित्र विभूषण से सम्मानित किया जाना मेरे लिए सम्मान की बात है। यह 1.4 अरब भारतीयों के लिए भी सम्मान की बात है।

# वक्फ बिल के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचे 'आप' विधायक

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**वक्फ** संशोधन बिल लोकसभा और राज्यसभा दोनों से पास हो गया है। इसे अब राष्ट्रपति को भेजा जाएगा और उनकी सहमति के बाद यह कानून बन जाएगा। इससे पहले विपक्ष और कई मुस्लिम संगठन बिल के विरोध में सुप्रीम कोर्ट पहुंच गए हैं। शनिवार को आम आदमी पार्टी विधायक अमानतुल्लाह खान ने वक्फ बिल के विरोध में सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई है। शुक्रवार को भी सुप्रीम कोर्ट में दो याचिका लगाई गई। बिहार के किशनगंज से कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद और एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने यह याचिका लगाई हैं। उधर, वक्फ बिल का समर्थन करने के बाद भाजपा के सीनियर लीडर और पूर्व मंत्री शाहनवाज हुसैन को फोन पर जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं।

खान ने याचिका में कहा कि यह बिल संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 21, 25, 26, 29, 30 और 300-ए के तहत प्रदत्त मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करता है। यह मुसलमानों की धार्मिक और सांस्कृतिक स्वायत्तता को कमतर करता है, यह मनमाने ढंग से कार्यकारी हस्तक्षेप को सक्षम बनाता है और अल्पसंख्यक अधिकारों को कमजोर करता है।

# रिज पर लगेगी पूर्व सीएम वीरभद्र की प्रतिमा

## विक्रमादित्य बोले-सरकार से नहीं लेंगे पैसा; फाउंडेशन करेगा खर्चा, 23 जून को अनावरण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



**हिमाचल** की राजधानी शिमला के रिज पर 6 बार मुख्यमंत्री रहे स्व. वीरभद्र सिंह की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। पीडब्ल्यूडी मंत्री एवं वीरभद्र सिंह के बेटे विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि इस प्रतिमा को दौलत सिंह पार्क में हिमाचल निर्माता डॉ. यशवंत सिंह परमार की प्रतिमा के बगल में स्थापित किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि 23 जून को वीरभद्र जंयती पर उनकी प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। इसे बनाने का सारा खर्च वीरभद्र सिंह फाउंडेशन वहन करेगा। सरकार से कोई मदद नहीं ली जाएगी। उन्होंने कहा कि वीरभद्र सिंह फाउंडेशन के नाम से एक नया ट्रस्ट रजिस्टर किया गया है।

### वीरभद्र सिंह के नाम पर बनाया है ट्रस्ट

**विक्रमादित्य** सिंह को वीरभद्र सिंह नाम के ट्रस्ट का अध्यक्ष बनाया है। कागजी कार्रवाई पूरी करने के लिए इस ट्रस्ट में फिलहाल 4 लोग शामिल हैं, लेकिन आने वाले समय मे इसमें और लोगों को भी शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह ट्रस्ट दलगत राजनीति से ऊपर उठकर काम करेगा, क्योंकि वीरभद्र सिंह दलगत राजनीति से ऊपर काम करते थे। इसमें कांग्रेस-भाजपा के अलावा सभी वर्गों के लोग जुड़ सकेंगे।

### दुर्गम क्षेत्रों के लोगों की सेवा करना मकसद

विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि फाउंडेशन का गठन दुर्गम क्षेत्रों में लोगों को सेवाएं देने के लिए किया गया है। इसमें स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार के साधन उपलब्ध करवाने के लिए अलग अलग क्षेत्रों के विशेषज्ञ लोगों को शामिल किया जाएगा।

### सीएम सुक्खू का आभार जताया

विक्रमादित्य ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का भी आभार जताया। उन्होंने कहा किए सीएम सुक्खू ने भी उन्हें हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि वीरभद्र सिंह से लोगों की भावनाएं जुड़ी हुई है। लोग मदद करने को तैयार हैं। ऐसे में फाउंडेशन ने स्पष्ट किया कि वह सारा खर्च खुद वहन करेंगे और सरकार से कोई मदद नहीं लेगा।

### संजौली मस्जिद केस की सुनवाई टली

**शिमला।** शिमला नगर निगम आयुक्त कोर्ट में संजौली मस्जिद मामले में सुनवाई टल गई है। अदालत में शनिवार को हिमाचल वक्फ बोर्ड को मस्जिद की जमीन पर मालिकाना हक का जवाब देना था, लेकिन शिमला बार काउंसिल के एडवोकेट की मौत की वजह से आज अधिवक्ता पेश नहीं हो पाए। इसे देखते हुए अदालत ने इस मामले की सुनवाई 19 अप्रैल को बुलाई है। बता दें कि हाईकोर्ट ने बीते सप्ताह लोकल रेजिडेंट की याचिका पर फैसला सुनाते हुए 8 मई तक निगम आयुक्त को संजौली मस्जिद केस निपटाने के आदेश दिए हैं। ऐसा नहीं करने पर निगम के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई शुरू की जाएगी।

**चिंता** चाय बागानों से लकड़ी काटने पर प्रतिबंध लगने से परेशानी में कांगड़ा के चाय उत्पादक

# लकड़ी के बिना चाय उत्पादन पर संकट

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**



**हिमाचल** प्रदेश में जबसे सरकार ने चाय बागनों से लकड़ी काटने पर प्रतिबंध लगाया है, तब से चाय उद्योगों के समक्ष चाय उत्पादन का गंभीर संकट खड़ा हो गया है।

जिला कांगड़ा की चार प्रमुख चाय फैक्टरियां 10 लाख किलो से ज्यादा चाय तैयार कर देश के विभिन्न हिस्सों में सप्लाई करती हैं। यही नहीं, कांगड़ा चाय की डिमांड विदेश में भी काफी रहती है। पालमपुर चाय फैक्टरी की क्षमता 5 लाख है। सिद्धबाड़ी (धर्मशाला) और बैजनाथ की 2-2 लाख तथा बीड़ चाय फैक्टरी की क्षमता एक सीजन में 1 लाख किलो चाय तैयार करने की है, लेकिन लकड़ी न मिलने के कारण अब उत्पादकों को चाय तैयार करने की प्रक्रिया से गुजरना बेहद कठिन हो रहा है। ऐसे में उत्पादकों ने चिंता जाहिर की है कि वे लकड़ी के बिना चाय कैसे तैयार करें? (अनंत ज्ञान)

### मुख्यमंत्री दें परमिशन: नागेंद्र चंद कटोच



**दी** बैजनाथ को-ऑपरेटिव टी फैक्टरी लि. कंपनी के चेयरमैन नागेंद्र चंद कटोच ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से कांगड़ा जिले के चाय उत्पादकों को लकड़ी की उपलब्धता के लिए गुहार लगाई है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार पहले की तरह चाय उत्पादकों को लकड़ी का प्रबंध अपने स्तर पर करने की परमिशन दे तो उन्हें काफी राहत मिलेगी। पहले चाय उत्पादक अपने चाय बागानों से ही सूखी लकड़ी को एकत्र कर भट्ठियों तक पहुंचा रहे थे, जिससे उन्हें उत्पादन में कोई दिक्कत नहीं आती थी, लेकिन प्रतिबंध लगने के बाद अब लकड़ी के लिए काफी मारामारी करनी पड़ रही है। अब चाय बागानों से लकड़ी नहीं तोड़ी जा सकती। ऐसे में उन्हें बाहर से ही खरीदकर लकड़ी लाने के लिए विवश होना पड़ रहा है।

**अनंत ज्ञान खास खबर**

### एक किलो चाय तैयार करने में लगती है 5 किलो लकड़ी

**चाय** तैयार के लिए पहले से ही पारंपरिक तरीके से लकड़ी का उपयोग किया जा रहा है और चाय उद्योग में लकड़ी का महत्व अत्यधिक है। चाय की पत्तियां तोड़ने से लेकर सुखाने तथा पैकेजिंग के बाद सप्लाई करने की लंबी-चौड़ी प्रक्रिया होती है। एक किलो चाय तैयार करने के लिए करीब 5 किलो लकड़ी की आवश्यकता होती है, लेकिन अब लकड़ी पर प्रतिबंध के चलते इस प्रक्रिया को बदलने की जरूरत महसूस हो रही है।

### जम्मू के आरएसपुरा में पाक घुसपैठिया ढेर

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर बीएसएफ के जवानों ने एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को मार गिराया। यह घटना शुक्रवार आधी रात को जम्मू में एलओसी पर आरएसपुरा सेक्टर में हुई, जब सीमा सुरक्षाबल के जवानों ने संदिग्ध हलचल देखी। बीएसएफ के प्रवक्ता ने बताया कि अब्दुलियां सीमा चौकी पर तैनात जवानों ने एक व्यक्ति को सीमा पार करते देखा। चेतावनी दी गई, लेकिन वह नहीं रुका और भारतीय सीमा में घुसने की कोशिश करता रहा। सुरक्षा को देखते हुए जवानों ने गोली चला दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि घुसपैठिए की पहचान और मकसद का पता लगाया जा रहा है। घुसपैठिए के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है।

# 10 शहरों का पारा $30^0$ पार, ऊना सबसे गर्म

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश के कई क्षेत्रों में शनिवार को गर्म हवाएं चलीं। प्रदेश के दस क्षेत्रों में अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस पार और ऊना में 35 डिग्री के पार पहुंच गया है। राज्य के कई इलाकों में 6 और 7 अप्रैल को भी गर्म हवाएं चलने का येलो अलर्ट जारी किया है।

**आज और कल गर्म हवाएं चलने का येलो अलर्ट**

ऊना, हमीरपुर, बिलासपुर, चंबा, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी व सोलन में 6 और 7 अप्रैल को अलग-अलग स्थानों पर हीट वेव की स्थिति बनी रहने की संभावना है। शनिवार को सुंदरनगर में अधिकतम तापमान 33., भुंतर में 31.8, ऊना में 35.8, नाहन में 32.1, सोलन में 30.5, कांगड़ा में 32.8, मंडी में 31.6, बिलासपुर में 33.1, धौलाकुआं में 33.8 और बरठीं में 31.7 डिग्री रहा।

### नौ को बारिश और बर्फबारी के आसार

मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार, 9 अप्रैल को चंबा, कुल्लू, कांगड़ा, लाहौल-स्पीति और किन्नौर जिले में एक-दो स्थानों पर और 10 और 11 अप्रैल को कुछ स्थानों पर हल्की बारिश-बर्फबारी के आसार हैं। 10 और 11 अप्रैल को निचले पहाड़ी-मैदानी क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना है। सप्ताह के शेष दिनों में राज्य में शुष्क मौसम रहने की संभावना है।

# गोवंश की सेवा के साथ धार्मिक स्थल बनती जा रही जमली धाम गोशाला

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

गोवंश के संरक्षण के लिए 25 वर्ष पहले ग्राम पंचायत डुग्घा, ग्राम पंचायत काले अंब और ग्राम पंचायत स्वाहल के केंद्र बिंदु जमली धाम में गोशाला की नींव पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल ने रखी थी। 25 वर्ष पहले एक गाय से इस गोशाला की शुरुआत की गई थी वहीं वर्तमान में 100 गाय रखने की व्यवस्था तक पहुंच गई है। 5 मई को इस गोशाला को शुरू किए 25 वर्ष हो जाएंगे। इस उपलब्धि को लेकर सिल्वर जुबली समारोह भी आयोजित किया जा रहा है। प्रदेश में जमली धाम गोशाला एक आदर्श गोशाला का दर्जा प्राप्त है। इस गोशाला के संचालन में स्थानीय तीनों पंचायत के लोगों का सहयोग रहता है जिससे उनकी फसलें भी सुरक्षित हैं। इस गोशाला को स्थापित करने का उद्देश्य फसलों की सुरक्षा करना और गोवंश को सड़कों पर न लावारिस न छोड़ने का था। इस गोशाला में गउओं की सेवा के लिए 8 वर्कर रखे गए हैं जो इनके चारे से लेकर सफाई तक का पूरा ध्यान रखते हैं।




पहले यहां पर राधा कृष्ण का छोटा सा मंदिर था उसे भव्य तरीके से तैयार कर नया रूप दिया गया यहां पर भागवत कथा का भी आयोजन किया जाता है। इसके अलावा गौशाला के साथ ही मां बगलामुखी का मंदिर बनाया गया है और साथ ही नवग्रह वाटिका भी बनाई गई है। इसी के साथ भगवान शनिदेव की प्रतिमा भी स्थापित की गई है। (अनंत ज्ञान)

### नवरात्र के बाद शुरू होगा पंचगव्य का शुभारंभ

गाय के गोबर से उत्पाद तैयार करने के लिए नवरात्रों के बाद पंचगव्य की शुरुआत की जा रही है। इसके लिए 12 महिलाओं का एक स्वयं सहायता समूह भी बनाया गया है। पंचगव्य की शुरुआत करने के लिए 50 हजार रूपए की मशीन भी लगाई गई है। इन मशीनों से गोबर की पिसाई की जाएगी और धूप बनाने की मशीन भी लगाई है। इसके अलावा जो पशु सड़क दुर्घटना में घायल हो जाते हैं उनकी इलाज भी निशुल्क किया जाता है। एक वर्ष पहले यहां पर घायल पशुओं के इलाज के लिए केंद्र खोला गया था जिसमें अभी तक 2 घायल पशुओं का इलाज किया गया है। जमली धाम गौशाला के संस्थापक एवं अध्यक्ष रसील सिंह मनकोटिया ने बताया कि गौशाला में कई धार्मिक आयोजन किए जाते हैं। इसके अलावा जो पशु दूध देना छोड़ देते हैं उन्हें लोग यहां पर छोड़ देते हैं। उन्होंने बताया कि गौशाला में पंचगव्य उत्पाद बनाने की प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जा रही है। लोगों को यहां पर गोबर से बना धूप, दीपक और अन्य उत्पाद मिलेंगे। उन्होंने बताया कि गोमूत्र को भी प्यूरीफाई करके पीने योग्य बनाया जाता है जो कई बीमारियों में लाभकारी सिद्ध होता है।

# करियर प्वाइंट और ठाकुर रामसिंह इतिहास शोध संस्थान के बीच एमओयू

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय हमीरपुर के भाषा व सामाजिक विज्ञान विभाग और ठाकुर रामसिंह इतिहास शोध संस्थान नेरी, जिला हमीरपुर के बीच एक एमओयू हस्ताक्षर किया गया। साझेदारी गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान को बढ़ावा देने और दोनों संस्थाओं के बीच अकादमिक और अनुसंधान कार्यक्रमों की शुरुआत करने के उद्देश्य से की गई है। समझौते पर हस्ताक्षर समारोह में ठाकुर रामसिंह इतिहास शोध संस्थान के निदेशक डॉ. चेतराम ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। डॉ. चेतराम का इतिहास के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान है, जो इतिहास दीवाकर की पत्रिका में उनके लेखन और क्षेत्र की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक ज्ञान से जुड़ी उनकी कई पुस्तकों के माध्यम से दिखाई देता है। इस एमओयू में ठाकुर रामसिंह इतिहास शोध संस्थान की तरफ से निदेशक डॉ. चेतराम, सचिव भूमि दत्त और कैशियर देशराज भी उपस्थित रहे तथा करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय की तरफ से कुलपति डॉ. संजीव शर्मा, कुलसचिव गुलशन संधू, प्रो. डॉ. एमआर शर्मा, डीन अकेडमिक डॉ. कुलदीप कुमार, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. सौरभ कुमार, डॉ. प्रियंका कौशल सहित आदि प्रोफेसर उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### डीएवी भड़ोली में पैरेंट्स ओरियंटेशन का किया आयोजन



**अनंत ज्ञान, नादौन।** डीएवी भड़ोली में पैरेंट्स ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के प्रिंसिपल सुरजीत कुमार राणा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने माता-पिता के लिए बच्चों की शिक्षा और मानसिक स्वास्थ्य के बारे में चर्चा करने के लिए पैरेंट्स ओरियंटेशन प्रोग्राम कराया। अध्यापकों और अभिभावकों द्वारा अनेक मनमोहक गतिविधियां प्रस्तुत की गई।

### सिक्योरिटी गार्ड और सुपरवाइजर के साक्षात्कार 11 को

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** एसआईएस इंडिया लिमिटेड शाहतलाई, बिलासपुर द्वारा सिक्योरिटी गार्ड और सुपरवाइजर के 100 पदों पर भर्ती के लिए 11 अप्रैल को सुबह 11 बजे उपरोजगार कार्यालय सुजानपुर में साक्षात्कार लिए जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए 19 वर्ष से 40 वर्ष तक के पुरुष उम्मीदवार भर्ती किए जाएंगे। दसवीं फेल या दसवीं पास अथवा इससे अधिक शैक्षणिक योग्यता वाले उम्मीदवार, जिनकी लंबाई कम से कम 168 सेंटीमीटर और वजन 54 से 95 किलोग्राम के बीच हो, इन पदों के लिए पात्र हैं। चयनित उम्मीदवारों को मौके पर ही ऑफर लेटर प्रदान किए जाएंगे तथा उन्हें 16,500 रुपये से लेकर 21 हजार रुपये तक मासिक वेतन एवं अन्य सुविधाएं दी जाएंगी। जिला रोजगार अधिकारी ने इच्छुक उम्मीदवारों से साक्षात्कार के लिए 11 अप्रैल को सुबह 11 बजे उप रोजगार कार्यालय सुजानपुर में उपस्थित होने की अपील की है।

### विभिन्न क्षेत्रों में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल-2 हमीरपुर के अंतर्गत एलटी लाइन के क्षतिग्रस्त खंभे की मरम्मत के कार्य के चलते 6 अप्रैल को एचआरटीसी वर्कशॉप के आसपास के क्षेत्र, आईटीआई, जिला कल्याण अधिकारी कार्यालय, वार्ड नंबर-7, मदन स्वीट्स और साथ लगते क्षेत्र में सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक बिजली की आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियंता सौरभ राय ने इस दौरान क्षेत्र के उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### भगवती स्कूल जलाड़ी के आर्यन का नवोदय में चयन



**अनंत ज्ञान, नादौन।** भगवती पब्लिक स्कूल जलाड़ी के आर्यन का नवोदय विद्यालय में चयन हुआ है, जिस स्कूल में बच्चे के अभिभावकों में खुशी का माहौल है। आर्यन के चयन की जानकारी देते हुए स्कूल की प्रिंसिपल आरती कटोच व विद्यालय के अध्यापकों ने आर्यन और उसके अभिभावकों को नवोदय विद्यालय में चयन की बधाई दी है। उन्होंने कहा कि ये बच्चे व अध्यापकों की मेहनत का नतीजा है।

### जमीन खाली न करने वालों पर प्रशासन करेगा सख्ती

**अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** नेशनल हाईवे नंबर तीन हमीरपुर से मंडी पर मुआवजा मिलने के बावजूद जमीन खाली न करने वालों पर अब प्रशासन सख्ती से कार्रवाई करेगा। अस्पताल चैक पर कई विवादों की शिकायत मिलने पर तहसीलदार टौणी देवी सौरभ धीमान ने स्वयं मौके पर जाकर निरीक्षण किया। इसी कड़ी में टौणी देवी तहसील कार्यालय को जोड़ने संपर्क मार्ग को एक भूस्वामी द्वारा खोदने की शिकायत मिलने के बाद नेशनल हाईवे अथॉरिटी के अधिकारियों के साथ मिलकर तहसीलदार सौरभ धीमान और भूस्वामी के साथ मिलकर मौके पर स्थिति का जायजा लिया गया।

### ग्रामीणों ने सीखे आपदा प्रबंधन के गुर




**अनंत ज्ञान, गलोड़।** विकास खंड नादौन की ग्राम पंचायत अप्पर हड़ेटा में जनप्रतिनिधियों व गांव वासियों को आपदा प्रबंधन से निपटने के के लिए अग्नि अग्निशमन विभाग, होमगार्ड, एसडीआरएफ विभाग ने जागरूकता शिविर का आयोजन किया। शिविर में कमांडेंट होमगार्ड 10वीं बटालियन हमीरपुर 10६3 कंपनी नादौन के कमांडर प्रीतम चंद के नेतृत्व में हवलदार संजीव कुमार, गृह रक्षक संदीप कुमार, अग्निशमन विभाग से योगराज, एसडीआरएफ टीम से हवलदार विनय कुमार कांस्टेबल शुभम कुमार कांस्टेबल ललित कुमार ने पंचायत प्रतिनिधियों वह ग्रामीणों को जागरूक किया। वनों में आग की रोकथाम पर भी जानकारी दी गई।

### प्रेम चंद और चंपा रानी बने रेडक्रॉस के आजीवन सदस्य

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** गरीब, असहाय और जरूरतमंद लोगों की मदद करने वाली संस्था रेडक्रॉस सोसायटी के संरक्षक और आजीवन सदस्य बनने के लिए कई लोग आगे आ रहे हैं। उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष अमरजीत सिंह के विशेष आह्वान से प्रेरित होकर उप तहसील लंबलू के गांव कंगरू के प्रेम चंद और उनकी धर्मपत्नी चंपा रानी ने भी शनिवार को एक-एक हजार रुपए का अंशदान करके जिला रेडक्रॉस सोसायटी की आजीवन सदस्यता ग्रहण की। प्रेम चंद दिल्ली विकास प्राधिकरण में लगभग 42 वर्ष तक सराहनीय सेवाएं प्रदान करने के बाद फील्ड इंस्पेक्टर के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। शनिवार को उन्होंने अपनी धर्मपत्नी चंपा रानी के साथ उपायुक्त कार्यालय में पहुंचकर जिला रेडक्रॉस सोसाइटी की आजीवन सदस्यता ग्रहण की। उनका आभार व्यक्त करते हुए उपायुक्त अमरजीत सिंह ने बताया कि आम लोग की नेक कमाई से प्राप्त अंशदान की राशि से ही जिला रैडक्रॉस सोसाइटी हमेशा गरीब, असहाय और जरुरतमंद लोगों की मदद करती है। उन्होंने जिलावासियों से अधिक से अधिक संख्या में रैडक्रॉस सोसायटी से जुड़ने की अपील भी की।

हमीर भवन में अप्रेंटिसिज एक्ट 1961 और एनएपीएस पर कार्यशाला आयोजित, उपायुक्त बोले-

# प्रशिक्षित युवाओं से अप्रेंटिसशिप करवाएं विभाग

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



उपायुक्त अमरजीत सिंह ने कहा है कि जिला के बड़े सरकारी कार्यालयों एवं संस्थानों, सार्वजनिक उपक्रमों, उद्यमों एवं कंपनियों में अप्रेंटिसिज एक्ट 1961 और राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप प्रोत्साहन योजना (एनएपीएस) के अंतर्गत अप्रेंटिसिज की सेवाएं ली जा सकती हैं। इससे जहां इन कार्यालयों में कर्मचारियों की कमी दूर होगी, वहीं नए युवाओं को भी ऑन जॉब ट्रेनिंग तथा कौशल विकास के अवसर मिलेंगे।

उपायुक्त शनिवार को यहां हमीर भवन में अप्रेंटिसिज एक्ट 1961 और एनएपीएस पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। इस कार्यशाला में विभिन्न विभागों, सार्वजनिक उपक्रमों और अन्य उद्यमों के अधिकारियों को अप्रेंटिसिज एक्ट और एनएपीएस की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। अमरजीत सिंह ने कहा कि 30 से अधिक संख्या वाले पदों के कार्यालयों, संस्थानों और उद्यमों में अप्रेंटिसिज एक्ट 1961 के तहत अप्रेंटिसिज को ऑन जॉब ट्रेनिंग प्रदान करते हुए उनकी सेवाएं लेने का प्रावधान है। इसलिए, सभी संबंधित कार्यालय प्रमुख अप्रेंटिसिज एक्ट 1961 की अनुपालना की दिशा में कार्य करें तथा वेब पोर्टल अप्रेंटिसशिप इंडिया.जीओवी.इन पर ऑनलाइन पंजीकरण करवाएं।

उपायुक्त ने बताया कि अप्रेंटिसिज को एनएपीएस के तहत 1500 रुपए तक की प्रोत्साहन राशि मिल सकती है। स्टाइपेंड की शेष राशि संबंधित विभाग या कार्यालय को अदा करनी होगी। उन्होंने बताया कि जिला हमीरपुर में अभी तक 40 कार्यालय वेब पोर्टल पर पंजीकृत हो चुके हैं। इन कार्यालयों में लगभग 100 युवाओं को अप्रेंटिसशिप करवाई जा रही है। जिला में आईटीआई रैल के प्रधानाचार्य कपिल ठाकुर को एनएपीएस का नोडल एडवाइजर बनाया गया है।

उपायुक्त ने कहा कि अगर किसी विभाग या कार्यालय को अप्रेंटिसशिप इंडिया पोर्टल पर पंजीकरण में कोई दिक्कत आ रही है तो इसके निवारण के लिए जिला नोडल एडवाइजर या नजदीकी आईटीआई के प्रधानाचार्य से संपर्क किया जा सकता है। कार्यशाला के दौरान जिला नोडल एडवाइजर कपिल ठाकुर ने अधिकारियों को अप्रेंटिसिज एक्ट 1961 और एनएपीएस की विस्तृत जानकारी प्रदान की।

### 8 से 22 अप्रैल तक मनाया जाएगा पोषण पखवाड़ा : डीसी

**हमीरपुर।** पोषण अभियान के तहत इस बार 8 से 22 अप्रैल तक पोषण पखवाड़ा मनाया जाएगा, जिसमें छोटे बच्चों, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं पर विशेष रूप से फोकस किया जाएगा और इस दौरान लगभग 20 विभागों के माध्यम से कई गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। उपायुक्त अमरजीत सिंह ने शनिवार को महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, आयुष विभाग, शिक्षा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज, जल शक्ति विभाग और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक करके पोषण पखवाड़े की गतिविधियों की रूपरेखा तय की। उपायुक्त ने कहा कि पोषण पखवाड़ा चार मुख्य विषयों पर आधारित रहेगा। इसमें बच्चे की जिंदगी के पहले 1000 दिनों की महत्ता और इन दिनों के दौरान उसके सही पोषण, पोषण ट्रैकर के माध्यम से निगरानी एवं प्रचार-प्रसार, सीमैम मॉडयूल के माध्यम से कुपोषण का प्रबंधन और बच्चों में मोटापे की समस्या को दूर करने के लिए स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल किए गए हैं। इस दौरान अधिकारियों ने भी महत्वपूर्ण सुझाव रखे।

# टौणी देवी मंदिर में सराय भवन बनाने के लिए खर्च होंगे 4 लाख



**अनंत ज्ञान, टौणी देवी**

चैत्र नवरात्र को लेकर टौणी देवी मंदिर में शनिवार को भंडारा आयोजित किया गया। इस अवसर पर सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक कैप्टन रणजीत सिंह राणा ने भी शिरकत की। टौणी देवी मंदिर कमेटी के प्रधान सरवन सिंह चौहान ने बताया कि शनिवार को विधायक कै रणजीत सिंह ने मंदिर के ऊपर बन रहे सराय भवन का निरीक्षण किया। विधायक सराय भवन बनाने के लिए 3 लाख रुपए की राशि जारी की थी लेकिन इससे भवन का कार्य पूरा नहीं हुआ है।

उन्होंने बताया कि इस भवन पर 4 लाख रुपए का और खर्च आएगा जिसका एस्टीमेट बनाकर दे दिया है। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि सुजानपुर की तर्ज पर ही टौणी देवी कस्बे को संवारेंगे। चौंक पर मास्ट लाइटें लगाई जाएगी तथा टौणी देवी माता मंदिर का एतिहासिक बड़ा गेट बनाया जाएगा। इसके अतिरिक्त सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के उहल, कक्कड़, जंगलबेरी , कोट , पटलादर कस्बों के विकास के लिए भी अलग से योजना तैयार की गई है। क्षेत्र में नई सड़कों और पुलों के लिए कार्य शुरू हो चुका है। उन्होंने कहा कि सीएम सुक्खू की सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र पर बहुत कृपा है और जो काम पिछले 15 साल में नहीं उन्हें एक साल में शुरू कर दिया गया है।

सीएम सुक्खू के कार्यकाल में व्यवस्था परिवर्तन कर प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने की कोशिश की गई है। इस मौके पर मंदिर कमेटी टौणी देवी ने प्रधान सरवन कुमार के नेतृत्व में विधायक कैप्टन रणजीत का स्वागत किया। मंदिर कमेटी की ओर से एक मांग पत्र भी सौंपा गया जिस पर विधायक कैप्टन रणजीत सिंह राणा ने शीघ्र कार्य शुरू करने का आश्वासन दिया।

# कुडाणा गांव के एक युवक ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

ग्राम पंचायत बैरी के कुडाणा गांव के अभिषेक पुत्र तिलक राज निवासी ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस थाना सुजानपुर के प्रभारी राकेश धीमान ने बताया कि अभिषेक 23 पेशे से टैक्सी चालक था और उसने पेड़ से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

राकेश धीमान ने बताया कि अभिषेक के परिजनों के अनुसार उसने शुक्रवार रात को घर में खाना खाया और अपने कमरे में चला गया। शनिवार सुबह वह घर में नहीं मिला तो परिजनों उसे ढूंढने का प्रयाय किया, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। उन्होंने अभिषेक को पेड़ से लटका हुआ मिला। लोगों ने शव को पेड़ से उतारा।

मृतक अपने पीछे वृद्ध माता–पिता को छोड़ गया है। इसका एक भाई बद्दी में नौकरी करता है जबकि एक बहन की शादी हो चुकी है। उक्त युवक अभी कुंवारा था। एसएचओ राकेश धीमान ने बताया कि पुलिस ने आत्महत्या का मामला दर्ज कर लिया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए हमीरपुर भेजा गया है।

# चुनावों में जिन्होंने मेरी मुखालफत की, उन्हें करेंगे बेनकाब : पुष्पेंद्र

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व प्रत्याशी डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने चुनाव में रहे अपने विरोधियों पर हमला बोला है। उन्होंने स्थानीय विधायक को विकास को लेकर लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा कि पिछले विधानसभा उपचुनाव में पार्टी के जिन लोगों ने मुखालफत की है, उन्हें आने वाले अगले विधानसभा चुनावों से ठीक पहले खुद बेनकाब करूंगा। ऐसे लोगों का पार्टी में कोई औचित्य नहीं है। समय आने पर सारी स्थिति पार्टी के सामने आ जाएगी। शनिवार को यहां सर्किट हाउस में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए उन्होंने स्थानीय विधायक पर निर्माण कार्यों को लेकर झूठा प्रचार करने का आरोप लगाते हुए कहा कि जब ये सरकार में थे, तो कहते थे कि कोई सुनवाई नहीं होती।



विधायक की राजनीतिक मजबूरियां हो सकती हैं, लेकिन तथ्यों को तोड़–मरोड़कर जनता को भ्रमित करना उन्हें शोभा नहीं देता। जिन पुलों के लिए विधायक केंद्र सरकार को धन्यवाद दे रहे हैं, उनकी स्वीकृति का श्रेय मुख्यमंत्री को जाता है। 13 जनवरी को मुख्यमंत्री के दौरे के दौरान तीन पुलों की मांग रखी गई थी, जिस पर जमली व गुदवीं पुल को तुरंत स्वीकृति मिली, जबकि लंबलू पुल को योजना में शामिल किया गया। (अनंत ज्ञान)

### पूरे प्रदेश के युवाओं के लिए निकाले जाते हैं रोजगार

**डॉ.** वर्मा ने कहा कि रोजगार किसी एक क्षेत्र के लिए नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश के युवाओं के लिए निकाले जाते हैं। जिस बस अड्डे का काम पिछले 15 साल से शुरू नहीं हो पा रहा था, उसे मुख्यमंत्री ने 95 करोड़ रुपए की राशि आवंटित करवाकर शुरू करवाया। वहीं डॉ. वर्मा ने भाजपा पर दोहरे मापदंड का आरोप लगाते हुए पूछा कि जब भाजपा के सांसद स्व. रामस्वरूप शर्मा की मृत्यु हुई तब उनके परिवार ने लगातार सीबीआई जांच की मांग की थी, लेकिन तब भाजपा पे जांच क्यों नहीं करवाई गई?

# नादौन में मनाई स्वतंत्रता सेनानी इंद्रपाल की जयंती

**अनंत ज्ञान, नादौन**

नादौन के स्वतंत्रता सेनानी पंडित इंद्रपाल की 120वीं जयंती नादौन में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में एसडीएम राकेश शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।



उन्होंने इंद्रपाल की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि क्रांतिकारी इंद्रपाल द्वारा स्वतंत्रता आंदोलन में दिए गए योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। उन्होंने नादौन में स्थित यशपाल साहित्य सदन की दशा सुधारने व कवियों, लेखकों का साहित्य स्कूलों की लाइब्रेरियों में पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा ताकि बच्चों को इनके जीवन की जानकारी मिल सके। इससे पहले उन्होंने नादौन बस स्टैंड के पास स्थित इंद्रपाल चौक में इंद्रपाल की प्रतिमा पर एसडीएम राकेश शर्मा, एसएचओ निर्मल सिंह, यशपाल साहित्य परिषद के अध्यक्ष डॉ. रतन चंद शर्मा, जिला भाषाधिकारी संतोष पटियाल, नगर परिषद के ईओ रमन शर्मा व अन्य गणमान्य साहित्यकारों ने माल्यार्पण किया। वहीं लेखक गोष्ठी में सुप्रसिद्ध लेखक ओपी शर्मा, और साहित्यकार राजेंद्र राजन एवं वरिष्ठ साहित्यकार केसर सिंह पटियाल ने इंद्रपाल पर जानकारी सांझा की।

कवि सम्मेलन में युवा शायर कार्तिक शर्मा ने अपनी गजल किसी ने मुझे गले से यूं लगाया, मास्टर दिलीप ने नादौन धरती स्वतंत्रता सैनानियों की, सुशील गौतम सहित आदि ने कविताएं पढ़ी।

### नगर परिषद सुजानपुर में लगाया समाधान शिविर

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** नगर परिषद सुजानपुर के उपाध्यक्ष और वार्ड नंबर 9 के पार्षद मनीष गुप्ता की अध्यक्षता में हनुमान मंदिर के पास शनिवार को समाधान शिविर लगाया गया। इस अवसर पर वार्ड में स्थाई व्यवस्था को बेहतर किए जाने वाले चर्चा की गई।

उन्होंने कहा कि जो लोग गंदगी फैला रहे हैं, उन पर सख्त करवाई की जाएगी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वार्ड नंबर 9 को शहर का समृद्ध और साफ–सुथरा वार्ड बनाया जाएगा। शहर को स्वच्छ शहर, समृद्ध शहर बनाना हम सब शहरवासियों का कर्तव्य है।

# बकरियों की चोरी के मामले में फरार आरोपी किए गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, नादौन**

पुलिस थाना नादौन के अंतर्गत हुई बकरियों की चोरी के अभियोग में वांछित आरोपियों को पुलिस ने गिरफतार कर लिया है। कांगड़ा के गांव महेशगढ़ कंदराल के निवासी रमेश चंद पुत्र विलायती राम ने पुलिस थाना नादौन में 28 मार्च को शिकायत की थी कि उसकी बकरियां किसी अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर ली हैं।

वहीं एसपी हमीरपुर भगत सिंह ठाकुर ने बताया कि पुलिस ने इस अभियोग में मंडी जिला के कुम्मी गांव के गोल्डी पुत्र धर्म सिंह, विपन कुमार पुत्र मुरारी लाल तथा विवेक कुमार पुत्र भीमू राम को गिरफ्तार किया है। एसपी ने बताया कि आरोपियों ने चोरी के लिए वाहन नं. एचपी 33–डी 8927 का प्रयोग किया था। आरोपियों के पास से फर्जी नंबर प्लेट्स तथा एक एक्सटेंनसाईल जिस पर 1 से लेकर 0 तक नंबर अंकित था जिसका प्रयोग गाड़ी के लिए फर्जी नंबर प्लेट के लिए करते थे। आरोपियों को माननीय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नादौन की अदालत में पेश किया जहां उनको चार दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है।

**व्यवस्था** भोरंज की पंचायतों में 30 तक करें बीपीएल सूची के लिए आवेदन

# कई मापदंडों के आधार पर होगी सूची तैयार

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

उपमंडल भोरंज के तहत कार्यालय खंड विकास अधिकारी भोरंज कुलवंत सिंह ने बताया कि ग्रामीण विकास विभाग हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश में बीपीएल परिवारों के चयन, शामिल एवं हटाए जाने के मापदंडों के लिए प्रक्रिया निर्धारित की है। जिसके लिये इच्छुक परिवार एक अप्रैल से 30 अप्रैल, 2025 तक आवेदन के सकते है। बीपीएल सूची में शामिल करने के लिए परिवारों की पहचान विभिन्न मापदंडों के आधार पर की जाएगी। ऐसे परिवार जिसमें 18 वर्ष से कम आयु के अनाथ बच्चे ही सदस्य है ऐसे परिवार जिसमें 59 वर्ष की आयु से अधिक के वृद्धजन ही सदस्य है 18 से 59 वर्ष की आयु का कोई भी वयस्क सदस्य नहीं है। ऐसे परिवार जिसमें महिला मुखिया हो तथा जिसमें 18 वर्ष से 59 वर्ष का मुखिया सदस्य पुरुष सदस्य न हो, जिसमें विधवा, अविवाहित तलाकशुद्धा व परित्यक्त महिलाएं शामिल होंगी।

ऐसे परिवार जिसमें मुखिया में 50 से अधिक विकलांगता हो, ऐसे परिवार जिनमें साभी व्यस्क सदस्यों द्वारा पिछले वित्तीय वर्ष में मनरेगा के अंतर्गत कम से कम 100 दिन काम किया है। ऐसे परिवार जिनके कमाने वाले सदस्य कैंसर, अल्जाइमर, पार्किंसन, मस्कुलर डिस्ट्रॉफी, थैलेसीमिया या किसी अन्य स्थिति जैसे गंभीर बीमारियों से पीड़ित हैं, जिसके परिणामस्वरूप स्थायी विकलांगता होती है, उन्हें भी बीपीएल सूची में शामिल किया गया है।

### इच्छुक परिवार सभी प्रमाण पत्र करवाएं जमा

**खंड** विकास अधिकारी कुलवंत सिंह ने बताया की इच्छुक परिवार जो बीपीएल सूची में शामिल होना चाहते हैं उनके मुखिया अपने आवेदन पत्र आवश्यक घोषणा पत्र के साथ सहायक साक्ष्य जैसे परिवार रजिस्टर की नकल, बीमारी में जिला चिकित्सा अधिकारी का प्रमाण पत्र, विकलांगता प्रमाण पत्र एवं आय प्रमाण पत्र संलग्न करके अपनी पंचायत कार्यालय में 1 अप्रैल 2025 से 30 अप्रैल 2025 तक जमा करे। परिवार द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाला घोषणा पत्र में निम्न रहेगा। मेरे परिवार के पास रहने के लिए पक्का मकान नहीं है। मेरा परिवार आयकर नहीं देता है। मेरे परिवार की समस्त स्त्रोतों से वार्षिक आय 50,000 से अधिक नहीं है। मेरे परिकर के पास एक हेक्टेयर से अधिक भूमि नहीं है।

# कांग्रेस नेतृत्व की पोल खुलने से कांग्रेसी परेशान : भाजपा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

भाजपा की जिला इकाई ने शिमला में कांग्रेस द्वारा पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग ठाकुर के खिलाफ किए गए विरोध प्रदर्शन और बयानबाजी की भाजपा नेताओं ने कड़ी आलोचना की है।




जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर, प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य हरीश शर्मा, समीरपुर मंडल अध्यक्ष अभयवीर लवली, पूर्व जिला उपाध्यक्ष उषा बिरला, पूर्व मीडिया प्रभारी विकास शर्मा और भाजपा नेता होशियार सिंह ने कहा कि कांग्रेस नेताओं की यह हरकत बौखलाहट का नतीजा है। भाजपा नेताओं का कहना है कि अनुराग लगातार कांग्रेस नेतृत्व की पोल खोल रहे हैं, जिससे कांग्रेसी परेशान हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस के नेता अनुराग ठाकुर पर अनाप–शनाप बयानबाजी कर अपने नेताओं को खुश करने की कोशिश कर रहे हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि मीडिया में बने रहने के लिए कांग्रेस नेता इस तरह की बयानबाजी कर रहे हैं, परंतु इससे उन्हें कोई लाभ नहीं मिलने वाला। भाजपा नेताओं ने कहा कि अनुराग को कांग्रेस से किसी प्रमाणपत्र की आवश्यकता नहीं है।

# वन संरक्षण में रोजगार के नए साधन होंगे उपलब्ध : सीएम सुक्खू

## 1.60 करोड़ से बनने वाले सरा गड़ाकुफर वन विश्राम गृह का किया वर्चुअल शिलान्यास

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**



सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शिमला के ठियोग के सरा गड़ाकुफर में 1.60 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होने वाले वन विश्राम गृह का शिमला से वर्चुअली शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि सरा गड़ाकुफर में पर्यटन और ईको पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। इस क्षेत्र की प्रकृति को निहारने के लिए हर वर्ष भारी संख्या में पर्यटक आते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस क्षेत्र में पर्यटन विकास की अपार संभावनाओं के बावजूद सरा गड़ाकुफर के लगभग 25 किलोमीटर के दायरे में कोई भी विश्राम गृह की सुविधा नहीं है। इस क्षेत्र में कई प्रसिद्ध मंदिर भी हैं, लेकिन श्रद्धालुओं के विश्राम व रात्रि ठहराव के लिए पर्याप्त सुविधा नहीं हैं, जिसे देखते हुए सरकार ने इस स्थान पर वन विश्राम गृह खोलने का निर्णय लिया है। इस विश्राम गृह के बनने से इस क्षेत्र में पर्यटन को पंख लगेंगे और स्थानीय एवं बाहरी राज्यों से आने वाले पर्यटकों को भी सुविधा प्राप्त होगी।

उन्होंने कहा कि वन विभाग के पास इस समय प्रदेश में लगभग 450 विश्राम क्षेत्र हैं, जिन्हें सरकार की ईको-टूरिज्म पहल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पर्यटकों के लिए उपलब्ध करवाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में प्राकृतिक पर्यटन की संभावनाओं को देखते हुए ईको-टूरिज्म साइटस को चयनित कर उनका आबंटन करने की प्रक्रिया चल रही है। अब तक 7 ईको-टूरिज्म साइट्स आवंटित की गई हैं। इसके अलावा 78 नई ईको-टूरिज्म साइट्स की आवंटन प्रक्रिया शीघ्र ही आरंभ कर दी जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले दो वर्षों में इस योजना के तहत 600 हेक्टेयर बंजर चोटियों व पहाड़ियों पर पौधरोपण किया गया। इस कार्य में स्थानीय लोगों की सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है। रोपित पौधों के रख-रखाव की अवधि 7 वर्ष तय की गई है और इसमें स्थानीय लोगों का सहयोग लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 में 5000 हेक्टेयर वन भूमि पर पौधरोपण का लक्ष्य रखा है। इस दौरान 60 प्रतिशत फलदार पौधे और अन्य उपयोगी वृक्ष की प्रजातियों के पौधे रोपित किए जाएंगे, जिससे जैव विविधता को बढ़ावा मिलेगा और वन्य प्राणियों को वनों तक सीमित रखने में भी कामयाबी मिलेगी। (अनंत ज्ञान)

### 5 हेक्टेयर की बंजर भूमि पर लगाएंगे फलदार पौधे

**सुक्खू** ने कहा कि बजट 2025-26 में राजीव गांधी वन संवर्धन योजना आरंभ करने की घोषणा की है, जिसके लिए 100 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इस योजना के तहत युवक मंडलों, महिला मंडलों और स्वयं सहायता समूहों द्वारा 1 से 5 हेक्टेयर की बंजर वन भूमि पर फलदार पौधे रोपित किए जाएंगे और 5 वर्षों तक उनका रख-रखाव भी करेंगे। इन मंडलों व समूहों को प्रथम वर्ष में पौधरोपण और बाढ़ लगाने के लिए 2.40 लाख रुपए की धनराशि दी जाएगी और हर वर्ष इनके रख-रखाव के लिए भी धनराशि प्रदान की जाएगी। इस प्रकार प्रत्येक मंडल और समूहों को पांच वर्षों में कुल 6.40 लाख रुपए पौधरोपण और उनके रख-रखाव के लिए दिए जाएंगे।

### नारकंडा में बनेगा आइस स्केटिंग रिंक

**उन्होंने** कहा कि नारकंडा में आइस स्केटिंग रिंक का निर्माण करने के लिए 3.50 करोड़ रुपए स्वीकृत किए हैं, वहीं यूनिवर्सल कार्टन की शुरुआत पर सेब बागवानों के शोषण को रोका है। कांग्रेस पार्टी सरकार के साथ खड़ी है और मिलकर हिमाचल को आगे ले जाने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि भाजपा के षडयंत्रों का मिलकर जबाव दिया जाएगा।

# राजभवन में फलहार ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने दुर्गा अष्टमी के पावन आवसर पर राजभवन में फलहार ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर प्रदेश सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

राज्यपाल ने कहा कि वे पिछले 34 वर्षों से नवरात्रों के दौरान फलहार ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन करवा रहे हैं। इससे पूर्व वह उत्तर प्रदेश में भी इस परम्परा को निभाते रहे हैं और वह गत तीन वर्षों से हिमाचल प्रदेश राजभवन में इस कार्यक्रम का आयोजन करवा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश देव भूमि के रूप में प्रसिद्ध है और यह देवी पार्वती से भी जुड़ा हुआ है। ऐसे में यहां नवरात्रि का महत्त्व और अधिक बढ़ जाता है। शुक्ल ने कहा कि राजभवन में आयोजित यह फलहार ग्रहण कार्यक्रम नवरात्रि से जुड़ी अध्यात्मिक और सांस्कृतिक परंपरा का प्रतीक है। इससे पूर्व, राज्यपाल ने प्रदेश के प्रसिद्ध कालीबाड़ी मंदिर में पूजा-अर्चना की और श्रद्धालुओं में फलहार वितरित किया। इस अवसर पर राज्यपाल की पत्नी जानकी शुक्ला और राज्यपाल के सचिव सीपी वर्मा भी उपस्थित थे।

# चिंतपूर्णी माता के दरबार में रिकॉर्ड चढ़ावा चढ़ा

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** नवरात्र के दौरान श्रद्धालुओं ने मां चिंतपूर्णी मंदिर में भक्ति और श्रद्धा के साथ चढ़ावा चढ़ाया। पांच दिनों के चढ़ावे का कुल आंकड़ा 5911515 रुपए है, जो कि एक रिकॉर्ड है। मंदिर प्रशासन ने श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए विशेष प्रबंध किए हैं।

पहले दिन 14,40,816, दूसरे दिन 9,94,778 रुपए, तीसरे दिन 10,38,249, चौथे दिन 7,63,970, पांचवें दिन 7,94,322 और छठे दिन का चढ़ावा 879380 था। तीसरे नवरात्र के बाद श्रद्धालुओं की गिरती तादाद से चढ़ावे पर भी असर पड़ रहा है। शनिवार को श्रद्धालुओं की संख्या में बढ़ोतरी हुई जिसका अब चढ़ावे पर भी असर दिखाई देगा।

# विजिलेंस ने रिश्वत लेते पकड़े कानूनगो-पटवारी



**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** विजिलेंस ने शनिवार को संजीव कुमार, जो वर्तमान में सूरजपुर ब्लॉक, तहसील इंदौरा जिला कांगड़ा में फील्ड कानूनगो के पद पर तैनात हैं और देशराज, जो पटवार सर्किल डमटाल, ब्लॉक इंदौरा में पटवारी (पुनर्नियोजन के आधार पर) के पद पर कार्यरत हैं, को शिकायतकर्ता भूरी सिंह निवासी इंदौरा जिला कांगड़ा से क्रमशः 5000 और 3000 रुपए की रिश्वत मांगते और स्वीकार करते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है।

आरोपियों ने शिकायतकर्ता की भूमि की निशानदेही करने के बदले में रिश्वत की मांग की थी। दोनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस स्टेशन, राज्य सतर्कता और भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो कांगड़ा, धर्मशाला में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (2018 में संशोधित) की धारा-7 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# ई-वे बिल की जांच में पता चला, उद्योगों ने नहीं किया एजीटी का भुगतान

**अनंत ज्ञान, नाहन**

हिमाचल प्रदेश राज्य कर एवं आबकारी विभाग के दक्षिण क्षेत्र परमाणु जीएसटी विंग की टीमों ने प्रवेश के कालाअंब में छापामारी कर 12 करोड़ के कर चोरी का खुलासा किया है। दक्षिण क्षेत्र परवाणू जीएसटी विंग की टीम ने ज्वॉइंट कमिश्नर जीडी ठाकुर के नेतृत्व में शुक्रवार को जिला सिरमौर के प्रमुख औद्योगिक क्षेत्र कालाअंब के लेड उद्योगों पर छापेमारी की। कालाअंब में लेड (सीसा) बनाने वाली 17 इकाइयां हैं, जिनमें से 12 मासिक रिटर्न के माध्यम से स्वैच्छिक रूप से एजीटी जमा करने के लिए पंजीकृत हैं, जबकि अन्य बैरियर पर एजीटी का भुगतान कर रहे हैं या एजीटी अधिनियम के तहत पंजीकरण प्राप्त करने की प्रक्रिया में हैं।

विभाग ने उन्हें अनिवार्य पंजीकरण कराने और नियमित मासिक रिटर्न के माध्यम से एजीटी का भुगतान करने की प्रक्रिया शुरू कर दी थी, जबकि जीएसटी विंग की टीम को बिजनेस इंटेलिजेंस टूल्स से केस स्ट्डी में यह पता चला है कि पंजीकृत 12 लीड निर्माता अपने ई-वे बिल घोषणाओं के अनुसार एजीटी का भुगतान नहीं कर रहे हैं और न ही विभाग के साथ नियमित रिटर्न दाखिल कर रहे हैं। लिहाजा विभाग ने पिछले दो महीनों से इन डीलरों से एजीटी देयता का विस्तृत विश्लेषण करने के बाद सभी रिटर्न डेटा और ऑनलाइन डेटा की जांच करने और इन डीलरों के साथ प्रारंभिक पूछताछ करने के बाद लगभग 12 करोड़ की कर चोरी का खुलासा किया है।

इस कर राशि पर ब्याज और जुर्माना, जो 200 प्रतिशत तक हो सकता है। चूंकि जीएसटी के तहत इन कर दाताओं के खिलाफ पहले से ही विस्तृत जांच चल रही है, इसलिए एजीटी देनदारियों के निर्धारण का जीएसटी कर योग्य टर्नओवर के निर्धारण पर एक अतिरिक्त प्रभाव पड़ेगा। जीडी ठाकुर ने लीड उद्योगों से 12 करोड़ की कर चोरी की पुष्टि करते हुए बताया कि यह धन राशि राज्य सरकार को नेट कैश के रूप में मिलेगी।

---

**अनंत ज्ञान संडे स्पेशल**

# नपेंगे चिट्टा सप्लायर पर धीरे-धीरे...

## माफिया के हौसले बुलंद

### संगठित अपराध से हो रही बड़े पैमाने पर तस्करी

हिमाचल सरकार नशे के खिलाफ काफी सख्त है। सरकार अब नश तस्करी से अवैध रूप से अर्जित संपत्तियों को ध्वस्त करने जा रही है। सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने नशा माफिया पर नकेल कसने की पहल कर दी है। प्रदेश में ऐसी 259 संपत्तियों की पहचान कर ली गई है। बस सीएम के इशारे की देर है। जैसे ही ग्रीन सिग्नल मिलेगा इन अवैध संपत्तियों पर बुलडोजर चल पड़ेगा। इस काम के लिए सरकार ने पंचायतों को बकायदा चिट्टा सप्लायरों और उसके आदी व्यक्तियों तथा ड्रग नेटवर्क की मैपिंग 15 मार्च तक पूरा करने के निर्देश दिए थे, लेकिन पंचायतों की लापरवाही और अधिकारियों की सुस्ती की वजह से कार्रवाई को अंजाम देने का मकसद लेट हो गया। संभव है कि कार्रवाई धीरे-धीरे परवान चढ़ेगी। अब सीएम खुद एक बार फिर 20 अप्रैल को इसी मसले को लेकर स्टेटस रिपोर्ट तलब करने जा रहे हैं। यदि किसी अफसर ने जल्दवाजी में गलत रिपोर्ट सरकार के समक्ष रख दी तो उसे जवाबदेह ठहराया जाएगा।

### विशेष सुरक्षा बल और सक्रिय पुलिस

**चिट्टा** तस्करों के खिलाफ सरकार ने विशेष सुरक्षा बलों और पुलिस को सक्रिय किया है। न केवल पुलिस बलों को प्रशिक्षित किया जा रहा है, बल्कि सरकार ने तस्करी के मामलों की गहन जांच के लिए विशेष टीमें भी बनाई हैं। प्रदेश में पुलिस और अन्य जांच एजेंसियों ने कई प्रमुख चिट्टा तस्कर गिरोहों को गिरफ्तार भी किया है। इससे यह संकेत मिलता है कि सरकार इस समस्या से निपटने के लिए गंभीर है और तस्करी पर लगाम कसने के लिए सभी स्तरों पर कार्रवाई कर रही है।




### नशा कारोबारियों के खिलाफ सख्त कानून

**सुक्खू** सरकार ने हाल ही विधानसभा में हिमाचल प्रदेश में चिट्टा, भांग, चरस और अन्य नशे की तस्करी को लेकर प्रस्ताव पारित किया है। हिमाचल प्रदेश संगठित अपराध (रोकथाम और नियंत्रण) संशोधन विधेयक, 2025 अब राज्यपाल के पास मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। दरअसल, इस विधेयक का उद्देश्य संगठित अपराध के खिलाफ सख्त कानूनी प्रावधान लागू करना, आपराधिक गिरोहों की आर्थिक गतिविधियों पर अंकुश लगाना और राज्य में कानून व्यवस्था को मजबूत करना है। यह विधेयक नशीले पदार्थों की तस्करी, साइबर आतंकवाद, मानव अंगों की तस्करी, फर्जी दस्तावेज निर्माण, खेलों में सट्टेबाजी जैसे संगठित अपराधों पर नकेल कसने के लिए लाया गया है।

*विधेयक में संगठित अपराध की परिभाषा का विस्तार किया गया है, जिसमें मादक पदार्थों की तस्करी, पर्यावरणीय अपराध, साइबर आतंकवाद, स्वास्थ्य देखभाल धोखाधड़ी, जाली दस्तावेजों का रैकेट, खाद्य और दवा मिलावट, खेलों में सट्टेबाजी व हेरफेर आदि शामिल किए गए हैं। संगठित अपराध में संलिप्तता पर कड़ी सजा का प्रावधान किया गया है। यदि अपराध के कारण किसी व्यक्ति की मौत हो जाती है, तो मृत्युदंड या आजीवन कारावास का प्रावधान किया गया है। अन्य मामलों में कम से कम दो वर्ष से लेकर 14 वर्ष तक की कठोर सजा और न्यूनतम 20,000 रुपये से लेकर 10 लाख रुपए तक का जुर्माना लगाया जा सकता है।*

## चिट्टे में मिलावट जानलेवा

*हिमाचल प्रदेश में चिट्टा तस्करों ने एक नया और गंभीर संकट पैदा कर दिया है। अब चिट्टे में नींद की गोलियां और टेलकम पाउडर जैसी घातक मिलावट की जाने लगी है। तस्कर मुनाफे के लालच में इस तरह की मिलावट कर रहे हैं, जिससे नशा और भी ज्यादा खतरनाक और जानलेवा हो रहा है। यह मिलावट न केवल नशे के असर को तेज कर देती है, बल्कि इसके उपयोग से होने वाली जानलेवा स्थितियां भी गंभीर रूप से बढ़ रही हैं।*

- **रिएक्शन में वृद्धि:** नींद की गोलियां और टेलकम पाउडर की मिलावट से चिट्टे का प्रभाव तीव्र हो जाता है। जब यह मिलावट शरीर में जाती है, तो यह एक साथ दो प्रभाव डाल सकती है। एक नींद की स्थिति उत्पन्न करने वाला और दूसरा शारीरिक और मानसिक दबाव डालने वाला पदार्थ है। इससे चिट्टे के असर को लेकर शारीरिक प्रतिक्रिया और अधिक हो सकती है, जिससे व्यक्ति की सांस रुक सकती है और जीवन संकट में पड़ सकता है।
- **आकस्मिक मौतों का खतरा:** इस तरह की मिलावट से चिट्टे का असर अधिक गंभीर हो सकता है। नशे की स्थिति में शरीर पर जो दवाइयां या ड्रग्स का प्रभाव पड़ता है, वह पहले से कहीं ज्यादा घातक हो सकता है। मिलावट से तस्कर इसे एक सस्ता और तेज असर वाला ड्रग बनाने का प्रयास करते हैं, लेकिन इससे उपयोगकर्ता की मौत भी हो सकती है, खासकर यदि किसी ने पहले कभी इस प्रकार के नशे का सेवन नहीं किया हो। ओवरडोज की स्थिति उत्पन्न होने से फेफड़े काम करना बंद कर सकते हैं, जिससे आकस्मिक मौत का खतरा बना रहता है।
- **मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा असर:** नींद की दवा मिलाने से मानसिक स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक असर पड़ सकता है। चिट्टा और नींद की दवाइयां एक साथ मिलकर व्यक्ति के मानसिक संतुलन को बुरी तरह प्रभावित कर सकती हैं। इससे व्यक्ति में मानसिक भ्रम, मानसिक विकृति और गंभीर मनोवैज्ञानिक समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। दीर्घकालिक नशे के असर से मानसिक स्थिरता और तर्कशक्ति पर असर पड़ सकता है।
- **शारीरिक नुकसान:** नशे में मिलावट का असर शरीर पर अत्यधिक बढ़ सकता है, जिससे शरीर के अंगों की कार्यक्षमता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। विशेष रूप से, किडनी, लिवर और हृदय पर दबाव बढ़ता है। लंबे समय तक इस प्रकार के नशे का सेवन करने से विभिन्न शारीरिक समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं, जैसे किडनी फेलियर, लिवर डिसफंक्शन और दिल के रोग।

## एबोन किट से लग रहा नशे के सेवन का पता

**इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल शिमला ने नशे के सेवन का पता लगाने के लिए एबोन किट का उपयोग शुरू किया है। इस किट की कीमत मात्र 200 रुपए है। निश्चित रूप से यह अत्यंत महत्वपूर्ण कदम है। यह किट न केवल नशे के सेवन की पहचान कर रही है, बल्कि यह समय और प्रयास की भी बचत कर रही है।**

- **त्वरित और प्रभावी निदान:** एबोन किट एक ऐसा उपकरण है जिसे प्रयोग में लाकर नशे के सेवन का पता कुछ ही मिनटों में चल सकता है। यह पारंपरिक तरीके से कहीं अधिक त्वरित और सटीक है। इससे अस्पतालों और चिकित्सकों को जल्दी से नशे के सेवन का प्रमाण मिल जाता है और उपचार के लिए तत्काल कदम उठाए जा सकते हैं।
- **नशे के सेवन का समय पर पता चलना :** किट के जरिए नशे का सेवन पहले ही चरण में पहचाना जा सकता है, जिससे इसका उपचार और रोकथाम बेहतर तरीके से किया जा सकता है। जब नशे का सेवन समय पर पहचान लिया जाता है, तो उपचार के दौरान अधिक प्रभावी परिणाम हासिल हो सकते हैं और रोगी को नशे की लत से छुटकारा पाने के लिए सही दिशा में मदद मिल सकती है।
- **पहचान का मॉडल और तकनीक:** यह तकनीक न केवल हिमाचल प्रदेश के लिए, बल्कि पूरे देश के लिए एक महत्वपूर्ण कदम हो सकता है। आईजीएमसी की यह पहल भारत में नशे के इलाज और पहचान के लिए एक मॉडल बन सकती है। अन्य संस्थान भी इस तकनीक को अपनाकर नशे की समस्या को जल्दी और प्रभावी तरीके से नियंत्रित कर सकते हैं।

### चिकित्सकीय और कानूनी सहयोग

**इस** किट का उपयोग चिकित्सकीय और कानूनी दोनों दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण हो सकता है। जहां एक तरफ यह स्वास्थ्य देखभाल में मदद करती है, वहीं दूसरी तरफ यह कानून प्रवर्तन एजेंसियों को नशे के मामलों की पहचान करने में सहायता करती है। इससे कानूनी कार्रवाई और अपराधियों के खिलाफ त्वरित कार्यवाही हो सकती है।

प्रस्तुति :- समरजीत

---

# तीर्थन घाटी में खेत में उतरी निजी बस, हादसा टला

**अनंत ज्ञान, तीर्थन**



जिला कुल्लू के उपमंडल बंजार की तीर्थन घाटी में शनिवार सुबह एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। बठाहड़ से कुल्लू की ओर जा रही एक निजी बस गॉड वैली नंबर-एचपी 49ए7074 बाड़ीरोपा के समीप दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बस में लगभग करीब 50 यात्री सवार थे। जैसे ही बस बाड़ीरोपा के पास पहुंची तो अचानक संतुलन बिगड़ने के कारण वह सड़क से नीचे खेतों में उतर गई। घटना के बाद बस में अफरा-तफरी मच गई, लेकिन सौभाग्यवश कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ। सभी यात्री सुरक्षित बताए जा रहे हैं, जबकि करीब 12 से अधिक यात्रियों को मामूली चोटें आई हैं। घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए तत्काल बंजार अस्पताल भेजा गया। बंजार पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है और सभी तथ्यों की छानबीन की जा रही है।

# एचआरटीसी के बेड़े में शामिल होंगी 600 नई बसें: अग्निहोत्री



**अनंत ज्ञान, सोलन।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने केंद्र सरकार पर हिमाचल के पक्षपात के आरोप लगाए है। निजी कार्य से सोलन पहुंचे अग्निहोत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश अपने संस्थानों से सरकार को चला रही है और केंद्र की मदद नगन्य है। सोलन में पत्रकारों से बात करते अग्निहोत्री ने कहा कि एचआरटीसी बसों के जगह-जगह खराब होने के सवाल पर कहा कि एचआरटीसी के बेड़े में 600 नई बसें आ रही हैं, जिसकी प्रक्रिया आरंभ की गई है। अग्निहोत्री ने बताया कि हिमाचल में भाजपा राजनीति कर रहीं है व केंद्र में हिमाचल के हितों की पैरवी करने में भी भाजपा नेता विफल साबित हुए।

# विजिलेंस ने ट्रक से पकड़ी जापानी तूत की लकड़ी

**अनंत ज्ञान, बड़सर**

उपमंडल बड़सर के ब्याड़ में शनिवार सुबह 9 बजे के करीब विजिलेंस विभाग नें एक शिकायत के आधार पर लकड़ी के ट्रक की तलाशी ली। इस ट्रक में जापान तूत को भरकर ले जाया ज रहा था। पर्यावरण एक्टिविस्ट परमजीत ढटवालिया के पास भी अवैध कटान की सूचना मिलती है, जिसके बाद वह विजिलेंस विभाग को इसकी सूचना देते है।

विजिलेंस विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंच कर लकड़ियों से भरे एक ट्रक की जब तलाशी लेते हैं, तो उसमें उन्हें काफी अनियमिताएं देखने को मिलती हैं। विभाग ने यह ट्रक बुंबलू बीट के तहत ब्याड़ गांव के पास पकड़ा था। जिसमें जापानी तूत लोड किया गया था। विजिलेंस की करवाई में ट्रक का परमिट समाप्त हो चुका था, वहीं उन पर हैमर का कोई निशान नहीं लगा था, जिस आधार पर ट्रक को इंपाउंड कर वन विभाग के सुपुर्द कर दिया है। आगे की कार्रवाई अब वन विभाग करेगा।

वन विभाग के रेंज ऑफिसर मनीष कुमार ने बताया कि जापानी तूत के बारे में पता लगाया जाएगा कि यह कहां से काटा गया है और जापानी तूत को काटने की परमिशन थी या नहीं इस बारे में भी पता लगाया जाएगा।

# एम्स बिलासपुर में स्वच्छता को लेकर सख्त हुए मेडिकल सुपरिंटेंडेंट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



**कहा-'यह सिर्फ हमारी नहीं, सबकी जिम्मेदारी है'**

एम्स बिलासपुर में स्वच्छता को लेकर अब प्रशासन सख्त रुख अपना रहा है। अस्पताल के मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. दिनेश वर्मा ने स्पष्ट कहा है कि अस्पताल को साफ-सुथरा बनाए रखना केवल सफाई कर्मचारियों की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि इसमें हर मरीज, परिजन और आगंतुक की बराबर की भागीदारी जरूरी है।

डॉ. वर्मा ने कहा कि हमारे अस्पताल में प्रतिदिन सैकड़ों मरीज आते हैं। हम पूरी कोशिश करते हैं कि उन्हें एक सुरक्षित, स्वच्छ और संक्रमण मुक्त वातावरण मिल सके। हमारी सफाई टीम दिन-रात काम करती है, लेकिन जब परिजन और आगंतुक लापरवाही दिखाते हैं, तो सारी मेहनत बेकार हो जाती है।

उन्होंने बताया कि कई बार प्रतीक्षालय, गलियारों, सीढ़ियों और यहां तक कि वार्डों के बाहर तक खाने-पीने के पैकेट, बोतलें, आदि फेंके हुए मिलते हैं, जो संक्रमण फैलाने का खतरा भी बढ़ा देते हैं।

डॉ. वर्मा ने बताया कि कई बार बाथरूम की दीवारें गंदी पाई जाती हैं, वहां गीले कपड़े सुखाए जाते हैं और थूकने जैसी गंदी आदतें भी देखी जाती हैं। इन सब कारणों से अस्पताल की स्वच्छता व्यवस्था प्रभावित होती है। उन्होंने कहा कि अस्पताल प्रशासन लगातार विशेष निरीक्षण करता है और जगह-जगह कूड़ेदान भी लगाए गए हैं, लेकिन जब तक आगंतुक खुद जिम्मेदारी नहीं समझेंगे, तब तक स्वच्छ वातावरण बनाए रखना मुश्किल है।

**जानकारी** | राज्यसभा सांसद सिकंदर के सवाल पर केंद्रीय पंचायतीराज मंत्री ने दिया जवाब

# पंचायतों में महिलाओं के कौशल विकास को तवज्जो दे रही केंद्र सरकार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



राज्यसभा सांसद सिकंदर कुमार ने संसद सत्र के दौरान केंद्रीय पंचायतीराज मंत्री से पूछा था कि क्या सरकार ने नेतृत्व कौशल के विकास के लिए विशेष प्रशिक्षण हेतु प्रत्येक जिले में एक आदर्श ग्राम पंचायत की स्थापना की है जो जमीनी स्तर पर जेंडर संबंधी संवेदनशील नीतियों को आगे बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण कदम है?

क्या सरकार ने महिलाओं के अनुकूल पंचायतों की प्रगति की निगरानी के लिए कोई डैशबोर्ड तैयार किया है और क्या सरकार सशक्त महिला सशक्त पंचायत से सशक्त भारत के दृष्टिकोण के साथ ग्राम स्तर पर स्वास्थ्य संबंधी पहल सुनिश्चित करने के लिए सहयोग कर रही है?

पंचायतीराज मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल ने बताया कि मंत्रालय द्वारा जमीनी स्तर पर वर्ष 2030 तक सतत विकास के एजेंडे को प्राप्त करने के उद्देश्य से 17 सतत विकास लक्ष्यों को 9 विषयों में समेकित करके पंचायतीराज संस्थाओं के माध्यम से सतत विकास लक्ष्यों के स्थानीयकरण की प्रक्रिया शुरू की गई थी। इसे आगे बढ़ाते हुए मंत्रालय ने एलएसडीजी के विषय-9 जो कि महिला हितैषी ग्राम पंचायत में है, मैं इन ग्राम पंचायतों को परिपूर्ण करके चयनित ग्राम पंचायतों को बदलने में राज्यों, संघ राज्य क्षेत्रों की सहायता करने की प्रक्रिया शुरू की है। इस संबंध में शुरू में राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों ने इन ग्राम पंचायतों को मॉडल महिला अनुकूल ग्राम पंचायत में बदलने के लिए प्रत्येक जिले में एक जीपी की पहचान और चयन किया है।

### ग्राम सभाओं में महिलाओं की भागीदारी की जा रही सुनिश्चित

**उन्होंने** कहा कि मंत्रालय ने विषय 9 महिला अनुकूल पंचायत को पूरा करके समय पर किए जाने वाले कार्यों के लिए ग्राम सभा में महिलाओं की भागीदारी, महिला सभा के संचालन आदि जैसे विभिन्न संकेतकों पर प्रगति को ट्रैक करने हेतु मॉडल महिला अनुकूल ग्राम पंचायत पर एक डैशबोर्ड विकसित किया है।

### ग्रामीणों का कल्याण सुनिश्चित करने को जमीन पर हो रही कोशिश

**केंद्रीय** मंत्री ने कहा कि मंत्रालय विभिन्न सहयोगात्मक दृष्टिकोणों के माध्यम से, विशेषरूप से ग्रामीण नागरिकों के समग्र कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए जमीनी स्तर की पहल के महत्व की पहचान करता है। सशक्त महिला, सशक्त पंचायत और सशक्त भारत का विजय एक स्वस्थ, अधिक समावेश समाज प्राप्त करना है। सरकार कई हितधारकों के संयुक्त प्रयासों के माध्यम से यह सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय कदम उठा रही है कि ग्रामीण स्तर पर स्वास्थ्य पहल न केवल व्यक्तिगत कल्याण में सुधार करे बल्कि समुदायों के सशक्तिकरण में भी योगदान दे जिससे एक स्वस्थ और मजबूत भारत का मार्ग प्रशस्त हो सके।

## न्यूज ब्रीफ

### आयुष मंत्री आज करेंगे दैहण मेले का समापन

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादविंद्र गोमा 6 अप्रैल को सायं 4 बजे दैहण मेले के समापन समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। सरकारी प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि आयुष मंत्री दैहण मेले के समापन के उपरांत शाम 7 बजे रामनगर में आयोजित की जा रही खेलकूद प्रतियोगिता में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। इसी तरह 7 अप्रैल सुबह 11 बजे मंत्री कोसरी में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे और दोपहर बाद 3 बजे महाराज नगर में आयोजित हो रहे मेले में भाग लेंगे।

### जवाली में मां की भेंटों पर खूब नाचे श्रद्धालु

**अनंत ज्ञान, जवाली।** युवा समाज सुधार सभा व श्री मणिमहेश लंगर सेवा दल एवं व्यापार मंडल लब द्वारा 31वां जागरण व भंडारा बड़ी श्रद्धापूर्वक लगाया गया। जागरण में हर्ष सिकंदर की भेंटों पर श्रद्धालु खूब नाचे। जागरण में ज्वाला देवी मां की पावन ज्योति लाई गई। नन्हे हर्ष सिकंदर अपनी अदाकारी ने पंडाल में बैठे श्रद्धालुओं को भक्ति रस में डुबो दिया। सभा के वरिष्ठ सदस्य राकेश भारद्वाज ने बताया कि जागरण में विद्दू लाइट नंगल पुर ने पूरे लब कस्बे को आधुनिक बिजली उपकरणों से सजाया गया था। सभा द्वारा शनिवार को विशाल लंगर का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रधान स्वतंत्र गोमी, पूर्व प्रधान सेवा सिंह, डॉ एन के शर्मा, दलजीत मन्हास, एडवोकेट ललित मोहन शर्मा, वरिष्ठ अधिवक्ता वीके कन्दवरिया, एडवोकेट विपिन धीमान, राम कृष्ण शर्मा, कुलदीप राज, राजेश धीमान, मनमोहन कृष्ण, चमन वरोटिया, समीर चौधरी, सौरभ अत्री, राकेश धीमान, प्रकाश जसवाल, सुनील दत्त, दीपक शर्मा, अनिल छांगू, राम कुमार, चैन सिंह पठानिया, मनीष कुमार, निशु, भुवनेश शर्मा, राजिंदर राजू, विजय शर्मा, सुधीर काका, जग्गू ठाकुर, आकाश दीप शर्मा, शिवांश शर्मा, नमन शर्मा, शक्षम, अभिषेक चौधरी, अभिनाश शर्मा आदि मौजूद रहे।

### रिशित सकलानी का नवोदय स्कूल में चयन



**अनंत ज्ञान, पंचरुखी।** ब्लॉक लंबागांव के तहत आते गीतांजलि डायमंड पब्लिक स्कूल टंबर के छात्र रिशित सकलानी 2024-25 में नवोदय विद्यालय में छठी कक्षा में प्रवेश के लिए आयोजित परीक्षा पास कर नवोदय स्कूल में चयनित हुए है। स्कूल चेयरमैन जसवंत डडवाल ने रिशित व उसके अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि रिशित ने नवोदय की प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण करके स्कूल वो अपने माता पिता का नाम रोशन किया। उन्होंने इस मुबारक मौके पर बच्चे के माता-पिता एवं सभी शिक्षकों को उनकी मेहनत के लिए बधाई दी।

### मकोल में दुर्गा भवानी मेला 9 अप्रैल से

**अनंत ज्ञान, पंचरुखी।** ब्लॉक पंचरुखी की ग्राम पंचायत मकोल में दुर्गा भवानी मेला 9 अप्रैल से शुरू होगा। मेला कमेटी के प्रधान कुलवंत डोगरा ने बताया कि झंडा रस्म के साथ 9 अप्रैल को सायं 4 बजे आयुष, खेल युवा सेवाएं एवं कानून मंत्री यादविंद्र गोमा मेले का शुभारंभ करेंगे व 12 अप्रैल को पूर्व कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष जसवंत डडवाल मेले का समापन करेंगे। मेले में बॉलीबॉल, कब्बडी, कुश्तियां व महिलाओं में रस्साकसी, कुर्सी दौड़ तथा मटका फोड़ जैसी प्रतियोगिताएं भी करवाई जाएगी। मेले को आकर्षित बनाने के लिए 10 अप्रैल को सांस्कृतिक संध्या का आयोजन भी करवाया जाएगा। कई वर्ष से इस मेले का आयोजन करवाया जा रहा है। पहले इस मेले को स्थानीय पंचायत करवाती रही बाद में ये मेला बंद होने की कगार में आ गया लेकिन तीन वर्ष से इलाके के बहुत से लोगों ने मेला कमेटी का गठन करके अपने स्तर में मेला करवाने का जिम्मा लिया है।

# विद्युत बोर्ड में भी लागू हो ओपीएस

## नूरपुर में हुए विद्युत बोर्ड इंप्लाइज और पेंशनर्स के संयुक्त सम्मेलन में उठी मांग

**अनंत ज्ञान, नूरपुर**

विद्युत बोर्ड इंप्लाइज और पेंशनर्स का संयुक्त सम्मेलन बौड़ (नूरपुर) विश्राम गृह में विद्युत पेंशनर फोरम नूरपुर के प्रधान मान सिंह धीमान की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। बैठक में कर्मचारियों एवं पेंशनर्स की मांगों को लेकर गंभीर चर्चा हुई। सर्वप्रथम सभी पदाधिकारियों ने एक स्वर में विद्युत बोर्ड में पुरानी पेंशन योजना को लागू न करने पर प्रदेश सरकार के प्रति गहरा रोष व्यक्त किया। इस अवसर पर कर्मचारी यूनियन के राज्य संगठन सचिव अश्वनी ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा सभी विभागों में पुरानी पेंशन को लागू कर दिया गया है, मगर विद्युत बोर्ड को इससे वंचित रखा जा रहा है और हम मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से यह मांग करते हैं कि विद्युत बोर्ड में पुरानी पेंशन को शीघ्र बहाल किया जाए, ताकि आने वाले समय में हिमाचल प्रदेश के कर्मचारी आप को पुरानी पेंशन




वाला मुख्यमंत्री के नाम से जाने। बोर्ड में 1990 में कर्मचारियों की संख्या 43 हजार थी और कंज्यूमर करीब 9 लाख था आज कर्मचारियों की संख्या घट कर मात्र 13000 आ गई है और कंज्यूमर 29 लाख पहुंच गया है। एक एक तकनीकी कर्मचारी के पास 25 से 30 ट्रांसफार्मर की देखरेख का कार्य भार है। अत्यधिक कार्य दबाव के चलते कर्मचारी आए दिन दुर्घटना का शिकार होकर अपने प्राणों की आहुति दे रहे हैं, इसलिए मुख्यमंत्री से मांग करते हैं कि विद्युत बोर्ड में रिक्त पड़े 12,000 स्वीकृत पदों को भरने की प्रक्रिया में तेजी लाएं और विद्युत बोर्ड में आउटसोर्स भर्ती प्रक्रिया पर तुरंत प्रभाव से रोक लगाई जाए। पवन मोहल ने कहा कि बोर्ड में इंप्लाइज, इंजीनियर, पेंशनर, आउटसोर्स कर्मचारियों के ज्वाइंट फ्रंट ने इन तमाम मांगों को प्रदेश सरकार तक पहुंचाने के लिए चार जिलों में महापंचायत का आयोजन कर कर्मचारियों की मांगों को उठाया है। 11 फरवरी को हमीरपुर में जिला महापंचायत का आयोजन किया गया। वहीं, 18 फरवरी को जिला ऊना मे महापंचायत की गई। 7 मार्च को

### ज्वाइंट फ्रंट को वार्ता के लिए बुलाए सरकार

**नूरपुर** जोन मुख्यमंत्री से पुरजोर मांग करता है कि ज्वाइंट फ्रंट के पदाधिकारियों को शीघ्र वार्ता के लिए बुलाया जाए और इन तमाम मांगों का समाधान प्रदेश सरकार करें। अगर सरकार वार्ता के लिए नहीं बुलाती है तो प्रदेश के सभी जिलों में इस तर्ज पर महापंचायत का आयोजन जारी रखा जाएगा। इस अवसर पर अरुण सहोत्रा ने कहा कि विद्युत बोर्ड में लंबित पड़े करुणामूल आधार पर मृतक कर्मचारियों के आश्रितों को शीघ्र नौकरी प्रदान की जाए और आउटसोर्स पर कार्यरत कर्मचारी के लिए स्थायी नीति बनाई जाए।

चंबा में जिला चंबा में महापंचायत की गई और 2 अप्रैल को जिला बिलासपुर में महापंचायत का आयोजन किया गया, मगर आज दिन तक प्रदेश सरकार ने वार्ता के दरवाजे नहीं खोले।

# जजों के व्यवहार ने न्यायपालिका पर खड़े किए सवाल : शांता कुमार

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने कहा कि दो उच्च न्यायालय के जजों के व्यवहार के कारण पूरे देश की न्यायपालिका पर प्रश्न चिन्ह खड़ा हो गया है। पूरे देश में उनके व्यवहार से जनता में चिंता और क्रोध व्याप्त हो गया है। दिल्ली उच्च न्यायालय के बंद घर में आग लगी तो बोरियों में अध जले हुए 16 करोड़ रुपए के नोट प्राप्त हुए। जज के घर में इतने नोट कहां से और क्यों आए। यह सोच सोच कर चिंता और चर्चा हो रही है। उन्होंने कहा कि एक 11 साल की नाबालिग लड़की को दो लड़के पकड़कर एक नाले के नीचे ले जा रहे थे। उस केस में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के जज ने अपने फैसले में लिखा कि किसी लड़की के निजि अंगों को पकड़ना और सलवार का नाड़ा खोलने की कोशिश करना दुष्कर्म की परिभाषा में नहीं आता। इस फैसले से पूरे देश में भयंकर गुस्सा व्याप्त हो गया है। सर्वोच्च न्यायालय में भी इस फैसले को आमानवीय कह कर उसका विरोध किया है। बलात्कार की शिकार हुई नाबालिग लड़की के संबंध में उच्च न्यायालय में जज के



ये शब्द सुनकर हर आत्मा भी कांपने लगती है। शांता कुमार ने कहा कि यदि देश में 100 जगहों पर अपराध होता है तो मुश्किल से कभी कहीं एक अपराधी पकड़ा जाता है। यदि देश के उच्च न्यायालय के दो जजों का यह स्तर है तो नीचे तक की पूरी न्यायपालिका का क्या स्तर होगा। यह सोच कर पूरे देश का जन मानस भयंकर चिंता में है। उन्होंने कहा कि देश में बहुत कम अपराधी पकड़े जाते हैं और बहुत कम को सजा होती है। सरकार को और देश के नेताओं को इस समस्या पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। शांता कुमार ने कहा कि इन दोनों जजों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

# बाथू की लड़ी में पर्ची काटना गैरकानूनी : राकेश पठानिया

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर**

कांगड़ा जिले के पौंग बांध किनारे स्थित ऐतिहासिक बाथू की लड़ी का भ्रमण करने वाले स्थानीय लोगों एवं पर्यटकों से विभाग पर्ची काट कर पैसे वसूल रहा है जिस पर भाजपा के पूर्व मंत्री राकेश पठानियां ने अपने तेवर तल्ख करते हुए सरकार व संबंधित विभाग को घेरा है। आम लोगों से पर्ची काटने पर उग्र हुए राकेश पठानिया ने मीडिया को संबोधित करते हुए संबंधित विभाग व सरकार को आड़े हाथ लिया है। इस मौका पर जवाली के भाजपा के वरिष्ठ नेता संजय गुलेरिया व संगनात्मक जिला नूरपुर के अध्यक्ष राकेश काका भी मौजूद रहे। राकेश पठानिया ने कहा कि यह पर्ची काटने का सिलसिला गैरकानूनी है। किस विभाग के द्वारा यह पर्ची काटी जा रहे है, उसकी वे जांच करवाएंगे। इस बारे में उन्हें लोगों के कई फोन आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि इतिहास में पहली बार हो रहा है कि अब साइकिल पर भी टैक्स लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गाड़ी की अलग पर्ची तो प्रति व्यक्ति अलग पर्ची काट पैसे वसूले जा रहे हैं। जो भी अधिकारी इस कार्य को अंजाम दे रहा है उसे बख्शा नहीं जाएगा।



**कहा, इतिहास में पहली बार साइकिल पर भी लगाया जा रहा टैक्स**

### सात दिन के भीतर प्रारंभिक खंड शिक्षा अधिकारी को करनी होगी रिपोर्ट

# जिले में जेबीटी के 16 पदों पर हुआ पूर्व सैनिकों के आश्रितों का चयन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा अजय सिंह ने जानकारी दी कि 8 व 9 फरवरी, 2024 को उनके कार्यालय द्वारा पूर्व सैनिकों के आश्रितों के लिए आयोजित जेबीटी काउंसलिंग के आधार पर जिला कांगड़ा में 16 अभ्यर्थियों का अनुबंध आधार पर भर्ती हेतु चयन हुआ है। उन्होंने बताया कि चयन प्रक्रिया के बाद जिला कांगड़ा के गांव घट्टा डाकघर धमेड़ तहसील कांगड़ा की बीनू देवी, स्वाती निवासी बंदाहु तहसील पालमपुर, सपना वालिया निवासी मलां तहसील नगरोटा बगवां, लखविंदर सिंह निवासी बढ़ूं नेहरण पुखर देहरा, सपना देवी निवासी कोहाला तहसील कांगड़ा, राज कुमार निवासी गांव धाट्टी तहसील पालमपुर, मनोज कुमार कश्यप निवासी गांव बढ़ाला तहसील जयसिंहपुर, सुषमा देवी निवासी गांव बढ़ाला तहसील जयसिंहपुर, कुलदीप सिंह निवासी दाड़ी धर्मशाला तथा संदीप कुमार निवासी गांव राजपुर तहसील पालमपुर को नियुक्ति पत्र जारी कर दिए गए हैं।

वहीं इनके अलावा सुरेश कुमार निवासी रोपाड़ी तहसील झंडूता जिला बिलासपुर, संजीव कुमार निवासी गांव रोपाड़ी कलेहरू तहसील जोगिंद्रनगर जिला मंडी, रंजना ठाकुर निवासी गांव रोपा तहसील सदर जिला बिलासपुर, नीना कुमारी निवासी गांव रामपुर तहसील व जिला ऊना, नीलम ठाकुर निवासी गांव धाला तहसील कुमारसेन जिला शिमला तथा निशा देवी निवासी गांव सकौन तहसील बंगाणा जिला ऊना का चयन भी प्रक्रिया के दौरान हुआ है।

उन्होंने चयनित अभ्यर्थियों से नियुक्ति पत्र जारी होने के सात दिनों के भीतर सभी वांछित दस्तावेजों सहित संबंधित प्रारंभिक खंड शिक्षा अधिकारी के कार्यालय में संपर्क करने को कहा है। अपने नियुक्ति पत्र और जिला कांगड़ा में पोस्टिंग के स्थान की जानकारी के लिए विभाग की आधिकारिक वेबसाइट देख सकते हैं।

### आशापुरी मेले का झंडा रस्म के साथ शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** मां आशापुरी मेले का झंडा रस्म के साथ गत दिवस शुभारंभ किया गया। कटोच बंश के अभ्युदेव चंद कटोच ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की मेला कमेटी प्रधान कुलवंत शर्मा व कमेटी सदस्यों सहित गणमान्य लोगों ने मुख्यातिथि का स्वागत किया चार दिन तक चलने वाले इस मेले में दंगल कुश्ती विजेता को 11000 रुपए और उपविजेता को 8100 रुपए इनाम दिया जाएगा। अभ्युदेव ने कहा कि मेले हमारी प्राचीन धरोहर है इसे संभाल कर रखना हमारी नैतिक जिम्मेदारी बनती है मुख्यातिथि ने मेले के सफल आयोजन के लिए मेला कमेटी को अपनी ओर से रुपए 5100 रुपए दिए। इस मौके ओम प्रकाश, अमर नाथ, प्रधान अप्पर थेहडु विनोद कुमार, पूर्व प्रधान आशापुरी कश्मीर चंद अशोक कटोच, प्रवीण शास्त्री संजू व अन्य लोग उपस्थित रहे।

# कुत्तों में तेजी से फैल रहा खतरनाक पार्वो वायरस

## पशु विभाग ने जारी की गाइडलाइन, समय पर वैक्सीन लगवाने की सलाह

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर**

कांगड़ा जिले के निचले क्षेत्रों में खतरनाक पार्वो वायरस कुत्तों में तेजी से फैल रहा है। इस अधिकतर कुत्ते इस खतरनाक वायरस की चपेट में आ गए हैं। पालतू कुत्तों का इलाज तो मालिक खुद का पैसा खर्च कर कर ले रहे हैं, मगर सबसे बड़ा सवाल है कि आवारा कुत्तों को इस खतरनाक वायरस से कौन बचाएगा, क्योंकि विभाग के पास इस वायरस से बचाने के लिए सरकार से न कोई दवाई आई है और न ही संबंधित विभाग के पास इस खतरनाक वायरस से निपटने की कोई योजना है। इस बीमारी के



फैलने के पीछे कारण मौसम में हो रहे बदलाव को बताया जा रहा है। पशुपालन विभाग ने इसके लिए गाइडलाइन जारी करते हुए शीघ्र ही कुत्तों को वैक्सीन करवाने का आग्रह किया है। पशुपालन विभाग के असिस्टेंट डायरेक्टर संदीप मिश्रा ने जानकारी देते हुए कहा कि इन दिनों कुत्तों में पार्वो वायरस नाम की संक्रमित बीमारी फैल रही है। समय पर इलाज न मिलने की वजह से बेजुबान कुत्तों के लिए जानलेवा साबित हो रही है। इस बीमारी के फैलने के पीछे कारण मौसम में हो रहे बदलाव एवं गर्मी को बताया जा रहा है। उन्होंने पशु प्रेमियों, मालिकों व एनजीओ से आग्रह किया है कि समय रहते कुत्तों को पशु चिकित्सालय में ले जाकर वैक्सीन करवाएं। यह वैक्सीन बाजार में उपलब्ध है। वहीं, पशु चिकित्सा सेंटर खटियाड़ के पशुपालन सहायक हितेन धीमान बताया कि पार्वो वायरस के कुछ लक्षण होते हैं, जिससे बीमारी की पहचान की जा सकती है। इसमें उल्टी दस्त से शुरुआत होती है। कुत्ते बहुत ज्यादा पानी पीते हैं, पानी पीने के साथ-साथ यह ठंडे में बैठे रहते हैं। छींकते हैं और मुंह से झाग निकलते हैं इतना ही नहीं कभी-कभी बदबूदार दस्त भी आते हैं। इनका इलाज भी संभव है, बशर्ते इलाज समय पर हो।

# हिमालयन गद्दी यूनियन स्टेट कोर कमेटी का चुनाव आज

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

हिमालयन गद्दी यूनियन स्टेट कोर कमेटी का द्विवार्षिक चुनाव आज होंगे। इसकी जानकारी देते हुए यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र ने बताया कि हिमालयन गद्दी यूनियन स्टेट कोर कमेटी का 2 साल का कार्यकाल पूरा हो चुका है और डाड पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में बीते दिनों हुई कोर कमेटी की बैठक में लिए गए निर्णय के मुताबिक 6 अप्रैल कश्मीर हाउस धर्मशाला में नई कार्यकारिणी के चुनाव होना सुनिश्चित हुए हैं। उन्होंने हिमालयन गद्दी यूनियन के ब्लॉक कोर कमेटियों से आग्रह किया है कि अपनी पूरी कोर कमेटी के सदस्य कल रविवार को कश्मीर हाउस धर्मशाला में 11 बजे पहुंचकर चुनाव प्रक्रिया में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। इसके साथ ही अपने ब्लॉक के बैनर साथ लाए। इस प्रोग्राम में वंचित छे उपजातियां के अलग-अलग संगठनों के पदाधिकारियों को इसमें भाग लेने का आह्वान किया। ज्ञात रहे की इस चुनावी प्रक्रिया में किसी भी वंचित छह उपजातियों के व्यक्ति को चुनाव लड़ने का अधिकार है। मतदान का अधिकार स्टेट कोर कमेटी एवं ब्लॉक कोर कमेटी के सदस्यों को ही रहेगा। बैठक में जल पान तथा दोपहर के भोजन की भी व्यवस्था की जाएगी।

# मांझी पर बनने वाले पुल की सरकार के पास भी नहीं सटीक जानकारी : रजनीश

## एयरपोर्ट संघर्ष समिति की बैठक में अध्यक्ष ने किया खुलासा

**अनंत ज्ञान, गगल**

एयरपोर्ट विस्तारीकरण के चलते शनिवार को एयरपोर्ट संघर्ष समिति की बैठक समिति के अध्यक्ष रजनीश मोना की अध्यक्षता में की गई। बैठक में कहा गया कि गगल हवाई अड्डे के निर्माण के लिए नई-नई बातें सामने आ रही हैं। इस संबंध में वास्को लिमिटेड ने टूरिज्म विभाग हिमाचल प्रदेश के निदेशक को अपने पत्र से अवगत करवाया है कि मांझी खड्ड पर पुल का निर्माण पहले प्लान के अनुसार 140 मीटर गुना 380 मीटर, जोकि सीडब्ल्यूपीआर की होने की अनुशंसा में से किया गया था, सीडब्ल्यूपीआर के अनुसार अब मांझी खड्ड पर 350 एम 380 एम पुल बनाने की योजना है। एक योजना में यह भी दर्शाया गया है कि पुल 100 एम 90 एम बनाना है। इसी से पता चलता है कि राज्य सरकार के पास अभी कुछ भी पक्का पुल बनाने का प्रमाणित दस्तावेज नहीं है। यहां पर जो पट्टी बनाई जानी है, उसमें मिट्टी का भरान होगा, जोकि 1.2 करोड़ घन मीटर सी 42,47, 16000 घन मीटर फुट मिट्टी किसी अन्य स्थान से लेकर अधिग्रहण की जा रही भूमि में डाली जाएगी। इस खर्च की गणना अभी तक सरकार ने नहीं की है। मिट्टी की उपलब्धता के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण से सहयोग मांगा जा रहा है। इसका अर्थ यह है कि कांगड़ा के आसपास की पहाड़ियों का सत्यानाश होने वाला है। पर्यावरण भी सरकार के इस कृतज्ञ से प्रभावित होगा। इस प्रकार अभी दोबारा से प्राक्कलन व डीपीआर बनाई जाएगी। कितना खर्च कितना लंबा व चौड़ा पुल मांझी खड्ड पर बनाया जाएगा इसकी पक्की जानकारी भी सरकार के पास नहीं है। केंद्र सरकार की यह भी रिपोर्ट है की हवाई अड्डा का अभी कोई भी प्लान केंद्रीय संस्थाओं द्वारा स्वीकृत नहीं हुआ है। इसके अतिरिक्त वास्को कंपनी ने यह भी अपने पत्र में बताया है के तीन पहाड़ियां जो की उड़ान क्षेत्र में आ रही है इन पहाड़ियों की चोटियों को काटकर नीचे किया जाएगा, जिसमें हिमाचल प्रदेश सरकार की मंजूरी चाहिए।

### सरकार को गुमराह कर रहे अधिकारी

**बैठक** में यह फैसला लिया गया है कि हवाई पट्टी कि जद में आ रहे पेड़ों को भी सरकार कटवाती है, तो इसका भी आंदोलन चलाया जाएगा, जिसकी पूर्ण जिम्मेवारी हिमाचल प्रदेश सरकार व मुख्यमंत्री की होगी। इसके अतिरिक्त कार्गो विमान के लिए अलग से भूमि की आवश्यकता पड़ेगी क्योंकि सरकार कार्गो विमान के निर्माण के लिए यहां से भूमि को अधिग्रहण करेगी, जिससे और ज्यादा लोगों का यहां से विस्थापन होगा। हिमाचल प्रदेश के अधिकारी इन तथ्यों को लोगों से छुपा रहे हैं और सरकार को गुमराह कर रहे हैं हम सभी विस्थापित होने वाले परिवार इस कार्य के लिए अपनी एक इंच भी भूमि नहीं देंगे और इस परियोजना को तुरंत बंद किया जाए।

# कार रैंटल स्कैम मामले में पंजाब व राजस्थान से 12 गाड़ियां बरामद

**अनंत ज्ञान, देहरा**

देहरा के अंतर्गत खुंडियां थाना में दर्ज हुए एक कार रैंटल स्कैम के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने इस मामले में 12 गाड़ियों को विभिन्न स्थानों से बरामद कर लिया है। एसपी देहरा मयंक चौधरी ने पत्रकार वार्ता में बता कि यह मामला तब सामने आया जब लगडू निवासी अजय कुमार ने खुंडियां थाना में रत्नेश्वर सिंह निवासी सुकाहर, तहसील देहरा के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई। अजय कुमार ने शिकायत में बताया कि रत्नेश्वर सिंह ने खुद को एक बड़ी रैंटल कार कंपनी का संचालक बताते हुए गाड़ियां फाइनांस करवाने और किराये पर लगाने का झांसा दिया था। एसपी मयंक चौधरी ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए डीएसपी ज्वालामुखी आरपी जसवाल के नेतृत्व में एक विशेष जांच टीम गठित की गई, जिसमें एएसआई रमन कुमार (लगड़ू), एएसआई माया मछिन्द्र दास (हरिपुर), एएसआई सुशील कुमार (खुंडियां) और आरक्षी अनिल कुमार (रक्कड़) को शामिल किया गया। एसआईटी ने जांच के दौरान कुल 12 गाड़ियों को पंजाब और राजस्थान से बरामद किया, जिनमें से 7 गाड़ियां सीधे मुकदमे से जुड़ी हैं जबकि 5 अन्य गाड़ियां भी आरोपी के कब्जे से प्राप्त की गई हैं।

### शिव मंदिर छतड़ी में आज लगेगा भंडारा

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** रामनवमी के मौके पर 6 अप्रैल को शिव मंदिर छतड़ी में 39वां वार्षिक भंडारा हर वर्ष की भांति इस बार भी आयोजित हो रहा है। इस भंडारे में दूरदराज से संत महात्मा पधारकर अपने प्रवचनों से भंडारे में आए हुए भक्तजनों को निहाल करेंगे।

# नेरटी का पशु चिकित्सालय भवन गिरने की कगार पर

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

उपमंडल शाहपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत नेरटी का पशु चिकित्सालय आसपास की लगभग 10 गांव का एक मात्र चिकित्सालय है। यह चिकित्सालय पिछले 6 दशकों से एक निजी मकान में एक जर्जर हालत में चल रहा है। सरकारी भवन न होने के कारण उस समय के नेरटी निवासी प्रताप चंद शर्मा ने पशु चिकित्सा के महत्व को ध्यान में रख कर अपनी गोशाला को चिकित्सा केंद्र में बदलवा दिया और तब से यह इसी पशुशाला में चल रहा है। सरकार की तरफ से कोई अपना भवन बनाने की ओर कोई ध्यान नहीं दिया और समय के साथ साथ यह पशुशाला भी गिरने के कगार पर आ चुकी है। छत के स्लेट छत को सलामी देकर विसर्जन की आज्ञा मांगते देखे जा सकते हैं, मगर इस की सुध न ही पंचायत



और न ही सरकार लेने को तैयार है और हालत यह है कि कर्मचारी भी कमरे में जाने से डर रहे हैं। पूर्व सैनिक व कल्याण सभा रैत के अध्यक्ष मदन लाल शर्मा ने कहा कि जहां सरकार द्वारा अच्छे-अच्छे भवन को तुड़वाकर नए भवन बनाने को सोचा जा रहा है, वहीं पशुओं की भी चिंता कर उनके लिए भी नेरटी में पशु चिकित्सालय बनाने बारे सोचा जाना चाहिए।

**नियुक्ति**

### निर्वासित तिब्बती संसद के नौवें सत्र के बारहवें दिन प्रतिष्ठित पद के लिए हुआ चुनाव

# वांगमो टीएसजेसी की मुख्य न्यायाधीश आयुक्त नियुक्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

येशी वांगमो ने तिब्बती सर्वोच्च न्याय आयोग (टीएसजेसी) के नए मुख्य न्यायाधीश आयुक्त के रूप में शपथ ली। निर्वासित तिब्बती संसद के अध्यक्ष खेंपो सोनम तेनफेल ने निर्वासित तिब्बतियों के चार्टर के अनुसार पद की शपथ दिलाई। तिब्बती सर्वोच्च न्याय आयोग के सचिव के रूप में कार्यरत येशी वांगमो को 17वीं निर्वासित तिब्बती संसद के नौवें सत्र के बारहवें दिन इस प्रतिष्ठित पद के लिए चुना गया। इस नियुक्ति के साथ, येशी वांगमो टीएसजेसी के इतिहास में मुख्य न्यायाधीश आयुक्त का पद संभालने वाली पहली महिला बन गई हैं। शपथ ग्रहण समारोह संसद भवन में निर्वासित तिब्बत सरकार के राष्ट्रपति पेनपा त्सेरिंग, उपसभापति डोलमा त्सेरिंग तेखांग



और 17वीं निर्वासित तिब्बती संसद की स्थायी समिति के सदस्यों सहित प्रमुख गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरुआत दलाई लामा 14वें दलाई लामा के चित्र पर तिब्बती पारंपरिक स्कार्फ चढ़ाने के साथ हुई, जिसके बाद शपथ दिलाई गई।

येशी वांगमो का जन्म 15 जनवरी 1970 को हिमाचल प्रदेश के चैंतरा में हुआ था। उन्होंने चंडीगढ़ के जीसीजी कॉलेज से विज्ञान स्नातक की डिग्री प्राप्त की है। येशी वांगमो 18 सितंबर 1995 को सुरक्षा विभाग में अवर सचिव के रूप में केंद्रीय तिब्बती प्रशासन (सीटीए) में शामिल हुई। 24 फरवरी 1999 को उन्हें उसी विभाग में उप सचिव के पद पर पदोन्नत किया गया और उसके बाद 8 फरवरी 2002 को स्वास्थ्य विभाग में स्थानांतरित कर दिया गया। जून 2005 में उन्हें स्वास्थ्य विभाग में संयुक्त सचिव के पद पर पदोन्नत किया गया। अगस्त से दिसंबर 2009 तक, उन्होंने कैबिनेट सचिवालय में संयुक्त सचिव के रूप में कार्य किया और बाद में, 7 दिसंबर 2009 को उन्हें सूचना और अंतर्राष्ट्रीय संबंध विभाग में संयुक्त सचिव का पद संभाला।

6 सितंबर 2013 को उन्हें अतिरिक्त सचिव के पद पर पदोन्नत किया गया। 27 जुलाई 2016 को, येशी वांगमो स्वास्थ्य विभाग में इसके अतिरिक्त सचिव के रूप में वापस आ गई और दो साल तक इस भूमिका में रहीं। 8 अक्टूबर 2018 को, उन्हें वित्त विभाग की पहली महिला सचिव के रूप में नियुक्त किया गया, एक पद जो उन्होंने 1 जुलाई 2021 को तिब्बती सर्वोच्च न्याय आयोग के सचिव के रूप में अपनी हालिया नियुक्ति तक संभाला।

# बीपीएल सूची में नाम दर्ज कराने के लिए 30 तक करें आवेदन

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर**

हिमाचल प्रदेश में बीपीएल (गरीबी रेखा से नीचे) परिवारों की नई सूची तैयार करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्रदेशभर के साथ साथ जिला व ब्लॉक खण्ड फतेहपुर में भी 1 अप्रैल से यह प्रक्रिया लागू कर दी गई है। विकास खंड अधिकारी फतेहपुर सुभाष अत्री ने बताया कि इच्छुक परिवार आवश्यक घोषणा-पत्र के साथ अपनी ग्राम पंचायत में लिखित में आवेदन कर सकते हैं। सरकार ने आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल निर्धारित की है। इसके बाद कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं होगा। अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में बीपीएल सूची में शामिल परिवारों को भी पुन: आवेदन करना होगा, ताकि पात्रता मानकों के अनुरूप ही परिवारों को सूची में स्थान मिल सके। इसके तहत अपात्र पाए जाने वाले परिवारों को सूची से बाहर कर दिया जाएगा। विकास खंड अधिकारी सुभाष अत्री ने जानकारी देते हुए बताया कि अब ग्रामसभा में सीधे बीपीएल परिवारों का चयन नहीं होगा। पूर्व में ग्रामसभा की बैठक के दौरान सूची तैयार करने के तरीके पर मनमानी के आरोप लगते रहे हैं। इसे ध्यान में रखते हुए सरकार ने नई व्यवस्था लागू की है। प्रदेशभर में 15 अप्रैल तक एसडीएम के नेतृत्व में तीन सदस्यीय सत्यापन समिति का गठन करने का समय तय किया गया है। फतेहपुर ब्लॉक में समितियों का गठन करीब पूरा हो चुका है, जिसमें पंचायत सचिव, पटवारी और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शामिल हैं। यह समिति चयनित परिवारों की जांच कर सूची तैयार करेगी। बीपीएल में शामिल होने के लिए अब लोग सीधे बीडीओ कार्यालय या पंचायत के माध्यम से आवेदन कर सकेंगे।

# अष्टमी पर मां के जयकारों से गूंज उठे जिले के तीनों शक्तिपीठ, भक्तों की लगी भीड़

## मंदिरों में सुबह चार बजे से ही लग गई श्रद्धालुओं की लंबी कतारें

**संजय अग्रवाल, धर्मशाला**

चैत्र नवरात्र की अष्टमी को जिला कांगड़ा के तीनों शक्तिपीठों कांगड़ा बज्रेश्वरी देवी, चामुंडा देवी व ज्वालामुखी देवी श्रद्धालुओं के जयकारों से गूंज उठे। तीनों मंदिरों में प्रात: चार बजे से ही श्रद्धालुओं हजारों की संख्या में पहुंचना शुरू हो गए।

आठवें नवरात्र पर पंजाब, यूपी, हरियाणा व अन्य प्रदेशों से काफी संख्या में श्रद्धालुओं के जत्थे डोग नगाड़ों के साथ मंदिरों की ओर जाते नजर आए। भक्तों ने मां ज्वालामुखी का शुभ आशीर्वाद प्राप्त किया और हलवा-पूरी का भोग माता को लगाया और कन्या पूजन किया। कन्या पूजन के साथ अनेक जगह भंडारे लगाए गए। श्रद्धालुओं की दर्शन करने के लिए लंबी कतारें लगी रहीं। चामुंडा देवी, ज्वालाजी देवी और कांगड़े वाली माता के दर्शनों के लिए लाइन व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए पुलिस और गृहरक्षकों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। भीड़ होने के बावजूद श्रद्धालुओं को लाइनों में ही माता के दर्शन के लिए भेजा गया। कांगड़ा के बज्रेश्वरी देवी मंदिर व ज्वालामुखी मंदिर में अष्टमी को उत्तर प्रदेश से आए कई श्रद्धालुओं ने अपने बच्चों के मुंडन संस्कार भी करवाए।

**श्रद्धालुओं ने हवन यज्ञ व कन्या पूजन के साथ की महागौरी की पूजा अर्चना**

कांगड़ा मंदिर के वरिष्ठ पुजारी राम प्रसाद शर्मा व ज्वालामुखी के पुजारी व न्यास सदस्य अविनेदर शर्मा ने बताया कि आज उदयकाल की अष्टमी पर भक्तों ने महागौरी के रूप में दुर्गा माता की पूजा की। उन्होंने कहा कि अष्टमी पूजन का विशेष महत्व होता हैं।

अष्टमी के दिन श्रद्धालु ज्वाला मां को भोग लगाते हैं और यज्ञ करके कन्या पूजन करते हैं। उन्होंने बताया नवरात्रि के आठवें दिन पर मां महागौरी की पूजा करने का विधान है।



मां दुर्गा के अष्टम रूप श्री महागौरी हैं। माना जाता है कि मां अत्यंत शांत और सौम्य है। मां ने कठिन तपस्या करके गौर वर्ण प्राप्त किया था। इन्हें उज्जवला स्वरूप महागौरी, धन ऐश्वर्य प्रदायिनी, चैतन्यमयी त्रैलोक्य पूज्य मंगला, शारीरिक मानसिक और सांसारिक ताप का हरण करने वाली माता महागौरी का नाम दिया गया। नवरात्रि के आठवें दिन को महाष्टमी भी कहा जाता है। इस दिन कन्या पूजन करने से शुभ फलों की प्राप्ति होती है।

वहीं, कांगड़ा के डीसी हेमराज बैरवा ने कहा कि नवरात्रों में मंदिरों प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सभी इंतजाम किए गए है। तीन समय का लंगर, मेडिकल कैम्प, सफाई, पीने का पानी का उचित प्रबंध किया गया है। श्रद्धालुओं के लिए विशेष फलाहार भी रखा गया है। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के भी मजबूत प्रबंध किए गए है। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### पोस्टर प्रस्तुतिकरण में डॉ. अंकुश रहे प्रथम



**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** आदेश इंस्टीट्यूट बठिंडा में 4 और 5 अप्रैल को आयोजित माइक्रोकॉन 2025 नॉर्थवेस्ट चैप्टर डॉ. राजेंद्र प्रसाद सरकारी आयुर्विज्ञान रसायन विज्ञान संस्थान टांडा के लिए एक शानदार सफलता रही, जो शैक्षिक उत्कृष्टता और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना से भरी थी। डॉ. राजेंद्र प्रसाद सरकारी आयुर्विज्ञान रसायन विज्ञान संस्थान टांडा की डॉ. अनुराधा सूद, माइक्रोबायोलॉजी विभाग प्रमुख, और डॉ. ईसमप्रीत कौर के मार्गदर्शन में डॉ. अंकुश ने पोस्टर प्रस्तुतिकरण में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया, जिससे उनके उत्कृष्ट शोध और विश्लेषणात्मक कौशल का प्रदर्शन हुआ। डॉ. मंनवी और डॉ. सलीना की जोड़ी ने क्विज प्रतियोगिता में विजय प्राप्त की, जिसमें उनकी प्रभावशाली जानकारी और त्वरित सोच को सराहा गया। डॉ. गार्गी ने प्री-टेस्ट में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जिससे माइक्रोबायोलॉजिकल अवधारणाओं की गहरी समझ का पता चला। इस आयोजन ने शैक्षिक विकास और पेशेवर विकास को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, और प्रतिभागियों तथा आयोजकों से सराहना प्राप्त की।

### कांगड़ा के मंदिर बाजार में 5 लाख की चोरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कांगड़ा।** कांगड़ा शहर के बीचोंबीच मंदिर बाजार वार्ड नंबर 7 में 5 लाख रुपए की चोरी हो गई। डीएसपी अंकित शर्मा ने बताया कि शुक्रवार देर रात एक महिला ने आकर शिकायत दर्ज करवाई है। वह अपनी सास व बच्चों के साथ किसी काम से चंडीगढ़ गई हुई थी और जब वह देर शाम वापस पहुंची उसकी अलमारी व मुख्य दरवाजा टूटा हुआ था। उसने पुलिस को बताया कि उसकी अलमारी में 1,70,000 रुपए नकद व बाकी सोने के जेवरात, जिसमें से एक नेकलेस डायमंड भी लगे थे के साथ तीन अंगूठियां, एयर रिंग व सोने की चेन आदि चोरी हो चुके हैं। उसने बताया कि कुल मिलाकर लगभग 5 लाख रुपए की चोरी हुई है। डीएसपी के अनुसार तुरंत पुलिस जांच अधिकारी के नेतृत्व में पुलिस दल का गठन किया गया। कांगड़ा पुलिस ने बीआईएस की धारा 305 के तहत मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। जल्द ही पुलिस आरोपी को पकड़ने में कामयाब होगी।

### अलूहा में 12 को होगी वॉलीबाल प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** खुंडियां तहसील के अलूहा क्लब द्वारा शहीद घुंघर राम की स्मृति में दूसरी वॉलीबल प्रतियोगिता का आयोजन 12 अप्रैल को किया जाएगा। प्रमोद राजू व रणजीत शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य युवाओं में खेल भावनाओं को जागृत करना व शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करना है। रणजीत शर्मा ने बताया कि विजेता व उपविजेता टीम को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया जाएगा।

### धर्मशाला में चल रहा परिवार रजिस्टर का सर्वे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला नगर निगम के आयुक्त जफर इकबाल ने जानकारी देते हुए बताया कि धर्मशाला नगर निगम में परिवार रजिस्टर सर्वेक्षण का कार्य 1 से 17 वार्डों में किया जा रहा है जिसके लिए अंतिम बार 30 अप्रैल अपने परिवार के रजिस्ट्रेशन के लिए 1 से 10 वार्ड से गठित टीम के इंचार्ज आकाश चौधरी (9805843438) तथा 11 से 17 वार्ड के इंचार्ज अंकेश (7807318965) से संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि इससे पहले यह कार्य 30 सितंबर, 2024 तक पूरा किया जाना था, जिसके तहत सभी वार्डों में कैंप का आयोजन भी किया गया था।

### जिले में 10 मई को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** जिला व सत्र न्यायाधीश पूर्व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजीच बाली ने बताया है कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व हिमाचल प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण शिमला के निर्देशानुसार हिमाचल प्रदेश के सभी जित्ता न्यायलयों व अधीनस्थ न्यायालयों में 10 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत में बैंक से संबंधित श्रम विवाद, बिजली व पानी के बिल वैवाहिक विवाद, चेक बाउसिंग, पूर्व मुकदमेबाजी व लंबित मामले सुने जाएंगे। अधिक जानकारी के लिए कोई भी व्यक्ति विधिक सेवाएं प्राधिकरण के दूरभाष नंबर 01892-222370 उपमंडलीय विधिक सेवा समिति धर्मशाला 01882-222018, उपमंहतीय विधिक सेवा समिति कांगड़ा 01892-264808 उपमंडलीय विधिक सेवा समिति देहरा 01870-233599 उपमंडलीय विधिक सेवा समिति पालमपुर 1854-221014, उपमंडलीय विधिक सेवा समिति नूरपुर 01883-220770 उपमंडलीय विधिक सेवा समिति बैजनाथ 01804-242477 उपमंडलीप विधिक सेवा समिति जवाली 01883-204307 और उपमंडलीय विधिक सेवा समिति इंदौरा के दूरभाष नंबर 01803-241210. पर संपर्क कर सकता है।

# नगरोटा में 1.79 करोड़ से बनेगा विद्युत मंडल व उपमंडल कार्यालय

## पर्यटन निगम के अध्यक्ष बाली ने भूमि पूजन कर किया कार्य का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

नगरोटा बगवां विधानसभा क्षेत्र में शुरू से ही विकास को प्राथमिकता दी जाती है। पूर्व मंत्री स्वर्गीय जीएस बाली की कार्यशैली और उनके विजन के चलते यहां आज उत्कृष्ट संस्थानों के साथ गांव-गांव तक सभी मूलभूत सुविधाएं पहुंची हैं। उनकी कार्यशैली और उनके द्वारा स्थापित मूल्यों पर चलकर नगरोटा में आज भी केवल विकास की ही बात हो रही है।

नगरोटा में विद्युत मंडल एवं उपमंडल कार्यालय भवन के भूमि पूजन के अवसर पर पर्यटन निगम के अध्यक्ष कैबिनेट रैंक आरएस बाली ने यह उद्गार प्रकट किए। उन्होंने यहां 1 करोड़ 79 लाख रुपए की राशि से बनने वाले विद्युत मंडल एवं उपमंडल कार्यालय भवन का भूमि पूजन कर कार्य का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि जल्द इस भवन को तैयार कर क्षेत्र के लोगों को समर्पित कर दिया जाएगा। बाली ने कहा कि विद्युत भवन बनने से नगरोटा विधानसभा क्षेत्र के लोगों को काफी सहूलियत होगी। उन्होंने कहा कि पूर्व मंत्री स्वर्गीय जी.एस बाली के आदर्शों पर चलकर नगरोटा विधानसभा क्षेत्र में आज भी क्षेत्र को आगे ले जाने की ही बात होती है। उन्होंने कहा कि यहां एक तरफ टांडा मेडिकल कॉलेज और राजीव गांधी राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज जैसे नामी संस्थान कार्य कर रहे हैं। वहीं गांवों के समग्र विकास के लिए भी पूरी योजना से काम किया जा रहा है। सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल और बिजली जैसी मूलभूत व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के लिए सरकार द्वारा करोड़ों की राशि व्यय की जा रही है।

### इंजीनियरिंग कॉलेज मस्सल में बनेगा ऑडिटोरियम



**आरएस** बाली ने कहा कि राजीव गांधी राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज मस्सल में कंप्यूटर साइंस की कक्षाएं आरंभ करने के साथ पांच करोड़ की लागत से ऑडिटोरियम निर्मित किया जाएगा, ताकि प्रशिक्षुओं को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए बेहतर सुविधा मिल सके। बाली ने इस दौरान जनसमस्याओं को सुन उनका भी मौके पर निवारण किया।

### नगरोटा बगवां में सिर्फ विकास को प्राथमिकता

**बाली** ने कहा कि नगरोटा विधानसभा क्षेत्र प्रदेश के सबसे विकसित विधानसभा क्षेत्रों में से एक है। यहां शहरी क्षेत्रों के विकास से साथ-साथ ग्रामीण विकास पर उनका अधिक फोकस है। उन्होंने कहा कि गांव में रहने वाले व्यक्ति को उसके घर द्वार पर हर सुविधा उपलब्ध हो इसके लिए वे प्रयासरत हैं। बकौल बाली, नगरोटा में पर्यटन की दृष्टि से भी कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर आज कार्य हो रहा है। नगरोटा में कामकाजी महिलाओं के लिए 8 करोड़ 34 लाख रुपए की राशि से छात्रावास के निर्माण किया जाएगा। हटवास में चार करोड़ 10 लाख की लागत से स्पोर्ट्स कांप्लेक्स निर्मित किया जाएगा ताकि युवाओं को खेलकूद के लिए बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

# नवरात्र में सुरक्षा और सफाई कर्मी निभाते हैं अहम भूमिका

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

बज्रेश्वरी मंदिर कांगड़ा में अष्टमी नवरात्र के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ मंदिर में दर्शन करने पहुंची। एसडीएम कांगड़ा इशांत जसवाल ने कहा कि मंदिर आम दिनों की अपेक्षा नवरात्र के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या कई गुना बढ़ जाती है। अधिक भीड़ के चलते सुरक्षा और सफाई व्यवस्था को बनाए रखने का कार्य भी चुनौतीपूर्ण हो जाता है। ऐसे में सुरक्षाकर्मी मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को व्यवस्थित तरीके से दर्शन करवाने का कार्य करते हैं। सुरक्षा कर्मियों का कार्य उस समय और भी महत्वपूर्ण बन जाता है जब वह किसी बुजुर्ग, बच्चे को परिवार से बिछड़ने पर मिलवाते हैं। मंदिर परिसर में सफाई कर्मचारी निरंतर सफाई के कार्य में लगे रहते हैं, ताकि मंदिर परिसर और इसके आसपास का एरिया स्वच्छ रहे।

मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था पुलिस प्रशासन की देखरेख में व्यवस्थित तरीके से चलाई जा रही है और वही साफ सफाई करने के लिए मंदिर प्रशासन ने अतिरिक्त 20 सफाई कर्मचारी नियुक्त किए हैं जो निरंतर सफाई का कार्य कर रहे हैं। सुलभ शौचालय को-ऑर्डिनेटर जगलाल झा की देखरेख में सफाई का कार्य, शौचालय और रास्तों की सफाई के कार्य को निरंतर अच्छे तरीके से किया जा रहा है। कांगड़ा मंदिर में आने वाले सभी गणमान्यों ने मंदिर में सुरक्षा और सफाई के कार्य की प्रशंसा की है। एसडीएम कांगड़ा ने सभी विभागों के अधिकारियों को मंदिर के कार्यों को तत्परता से करने के निर्देश दिए हैं। एसडीएम इशांत ने बताया हिमाचल पथ परिवहन निगम की मुद्रिका बस श्रद्धालुओं को लाने, ले जाने के कार्य को बड़े अच्छे तरीके से निरंतर कर रही है। डीएसपी अंकित शर्मा और थाना प्रभारी संजीव कुमार के निर्देशानुसार सुरक्षा का जिम्मा पुलिसकर्मी और होमगार्ड संभाल रहे हैं। मंदिर अधिकारी नीलम राणा और मंदिर जेई विजय कुमार मौके पर स्वयं कार्य कर रहे हैं।

# सड़क हादसे में स्कूटी सवार युवक की मौके पर गई जान

**अनंत ज्ञान, देहरा**

पुलिस थाना ज्वालामुखी के तहत एक दर्दनाक सड़क हादसे में 21 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान शादीद अली पुत्र नजीर दीन निवासी गांव हड़सर (ज्वाली) के रूप में हुई है, जो इन दिनों खौला स्थित अपने मामा के घर में रह रहा था। हादसे की पुष्टि डीएसपी ज्वालामुखी आरपी जसवाल ने की है। जानकारी के अनुसार हादसा ज्वालामुखी-देहरा रोड पर स्थित ट्रक यूनियन पैट्रोल पंप के पास उस समय हुआ जब युवक स्कूटी पर सवार होकर कॉलेज जा रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार स्कूटी रफ्तार में थी और उसी दौरान सड़क किनारे खड़ी एक गाड़ी का किसी ने अचानक दरवाजा खोल दिया, जिससे युवक स्कूटी सहित उससे टकरा गया। टक्कर के बाद युवक औंधे मुंह सड़क पर गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को तत्काल ज्वालामुखी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी विजय कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू की। हादसे के वक्त युवक ने हेलमेट नहीं पहना था, जिसके चलते उसके सिर पर गहरी चोट लगी और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि यदि युवक ने हेलमेट पहना होता तो शायद उसकी जान बच सकती थी। युवक की असामयिक मौत से पूरे इलाके में शोक की लहर है। थाना प्रभारी विजय कुमार ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# कैप्टन दरमेजा तानोत्र प्रवेश द्वार का अनावरण

## अनावरण समारोह में विपिन परमार ने बतौर मुख्यातिथि की शिरकत

**राकेश डोगरा, डरोह**

विकास खंड सुलह स्थित भेड़ूमहादेव की ग्राम पंचायत बलोटा के निवासी व भारतीय सेवा के 13 ग्रेनेडियर से मार्च 2013 में रिटायर हुए कैप्टन दरमेजा तानोत्र की याद में बनाए गए प्रवेश द्वार का शनिवार को अनावरण समारोह आयोजित हुआ। इसमें विपिन सिंह परमार मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित हुए। कैप्टन दरमेजा तानोत्र वर्ष 1973 में सिपाही के पद पर भर्ती हुए थे तथा 15 साल की सेवा पूरी करने के बाद जब वह हवलदार के पद पर कार्यरत थे तब उन्होंने कमीशन पास कर सेकिंड लेफ्टिनेंट के पद पर वर्ष 1988 में नियुक्ति प्राप्त की तथा वर्ष 2013 में वह कर्नल के पद पर रिटायर हुए।



कर्नल दरमेजा तानोत्र के पिता हरि सिंह खेती-बाड़ी का काम करते थे तथा उनके परिवार के लिए दरमेजा तानोत्र को यह उपलब्धि मिलना बहुत सौभाग्य की बात थी। कर्नल दरमेजा तानोत्र को कारगिल में अपनी सेवाओं के लिए कारगिल वॉरियर्स का विशेष सम्मान भी भारतीय सेना द्वारा दिया गया था। दुर्भाग्यवश कोरोना काल में कर्नल दरमेजा तानोत्र की मृत्यु हो गई। जिनकी याद में सुलह के विधायक विपिन परमार ने अपनी विधायक निधि से 8 लाख 75 हजार की लागत से प्रवेश द्वार का निर्माण करवा कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। (अनंत ज्ञान)

# शाहपुर कॉलेज में नए सत्र में शुरू होंगे बीबीए, बीसीए कोर्स

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** नए शैक्षणिक सत्र से राजकीय महाविद्यालय शाहपुर में व्यावसायिक शिक्षा की दिशा में एक नया अध्याय जुड़ने जा रहा है। कॉलेज में पहली बार बीबीए, बीसीए और बीवॉक जैसे आधुनिक व व्यावसायिक पाठ्यक्रम शुरू किए जा रहे हैं। इन कोर्सों के लिए महाविद्यालय में तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। यह घोषणा मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर चंबी मैदान में आयोजित कार्यक्रम में की गई थी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विश्वजीत सिंह ने कहा कि यह कोर्स स्थानीय विद्यार्थियों के लिए एक सुनहरा अवसर हैं, जिससे उन्हें उच्च शिक्षा के लिए बाहरी शहरों की ओर रुख नहीं करना पड़ेगा।

# बैजनाथ कॉलेज और सीएसआईआर-आईएचबीटी में एमओयू साइन

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

पंडित संतराम राजकीय महाविद्यालय बैजनाथ एवं हिमालयी जैव संसाधन प्रौद्योगिकी संस्थान (CSIR-IHBT), पालमपुर के बीच शैक्षणिक एवं अनुसंधान सहयोग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौता ज्ञापन के अंतर्गत दोनों संस्थान शैक्षणिक और वैज्ञानिक क्षेत्र में आपसी सहयोग को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। दोनों संस्थानों के बीच यह सहयोग शैक्षणिक और अनुसंधान क्षेत्र में महत्वपूर्ण सिद्ध होगा। इस समझौते के अंतर्गत दोनों संस्थानों के बीच संकाय विनिमय तथा छात्र विनिमय संभव होगा और विद्यार्थियों के लिए विभिन्न कार्यशालाओं, फील्ड विजिट और प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। महाविद्यालय के विज्ञान विषयों के छात्र अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं में अनुसंधान कार्यों का अवलोकन कर सकेंगे और प्रयोगशाला तकनीकों का प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे। इससे छात्रों को उच्चतर शिक्षा एवं अनुसंधान में प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त मिलेगी। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार कोंडल ने कहा कि यह समझौता न केवल विद्यार्थियों के लिए एक स्वर्णिम अवसर है, बल्कि इससे दोनों संस्थानों के शैक्षणिक प्रयासों को एक नई दिशा और गति मिलेगी। समझौते की विशेषता यह है कि इसमें किसी भी प्रकार की वित्तीय बाध्यता नहीं होगी रूप से अपने लक्ष्यों की पूर्ति कर सकेंगे

# तलाड़ा के मेजर अंकित धीमान पंचतत्व में विलीन

- **1 मार्च को बिगड़ी थी तबीयत आरआर अस्पताल दिल्ली में थे उपचाराधीन**
- **मोक्षधाम तलाड़ा में सैन्य सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार**

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर**

कांगड़ा जिले के तलाड़ा के कुटलाहड़ निवासी मेजर अंकित धीमान (32) शनिवार को पंचतत्व में विलीन हो गए। अंकित 14 आरआर बांदीपुरा जम्मू-कश्मीर में तैनात थे और बीते 1 मार्च को उनकी तबीयत बिगड़ गई थी। इस दौरान उन्हें श्रीनगर स्थित सेना के बेस अस्पताल के लिए रेफर किया गया था। वहां से उन्हें आरआर अस्पताल दिल्ली में शिफ्ट किया गया। इस दौरान इलाज के दौरान उनकी 3 अप्रैल देर रात मौत हो गई। अंकित धीमान का शनिवार को मोक्षधाम तलाड़ा में सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कर दिया गया। अंकित करीब नौ वर्ष पहले ही सेना में उच्च पद पर तैनात हुए थे।

छह वर्ष पहले ही उनकी शादी हुई थी, जबकि इसी वर्ष फरवरी में वे एक समारोह में शामिल होने के लिए घर पर आए थे। इस बीच उनकी अचानक मौत की खबर पाकर परिवारजन सदमे में हैं। शनिवार सुबह 51 इन्फैंट्री ब्रिगेड मून के ब्रिगेडियर रोहित यादव की अगुवाई में तीन जाट डोगरा बटालियन की टुकड़ी फूलों से सजी सेना की गाड़ी में तिरंगे में लिपटी हुई मेजर अंकित धीमान की पार्थिव देह को लेकर जैसे ही उनके पैतृक गांव तलाड़ा कुटलाहड़ में पहुंची तो चारों ओर चीख-पुकार से माहौल गमगीन हो गया। मेजर अंकित की पत्नी कल्पना धीमान, पिता जनवेद धीमान, माता आशा धीमान और छोटे भाई अर्पित धीमान की आंखों से आंसू थमने का नाम नहीं रहे रहे थे। सैकड़ों लोगों व पूर्व सैनिकों ने उनकी अंतिम यात्रा में शामिल होकर उन्हें नम आंखों से अंतिम विदाई दी। डोगरा बटालियन की टुकड़ी ने मोक्षधाम पर अमित धीमान की पार्थिव देह को सलामी दी। अंकित धीमान की पार्थिव देह के साथ आए 14 आरआर के नायब सूबेदार भीम सिंह ने बताया कि साहब बेहद मिलनसार और सौम्य स्वभाव के व्यक्तित्व के मालिक थे। इस दौरान मोक्षधाम तलाड़ा में अमित कुमार के छोटे भाई अर्पित धीमान ने उनकी चिता को मुखाग्नि दी।

# रैत कॉलेज में होनहार सम्मानित

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** द्रोणाचार्य शिक्षण स्नातकोत्तर महाविद्यालय रैत के वार्षिक कार्यक्रम नवरंग के समापन समारोह में उपमुख्य सचेतक केवल पठानिया ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की । उन्होंने कहा कि यह कॉलेज वर्ष 2006 से यहां पर शिक्षा के क्षेत्र में अपनी सराहनीय सेवाएं दे रहा है और प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से बच्चे यहां पर शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं । उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष फोकस कर रही है हर विधानसभा क्षेत्र में चरणबद्ध तरीके से राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल खोले जा रहे हैं। उन्होंने संस्थान को आश्वस्त किया कि उन्हें हर संभव सहायता एवं सहयोग के लिए वह हमेशा तत्पर रहेंगे। उन्होंने होनहार छात्रों को सम्मानित भी किया।

**जानकारी** शाहपुर विस क्षेत्र के लंज, करेरी एवं लपियाणा में वन विभाग के भवनों का निर्माण कार्य प्रगति पर: पठानिया

# 32 लाख से बनेगा शाहपुर रेंज ऑफिस कार्यालय का भवन

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

धर्मशाला वन मंडल के अंतर्गत शाहपुर विधानसभा के लंज, करेरी एवं लपियाणा में वन विभाग के तत्वावधान में विभिन्न भवनों का निर्माण कार्य प्रगति पर है और इन पर लगभग 45 लाख रुपए व्यय होंगे। शाहपुर में 32 लाख से रेंज ऑफिस कार्यालय भवन छह महीने में बनकर तैयार हो जाएगा।

यह जानकारी उपमुख्य सचेतक केवल पठानिया ने आज शाहपुर में 32 लाख से बनने वाले रेंज ऑफिस कार्यालय के भवन के शिलान्यास के उपरान्त उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार ने वन प्रबंधन तथा वन क्षेत्र विस्तार में जन भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए वित्त वर्ष 2025-26 से राजीव गांधी वन संवर्धन योजना शुरू करने की घोषणा की है। इसके तहत 100 करोड़ रुपए व्यय किए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि इस योजना से आने वाले समय में स्वयं सहायता समूहों, महिला मंडलों, युवक मंडलों तथा ग्रामीण वन प्रबंधन समितियों को न केवल स्वरोजगार के अवसर मिलेंगें अपितु इससे प्रदेश में जल,वन और जमीन के संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि शाहपुर रेंज ऑफिस कार्यालय 1904 से इस भवन में चल रहा है और लगभग 121 वर्षों



पुराना यह भवन जर्जर स्थिति में है। वह मुख्यमंत्री महोदय के आभारी हैं जिन्होंने इसके लिए धनराशि उपलब्ध करवाई है और शाहपुर की जनता इसके लिए उनका कोटि कोटि धन्यवाद करती है। उन्होंने बताया कि धर्मशाला वन मंडल के अंतर्गत जायका द्वारा वित्त पोषित वन पारिस्थितिकी तंत्र प्रबंधन एवं आजीविका सुधार परियोजना के तहत 20 स्वयं सहायता समूह बनाए गए हैं।

उन्होंने कहा कि इन 227 महिलाओं को इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत सिलाई- कड़ाई, बुनाई, आचार चटनी,सीरा बड़ी तथा झाड़ू बनाने हेतु प्रशिक्षण दिया जाता है, ताकि यह महिलाएं अपनी आर्थिकी में सुधार कर बेहतर जीवनयापन कर सकें। उन्होंने बताया कि पिछले तीन वर्षों के दौरान जाईका के तहत धर्मशाला वन मंडल में 1.56 करोड़ रुपए विभिन्न कार्यों पर व्यय किए गए।

उन्होंने विभागों को पारदर्शिता के साथ निर्धारित समयावधि में विभिन्न विकास कार्यों को पूरा करने के आदेश दिए, ताकि पात्र लोगों को उनका लाभ मिला सके। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों को अपने प्रोडक्ट की जानकारी ऑनलाइन देने का सुझाव भी दिया।

## न्यूज ब्रीफ

### चौपाल और नेरवा में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, चौपाल/ नेरवा।** उपमंडल चौपाल के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र चौपाल, देवत, शंठा, मझोटली, थाना, बोधना, सरांह, धबास, खादर, लिंग्जार, खगना तथा नेरवा उपमंडल के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में रविवार को सुबह दस से दोपहर एक बजे तक बिजली बंद रहेगी। सहायक अभियंता विद्युत् उप मंडल चौपाल हिमांशु नैनवाल ने बताया कि लास्टा धार सबस्टेशन के मुख्य फीडर में स्मार्ट मीटर की स्थापना के कारण उपरोक्त दिन और समय पर बिजली बंद रहेगी और मौसम के अनुकूलता शट डाउन किया जाएगा। उन्होंने समस्त उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### उपमुख्यमंत्री ने रामनवमी की शुभकामनाएं दीं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने समस्त प्रदेशवासियों को रामनवमी के पावन अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि यह पवित्र पर्व मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के आदर्शों, सत्य, धर्म और न्याय की स्थापना के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। यह दिन हमें सद्भाव, सच्चाई और कर्तव्यपरायणता की सीख देता है। भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाकर हम प्रदेश और समाज को उन्नति की ओर ले जा सकते हैं।

### छात्रों को बताएं आपदा से निपटने के उपाय

**अनंत ज्ञान, जुन्गा।** चियोग स्कूल में मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्रों को भूकंप, भू-स्खलन, आगजनी और बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदाओं से बचने के उपाय बताएं गए। इस मौके विद्यार्थियों को आपदा के समय धैर्य रखने के साथ सुरक्षा उपाय अपनाने के संदर्भ में व्यवहारिक जानकारी दी गई। प्रधानाचार्य संदीप कुमार शर्मा ने कहा कि 4 अप्रैल 1905 को जिला कांगड़ा में आए भयावह भूकंप में करीब 20 हजार लोग काल का ग्रास बन गए थे। इसके अतिरिक्त करीब एक लाख से ज्यादा मकान क्षतिग्रस्त हो गए थे। उन्होंने बताया कि प्रदेश में यह सबसे बड़ी आपदा थी जिसके 120 वर्ष पूरे हो चुके हैं।

### नशे के दुष्परिणामों पर किया जागरूक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा गेयटी थियेटर के एमफी थियेटर में नशा निवारण पर लोगों को जागरूक करने के लिए एक नुक्कड़-नाटक का आयोजन किया गया। इस दौरान अतिरिक्त सचिव हिमाचल प्रदेश राज्य विधि सेवाएं प्राधिकरण विजय लक्ष्मी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति एपीजी विश्वविद्यालय शिमला के छात्रों द्वारा 'नाल्सा (नशीली दवाओं के दुरुपयोग के पीड़ितों के लिए कानूनी सेवाएं और खतरे का उन्मूलन) योजना, 2015' के तहत दी गई। अतिरिक्त सचिव ने युवाओं से नशे से दूर रहने तथा अपना ध्यान पढ़ाई व खेलकूद में लगाने का आग्रह किया।

### कौशल स्पर्धा में अरुण, देविंद्र व अमन प्रथम

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जुब्बल में तीन व चार अप्रैल को जिला स्तरीय कौशल प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों से आए हुए प्रशिक्षुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य प्रशिक्षुओं में व्यवहारिक दक्षता, नवाचार तथा रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना था। प्रतियोगिता में इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक, पंप ऑपरेटर कम मैकेनिक और सोलर तकनीशियन (इलेक्ट्रिकल) जैसे विभिन्न कौशलों में प्रशिक्षुओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। संस्थान के प्रधानाचार्य जय कृष्ण ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं प्रशिक्षुओं को कौशल विकास के साथ-साथ राष्ट्र निर्माण की दिशा में अग्रसर करती है। इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक व्यवसाय की कौशल प्रतियोगिता में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जुब्बल के प्रशिक्षु अरुण सांख्यान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि पंप ऑपरेटर कम मैकेनिक व्यवसाय की कौशल प्रतियोगिता में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान चौपाल के प्रशिक्षु देविंद्र वर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सोलर तकनीशियन (इलेक्ट्रिकल) की कौशल प्रतियोगिता में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जुब्बल के प्रशिक्षु अमन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। चयनित प्रशिक्षु राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# 22 केवी विद्युत सब स्टेशन का लोकार्पण

## शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने दी 1.17 करोड़ से बने सब स्टेशन की सौगात

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला

**शिक्षा** मंत्री रोहित ठाकुर ने शनिवार को जुब्बल स्थित घूंगलीधार में 22 केवी विद्युत सब स्टेशन का लोकार्पण किया। करीब 1 करोड़ 17 लाख की लागत से इस सब स्टेशन का आधुनिकीकरण किया गया है। उल्लेखनीय है कि विभाग द्वारा इस कार्य को न केवल रिकॉर्ड 2 वर्ष से कम समय में पूरा किया गया है बल्कि स्वीकृत राशि जो करीब 1 करोड़ 22 लाख रुपए थी से लगभग 5 लाख रुपए की बचत करते हुए 1 करोड़ 17 लाख रुपए खर्च करते हुए इस कार्य को पूर्ण किया है।

शिक्षा मंत्री ने विभाग के वरिष्ठ अभियंताओं और अधिकारियों को उनकी इस उपलब्धि पर बधाई दी और बताया कि उनकी इस उपलब्धि से उन्होंने एक मिसाल कायम की है, जिससे अन्य विभाग भी प्रेरित होंगे। इस सब स्टेशन की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए विद्युत मंडल जुब्बल के अधिकारियों ने बताया कि 22 केवी सब स्टेशन घूंगलीधार के आधुनिकीकरण से जुब्बल मंडल में बिजली सप्लाई की आपूर्ति में और अधिक सुविधा होगी और उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं प्रदान की जा सकेंगी। इससे पूर्व सर्दी व बरसात के दिनों में आधुनिक मशीनों के अभाव में बिजली आपूर्ति में समस्याओं का सामना करना पड़ता था। (अनंत ज्ञान)



### ये रहे मौजूद

**इस** अवसर पर ज़िला परिषद सदस्य कौशल मुंगटा, निदेशक हिमफेड भीम सिंह झौटा, विद्युत मंडल जुब्बल के वरिष्ठ अभियंता इंजीनियर कमलजीत, वरिष्ठ अभियंता जल शक्ति विभाग अजीत नेगी, एसएचओ जुब्बल चेतन चौहान अन्य सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

### जुब्बल-नावर-कोटखाई में विकास कार्यों को दी जा रही गति

**अनंत ज्ञान, जुब्बल।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जुब्बल-नावर-कोटखाई की मासिक बैठक जुब्बल में आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश सरकार में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने विशेष तौर से शिरकत की। इस दौरान शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में अपनी मजबूत इच्छशक्ति और वचनबद्धता के साथ कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा में गुणवत्ता के साथ-साथ बच्चों का सर्वांगीण विकास हो इस ओर प्रदेश सरकार द्वारा प्रभावी कदम उठाएं गए हैं। रोहित ने कहा कि जुब्बल-नावर-कोटखाई में समान दृष्टिकोण के साथ विकास कार्य को गति दी जा रही है। उन्होंने कहा कि जुब्बल-नावर-कोटखाई में सड़कों के विस्तारीकरण को गति दी जा रही है। रोहित ठाकुर ने कहा कि 115 सड़कों की पासिंग इसका एक उदाहरण हैं। रोहित ने कहा कि जुब्बल-नावर-कोटखाई की जनता ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी हैं उसके एक-2 पल का सदुपयोग कर बचनबद्धता के साथ कार्य किया जाएगा। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जुब्बल-नावर-कोटखाई के अध्यक्ष मोती लाल डेरटा ने कहा कि जुब्बल-नावर-कोटखाई में विकास में विकास सरकार और संगठन के बीच संवाद को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए मासिक बैठकें महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। बैठक में सभी जोन प्रभारी, बूथ अध्यक्ष, अग्रणी संगठन के सभी अध्यक्ष, पदाधिकारी, वरिष्ठ कांग्रेस जन, तीनों ब्लॉक की महिला कांग्रेस की अध्यक्षा, युवा कांग्रेस के अध्यक्ष, पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधिगण व कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कौशल सिंह मेहता सहित कई लोगों ने थामा कांग्रेस का हाथ



कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए लोग शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के साथ।

अनंत ज्ञान, रोहड़ू

**शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर की कार्यप्रणाली से प्रभावित होकर ज्वाइन की पार्टी**

जुब्बल क्षेत्र की ग्राम पंचायत पराली के मड़ाण गांव से संबंध रखने वाले व भारतीय सेना से सेवानिवृत्त भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता कौशल सिंह मेहता, ग्राम पंचायत बढ़ाल के बौली गांव से रविंदर सिंह, ग्राम पंचायत झगटान के कालीमाटी झड़ाशली गांव से प्रेम सिंह लालटा, हरिसन (बिट्टू) पवार, सतीश कुमार, राहुल पवार, राजकुमार, कोटखाई की ग्राम पंचायत कलबोग के पुजारली गांव से बलदेव राज व जलशक्ति विभाग से सेवानिवृत्त दुनी चंद नंदा ने शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर की कार्यशैली से प्रभावित होकर कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने सभी को कांग्रेस पार्टी का पटका पहनाकर स्वागत किया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जुब्बल नावर कोटखाई के अध्यक्ष मोती लाल डेरटा ने सभी को विश्वास दिलाया कि पार्टी में उन्हें पूरा मान-सम्मान दिया जाएगा। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जुब्बल-नावर-कोटखाई के अध्यक्ष मोतीलाल डेरटा भी उपस्थित रहे।

# एनएच-5 पर बरौनी खड्ड में बनाया जाएगा 300 मीटर लंबा थ्री लेन पुल

आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर

**केंद्र सरकार को भेजी 129 करोड़ की डीपीआर, पुल का डिजाइन तैयार**

**रामपुर** से करीब 11 किलोमीटर एनएच-5 पर बरौनी खड्ड में 300 मीटर लंबा थ्री लेन पुल बनेगा। विभागीय सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस पुल का डिजाइन तैयार कर लिया गया है, साथ ही 129 करोड़ की लागत से बनने वाले इस पुल की डीपीआर एनएचएआई के मुख्य अभियंता से मंजूरी होने के बाद केंद्र सरकार को भेज दी है। वहां से अंतिम मंजूरी मिलनी है।

गौर हो कि पिछले करीब ढाई दशक से बरौनी खड्ड में जमीन डंसने का सिलसिला जारी है। इससे किन्नौर, लाहौल-स्पीति और रामपुर उपमंडल के लोग खासी परेशानी झेलते रहे हैं। मामूली सी बरसात में भी यहां यह मार्ग अवरुद्ध हो जाता है। इससे सबसे अधिक नुकसान नगदी फसलों के उत्पादकों को होता है। उनकी नगदी फसले सेब, मटर आदि समय पर मंडी नहीं पहुंच पाते हैं। इस पुल का डिजाइन पाइल फाउंडेशन ने तैयार किया है।

एनएचएआई रामपुर मंडल के अधिशाषी अभियंता केएल सुमन ने बताया कि इस पुल की डीपीआर को मंजूरी के लिए भेजा गया है। मंजूरी मिलते ही पुल का काम शुरू कर दिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### विमल मामले में चेतन बरागटा ने सरकार के रवैये पर उठाए सवाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश की कांग्रेस सरकार विमल नेगी मौत मामले की सीबीआई जांच से लगातार बचने का प्रयास कर रही है, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता चेतन बरागटा ने कहा कि इससे सरकार की नीयत पर सवाल खड़े होते हैं कि आखिर सच सामने आने से किसे डर है? इससे भी अधिक चिंताजनक बात यह है कि सरकार के मंत्री 'गुड़िया कांड और हत्या' जैसे गंभीर मामले को मामूली घटना मानते हैं। बरागटा ने कहा कि यह मानसिकता न केवल महिला सुरक्षा के प्रति उनकी असंवेदनशीलता को दर्शाती है। लेकिन आज की कांग्रेस सरकार न सिर्फ विमल नेगी मामले में निष्पक्ष जांच से भाग रही है।

# नौणी विश्वविद्यालय के कुलपति के खिलाफ युवा कांग्रेस ने खोला मोर्चा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**प्रदेश** युवा कांग्रेस ने डॉ. राजेश्वर सिंह चंदेल की डॉ. वाईएस परमार बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी, सोलन के कुलपति पद पर 6 मई, 2022 को हुई नियुक्ति को अवैध करार देते हुए सतर्कता जांच की मांग उठाई है। यह नियुक्ति विश्वविद्यालय अधिनियम की धारा 24 का उल्लंघन करते हुए की गई, जिसमें आईसीआर के महानिदेशक की चयन समिति में भागीदारी अनिवार्य है। उच्च न्यायालय, शिमला के 26 मार्च के निर्णय के आधार पर, जो समान प्रावधानों के तहत पालमपुर कृषि विवि के कुलपति की नियुक्ति को रद्द कर चुका है, डॉ. चंदेल की नियुक्ति भी असंवैधानिक है। उनका कार्यकाल 8 मई को समाप्त हो रहा है, लेकिन नए कुलपति की नियुक्ति प्रक्रिया अभी तक शुरू नहीं हुई।

### तत्काल प्रभाव से हटाने की उठाई मांग

**प्रदेश** युवा कांग्रेस अध्यक्ष छत्तर सिंह ठाकुर और महासचिव रंजीत वर्मा ने मुख्यमंत्री और राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में डॉ. चंदेल को तत्काल पद से हटाने, सतर्कता जांच शुरू करने, और नए कुलपति की पारदर्शी नियुक्ति की मांग की गई है।



# नगर परिषद ने गिराया शेड तो पीड़िता ने सीएम से लगाई गुहार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर



धौलरा मंदिर के समीप नगर परिषद बिलासपुर द्वारा गिराए गए एक शेड को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी श्रेष्ठा गौतम ने शनिवार को प्रेस वार्ता में नगर परिषद की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए मुख्यमंत्री से मामले में हस्तक्षेप की मांग की है। उनका आरोप है कि नगर परिषद ने बिना किसी पूर्व सूचना व नोटिस के उनके लाखों रुपए से बने शेड और वॉशिंग सेंटर को ढहा दिया। शेड उनकी मलकीयत भूमि पर बनाया गया था, जहां उनके बेटे ने बैंक से लोन लेकर वॉशिंग सेंटर शुरू किया था। उन्होंने बताया कि 3 अप्रैल की रात नगर परिषद के अधिकारियों और कर्मचारियों ने बिना किसी नोटिस के अचानक कार्रवाई कर शेड को गिरा दिया।

श्रेष्ठा ने यह भी बताया कि उनके परिवार के पास लगभग 20 बीघा भूमि है और उन्होंने खुद धौलरा मंदिर को जाने वाली सड़क के लिए जमीन दान दी थी। इसके बावजूद, उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शैड गिराने की कार्रवाई उस समय हुई, जब वह स्वयं नगर परिषद कार्यालय में किसी अन्य कार्य से उपस्थित थीं। इस संबंध में जिला प्रशासन, पुलिस और हेल्पलाइन नंबरों पर शिकायत दी जा चुकी है, लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं हुआ है। श्रेष्ठा गौतम ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने जल्द कोई कदम नहीं उठाया, तो वह न्यायालय का दरवाजा खटखटाएंगी।

दूसरी ओर, नगर परिषद बिलासपुर के अध्यक्ष कमल गौतम ने बताया कि इस संबंध में संबंधित पक्ष को पहले ही नोटिस जारी किए जा चुके थे। पीडब्ल्यूडी द्वारा की गई निशानदेही के अनुसार विवादित शेड सरकारी भूमि पर पाया गया था। नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी रणवीर वर्मा ने बताया कि यह कार्रवाई नियमानुसार की गई और भविष्य में भी अतिक्रमण के खिलाफ ऐसे ही कदम उठाए जाएंगे। अब देखना होगा कि मुख्यमंत्री और प्रशासन इस मामले को किस तरह से लेते हैं और पीड़ित पक्ष को न्याय दिलाने की दिशा में क्या कदम उठाए जाते हैं।

# स्वतंत्रता सेनानियों ने किया घुमारवीं ग्रीष्मोत्सव का शुभारंभ

## तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने की कार्यक्रम की अध्यक्षता, 9 तक चलेगा मेला

अनंत ज्ञान, घुमारवीं



राज्य स्तरीय घुमारवीं ग्रीष्मोत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ प्रारंभ हुआ। इस बार मेले की शुरुआत एक विशेष पहल के तहत जिले के तीन सम्मानित स्वतंत्रता सेनानियों सहज राम शर्मा, शंकर दास वर्मा और भाग सिंह द्वारा की गई। इस आयोजन की अध्यक्षता शहरी नियोजन एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने की। यह ग्रीष्मोत्सव 5 से 9 अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, खेल प्रतियोगिताएं और जन जागरूकता से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

आयोजन का उद्देश्य स्थानीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना और सामाजिक मुद्दों पर जागरूकता फैलाना है। इस वर्ष मेले की थीम 'नशा मुक्ति' रखी गई है, ताकि समाज में व्याप्त इस गंभीर समस्या के प्रति जनमानस को संवेदनशील बनाया जा सके। अपने संबोधन में मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि घुमारवीं का यह मेला करीब 40 वर्षों से आयोजित हो रहा है और समय के साथ इसका स्वरूप और महत्व लगातार बढ़ा है। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से इस मेले को राज्य स्तरीय दर्जा प्राप्त हुआ है।

मंत्री ने बताया कि मेला स्थल और उसके आसपास के क्षेत्र के सौंदर्यीकरण का कार्य जारी है, जिसमें सीर खड्ड के दोनों किनारों को संवारा जा रहा है। भविष्य में यहां एक झील का निर्माण प्रस्तावित है, जिसके ऊपर से वाहन गुजर सकेंगे, जिससे मेला स्थल तक सड़क मार्ग की बेहतर सुविधा सुनिश्चित होगी।

इस परियोजना के लिए लगभग डेढ़ करोड़ रूकी स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। घुमारवीं क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए बस स्टैंड से एक्जिट रोड का निर्माण किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त पुल से मेला ग्राउंड तक सड़क निर्माण हेतु बीस लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। अपने संबोधन में उन्होंने वर्ष 2025-26 के बजट की घोषणा का उल्लेख करते हुए बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा घुमारवीं क्षेत्र में डिजिटल यूनिवर्सिटी ऑफ इनोवेशन, एंटरप्रेन्योरशिप, स्किल एंड वोकेशनल स्टडीज की स्थापना की जाएगी। यह प्रदेश की पहली डिजिटल यूनिवर्सिटी होगी, जो युवाओं को आधुनिक तकनीक, नवाचार, स्टार्टअप संस्कृति तथा उद्योग आधारित दक्षताओं से सशक्त बनाएगी।

इस विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए भूमि चयन की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश सरकार किसानों और पशुपालकों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने हेतु लगातार प्रयास कर रही है। किसानों को उनकी फसलों का उचित मूल्य दिलाने के लिए मक्के, गेहूं तथा हल्दी के समर्थन मूल्य में वृद्धि की गई है, जिससे उनकी आमदनी में सुधार होगा और वे आर्थिक रूप से सशक्त बन सकेंगे। मेले के दौरान विभिन्न सरकारी योजनाओं की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी ताकि आम जनता को इन योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त हो सके। इसके अतिरिक्त स्कूली बच्चों के लिए विशेष खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा जिससे उनमें टीम भावना, अनुशासन और खेल के प्रति रुचि को बढ़ावा मिलेगा।

### सुरक्षा, स्वच्छता और यातायात व्यवस्था पर दें विशेष ध्यान

**मंत्री** धर्माणी ने अंत में अधिकारियों को निर्देश दिए कि मेले की सभी व्यवस्थाएं सुचारु रूप से संचालित की जाएं और विशेष रूप से सुरक्षा, स्वच्छता और यातायात प्रबंधन पर ध्यान दिया जाए, ताकि यह आयोजन सफल और यादगार बन सके। राज्य स्तरीय ग्रीष्होत्सव कमेटी के अध्यक्ष एवं एसडीएम घुमारवीं गौरव चौधरी ने मुख्य तिथि एवं अन्य गणमान्य का स्वागत अभिनंदन किया तथा मेले के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

### शाहतलाई में अज्ञात शव मिलने से सनसनी

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता उपमंडल के शाहतलाई में एक अज्ञात वृद्ध व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। शव को एक भवन की छत पर मृत अवस्था में पाया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए क्षेत्रीय अस्पताल बिलासपुर भेजा है और बीएनएसएस की धारा 194 के तहत कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी अनुसार मृतक की उम्र लगभग 75 वर्ष बताई जा रही है। उसने सफेद पगड़ी, कुर्ता, वास्कट और धोती प हन रखी थी। शव का बारीकी से निरीक्षण करने पर किसी भी प्रकार की चोट का निशान नहीं मिला, जिससे यह आशंका जताई जा रही है कि उसकी मौत किसी बीमारी या वृद्धावस्था के चलते स्वाभाविक रूप से हुई है। स्थानीय लोगों के अनुसार यह वृद्ध पिछले 15-20 वर्षों से शाहतलाई क्षेत्र में अलग-अलग लोगों के पास रह रहा था। लोग उसे 'बाबा' कहकर पुकारते थे, लेकिन किसी को उसका नाम, पता या वह कहां से आया था, इसकी जानकारी नहीं है। इस संबंध में अश्वनी कुमार निवासी झबोला ने पुलिस थाना तलाई को सूचना दी । पुलिस अब मृतक की पहचान सुनिश्चित करने में जुटी है । मामले की पुष्टि करते हुए डीएसपी बिलासपुर मदन धीमान ने बताया कि पुलिस मामले की जांच में लगी है।

### अष्टमी पर नयनादेवी में उमड़ा आस्था का सैलाब



**अनंत ज्ञान, श्री नयनादेवी जी।** शक्तिपीठ श्री नयनादेवी धाम में अष्टमी के पावन पर्व पर श्रद्धा का ऐसा सैलाब उमड़ा कि हर दिशा में बस 'जय माता दी' की गूंज सुनाई देने लगी। सुबह की पहली किरण के साथ ही मंदिर प्रांगण में आस्था का रंग बिखरने लगा और देखते ही देखते हजारों कदम मां के दरबार की ओर बढ़ चले। सुबह 3 बजे जैसे ही मंदिर के कपाट खुले, वैसे ही भक्तों की लंबी कतारें मंदिर परिसर में उमड़ पड़ीं। पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और आसपास के राज्यों से आए श्रद्धालु माता रानी के महागौरी स्वरूप के दर्शन को आतुर दिखे। अष्टमी के इस पावन दिन पर भक्तों ने विशेष पूजन, हवन और झंडा चढ़ाने की परंपरा निभाई। चारों ओर वातावरण मंत्रों की मधुर ध्वनि और ढोल-नगाड़ों की गूंज से भक्ति में सराबोर था। श्रद्धालुओं ने माता को कढ़ाह प्रसाद का भोग अर्पित किया और अपनी मनोकामनाएं पूर्ण होने की प्रार्थना की।

### प्रिंस ने छोटी और गनी ने जीती बड़ी माली

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता उपमंडल की ग्राम पंचायत सुन्हाणी में चार दिवसीय जिला स्तरीय नलवाड़ मेले का भव्य समापन पारंपरिक उल्लास, उत्सव और संस्कृति की रंगीन छटा के बीच हुआ। मेले में क्षेत्रीय संस्कृति, लोक गीत-संगीत, खेलकूद और विशेषकर कुश्ती प्रतियोगिताओं का आयोजन मुख्य आकर्षण रहा। समापन अवसर पर झंडूता के युवा कांग्रेस नेता विवेक कुमार ने बतौर मुख्यातिथि भाग लिया। उन्होंने मेले के सफल आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई दी और कहा कि इस तरह के पारंपरिक मेले न केवल हमारी संस्कृति को जीवित रखते हैं, बल्कि सामाजिक समरसता को भी बढ़ावा देते हैं। इन आयोजनों से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी संबल मिलता है। मेले के दौरान आयोजित कुश्ती मुकाबलों में प्रतिभागियों ने दमखम दिखाया। छोटी माली मुकाबले में समोह गांव के पहलवान प्रिंस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की, जबकि बड़ी माली मुकाबले में चंबा के गनी ने अपने प्रतिद्वंद्वी को परास्त कर पहला स्थान प्राप्त किया।

### घायल मजदूर की एम्स में उपचार के दौरान मौत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** अमरपुर में पुराने मकान को गिराते समय घायल हुए मजदूर की एम्स में उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद घुमारवीं पुलिस ने एम्स पहुंचकर परिजनों के बयान कलमबद्ध किए तथा शव को कब्जे में लिया। पुलिस को दिए गए बयान में मृतक के भाई सोहन लाल, चाचा बेसरिया राम ने कहा है कि 35 वर्षीय देशराज निवासी दखेतर-सुकड़ी डाकघर अमरपुर तहसील घुमारवीं दिहाड़ी-मजदूरी का काम करता था। गत दिवस वह अमरपुर में एक पुराने मकान को गिराने का काम रहा था। देशराज छुट्टी करके उखाड़े गए मकान की सीढ़ियों से उतर रहा था कि अचानक मकान का छज्जा गिर गया तथा देशराज मलबे के नीचे दब गया। इससे उसे चोट लगी, जिस पर कमलेश कुमार व पंकज कौंडल द्वारा स्थानीय लोगों की मदद से उसे निजी गाड़ी में उपचार हेतु एम्स-बिलासपुर लाया गया था, जहां पर उपचार के दौरान देशराज की मृत्यु हो गई।

**पर्यटन** | गोबिंद सागर में अंडमान-निकोबार की तर्ज पर आईलैंड टूरिज्म को दिया जाएगा बढ़ावा

# दो फर्मों को सौंपा दो टापू विकसित करने का जिम्मा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर



हिमाचल प्रदेश का पहला आइलैंड टूरिज्म हब अब बिलासपुर जिले में आकार लेने जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा गोबिंद सागर झील में चयनित चार टापुओं में से दो टापुओं के पर्यटन विकास के लिए ऑनलाइन टेंडर प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी कर ली गई है। इस प्रक्रिया के तहत दो उच्चतम बोलीदाता फर्मों को कार्य सौंपा गया है।

जानकारी देते हुए उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने बताया कि अंडमान-निकोबार द्वीप समूह की तर्ज पर इन टापुओं को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। यह प्रदेश का पहला ऐसा प्रोजेक्ट होगा, जिसमें आइलैंड टूरिज्म की संकल्पना को धरातल पर उतारा जा रहा है। उपायुक्त ने बताया कि इन टापुओं पर होटल, रेस्टोरेंट, डैस्टिनेशन वेडिंग, एडवेंचर स्पोर्ट्स, पिकनिक स्थल और प्री-वेडिंग शूट्स जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इन गतिविधियों से जहां एक ओर जिले में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, वहीं दूसरी ओर स्थानीय लोगों को रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे। इन टापुओं तक पर्यटकों और स्थानीय लोगों की आवाजाही बोट के माध्यम से होगी। ईको-फ्रैंडली कैंपिंग साइट्स स्थापित की जाएंगी, जहां पर्यटक रात में बोनफायर और लोक संगीत का आनंद ले सकेंगे। इसके अलावा, स्थानीय संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिनमें पारंपरिक नृत्य, नाटक और संगीत शामिल होंगे। प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद देंगे हाइकिंग ट्रेल और फिशिंग झील के चारों ओर नेचर ट्रेल्स और हाइकिंग रूट्स विकसित किए जाएंगे। साथ ही कुछ विशेष स्थानों पर फिशिंग और एंग्लिंग की सुविधा भी दी जाएगी, ताकि पर्यटक मछली पकड़ने का अनुभव भी ले सकें। गौरतलब है कि गोविंद सागर झील में पहले ही क्रूज, मोटरबोट, शिकारा और जलक्रीड़ा गतिविधियां आरंभ की जा चुकी हैं। अब आइलैंड टूरिज्म के विकास से बिलासपुर जिला वाटर टूरिज्म के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाएगा।

# नौणी विवि के कुलपति को देना चाहिए इस्तीफा : विजय

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर



हिमाचल प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष छात्र सिंह ठाकुर द्वारा नौणी विश्वविद्यालय के कुलपति की नियुक्ति में जो सवाल उठाए गए हैं उसका समर्थन करते हुए युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता विजय कुमार ने कहा कि युका प्रदेश अध्यक्ष एक ईमानदार और मेहनती नेता हैं। इतने बड़े अधिकारी के ऊपर तथ्यों के आधार पर ही आरोप लगाए जाते हैं। इसलिए विश्वविद्यालय के कुलपति की नियुक्ति तुरंत प्रभाव से निरस्त की जाए एवं उनके द्वारा जो वित्तीय एवं प्रशासनिक अनियमिताएं बरती जा रही हैं। उसके ऊपर तुरंत कार्रवाई की जानी चाहिए और दोषी पाए जाने पर रिकवरी भी की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार पूरी तरह से कर्तव्य निष्ठा एवं राज्य के संसाधनों का अधिकतम सही प्रयोग करके राज्य को आगे बढ़ा रहे हैं, परंतु कुछ कर्मचारी एवं अधिकारी भ्रष्टाचार को बढ़ावा देकर प्रदेश सरकार की छवि को धूमिल करने का प्रयास कर रहे हैं। इसी तरह का भ्रष्टाचार का मामला मंडी जिले के एक बड़े शिक्षण संस्थान में सुनने को आ रहा है जहां पर एक प्रोफेसर स्तर के अधिकारी को नियमों के विरुद्ध जाकर परचेज अधिकारी बनाया गया है जबकि प्रोफेसर का काम विद्यार्थियों को पढ़ाने का है।

## न्यूज ब्रीफ

### 3 छात्राओं ने पास की एनएमएमएस परीक्षा

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** पीएमश्री सीनियर सेकेंडरी स्कूल होली की तीन छात्राओं ने राष्ट्रीय मींस मेरिट स्कॉलरशिप स्कीम (एनएमएमएस) परीक्षा पास कर ली है। यह परीक्षा नवंबर 2024 में आयोजित की गई थी। सीनियर सेकेंडरी स्कूल होली की इन छात्राओं को अब 12वीं कक्षा तक प्रदेश सरकार की ओर से प्रतिमाह एक हजार रुपए की स्कॉलरशिप मिलेगी। स्कॉलरशिप प्राप्त करने वाली छात्राओं में सुनीक्षा, तनवी और मानवी शामिल हैं।

### 'भक्ता दर्शन पान्दा जा' भजन यूट्यूब पर लॉन्च

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चंबा की उभरती गायिका सुरभि सलवानी की आवाज में संगीतमय भक्ति एलबम 'भक्ता दर्शन पान्दा जा' यूट्यूब चैनल चंचल कुमार अधिकारी पर भव्य रूप से लॉन्च की गई है। इस भजन को चंचल कुमार सरोलवी ने लिखा है, जबकि संगीत संयोजन हरीश मंगली ने किया है। वीडियोग्राफी और एडिटिंग का कार्य नीरज ने बखूबी संभाला है। भजन की शूटिंग श्री भद्रकाली भलेई माता मंदिर परिसर सहित विभिन्न धार्मिक स्थलों पर की गई है। भजन में गायिका सुरभि सलवानी ने अभिनय भी किया है, जिससे दर्शकों को और अधिक आत्मिक अनुभूति मिलेगी। इस एलबम के प्रोड्यूसर गौरव सलवानी हैं और मुख्य सलाहकार बीना सरोलवी रही हैं। वरिष्ठ साहित्यकार चंचल कुमार ने संगीत प्रेमियों से आह्वान किया है कि वे यूट्यूब पर जाकर भजन अवश्य सुनें और आशीर्वाद दें।




# प्राकृतिक खेती से जुड़ेंगे एक लाख नए किसान

## चुवाड़ी में आयोजित मिलेट फूड फेस्टिवल एवं किसान मेले में बोले विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप पठानिया

**अनंत ज्ञान, चुवाड़ी**

**विधानसभा** अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में किसानों- बागवानों-पशुपालकों की आर्थिकी को सशक्त बनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। प्रदेश में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए जारी वित्त वर्ष के दौरान एक लाख नए किसानों को जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

विधानसभा अध्यक्ष शनिवार को उप मंडलीय मुख्यालय चुवाड़ी में आयोजित मिलेट फूड फेस्टिवल एवं किसान मेले में मुख्य अतिथि भाग लेते हुए बोल रहे थे। कुलदीप सिंह पठानिया ने अपने संबोधन में भटियात विधानसभा क्षेत्र के तहत किसानों- बागवानों- पशुपालकों की आर्थिक समृद्धि सुनिश्चित बनाने का भरोसा देते हुए कहा कि भटियात क्षेत्र में उपलब्ध दो तरह की एग्रो क्लाइमेटिक परिस्थितियों की माईक्रोस्कोपिक स्टडी संपूर्ण की जा चुकी है। उन्होंने यह भी कहा कि कृषि एवं बागवानी से संबंधित नवीनतम प्रौद्योगिकी एवं तकनीकी जानकारी की उपलब्धता को लेकर विधानसभा क्षेत्र भटियात में अनुसंधान केंद्र खोले जाना प्रस्तावित है । विधानसभा अध्यक्ष ने इस क्षेत्र के प्रसिद्ध पारंपरिक जैविक कृषि उत्पाद लाल चावल, मक्की इत्यादि फसलों से जुड़े किसानों को विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध करवाने का आश्वासन भी अपने संबोधन में दिया।

विधानसभा अध्यक्ष का इससे पहले कार्यक्रम में पधारने पर स्थानीय लोगों द्वारा गर्म जोशी के साथ स्वागत किया गया। कुलदीप सिंह पठानिया को इस दौरान विभागीय अधिकारियों ने शॉल-टोपी एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में उपनिदेशक कृषि डॉ.भूपेंद्र सिंह ने स्वागत सम्बोधन रखते हुए विभिन्न विभागीय योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की। इस दौरान कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. केहर सिंह ठाकुर, उपनिदेशक उद्यान डॉ. प्रमोद शाह, पहाड़ ट्रस्ट से अनूप कुमार, कृषि विभाग से डॉ. शिवानी ने उपस्थित लोगों से बहुमूल्य जानकारियां साझा की।

एसडीएम पारस अग्रवाल, सदस्य निदेशक मंडल राज्य सहकारी बैंक राजकुमार, अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी विजय कंवर, उपाध्यक्ष नगर पंचायत सुरेंद्र चाढक, परियोजना निदेशक आत्मा डॉ.ज्योति रंजन कालिया, वन मंडल अधिकारी रजनीश महाजन, खंड विकास अधिकारी मनीष कुमार, अधिशासी अभियंता जल शक्ति राकेश ठाकुर विद्युत पंकज राठौर लोक निर्माण नरेंद्र चौधरी, जयका प्रोजेक्ट प्रबंधक डॉ.भानु प्रताप, अध्यक्ष किसान सलाहकार समिति शेर सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान-बागवान तथा स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



### मुख्यमंत्री सुक्खू जल्द भटियात को देंगे सौगातें

**विधानसभा** अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने जारी विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू जल्द विधानसभा क्षेत्र भटियात का प्रवास करेंगे व विभिन्न विभागों के शेष मंडल स्तरीय कार्यालय खोलने की घोषणा करेंगे। उन्होंने इस दौरान उत्कृष्ट तथा विभिन्न विभागीय योजनाओं से लाभान्वित किसानों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित भी किया।

### दो युवकों से 21.91 ग्राम चिट्टा बरामद

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** चंबा पुलिस ने चंबा-झमुहार मुख्य मार्ग पर नाकाबंदी के दौरान एक निजी होमस्टे के पास खड़ी कार से 21.91 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) बरामद किया। जानकारी के अनुसार पुलिस ने नकाबंदी के दौरान एक सफेद रंग की मारुति ऑल्टो के10 कार (अस्थायी नंबर) चंबा-झमुहार मुख्य मार्ग पर खड़ी पाई गई। कार में सवार दो युवक पुलिस को देखकर घबरा गए। इस दौरान पुलिस ने कार की तलाशी ली तो उसमें से 21.91 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। आरोपियों की पहचान कर्णवीर (32), निवासी जिला फिरोजपुर, पंजाब और मनोज उर्फ चिंडू (30), निवासी गांव जांजला, डाकघर राजेरा, तहसील एवं जिला चंबा के रूप में हुई है। दोनों के खिलाफ पुलिस थाना सदर में मामला दर्ज कर लिया गया है। इसके साथ ही पुलिस ने दोनों को अदालत में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस पूरे मामले की पुष्टि चंबा के पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव द्वारा की गई है।

# विधायक नैय्यर ने कामगारों को सशक्त करने की रखी नींव

## साहू-पधर में कल्याण बोर्ड के जागरूकता शिविर में योजनाओं की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**ग्राम** पंचायत साहू-पधर में आज एक विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसे हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड द्वारा पंजीकृत श्रमिकों के हित में आयोजित किया गया। इस प्रभावशाली शिविर में विधायक चंबा सदर नीरज नैय्यर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य सरकार की ओर से कामगारों के लिए चलाई जा रही 14 कल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी।

विधायक नीरज नैय्यर ने कहा कि सरकार का उद्देश्य श्रमिकों की आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाना है। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों व अधिकारियों से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक पात्र कामगारों का बोर्ड में पंजीकरण सुनिश्चित करवाएं, ताकि हर ज़रूरतमंद तक योजनाओं का लाभ पहुँच सके। इस अवसर पर उन्होंने इंडक्शन चूल्हे व सोलर लैंप वितरित कर लाभार्थियों को प्रत्यक्ष सहायता भी प्रदान की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर ने की। उन्होंने बताया कि केवल चंबा विधानसभा क्षेत्र में ही 1.50 करोड़ और समूचे ज़िले में 3.50 करोड़ की वित्तीय सहायता कामगारों को प्रदान की जा चुकी है। साथ ही उन्होंने यह भी घोषणा की कि आगामी वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में डिजिटल कार्ड प्रणाली के लिए 1 करोड़ का प्रावधान किया गया है, जिससे पंजीकरण की प्रक्रिया में पारदर्शिता और सुगमता सुनिश्चित होगी। इस जागरूकता शिविर में ग्राम पंचायत साहू-पधर की प्रधान पूजा देवी, कीड़ी पंचायत के प्रधान मदन लाल सहित क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। यह शिविर न केवल जानकारी का माध्यम बना, बल्कि श्रमिकों के अधिकारों और सरकारी योजनाओं के प्रति उनमें नया आत्मविश्वास भी जागृत हुआ।



### हिम आंचल पेंशनर्स संघ ने खंड चुनाव के बारे में की चर्चा

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** हिम आंचल पेंशनर्स संघ खंड बनीखेत की बैठक मदनलाल अरोड़ा ब्लॉक प्रधान की अध्यक्षता में पीडब्लूडी विश्राम गृह बनीखेत में संपन्न हुई। बैठक में खंडो के बारे में होने वाले चुनावों के बारे में व्यापक रूप से चर्चा की गई। जिसमें की चुनाव की प्रक्रिया को लेकर सुचारू रूप से चलाने के लिए कुछ सदस्यों की ड्यूटी भी लगाई गई। ककीरा खंड से एमएल अरोड़ा, हेमचंद व मनजीत सिंह, चंबा खंड से एनडी शर्मा, सुरेश कुमार, सिहुन्ता खंड से एनडी शर्मा, हेमचंद व मंजीत, सलूणी खंड से एनएस बौद, मुस्ताक मोहम्मद, मनजीत सिंह बनीखेत, बनीखेत खंड से अशोक कुमार ककीरा, बलिराम चंबा, नरेश कुमार शर्मा सलूणी, अध्यक्ष मदनलाल अरोड़ा ने कहा कि मैहला खंड व तीसा खंड से चुनाव की तिथियां बाद में घोषित की जाएगी।

# शिक्षक ने हिमाचल के लिए दिए दूरदर्शी सुझाव

## राज्य स्तरीय बैठक में प्रस्तुत किया सिंगापुर शैक्षिक भ्रमण का अनुभव

**आरके सहगल, चंबा**

**राजधानी** शिमला स्थित स्कूल शिक्षा निदेशालय के सभागार में आयोजित राज्य स्तरीय बैठक के दौरान शिक्षा खंड सुंडला के अंतर्गत राजकीय प्राथमिक पाठशाला मौड़ा में कार्यरत कनिष्ठ बुनियादी शिक्षक युद्धवीर टंडन ने अपनी अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक यात्रा पर आधारित प्रतिवेदन प्रस्तुत कर शिक्षा जगत में एक नई ऊर्जा का संचार किया।

बैठक में शिक्षा सचिव राकेश कंवर, निदेशक स्कूल शिक्षा आशीष कोहली, अतिरिक्त निदेशक बीआर शर्मा सहित प्रदेश के समस्त उपनिदेशक उपस्थित रहे। शिक्षक युद्धवीर टंडन ने सिंगापुर की उन्नत शिक्षा प्रणाली से प्रेरित नवाचारों एवं हिमाचल प्रदेश में उनके संभावित क्रियान्वयन पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने शिक्षक पुरस्कार प्रक्रिया में पारदर्शिता, अंतरराष्ट्रीय छात्रवृत्तियों (जैसे फुलब्राइट फेलोशिप) के प्रति शिक्षकों को प्रोत्साहित करने, प्राथमिक विद्यालयों में विषय-वार शिक्षकों की नियुक्ति, मातृभाषा के संरक्षण के साथ अंग्रेज़ी को शिक्षा का माध्यम बनाने में संतुलन, तथा पर्यावरण अध्ययन जैसे विषयों को हिंदी माध्यम में पढ़ाने जैसे ठोस सुझाव दिए। इसके साथ ही, युद्धवीर टंडन ने सिंगापुर से सीखे गए नवीन शैक्षिक उपकरणों, वहां पढ़ी जाने वाली पुस्तकों और शिक्षकों के बौद्धिक विकास के लिए वार्षिक रूप से अध्ययन के लिए पुस्तक सूची जारी करने का सुझाव दिया, जो प्रदेश के शिक्षा तंत्र को सशक्त बनाने की दिशा में एक सराहनीय कदम हो सकता है। (अनंत ज्ञान)



### सभी अधिकारियों व उपनिदेशकों ने की प्रशंसा

**बैठक** में उनके विचारों और प्रस्तुति की सभी अधिकारियों व उपनिदेशकों ने भूरी-भूरी प्रशंसा की। इस अवसर पर युद्धवीर टंडन ने शिक्षा सचिव, निदेशक एवं अतिरिक्त निदेशक को सिंगापुर भ्रमण पर आधारित प्रतिवेदन और अपने विद्यालय का वार्षिक शैक्षणिक कैलेंडर भी भेंट किया।

# भारी माल वाहनों से सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक नहीं होगी लोडिंग व अनलोडिंग

**अनंत ज्ञान, बालीचौकी**

**जिला** मजिस्ट्रेट मंडी अपूर्व देवगन ने एसडीएम थुनाग की अनुशंसा पर थूनाग कस्बे में संशोधित अधिसूचना जारी कर पार्किंग और नो पार्किंग जोन निर्धारित किए हैं। यह अधिसूचना 15 मई, 2018 की निरंतरता में जारी की गई है। अधिसूचना के अनुसार थूनाग में बस स्टॉप एरिया में बसों को 15 मिनट से अधिक रुकने की अनुमति नहीं होगी। लंबे ठहराव वाली बसें शहर के बाहर पार्क करना होगी।

भारी माल वाहनों की लोडिंग और अनलोडिंग सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक नहीं की जाएगी। सभी दुकानदारों और सब्जी विक्रेताओं भी रात 8 बजे से सुबह 6 बजे के बीच ही सामान अनलोड कर सकेंगे।

**थुनाग कस्बे में संशोधित अधिसूचना जारी कर पार्किंग और नो पार्किंग जोन निर्धारित**

अधिसूचना के तहत सीएचसी थूनाग के पास 3 एलएमबी कार तथा 2 टैक्सी, लालू मोड़ के पास 5 एलएमबी कार तथा 5 टू व्हीलर, फ्रूट वाइन शॉप के पास 4 एलएमबी कार तथा 1 एलएमबी टैक्सी, सिद्धु राम के घर के पास 3 एलएमबी कार, मास्टर तुले राम की दुकान के पास 3 एलजीवी, डोला राम की दुकान के पास 3 एलएमबी कार, टेक सिंह की दुकान के पास 2 एलएमबी कार तथा 1 एलजीवी, ईश्वर मेडिकल स्टोर से सुंगा की दुकान तक 3 एलएमबी कार, पीतांबर की दुकान से उचित मूल्य की दूकान तक 5 एलएमबी कार तथा 1 एलजीवी, पुष्पराज हार्डवेयर की दुकान के नजदीक दो एचजीवी तथा दो एलजीवी, वर्षा आश्रालय से जंजैहली की ओर 7 एलएमबी, गुलाब वेजिटेबल शॉप के सामने 12 टू व्हीलर और 1 एलएचवी, रेन शैल्टर से लोक निर्माण विश्राम गृह की ओर 4 एलएमवी गाड़ियों की पार्किंग निर्धारित की गईं है।

**सूडोकु नवताल- 7392** ★★★★★ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

**सूडोकु नवताल -7391 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |

अनंत ज्ञान

## आज का पंचांग

6 अप्रैल, 2025, रविवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत** :1946 (क्रोधी), **मास :** अमांत चैत्र, **तिथि** नवमी (07:26): **नक्षत्र** पुष्य पूर्ण रात्रि, **पक्षः** शुक्ल, **योग :** सुकर्मा **शुभ मुहूर्त** : अभीजित (11:58-12-49), **राहुकाल** (05:07-06:41)।

**विशेष दिन**

- 06 अप्रैल 2025: श्री राम नवमी आज।
- 06 अप्रैल 2025: चैत्र नवरात्र आज होंगे पूर्ण।

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

**मेषः** बोलने से पहले सोचें। आज दुःखद समाचार मिल सकता है। कारोबार में विवेक से कार्य करें, लाभ होगा। थोड़े प्रयास से अधिक लाभ होगा।

**वृषभः** कम बोलें पर अच्छा बोलें। आज कई स्त्रोतों से धनलाभ संभव है। घर-परिवार की चिंता से तनाव रहेगा। निजी कार्यों से भागदौड़ अधिक होगी। निवेश शुभ रहेगा।

**मिथुनः** समय की अनुकूलता का आभास होगा। बड़े सौदों के लिए समय शुभ है। संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। आर्थिक लाभ होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा।

**कर्कः** आज पसंदीदा भोजन का आनंद मिलेगा। दोस्तों के साथ यात्रा होगी। नौकरी में परिश्रम निरर्थक होगा। आप की लापरवाही से लाभ के अवसर हाथ से निकलेंगे।

**सिंहः** दिन की शुरुआत में आलस की अधिकता रहेगी। करियर के प्रति निर्णय लेने में संकोच रहेगा। धन प्राप्ति सुगमता से होगी। यात्रा सफल रहेगी। न्यायपक्ष मजबूत होगा।

**कन्याः** आज रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। कार्यस्थल परिश्रम अधिक होगा। बुजुर्गजनों को पुरानी व्याधि से कष्ट होगा।

**तुलाः** नई व्यापारिक योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार की आवश्यकता है। राजकीय सहयोग मिलेगा, उन्नति होगी। अपनों से मनमुटाव हो सकता है।

**वृश्चिकः** अपनी जिम्मेदारी को समझें। गृहस्थ सुख मिलेगा। आज धनलाभ होगा। व्यवसायिक प्रतिद्वंद्वी शांत रहेंगे। मन प्रसन्न रहेगा। आलस्य की अधिकता से कार्यों में विलंब होगा।

**धनुः** अपनी बातों से लोगों का दिल जित लेंगे। संतान के लिए समय अनुकूल है। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। स्वजनों के साथ पार्टी-पिकनिक का आनंद मिलेगा।

**मकरः** आज का दिन प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। आज की गई यात्रा-निवेश सफल रहेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी, जोखिम न लें। कारोबार के विस्तार के लिए धन संग्रह करेंगे।

**कुंभः** न चाहते हुए भी फालतू खर्च बढ़ेगा। मामूली चोट, विवाद आदि से हानि संभव है। कुसंगति कष्टकारक रहेगी, जोखिम न लें। तीर्थयात्रा संभव है।

**मीनः** आज किया निवेश शुभ रहेगा। स्वजनों के साथ पार्टी-पिकनिक का आनंद मिलेगा। काम की अधिकता रहेगी। झूठ बोलने से बचें। माता के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

# मंत्री गोमा ने की देवी-देवताओं की भव्य जलेब की अगवानी

## पांच दिवसीय राज्य स्तरीय लघु शिवरात्रि मेला जोगिंद्रनगर संपन्न, मेला समिति को 51 हजार देने की घोषणा

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर**

**प्रत्येक** वर्ष एक से पांच अप्रैल तक मनाये जाने वाले राज्य स्तरीय लघु शिवरात्रि मेला जोगिंद्रनगर का शनिवार को विधिवत समापन हो गया। आयुष, कानून, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादविंद्र गोमा ने पुराने मेला मैदान में चौहार घाटी के आराध्य देव श्री हुरंग नारायण व पहाड़ी बजीर देव श्री पशाकोट सहित उपस्थित समस्त देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना के बाद आराध्य देव श्री हुरंग नारायण व देव पशाकोट की अगुआई में देवी-देवताओं की निकली भव्य जलेब की आगवानी की।

इस दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं अधिवक्ता जीवन ठाकुर सहित अन्य गण्यमान्य लोग भी मौजूद रहे। इसके बाद आयुष, कानून, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादविंद्र गोमा ने मेला मैदान जोगिंद्रनगर में मेले का विधिवत समापन किया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए यादविंद्र गोमा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में मेलों व लोक उत्सवों के माध्यम से प्रदेश की लोक संस्कृति को निरंतर बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि मेलों व उत्सवों में प्रदेश के लोक कलाकारों को सांस्कृतिक संध्याओं में विशेष अधिमान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार समाज के हर वर्ग के कल्याण व उत्थान के लिए निरन्तर कार्यरत है। उन्होंने कहा कि जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र का विकास मुख्यमंत्री जी कि विशेष प्राथमिकता में है तथा यहां के विकास में कोई कमी नहीं रखी जाएगी ताकि जोगिंद्रनगर भी विकास की दृष्टि से दूसरे विधान सभा क्षेत्रों की तरह आगे बढ़ सके। उन्होंने जोगिंद्रनगर खेल मैदान के जीर्णोधार कार्यों के लिए 20 लाख रूपए देने की घोषणा की। साथ ही मेला आयोजन समिति को अपनी एच्छिक निधि से 51 हज़ार रूपए देने की भी घोषणा की।

उन्होंने मेला का सफलता पूरक बेहतरीन अयोजन के लिए एसडीएम सहित संपूर्ण मेला समिति को बधाई दी। इससे पहले उन्होने पुराने मेला मैदान में लगी विभागीय एवं स्वयं सहायता समूहों की प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। इस दौरान मेले के समापन समारोह में आने के लिये कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं अधिवक्ता जीवन ठाकुर ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया तथा विकास कार्यों के लिए धन स्वीकृत करने के लिए आभार जताया। मेला समिति के अध्यक्ष एवं एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीश चौधरी ने सभी देवी-देवताओं के साथ मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए मेले के आयोजन बारे विस्तृत जानकारी रखी। इस बीच मंत्री यादविंद्र गोमा ने मेले के दौरान आयोजित करवाई गई कुश्ती के विजेता पहलवान जोगिंद्रनगर के दीपक को गुर्ज व 31 हजार रुपए की नकद इनामी राशि देकर पुरस्कृत किया। इस दंगल के उप विजेता रहे पटियाला के फारुख को भी 21 हजार रुपये की नकद राशि देकर पुरस्कृत किया।

इस मौके पर जीवन ठाकुर के अतिरिक्त विभिन्न पंचायती राज व शहरी निकाय संस्थाओं के प्रतिनिधियों सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा कई गण्यमान्य लोग मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)



### बस्सी स्कूल की छात्राओं ने एनएमएमएस परीक्षा पास कर बढ़ाया मान

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

**राजकीय** वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बस्सी की छात्राओं ने एक बार फिर विद्यालय और अभिभावकों का नाम रोशन किया है। एससीईआरटी सोलन द्वारा आयोजित एनएमएमएस 2024-25 छात्रवृत्ति परीक्षा में छात्राओं का चयन होने पर विद्यालय परिसर में एक प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या राजकुमारी जी ने छात्राओं को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने इस उपलब्धि पर सभी अध्यापकों और छात्राओं को बधाई दी और कहा कि यह सफलता सभी के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। विद्यालय में इस उपलब्धि से उत्साह का माहौल है और छात्राएं भविष्य में भी ऐसे ही प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित हुई हैं।

### मंदिरों में बढ़ रहा राजनीतिक हस्तक्षेप चिंता का विषयः राही

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** प्रदेश युवा कांग्रेस मंडी के जिला उपाध्यक्ष विकास राही ने मंदिरों में बढ़ते राजनीतिक हस्तक्षेप और पुजारियों पर हो रहे अत्याचारों को लेकर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश, जो देवी-देवताओं की भूमि माना जाता है, वहां के मंदिर अब श्रद्धा और आस्था के केंद्र न रहकर राजनीतिक अखाड़े बनते जा रहे हैं। राही ने कहा कि पहले मंदिरों का संचालन धर्माचार्यों और श्रद्धालुओं की सहभागिता से होता था, लेकिन अब राजनीतिक एजेंडा थोपने की कोशिशें हो रही हैं। कई जगहों से पुजारियों के साथ दुर्व्यवहार और मारपीट की घटनाएं सामने आई हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कुछ पुजारियों को केवल इसलिए अपमानित किया गया क्योंकि वे किसी खास राजनीतिक विचारधारा से सहमत नहीं थे। उन्होंने ऐसी घटनाओं को मानवाधिकारों और धार्मिक स्वतंत्रता का हनन बताया।



**उम्मीद** हरिपुरा पंचायत की बुजुर्ग ने उपायुक्त से लगाई न्याय की गुहार

# साहब! मेरे घर में 3-4 दिन बाद आता है पानी

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**चंबा** जिला प्रशासनिक परिसर में एक भावुक दृश्य देखने को मिला, जब ग्राम पंचायत हरिपुरा, गांव रोडी निवासी बुजुर्ग महिला जैफलि अकेले पानी की गंभीर समस्या को लेकर जिला प्रशासन से न्याय की गुहार लगाने पहुंची।

डिप्टी कमिश्नर कार्यालय के बाहर अनंत ज्ञान से बात करते हुए वह रो पड़ीं और बताया कि मेरे घर पे 3-4 दिन बाद पानी आता है। जबकी इलाके के घरों में हर रोज पानी आता है। बीते कई महीनों से उनके घर में पानी की आपूर्ति नहीं हो रही है, जबकि उनके गांव के बाकी सभी घरों में नियमित जलापूर्ति हो रही है। उन्होंने बताया कि उन्हें पीने के पानी के लिए कई किलोमीटर दूर जाना पड़ता है, जिससे उनकी दिनचर्या और स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। जैफलि देवी ने यह भी आरोप लगाया कि उनकी पंचायत के कोई भी प्रतिनिधि उनकी समस्या को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं और न ही कोई समाधान कर रहे हैं। अंततः उन्होंने उम्मीद की अंतिम किरण के रूप में डीसी चंबा से सीधी अपील की और अनुरोध किया कि इस मामले में जल्द से जल्द संबंधित विभाग को निर्देश देकर उन्हें राहत दिलाई जाए।

बुजुर्ग महिला की इस पीड़ा ने न केवल वहां मौजूद लोगों को भावुक किया, बल्कि यह भी दर्शाया कि आज भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित कई परिवार न्याय की तलाश में दर-दर भटक रहे हैं। अब देखना यह है कि प्रशासन इस मानवीय अपील पर कितनी शीघ्रता से संज्ञान लेकर उचित कार्रवाई करता है।




- बोलीं- कई माह से नहीं हो रही पानी की आपूर्ति
- पानी लाने के लिए जाना पड़ता कई किलोमीटर दूर
- इलाके में हर रोज होती है पानी की सप्लाई

**आइए** हम सब एकजुट हों और अपने राष्ट्र की भलाई के लिए मिलजुलकर काम करें। –**रानी लक्ष्मीबाई**

## संपादकीय

# रिश्वत का चलन

हिमाचल में आए दिन भ्रष्टाचार बढ़ता ही जा रहा है। खासकर राजस्व विभाग में सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार हो रहा है। पटवारी और काननूगो डिमार्केशन करवाने की एवज में रिश्वत ले रहे हैं। हालांकि, रिश्वत भी छोटी-छोटी ले रहे हैं, लेकिन है तो भ्रष्टाचार ही। इसके अलावा दूसरे विभागों में भी भ्रष्टाचार चरम पर है। पुलिस से लेकर सीआईडी तक हर विभाग में भ्रष्टाचार हो रहा है। कहीं मामले दबाने के लिए भ्रष्टाचार हो रहा है तो कहीं लोगों के कामों को बिना पैसे लिए नहीं किया जा रहा है। ऐसा लग रहा है कि प्रदेश का प्रशासनिक तंत्र भ्रष्टाचार के दाग से मुक्त नहीं है। हिमाचल में देशभर में भ्रष्टाचार के मामले धीरे-धीरे अब पायदान चढ़ते जा रहे हैं, जिससे प्रदेश की छवि खराब हो रही है। भ्रष्टाचार पर नजर रखने वाले विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संगठनों की रिपोर्ट्स में यह राज्य अब अन्य राज्यों की तुलना में भ्रष्टाचार की दृष्टि से बहुत पीछे नहीं है। यह कहना गलत नहीं होगा कि हिमाचल में सरकारी विभागों, खासकर राजस्व विभाग में भ्रष्टाचार की जड़ें काफी गहरी हो गई हैं। विशेष रूप से पटवारी और काननूगो जैसे अधिकारियों की ओर से छोटे स्तर पर रिश्वत लेना आम बात हो गई है। ये अधिकारी अपनी रोजमर्रा की जिम्मेदारियों को निभाने के बदले रिश्वत की मांग करते हैं। हालांकि, रिश्वत की राशि छोटी होती है, फिर भी भ्रष्टाचार के गंभीर प्रभावों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। ऐसे में यह सवाल उठता है कि क्या हिमाचल प्रदेश में भ्रष्टाचार को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं? क्या यहां से कभी रिश्वतखोरी खत्म नहीं होगी? भ्रष्टाचार की परंपरा को खत्म करने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए जा सकते हैं। इन कदमों को लागू करके ही हम एक पारदर्शी और जवाबदेह शासन व्यवस्था स्थापित कर सकते हैं। भ्रष्टाचार के मामलों में सख्त कानून और दंड का प्रावधान अत्यंत आवश्यक है। भ्रष्टाचार के आरोपी अधिकारियों और कर्मचारियों को सजा मिलनी चाहिए, ताकि वे रिश्वत लेने से डरें। इसके लिए एक विशेष भ्रष्टाचार निरोधक आयोग का गठन किया जा सकता है, जो इन मामलों की जांच करे और दंड तय करे। सरकारी कामकाज को पूरी तरह से डिजिटल बनाना एक प्रभावी कदम हो सकता है। जब प्रक्रियाएं ऑनलाइन होंगी, तो इसमें पारदर्शिता बढ़ेगी और रिश्वत लेने की संभावना भी घटेगी।

सरकारी सेवाओं के लिए ई-गवर्नेंस प्रणाली को बढ़ावा देना और ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया को सरल बनाना भ्रष्टाचार को कम करने में सहायक हो सकता है। जन जागरूकता अभियान चलाना भी एक महत्वपूर्ण कदम हो सकता है। लोगों को यह समझाना कि भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई सिर्फ सरकार की नहीं, बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है भी लाजिमी है। इसके लिए शिक्षा, मीडिया और सोशल मीडिया का उपयोग किया जा सकता है। सरकारी अधिकारियों की निगरानी के लिए एक प्रभावी व्यवस्था स्थापित की जानी चाहिए। किसी भी विभाग में कामकाजी प्रक्रिया में गड़बड़ी होने पर तत्काल कार्रवाई की जानी चाहिए। इसके लिए एक स्वतंत्र निगरानी एजेंसी का गठन किया जा सकता है, जो नियमित रूप से सरकारी कार्यों की जांच करे। भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए सरकारी नीतियों को पारदर्शी बनाना बेहद आवश्यक है। जहां तक संभव हो, सभी निर्णयों को सार्वजनिक किया जाना चाहिए और इन निर्णयों के पीछे का कारण स्पष्ट किया जाना चाहिए। किसी विशेष स्थान पर एक ही अधिकारी का लंबे समय तक तैनात रहना भी भ्रष्टाचार का एक कारण हो सकता है। इसलिए अधिकारियों की तैनाती के बीच बदलाव किया जाना चाहिए, ताकि वे अपने पद का दुरुपयोग न करें।

लोकपाल और लोकायुक्त जैसे संस्थान सरकार की कार्यशैली की निगरानी करते हैं। इन संस्थाओं को सशक्त बनाना और उनका अधिकार बढ़ाना भी भ्रष्टाचार पर नियंत्रण पाने में मदद कर सकता है। प्रदेश सरकार को भ्रष्टाचार के खिलाफ एक कठोर नीति अपनानी चाहिए। भ्रष्टाचार के मामलों में सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ त्वरित और कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। इसके अलावा, सरकारी कर्मचारियों की संपत्ति की निगरानी, उनके आचरण की नियमित जांच और ईमानदार अधिकारियों को पुरस्कृत करने की नीति अपनाई जानी चाहिए। सरकार को भ्रष्टाचार से निपटने के लिए कुछ अन्य सुझावों पर भी विचार करना चाहिए, जैसे कि समाज के प्रत्येक वर्ग को भ्रष्टाचार के खिलाफ संघर्ष में शामिल करना। जनता से फीडबैक प्राप्त करना और भ्रष्टाचार के मामलों की रिपोर्ट करने के लिए सशक्त व्यवस्था बनाना। सामाजिक और राजनीतिक इच्छाशक्ति का निर्माण करना, ताकि भ्रष्टाचार से जूझने के लिए मजबूत नीतियां बनाई जा सकें। कुल मिलाकर, हिमाचल प्रदेश में भ्रष्टाचार की समस्या गंभीर हो गई है। हालांकि, इस समस्या का समाधान मुश्किल जरूर है, लेकिन यदि सरकार और जनता दोनों मिलकर इसके खिलाफ प्रभावी कदम उठाते हैं, तो इसे निसंदेह रोका जा सकता है। इससे न केवल हिमाचल में एक पारदर्शी शासन व्यवस्था स्थापित होगी, बल्कि यह अन्य राज्यों के लिए भी एक उदाहरण बन सकता है। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# क्रिकेट के महान खिलाड़ी

**दिलीप** वेंगसरकर क्रिकेट की दुनिया के बेहतरीन और महान खिलाड़ी रहे हैं। वर्ष 1983 का वह सुनहरा पल, जब भारत ने विश्वकप जीता था, तब यह इंडियन क्रिकेट टीम का हिस्सा थे और वर्ल्डकप जीतने में अपनी भूमिका निभाई थी। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने वाले दिलीप वेंगसरकर एक दशक से ज्यादा समय तक भारतीय क्रिकेट टीम में रहे। दिलीप वेंगसरकर ने उस समय जबर्दस्त सुर्खियां बटोरीं, जब उन्होंने 1975 में ईरानी ट्रॉफी में मुंबई की तरफ से खेलते हुए 110 रन बनाए थे। इस पारी का जादू ऐसा चला कि वेंगसरकर को तुरंत भारतीय टीम में शामिल कर लिया गया था। दिलीप वेंगसरकर का जन्म राजपुर, मुंबई, महाराष्ट्र में हुआ था।70 और 80 के दशक में सुनील गावस्कर, गुंडप्पा विश्वास के साथ वेंगसरकर को भी भारतीय बल्लेबाजी का स्तंभ माना जाता था। लंबे और छरहरे वेंगसरकर ने 116 टेस्ट और 129 वनडे मैचों में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व किया और सफल रहे। 'कर्नल' के नाम से लोकप्रिय वेंगसरकर ने टेस्ट क्रिकेट में जहां 42.13 की औसत से 6868 रन बनाए जिसमें 17 शतक और 35 अर्धशतक शामिल रहे। वनडे क्रिकेट में भी एक शतक उनके नाम पर दर्ज है। दिलीप वेंगसरकर ने 129 मैचों में 34.73 के औसत से 3508 रन बनाए। सुनील गावस्कर की कप्तानी में वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ क्रिकेट सीरीज जीतने वाली भारतीय टीम में न सिर्फ वेंगसरकर शामिल थे, बल्कि टीम इंडिया को चैंपियन बनाने में अहम योगदान दिया था। उन्हें कई पुरस्कार भी मिले। ■



दिलीप बलवंत वेंगसरकर
**जन्म :** 6 अप्रैल, 1956



कविता

## तारे

राकेश डोगरा, गांव कौना हल्दरा, पालमपुर।

*नील गगन पर लाखों तारे कितने सुंदर कितने प्यारे।*
*रोज़ रात को ऊपर आते अजब नजारे हमें दिखाते,*
*दिन निकले छिप जाते सारे कितने सुंदर कितने प्यारे।*
*रहते हो तुम कोसों दूर तुमसे मिलने को मजबूर,*
*दूर से ही हम करें इशारे कितने सुंदर कितने प्यारे।*
*झिलमिल करते अच्छे लगते इच्छाओं को पूर्ण करते,*
*तुम हो सच्चे दोस्त हमारे कितने सुंदर कितने प्यारे।*
*आओ कभी जमीं पर आओ चंदा को भी संग ले आओ,*
*हम खेलेंगे साथ तुम्हारे कितने सुंदर कितने प्यारे।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# वक्फ संशोधन बिल : भारत की संपत्तियों का स्वाधीनता दिवस

30 मार्च को वर्ष प्रतिपदा और वित्तीय वर्ष 2025-26 का प्रारंभ होते ही देश की संसद ने एक ऐसा कानून पारित कर दिया, जिसे यदि भारत की संपत्तियों का स्वाधीनता दिवस कहें तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 का उद्देश्य वक्फ अधिनियम, 1995 व 2013 में संशोधन कर वक्फ संपत्तियों के विनियमन और प्रबंधन में आने वाली समस्याओं और चुनौतियों का समाधान कर वक्फ संपत्तियों के प्रशासन और प्रबंधन में सुधार लाना है।



**लेखक : बिनोद बंसल**
राष्ट्रीय प्रवक्ता, विहिप

अब यह विधेयक संसद के दोनों सदनों ने पारित कर दिया है। इस कानून में संशोधन कानून की जड़ में विश्व हिंदू परिषद् द्वारा देश की संपत्तियों को कट्टरपंथी जमात के अवैध कब्जे से रोकने के प्रति उसके 30 वर्ष की सतत साधना का भी एक महत्वपूर्ण योगदान है। यह साधना क्या है और कैसे 123 की मुक्ति का यह अभियान देश की करोड़ों संपत्तियों को स्वाधीन कर गया, यह जानना जरूरी है। एक शताब्दी पूर्व सरकार द्वारा अधिगृहित संपत्तियों का भूस्वामी, स्वयं सरकार द्वारा क्षणभर में बदल दिया जाएगा, कोई कल्पना भी नहीं कर सकता था। तत्कालीन यूपीए की केंद्र सरकार ने सोचा कि सौ वर्षों से ज्यादा पुराना विवाद 3 मार्च 2014 को जल्दी में बुलाई गई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक के माध्यम से सुलझा लिया जाएगा। इसी दिन दिल्ली के अति-महत्वपूर्ण स्थानों की 123 भू-संपत्तियों को दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) व सरकार के लैंड एंड डेवलपमेंट ऑफिस (एलएनडीओ) के कब्जे से छुड़ा कर दिल्ली वक्फ बोर्ड को सौंप दिया गया था।

महत्वपूर्ण बात यह है कि इस संबंध में सरकारी अधिसूचना या गजट नोटीफिकेशन 5 मार्च 2014 को ठीक उसी दिन जारी हुआ, जिस दिन चुनाव आयोग ने देश की 16वीं लोकसभा के चुनाव की घोषणा की। इनमें से कई संपत्तियां अति सुरक्षा वाले उपराष्ट्रपति भवन के साथ-साथ राजधानी के बेहद संवेदनशील क्षेत्रों में भी हैं। इन सभी संपत्तियों के संबंध में गत 40 वर्षों से अधिक समय से विविध न्यायालयों में वाद चल रहे थे किंतु वोटों की बिसात आखिर क्या-क्या गुल खिलाती है, किसी से छिपा नहीं है।



मामले में थोड़ा और पीछे चलते हैं। बात वर्ष 1970 की है, जब अचानक दिल्ली वक्फ बोर्ड ने एकतरफा निर्णय लेते हुए इन सभी संपत्तियों को एक नोटिफिकेशन जारी कर वक्फ संपत्तियां घोषित कर दिया। भारत सरकार ने इस मामले में तुरंत हस्तक्षेप करते हुए इस निर्णय के विरुद्ध बोर्ड को प्रत्येक संपत्ति के लिए नोटिस जारी कर इन्हें वक्फ संपत्ति मानने से इनकार कर दिया। इतना ही नहीं, सरकार ने बोर्ड के विरुद्ध न्यायालय का दरवाजा भी खटखटाया और सभी 123 संपत्तियों के लिए 123 वाद न्यायालय में दायर किए। मसला यह था कि ये सभी संपत्तियां तत्कालीन भारत सरकार ने आजादी से पूर्व वर्ष 1911 से 1915 के दौरान उस समय अधिगृहित की थीं, जब अंग्रेजों ने दिल्ली को पहली बार अपनी राजधानी बनाने का निर्णय किया था। बाद में इनमें से 62 को डीडीए को दे दिया था। अधिकांश संपत्तियां दिल्ली के कनॉट प्लेस, मथुरा रोड, लोधी कॉलोनी, मानसिंह रोड, पण्डारा रोड, अशोक रोड, जनपथ, संसद मार्ग, करोलबाग, सदर बाज़ार, दरियागंज व जंगपुरा जैसे वीवीआईपी क्षेत्रों में स्थित हैं जिनका मूल्य व महत्व आसानी से समझा जा सकता है, जो आज अरबों-खरबों में है।

वर्ष 1974 में भारत सरकार ने एक हाईपावर कमेटी का गठन कर इन संपत्तियों से जुड़े मामले का अध्ययन कर उसे रिपोर्ट देने का निर्णय लिया। किंतु सरकार ने जिन्हें इस कमेटी का अध्यक्ष बनाया, वे श्री एसएमएच वर्नी, पहले ही वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष थे, जिससे कमेटी की निष्पक्षता पर पहले दिन से प्रश्नचिह्न लग गया। रिपोर्ट में इन्होंने स्वयं लिखा कि इस कमेटी को दो संपत्तियों में घुसने तक नहीं दिया गया जिनमें से एक उपराष्ट्रपति भवन और दूसरी देश के अतिसंवेदनशील वायरलेस स्टेशन के अंदर थी। इसके बावजूद जैसा कि पूर्व निर्धारित था, कमेटी ने इन सभी संपत्तियों को वक्फ संपत्तियां घोषित कर दिया। इसके बाद औपचारिकता पूरी करते हुए इंदिरा गांधी की तत्कालीन केंद्र सरकार ने उस वर्ष के आम चुनाव से ठीक पहले 27 मार्च 1984 को इन सभी संपत्तियों को एक रुपए प्रति एकड़ प्रति वर्ष के पट्टे पर वक्फ बोर्ड को देने का निर्णय कर लिया।

विहिप ने देखा कि मुस्लिम तुष्टीकरण में आकंठ डूबी तत्कालीन केंद्र सरकार मजहबी कट्टरपंथियों के समक्ष कैसे आत्मसमर्पण कर चुकी है और राजनीतिक दल इस पर अपनी चुप्पी साधे बैठे हैं। तब उसने जून 1984 में दिल्ली उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए दिल्ली उच्च न्यायालय ने न सिर्फ सरकारी आदेश पर रोक संबंधी स्थगन आदेश पारित किया, बल्कि सरकार से बार-बार पूछा कि क्या सरकार की कोई ऐसी नीति है कि वह किसी मजहब विशेष को अपनी मजहबी मान्यताओं की पूर्ति हेतु कोई संपत्ति पट्टे पर दे सके। किंतु, सरकार के पास ऐसी कोई नीति नहीं थी, इसलिए कोई संतोषजनक जवाब भी नहीं आया।

कहना होगा कि देशभर में वक्फ बोर्ड एक ऐसा भस्मासुर बन चुका था जो किसी भी संपत्ति पर हाथ रख देता था, वह उसी पल उसकी हो जाती थी। किंतु पीड़ित पक्षकार उसके विरुद्ध न्यायालय का दरवाजा तक नहीं खटखटा सकता था। पुलिस शासन व प्रशासन सब असहाय थे। अब आशा की जानी चाहिए कि ये संशोधन देश के हर वर्ग के लिए कल्याणकारी साबित होंगे और इस बारे में झूठ फैलाकर देश में अशान्ति व अस्थिरता का वातावरण निर्माण करने वालों पर अंकुश लगेगा। वैसे, इस बारे में गृहमंत्री के उस वक्तव्य को बार-बार सुनना चाहिए कि वक्फ कानून को मानोगे कैसे नहीं, कानून भारत सरकार का है, इसे मानना ही पड़ेगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# भारत को दुनिया की तरह रक्षा व्यय बढ़ाना होगा

डोनाल्ड ट्रंप के कदमों से दुनिया भर में अनिश्चितता फैल गई है और बराबरी के शुल्क की धमकी देकर उसने भारत की शुल्क व्यवस्था को तहस-नहस कर दिया है। ऐसे में लालफीताशाही, भ्रष्टाचार और अफसरशाही कम कर प्रतिस्पर्धी क्षमता बढ़ाने का वक्त आ गया है। बजट में उल्लिखित विनियमन के अलावा भारत को सरकार का आकार घटाना होगा यानी न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन का वादा पूरा करना होगा, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में किया था।




**लेखक : राकेश दुबे**
स्वतंत्र टिप्पणीकार

केंद्र और राज्य सरकारों का कुल खर्च 1980 के दशक में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का करीब 10 प्रतिशत था, जो 1991 में बढ़कर 27 प्रतिशत हो गया। तब से यह अधिक ही बना हुआ है। आज सरकार जीडीपी का करीब 28 प्रतिशत खर्च करती है। दक्षिण कोरिया भी इतना ही खर्च करता है, मगर थाईलैंड, इंडोनेशिया और वियतनाम जैसे आसियान देश कम खर्च करते हैं। तीन दशक से ऐसा ही चल रहा है, जबकि चीन और दक्षिण कोरिया में तेज वृद्धि के दौरान भी सार्वजनिक खर्च जीडीपी के 20 प्रतिशत से कम था। यह हाल में बढ़ा है। पूर्वी एशियाई अर्थव्यवस्थाओं के राजकोषीय अनुशासन पर बात कम होती है मगर उनकी कामयाबी में इसका बड़ा हाथ है।

कुछ विशेषज्ञ जीडीपी की तुलना में कर के अनुपात का हवाला देते हुए कहते हैं कि सरकार का आकार बहुत बड़ा नहीं बल्कि बहुत छोटा है। 2024-25 में यह अनुपात 18.6 प्रतिशत रहा, जो भारत के आय स्तर को देखते हुए कम नहीं है।

जीडीपी की तुलना में कुल राजस्व का अनुपात 22 प्रतिशत रहा, जो और भी ज्यादा है। वे ज्यादा शिक्षकों, स्वास्थ्यकर्मियों, तकनीकी कर्मचारियों तथा विदेश सेवा अधिकारियों की जरूरत भी बताते हैं। इसका मतलब यह नहीं है कि सरकार और भी खर्च करे। इसके बजाए दफ्तरों में गैर-तकनीकी कर्मचारियों की भीड़ घटाने और उन पर होने वाले खर्च से तकनीकी कर्मचारी रखने की जरूरत है। ज्यादातर भर्तियां भी केंद्र या राज्य के बजाए स्थानीय स्तर पर की जाएं क्योंकि केंद्र और राज्य कर्मचारियों के वेतनमान बहुत अधिक हैं। भारत का सरकारी व्यय अधिक होने से राजकोषीय घाटा बढ़ गया है। 1990-91 से केंद्र और राज्यों का कुल राजकोषीय घाटा जीडीपी का औसतन 7.8 प्रतिशत रहा है। इस कारण भारतीय रिजर्व बैंक को भी सरकारी उधारी की लागत कम रखनी पड़ी है।



इसके लिए सांविधिक तरलता अनुपात (एसएलआर) का इस्तेमाल किया गया, जिसके कारण वाणिज्यिक बैंकों को सरकारी बॉन्ड खरीदने पड़ते हैं। एसएलआर कभी 39.5 प्रतिशत तक था और आज भी 18 प्रतिशत है। भारत के अलावा बांग्लादेश में ही एसएलआर लागू है, मगर 13 प्रतिशत है। इस वित्तीय जबरदस्ती से राजकोषीय घाटे की भरपाई तो हो जाती है, मगर इसका खमियाजा वाणिज्यिक बॉन्ड बाजार को उठाना पड़ता है और निजी क्षेत्र विशेषकर सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उपक्रमों को देसी पूंजी नहीं मिल पाती। भारत का सार्वजनिक ऋण जीडीपी का 82 प्रतिशत है और बहुत ज्यादा है। 2030 तक इसे जीडीपी के 70 प्रतिशत पर लाने का प्रस्ताव है, रफ्तार बहुत धीमी है और तेज वृद्धि के अनुमानों पर आधारित है।

सार्वजनिक पूंजीगत व्यय ठहर गया है और भारत को बाकी दुनिया की तरह रक्षा व्यय बढ़ाना होगा। इस बीच ट्रंप के कारण शुल्क में जो कमी करनी पड़ी है, वह भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए अच्छी है, मगर अभी उसके कारण राजस्व कम होगा। भारत को सरकारी सुधारों तथा निजीकरण तेज कर राजकोषीय गुंजाइश बनानी होगी। एयर इंडिया बिकने के बाद से ही निजीकरण रुका हुआ है। भारत को एलन मस्क के नेतृत्व वाला डोज नहीं चाहिए, बल्कि अधिक सावधानी से योजना बनानी होगी, जैसे क्लिंटन प्रशासन में उप राष्ट्रपति अल गोर ने 1993 से 1996 तक किया था। उनके बजट अधिशेष के कारण सार्वजनिक कर्ज में बहुत कमी आई थी। चीन को 21वीं सदी के लिहाज से आधुनिक बनाने के लिए 1995-96 में तत्कालीन प्रधानमंत्री झू रोंग्जी के कार्यकाल में हुए प्रशासनिक सुधारों का भी अध्ययन किया जा सकता है।

लगातार वेतन आयोगों खासकर सातवें वेतन आयोग ने वेतन और पेंशन बहुत बढ़ा दिए, जिससे उच्च और निम्न वेतनमान में बहुत कम फर्क रह गया। इससे कम आय वाले सरकारी कर्मचारियों के वेतन भत्ते निजी क्षेत्र में उसी स्तर पर काम करने वालों की तुलना में बहुत ज्यादा हो गए। फिर सरकारी नौकरियों का इतना आकर्षण क्यों नहीं होगा? हाल में घोषित आठवां वेतन आयोग वेतन-पेंशन और भी बढ़ा देगा। जरूरी प्रशासनिक सुधारों के बगैर वेतन में यह बढ़ोतरी सरकारी खजाने को चोट ही पहुंचाएगी। सार्वजनिक व्यय में राज्यों की हिस्सेदारी 60 प्रतिशत से ज्यादा है, इसलिए प्रशासनिक सुधार भी राज्यों मे होने चाहिएं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**बाहरी** लोगों में से कुछ असामाजिक प्रवृत्तियां लेकर आते हैं, जिससे स्थानीय अपराध दर में वृद्धि हो रही है। बाहरी लोगों की आपसी झड़पें और विवाद भी हिंसा का कारण बनते जा रहे हैं। ठियोग की हत्या की घटना इसका उदाहरण है, जहां एक नेपाली व्यक्ति ने दूसरे नेपाली की हत्या की, जो बाहरी लोगों के आपसी मतभेदों का परिणाम था। हिमाचल एक पर्यटन आधारित राज्य है और कोविड-19 के बाद से यहां का पर्यटन उद्योग और अर्थव्यवस्था बुरी तरह से प्रभावित हुई है। बेरोजगारी और आर्थिक तंगी के कारण कई लोग मानसिक तनाव में हैं, जिससे वे अपराध की ओर बढ़ सकते हैं। बेरोजगार युवाओं के पास काम नहीं होने से वे असामाजिक गतिविधियों में शामिल हो सकते हैं, जिससे अपराध बढ़ते हैं। शराब और नशे का सेवन भी अपराधों की एक प्रमुख वजह बन गया है। हिमाचल प्रदेश में शराब और अन्य नशीली दवाओं की बड़ी खपत है, जो कई बार हिंसक घटनाओं को जन्म देती है। –**सुमित शर्मा, मारंडा**

# श्रीराम से अच्छे संस्कार व जिम्मेदारियां समझने की प्रेरणा मिलती है

**रामनवमी पर विशेष**

मर्यादा पुरुषोतम भगवान राम जी को आज कौन नहीं जानता? धार्मिक प्रवृत्ति का एक आदर्श व्यक्तित्व, आज्ञाकारी पुत्र, सदाचार और आचरण में सबसे आगे रहने वाले योग्य पति व पिता सूर्यवंशी राम चंद्र जी का जन्म हिंदू पंचांग के अनुसार चैत्र मास (मार्च-अप्रैल)के शुक्ल पक्ष नवमी के दिन कर्क लग्न में (माता कौशल्या व पिता सूर्यवंशी राजा दशरथ के यहां अयोध्या) हुआ था।



**लेखक : डॉ. कमल के प्यासा**
लोअर समखेतर, मंडी

पौराणिक साहित्य को पढ़ने पर भगवान राम के अवतरण की कई एक कथाएं मिलती हैं। त्रेता युग में ही पृथ्वी पर पाप और अत्याचार बहुत बढ़ गए थे। राक्षसों ने भी बड़ी उत्पति मचा रखी थी। इस पर पृथ्वी ने तंग आकर भगवान विष्णु से अत्याचारों से मुक्ति दिलाने के लिए प्रार्थना की थी, जिस पर भगवान विष्णु ने रघुवंश में जन्म लेकर सहायता करने का वचन दे दिया था। उधर, त्रेता युग में ही राजा दशरथ की तीन-तीन रानियां होने पर भी उनके यहां कोई संतान नहीं थी। उन्होंने इसके लिए कई उपाए किए, लेकिन कुछ नहीं बना तो ऋषि वशिष्ठ के कहने पर पुत्रेष्टि यज्ञ ऋषि ऋष्यश्रृंग से करवाने को तैयार हो गए। पुत्रेष्टि यज्ञ की अग्नि से एक दिव्य आकृति ने प्रकट होकर उन्हें खीर का प्रसाद दिया था, जो कि राजा ने बड़ी रानी कौशल्या को खाने को दे दिया था।

कौशल्या ने उसमें से आधा प्रसाद कैकेई को और कैकेई ने उसका आधा सुमित्रा को दे दिया था। इस तरह यज्ञ की उस खीर से तीनों रानियां गर्भवती हो गई थीं । बाद में कौशल्या ने चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी के दिन भगवान राम को जन्म दिया और तभी से यह दिन रामनवमी से जाना जाने लगा। इसके साथ ही साथ कैकेई के यहां भरत और सुमित्रा के लक्ष्मण व शत्रुघ्न ने जन्म लिया था। इसी प्रकार से भगवान विष्णु का राम के सातवें अवतार के रूप में प्रकट हुए, ऋषि नारद के शाप वाली व जालंधर की पत्नी के शाप वाली कथा भी पौराणिक साहित्य में मिल जाती है। रामनवमी के इस त्योहार रूपी उत्सव को, देश के विभिन्न हिस्सों में लोगों द्वारा अपने अपने ढंग से मनाते हुए देखा जा सकता है। इसमें भगवान राम चंद्र के पूजा पाठ, व्रत के साथ भजन, कीर्तन, गीत संगीत, भक्ति गीत, झांकियां, भगवान राम की रास लीलाएं, रामायण पाठ, राम लीला मंचन, नाटक, नृत्य व रथ यात्रा, भंडारे का आयोजन आदि कार्यक्रम आ जाते हैं। प्रमुख रूप के आयोजन विशेषकर अयोध्या, रामेश्वरम (तमिलनाडु),भद्राचलय (तेलंगाना) व सीतामढ़ी(बिहार) के देखे जा सकते हैं। कर्नाटका में तो कुछ एक रामनवमी के संगठनों द्वारा आम सड़कों, गली मोहल्लों में ही रामनवमी को बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। साथ में पानकम (गुड़ का बना पेय पदार्थ) व खाने की सामग्री आदि बांटी जाती है।





बेंगलुरु में तो रामनवमी से एक माह पूर्व ही शास्त्रीय संगीत का सम्मेलन आयोजित किया जाता है। वहीं उड़ीसा, झारखंड, पश्चिम बंगाल व पूर्वी राज्यों के लोग इस त्योहार को जगन्नाथ मंदिर या फिर अन्य वैष्णव मंदिरों में आयोजन करते हैं। इसके साथ ही साथ इसी दिन से रथयात्रा की तैयारियां भी शुरू कर दी जाती हैं। पड़ोसी देश नेपाल के जनकपुर के (जानकी मंदिर) में सप्ताह भर के लिए दूध व कुवें के पवित्र जल से भगवान राम जी को स्नान करवा कर पूजा-अर्चना की जाती है।

कुछ भी हो, भगवान राम की यह अपनी ही लीला है और ये सब उनके ही रंग हैं। उन्हें मर्यादा पुरुषोतम राम भी इसलिए कहा जाता है क्योंकि उन्होंने जीवन भर सत्य, धर्म और कर्तव्य का पालन ही किया था। उन्हीं के जीवन से हमें अच्छे संस्कार, परिवार व समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियां समझने की प्रेरणा मिलती है। भगवान राम का शुभ विवाह स्वयंबर द्वारा मिथिला नरेश राजा जनक की पुत्री सीता से हुआ था। माता-पिता के प्रति आज्ञाकारी होने का प्रत्यक्ष प्रमाण भगवान राम जी के जीवन से ही मिलता है, क्योंकि माता कैकेई ने ही राजा दशरथ को कहकर बेटे राम को 14 वर्ष के लिए वनवास के लिए भेजा था और अपने सगे पुत्र के लिए राजगद्दी मांगी थी। इसको माता-पिता की आज्ञा मानकर भगवान राम वनवास चले गए थे, कितनी महानता दिखाई थी पुत्र ने अपने माता पिता के सम्मान में!

उधर, वनवास में रहते हुए भी भगवान राम अपने मेल-मिलाप के स्वभाव के अनुसार ही, वहां कई ऋषि मुनियों व संतों से मिलते रहे। कई आदि वासियों, निम्न वर्ग के लोगों से भी मिले और उन्हें संगठित करके समाज में एकता की भावना को दिखा कर, प्रेम से ऊंच नीच का भेदभाव दूर करके जन-जन में प्रिय हो गए थे और तभी तो बाद में रावण के साथ हुए युद्ध में सभी जातियों के लोग व वानर भी उनके साथ खड़े हो गए थे। इस प्रकार वह हर रिश्ते की मर्यादा दिल से निभाते थे। वे एक आदर्श बेटे, पति और राजा का फर्ज निभाना खूब जानते थे। असुरों के संहारक, धर्म के रक्षक, सभी के पथ प्रदर्शक, न्याय प्रिय व दयालु शासक भगवान श्रीराम जी को शत-शत नमन।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# भूकंप के दौरान घबराहट से बचना और धैर्य बनाए रखना बेहद जरूरी

4 अप्रैल, 1905 का दिन हिमाचल प्रदेश के इतिहास में सबसे भयानक दिनों में से एक था। इस दिन आए विनाशकारी कांगड़ा भूकंप ने पूरे क्षेत्र को हिला कर रख दिया। रिक्टर स्केल पर 7.8 तीव्रता वाले इस भूकंप ने लगभग 20,000 लोगों की जान ले ली और हजारों घरों को मिट्टी में मिला दिया।



**लेखक: रजनीश रांगड़ा**
प्रधानाचार्य, टौणी देवी स्कूल

इस त्रासदी में कांगड़ा का ऐतिहासिक किला भी गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गया। यह भूकंप उत्तर भारत के सबसे विनाशकारी भूकंपों में से एक माना जाता है। इस भूकंप के प्रभाव से क्षेत्र की भौगोलिक संरचना में भी परिवर्तन आया और कई स्थानों पर दरारें उत्पन्न हो गईं। इस भूकंप के बाद वैज्ञानिकों और भूगर्भशास्त्रियों ने हिमाचल प्रदेश को भूकंप के लिहाज से अत्यधिक संवेदनशील क्षेत्र घोषित किया और इसे भूकंपीय जोन चार तथा जोन पांच में विभाजित किया गया।

हाल के वर्षों में, हिमाचल प्रदेश में लगातार छोटे-बड़े भूकंप आते रहे हैं, जिससे यह स्पष्ट होता है कि यह क्षेत्र अभी भी भूकंपीय दृष्टि से संवेदनशील बना हुआ है। भूकंप के संभावित खतरों को देखते हुए राज्य सरकार और आपदा प्रबंधन विभाग ने विभिन्न उपाय अपनाए हैं, जिसमें भूकंपरोधी निर्माण को बढ़ावा देना, जागरूकता अभियान चलाना और आपातकालीन सेवाओं को मजबूत करना शामिल है।



इसी कड़ी में विनाशकारी भूकंप की 120वीं बरसी के अवसर पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टौणी देवी में आपदा प्रबंधन को लेकर एक मॉकड्रिल आयोजित की गई। इस अभ्यास का उद्देश्य आपदा के समय छात्रों और शिक्षकों को सतर्क करना और उचित बचाव कार्यों की जानकारी प्रदान करना था। इस मॉकड्रिल में छात्रों और शिक्षकों ने भाग लिया और आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने की विभिन्न तकनीकों का अभ्यास किया। प्रधानाचार्य रजनीश रांगड़ा ने बताया कि यह मॉकड्रिल स्कूल के सभी छात्रों और शिक्षकों के लिए एक महत्वपूर्ण अनुभव था।

आज जब कांगड़ा भूकंप को 120 वर्ष पूरे हो चुके हैं, यह आवश्यक हो जाता है कि हम इस घटना से मिली सीख को अपनाएं। भूकंप जैसे आपदाओं से निपटने के लिए जागरूकता, प्रशिक्षण और आधुनिक आपदा प्रबंधन तकनीकों का उपयोग किया जाना चाहिए। यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि सभी नागरिक, विशेष रूप से बच्चे और बुजुर्ग, भूकंप जैसी आपदाओं से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार हों। उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन जागरूकता आज के समय की महती आवश्यकता है।

1905 की त्रासदी हमें यह सिखाती है कि भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदाओं के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। यदि हम सतर्क रहें और सही समय पर उचित कदम उठाएं, तो जानमाल की क्षति को कम किया जा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि स्कूल में भविष्य में भी इस तरह के अभ्यास जारी रहेंगे ताकि छात्र आपदा की स्थिति में घबराने के बजाए सही कदम उठा सकें। आपदा प्रबंधन प्रभारी सोनू गुलेरिया ने इस मॉकड्रिल का संचालन किया। उन्होंने बताया कि इस अभ्यास में छात्रों को भूकंप आने की स्थिति में आवश्यक एहतियाती कदम उठाने की जानकारी दी गई। जैसे कि भूकंप के दौरान खुले मैदान की ओर जाना, मजबूत वस्तुओं के नीचे छिपना, दरवाजों और खिड़कियों से दूर रहना, सुरक्षित स्थानों पर पहुंचने के लिए सीढ़ियों का उपयोग करना, न कि लिफ्ट का। साथ ही, उन्होंने बताया कि भूकंप के दौरान घबराहट से बचना बेहद जरूरी है और धैर्य बनाए रखना चाहिए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
**ई-मेल :** anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# शान के साथ 125 साल का हुआ राज्यस्तरीय सुकेत देवता मेला

## मान्यता : महामाया ने दिया पुत्र रत्न प्रताप का आशीर्वाद; मेले के समापन पर आज होगा 'राजे की जातर' का आयोजन, मंदिर में लगेगा देवी-देवताओं का महाकुंभ

**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर**

**राज्यस्तरीय** सुकेत देवता मेला आज पूरे 125 वर्षों का हो गया है। वर्ष 1901 में शुरू इस पारंपरिक मेले के स्वरूप में हर वर्ष बढ़ोतरी हो रही है। वहीं हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पांच दिवसीय मेले के अंतिम दिन ऐतिहासिक महामाया मंदिर में 'राजे री जातर' आयोजित की जा रही है। महामाया मंदिर पुरातन सुकेत रियासत के अंतिम महाराजा लक्ष्मण सेन द्वारा वर्ष 1932 में बनाया गया था। जिला मंडी सहित प्रदेश के मुख्य मंदिरों में महामाया का मंदिर शामिल है। यह भव्य मंदिर सुंदरनगर शहर के देहरी में एक छोर पर पहाड़ी पर मौजूद है। इस मंदिर में पूरे वर्ष महामाई के भक्तों का तांता लगा रहता है।

मान्याताओं के अनुसार विवाह के कई सालों तक लक्ष्मण सेन की कोई संतान नहीं हुई तो महाराजा लक्ष्मण सेन अपने वंश की समाप्ति को लेकर परेशान रहने लगे। एक दिन सपने में महामाया देवी ने राजा को दर्शन दिए और कहा कि तुम्हारे पूर्वज शुरू से ही मेरे उपासक रहे हैं। सुकेत राज्य की प्राचीन राजधानी पांगणा में मेरी विधिवत पूजा होती रही है। अब इस पूजन में नियम का पालन नहीं हो रहा है। महामाया माता ने राजा लक्ष्मण सेन को उनकी नियम के अनुसार पूजा की व्यवस्था करने पर जल्द ही इसके परिणामस्वरूप पुत्र रत्न की प्राप्ति होने का आशीर्वाद दिया।

एसडीएम एवं अध्यक्ष राज्यस्तरीय सुकेत देवता मेला सुंदरनगर के अध्यक्ष अमर नेगी ने कहा कि पांच दिवसीय राज्यस्तरीय सुकेत देवता मेला का आज महामाया माता मंदिर में देवी-देवताओं के लिए जातर का आयोजन किया जाएगा। इसके दौरान भव्य जलेब का आयोजन राजमहल होते हुए होगा। उन्होंने कहा कि देवी-देवताओं के आने से सुंदरनगर का माहौल पूरी तरह से देवमय हो गया है। (अनंत ज्ञान)

### मुगलकालीन शैली की दिखती झलक

**सुकेत** रियासत के राजा लक्ष्मण सेन ने अपने राजमहल के नजदीक ही महामाया देवी का आधुनिक स्वरूप में भव्य मंदिर बनवाया। इस मंदिर का निर्माण राजा ने महामाई के सपने में आने के बाद किया था। इस मंदिर में आधुनिकता के साथ-साथ मुगलकालीन शैली की भी झलक देखी जा सकती है। महामाया माता के इस मंदिर में 5 मंदिर बनाए गए, जिसके बीच महामाया का स्वरूप महिषासुर मर्दिनी दुर्गा भगवती की भव्य संगमरमर मूर्ति, दाईं और शिव गौरा के साथ ही सरसों के तेल से जलने वाली महामाई की अखंड ज्योति का कक्ष है।





### मंदिर संग मौजूद है गुरुग्रंथ साहिब कक्ष

**महामाया** मंदिर दूसरे भाग में महामाया का शयनकक्ष है, जिसमें महामाया देवी की शय्या है। यहां महामाया रात को शयन करती हैं। महामाया मंदिर के दायीं ओर शेषशायी विष्णु भगवान के चरण दबाते हुए मां लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापित है। भगवान विष्णु के मंदिर के साथ बाईं ओर सिखों का धार्मिक ग्रंथ गुरुग्रंथ साहिब का कक्ष है। महामाया के मुख्य द्वार के समीप हनुमान का मंदिर है। मुख्य मंदिर के पिछले भाग में भगवान दत्तात्रेय का मंदिर मौजूद है। इस तरह से महामाया का ये मंदिर आराधना करने का देव संस्कृति का एक आदर्श पवित्र स्थल है।

## न्यूज ब्रीफ

### मेले के दौरान ऑटो में लगेगा 20 रुपए किराया

**अनंत ज्ञान, मंडी।** एसडीएम करसोग गौरव महाजन ने बताया कि 5 से 11 अप्रैल तक आयोजित होने वाले जिला स्तरीय नलवाड़ मेले के दौरान बस अड्डा करसोग से मेला मैदान तक ऑटो व टैक्सी का किराया निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि करसोग स्कूल के खेल मैदान में आयोजित होने वाले मेले के दौरान बस अड्डा करसोग से मेला मैदान और मेला मैदान से बस अड्डा करसोग तक ऑटो में सफर करने वाले यात्रियों को प्रति व्यक्ति 20 रुपए और टैक्सी में 30 रुपए प्रति व्यक्ति किराया निर्धारित किया गया है।

### धनोटू सब्जी मंडी के शौचालय का पंखा गायब

**अनंत ज्ञान, महादेव।** क्षेत्र भर में एक बड़ी सब्जी मंडी धनोटू जिसका कारोबार राष्ट्रीय उच्च मार्ग नं 21 तथा बीएसएल परियोजना की नहर के बीच चल रहा है, मगर सब्जी मंडी का एक बड़ा भाग गंदगी की गिरफ्त में है। यहां स्वच्छता लाने के लिए बड़े पैमाने पर काम करने की सख्त जरूरत ही नहीं बल्कि समय की भी मांग है। शौचालय का एडजेस्टिंग फैन गायब है। साफतौर पर देखा जा सकता है कि फैन के लिए जगह तो बनी है, मगर पंखा गायब है। बुद्धिजीवी लोगों का कहना है कि सब्जी मंडी धनोटू के शौचालय की हालत वर्तमान समय में बड़ी ही दयनीय है। लोगों ने संबंधित विभाग व उपायुक्त मंडी से मांग की है कि शीघ्र ही खस्ताहाल शौचालय को सुधारने सहित गायब पंखे की भी जांच करने के लिए ठोस उपाय करें।



### धर्मेश चौहान ने पास की एनएमएमएस परीक्षा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** नांडी स्कूल के छात्र धर्मेश चौहान ने राष्ट्रीय साधन-सह-योग्यता छात्रवृत्ति परीक्षा (एनएमएमएस) सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की है। यह परीक्षा 10 नवंबर 2024 को आयोजित की गई थी। इस परीक्षा को उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों को कक्षा 9वीं से 12वीं तक प्रतिमाह 1,000 रुपए की छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। विद्यालय के प्रधानाचार्य कमल देव ने छात्र को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि धर्मेश की यह उपलब्धि विद्यालय के लिए गर्व की बात है।

### राष्ट्रीयकृत बैंक खोलने की फिर उठी मांग

**भीम बसेड़ू, महादेव।** नाचन विधानसभा क्षेत्र के एक बड़े भाग में नजदीकी बैंक सुविधा न होने से लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। राष्ट्रीयकृत बैंक सुविधा को लेकर क्षेत्र भर के लोग पिछले कई वर्षों से मांग कर रहे हैं मगर अभी तक किसी किस्म की सुनवाई अमल में नहीं लाई जा सकी है जिससे क्षेत्र विकास कार्यों के मामले में पिछड़ता हुआ सा नजर आ रहा है। गांव चांबी में बैंक शाखा न होने से लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि बैंक सुविधा के लिए लोगों को दूर शहर जाना पड़ता है जिससे समय एवं धन बर्बादी हो रही है। लोगों ने उपायुक्त मंडी से पुरजोर मांग करते हुए कहा कि आसपास के कई ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को भी सुविधा होगी इसलिए गांव चांबी में शीघ्र ही राष्ट्रीयकृत बैंक खोलने को लेकर कारगर कदम उठाए जाएं। (अनंत ज्ञान)

### चौंतड़ा ने किया स्वावलंबन का बेहतर प्रदर्शन



**अनंत ज्ञान, जोगिंदरनगर।** राज्य स्तरीय लघु शिवरात्रि मेला जोगिंद्रनगर की अंतिम सांस्कृतिक संध्या के दौरान अन्नपूर्णा ग्राम संगठन चौंतड़ा की महिलाओं ने संस्कृति व स्वावलंबन का बेहतरीन प्रदर्शन किया। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने अपनी पारंपरिक वेशभूषा में स्थानीय संस्कृति व पहनावे का प्रदर्शन किया। इस दौरान महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा के साथ-साथ स्वयं सहायता समूह द्वारा तैयार किए गए विभिन्न उत्पादों को भी प्रदर्शित किया। इस दौरान महिलाओं ने मॉडलिंग के साथ-साथ विभिन्न उत्पादों का पुनर्चक्रण (रीसाइक्लिंग) करने के उपरांत तैयार उत्पादों जिसमें बॉटल लैंप, पाइन ट्री, मंडला, राज्य पक्षी, राज्य पेड़, कैटल, लालटेन, लैंप, बेड साइड लैंप तथा गिफ्ट हैंपर शामिल है को बेहतरीन तरीके प्रदर्शित किया।

### जवाहर पार्क से सटे कमरे का स्लैब जर्जर

**अनंत ज्ञान, महादेव।** नगर परिषद सुंदरनगर के अंतर्गत जवाहर पार्क से सटा कमरा जर्जर हालत में देखा जा सकता है। पता चला है कि यह कमरा मेले के दौरान ढाबे आदि के लिए किराए पर दिया गया। दरवाजा नया है मगर इस पुराने कमरे का स्लैब जर्जर हालत में देखा जा सकता है जिससे लोगों को नुकसान भी हो सकता है। बुद्धिजीवी लोगों का कहना है कि नगर परिषद कमाई करने के चक्कर में तो पड़ी है, मगर परिषद का यह भी फर्ज बनता है कि वह अच्छे मौके पर बिगड़ी सुधार कर बेहतर नमूना पेश करे न कि कबाड़ जैसा स्थान दिखाकर जग हंसाई करवाए। लोगों ने नगर परिषद सुंदरनगर व प्रशासन से पुरजोर मांग की है कि वह कमरे आदि का सुधार करवा कर स्वच्छ वातावरण मुहैया करवाए।

# केंद्र सरकार के दिए पैसे खर्च नहीं कर पा रही सुक्खू सरकार : जयराम



### कहा- करोड़ों रुपए के लैप्स होने व यूसी न देने पर भी दें जवाब

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**मंडी** से जारी बयान में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि सुक्खू सरकार हर दिन केंद्र सरकार पर सहयोग न करने और बजट न जारी करने के आरोप लगाती है लेकिन हकीकत यह है कि केंद्र सरकार द्वारा दिए गए पैसे भी राज्य सरकार खर्च नहीं कर पा रही है। जिसके कारण कुछ एक विभागों में ही सैकड़ों करोड़ रुपए लैप्स हो गए जबकि हजारों करोड़ रुपए का यूटिलाइजेशन सर्टिफिकेट नहीं जमा हुआ है। ऐसे में सवाल उठता है कि जिस धनराशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र नहीं जमा हुआ है वह धनराशि कहां गई, किस पर खर्च हुई ? यह सरकार की नाकामी है कि केंद्र सरकार द्वारा भेजे गए पैसे का सदुपयोग नहीं हो पाया। लैप्स हुए बजट का सरकार को विभाग वार आंकड़े जारी करने चाहिए। नई वित्तीय वर्ष के शुरू होते ही केंद्र सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं के तहत धड़ल्ले से पैसा भेजा जा रहा है। इसलिए मैं सरकार से उम्मीद करता हूं कि उन पैसों का समुचित और समयबद्ध और चरणबद्ध इस्तेमाल हो जिससे वह धनराशि लैप्स न होने पाए। जयराम ने कहा कि विभिन्न समाचार पत्रों के माध्यम से यह पता चला है कि लोक निर्माण व जल शक्ति विभाग ही पिछले वित्तीय वर्ष में 300 करोड़ रुपए का उपयोग नहीं कर पाए जिसकी वजह से यह धनराशि लैप्स हो गई।

# करसोग में नलवाड़ मेले का आगाज

## उपायुक्त अपूर्व देवगन ने किया जिलास्तरीय सात दिवसीय मेले का शुभारंभ

**लक्की शर्मा, करसोग**

**करसोग** में सात दिवसीय जिला स्तरीय नलवाड़ मेले का शुभारम्भ मुख्यातिथि उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने किया। उन्होंने इस अवसर पर ममलेशवर महादेव की पूजा-अर्चना की और बैल पूजन कर मेले का विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई प्रदर्शनियों का भी अवलोकन भी किया। इस मौके पर ममलेशवर महादेव मंदिर से लेकर मेला मैदान तक ममलेशवर महादेव की अगुवाई में भव्य शोभायात्रा भी निकाली गई। जिसमें देवताओं सहित सैकड़ों लोगों ने हिस्सा लिया।

मेले के शुभारंभ अवसर पर मुख्यातिथि ने अपने संबोधन में देवों के देव ममलेश्वर महादेव और यहां उपस्थित सभी देवी-देवताओं को नमन करते हुए कहा कि मेले हमारें पहाड़ी प्रदेश की समृद्ध प्राचीन संस्कृति का हिस्सा है, जिन्हें संजो कर रखना हम सभी का दायित्व है ताकि आने वाले पीढ़ियों को हम अपनी समृद्ध संस्कृतिक से जोड़ सके। उन्होंने कहा कि मंडी जिला के साथ-साथ प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर मनाए जाने वाले मेले प्रदेश की देव संस्कृति पर आधारित है जो लोगों को एक दूसरे के साथ जोड़ने का कार्य भी करती है।

उन्होंने कहा कि नशा एक ऐसी बुराई हैं जो युवाओं का जीवन बर्बाद कर रही हैं। उन्होंने कहा कि हर माता पिता का दायित्व हैं वे अपने बच्चों पर नजर रखे की उनका बच्चा कहा जा रहा है और क्या कर रहा है। बच्चों को चेक करते रहे की हमारा बच्चा कहीं नशा तो नहीं कर रहा हैं।

मेला समिति अध्यक्ष एवं एसडीएम करसोग गौरव महाजन ने मुख्यातिथि को परम्परानुसार शॉल, टोपी व समृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव पीएस नेगी, पूर्व कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष हरिओम शर्मा तहसीलदार वरुण गुलाटी, नायब तहसीलदार शांता शुक्ला, सहित विभिन्न संस्थाओं के चुने हुए प्रतिनिधी, विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ अधिकारियों सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।



### करसोग में चल रही लाइब्रेरी मिनी सचिवालय भवन में चलेगी : डीसी

**उपायुक्त** ने कहा कि 7 साल पहले करसोग में लाइब्रेरी शुरू की गई थी जो आज भी चल रही है शीघ्र ही इस लाइब्रेरी को मिनी सचिवालय भवन में चलाया जाएगा। जहां और अधिक सुविधा जुटाई जा रही है। उन्होंने क्षेत्र के युवाओं से आग्रह किया कि लाइब्रेरी की इस सुविधा का लाभ उठाए और अपना जीवन सवारे। उन्होंने कहा कि युवा पढ़ने की आदत को अपनाए तभी अपने जीवन के लक्ष्य को हासिल किया जा सकता हैं।

# वाद्ययंत्रों की धुनों व शोभयात्रा से तुंगल महोत्सव का आगाज

## आराध्य देव रच्छेरा का आशीर्वाद लेकर निकली जलेब, कोटला से आयोजन स्थल पर पहुंची

**भगत सिंह गुलेरिया, कोटली**

**उपमंडल** मुख्यालय कोटली में तुंगल महोत्सव का आगाज पारंपरिक वाद्ययंत्रों की धुनों पर जलेब (शोभयात्रा) के साथ किया गया। तहसील कार्यालय के समक्ष तुंगल क्षेत्र के आराध्य देव रच्छेरा की चरण पादुका का आशीर्वाद लेकर शुरू हुई यह जलेब कोटली बाजार से गुजरती हुई आयोजन स्थल पर पहुंची। सैकड़ों क्षेत्रवासियों ने इसमें भाग लिया।

इस मौके पर मुख्यातिथि लेफ्टिनेंट कर्नल बसंत सिंह भारद्वाज सेना मैडल ने रिबन काट कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया जबकि सेवानिवृत प्रधानाचार्य मुकंद राम शर्मा ने समारोह की अध्यक्षता की। ऑक्सफोर्ड स्कूल कोटली की छात्राओं की ओर से प्रस्तुत सरस्वती वंदना के बीच मुख्य अतिथि की ओर से दीप प्रज्वलित करके विधिवत कार्य क्रम का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि ने आयोजन को सफल करार देते हुए अपनी ओर से 25000 की नकद राशि भेंट की। सेवानिवृत प्रधानाचार्य मुकंद राम शर्मा ने 11000 की सहयोग राशि के रूप में दिए। इससे पूर्व आयोजकों की ओर से अतिथियों का ढोल नगाड़ों व फूल मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया गया। मंच संस्थापक प्रशांत मोहन, अध्यक्ष भुवनेश ठाकुर, सचिव पवन कुमार, हरि सिंह, चमन लाल, अरूण कुमार तथा परमानंद, लच्छमण दास जोध सिंह, नरेश ठाकुर आदि ने शाल, टोपी व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

इस मौके पर महावीर चक्र विजेता सूबेदार कांशीराम, माउंट एवरेस्ट पर्वतारोही कैप्टन होशियार सिंह को भी आयोजकों की ओर से सम्मानित किया गया। समाज सेवी गिरधारी लाल ने 11000 की राशि मंच को भेंट की। इस मौके पर क्षेत्र के तकरीबन 30 से अधिक महिला मंडलों ने भाग लिया। (अनंत ज्ञान)



# एसडीएम ने 'चिट्या वे चिट्या तैं कित्ता बुरा हाल' गाना किया रिलीज

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

**एसडीएम** जोगिंद्रनगर मनीश चौधरी ने अपने कक्ष में 'चिट्या वे चिटया तैं कित्ता बुरा हाल' ऑडियो गाने को जारी किया। इस गाने को जोगिंद्रनगर निवासी राकेश रावत और मनोहर ठाकुर ने गाया है। गाने के बोल शेर सिंह ने लिखे हैं जबकि संगीत अनिल सुकोश ने दिया है। इस गाने की रिकॉर्डिंग एलिश प्रोडक्शन हाउस लोअर चौंतड़ा में की है। यह गाना शेरा पटियाल के यूट्यूब चैनल सहित अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जल्द उपलब्ध होगा। इस अवसर पर सहायक लोक संपर्क अधिकारी राजेश जसवाल, गायक मनोहर ठाकुर, गीतकार शेर सिंह भी मौजूद रहे। इस मौके पर एसडीएम मनीश चौधरी ने चिट्टा नशा के ऊपर गाना तैयार करने के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नशे के खिलाफ जन जागरूकता लाने में यह प्रयास सराहनीय है।

उन्होंने कहा कि आजकल नशा विशेषकर चिटा एक गंभीर सामाजिक समस्या बन गई है। नशे के इस जाल में फंसकर कई युवा अपने जीवन तक को समाप्त कर चुके हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इस गाने के माध्यम से जहां समाज में नशे के प्रति व्यापक जन जागरूकता लाने में मदद मिलेगी तो वहीं लोगों को नशे के दुष्प्रभावों बारे भी जागरूक किया जा सकेगा।

# बागवानों के लिए वरदान यूरोपियन मधुमक्खी

**लक्की, करसोग**

**परागण** एक महत्वपूर्ण जैविक प्रक्रिया है, जो पौधों के प्रजनन और फलने-फूलने के लिए आवश्यक होती है। इसमें परागकण को नर भाग (पुंकेसर) से मादा भाग (वर्तिकाग्र) तक पहुंचाया जाता है, जिससे निषेचन होता है। परागण में हवा, पानी, कीट-पतंगे, पक्षी आदि योगदान देते हैं, लेकिन मधुमक्खियां सबसे प्रभावी परागणकर्ताओं में से एक मानी जाती हैं।

वर्ष 1962 में इस यूरोपियन मधुमक्खी, जिसे एपिस मेलीफेरा के नाम से जाना जाता है, भारत में सफलतापूर्वक लाई गई। जिसे हिमाचल के नगरोटा नामक स्थान लाया गया था। आज इस मधुमक्खी से न केवल शहद उत्पादन में बढ़ोतरी हुई है अपितु सेब की पैदावार में वृद्धि हुई है। प्रदेश के सेब बाहुल क्षेत्र में मधुमक्खियों के बॉक्स आना शुरू हो गए हैं।

विषय विशेषज्ञ डॉ. शरद गुप्ता ने बताया कि सेब के फूलों के खिलने पर ये मधुमक्खियां एक फूल से दूसरे फूल पर भ्रमण करती हैं, जिससे परागक्रिया पूरी होने में मदद मिलती है। परिणामस्वरूप उच्च गुणवत्ता के सेब के साथ साथ फलोत्पादन में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। (अनंत ज्ञान)



### 3-4 बीघा क्षेत्र में एक मधुमक्खी का डिब्बा रखा जाना अनिवार्य : डॉ. गुप्ता

**डॉ.** गुप्ता ने बताया कि एपिस मेलीफेरा आकार में बड़ी होने के कारण अधिक पराग कण ले कर चलती है। उन्होंने बागवानों से आह्वान किया कि 3-4 बीघा क्षेत्र में एक मधुमक्खी का डिब्बा रखा जाना अनिवार्य है। जब बागवान मधुमक्खी पालक से बॉक्स लेने जाएं तो यह सुनिश्चित करें कि उसमें कम से कम 7-8 फ्रेम में मधुमक्खियां हों तथा एक फ्रेम ब्रूड की भी हों। बॉक्स में रानी मक्खी की जांच भी कर लें । एक शक्तिशाली मौन वंश तीन कमजोर मौन वंशों की अपेक्षा बेहतर रहता है और सकारात्मक परिणाम देखने को मिलते हैं ।

# अग्निकांड से पीड़ित परिवारों की मदद की

## विधायक जम्वाल की अगुआई में सामाजिक संस्था ने बांटी राहत सामग्री

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

**नगर** परिषद सुंदरनगर के रोपा क्षेत्र में बीते वीरवार को बीएसएनएल एक्सचेंज के समीप झुंगियों में लगी आग से प्रभावित 9 परिवारों को विधायक सुंदरनगर राकेश जम्वाल की अगुआई में एक समाजिक संस्था द्वारा राहत सामग्री वितरित की गई। इसमें राशन सामग्री, तिरपाल, कंबल, बर्तन, कपड़े, जूते एवं अन्य घरेलू सामग्री प्रदान की गई।

गौरतलब है कि बीते वीरवार शाम को बीएसएनएल एक्सचेंज के समीप रह रहे प्रवासी मजदूरों की अस्थायी झुग्गियों में अचानक आग लग गई थी। इसमें 12 झुग्गियां व अंदर रखा सारा सामान जल कर राख हो गया था।

विधायक राकेश जम्वाल ने कहा कि प्रवासी मजदूरों के साथ हुई यह घटना अति दुखद है तथा वह पीड़ित परिवारों के साथ हैं। पीड़ितों को हर संभव मदद की गई है तथा आगे प्रशासन भी नियमानुसार उनकी मदद करने के निर्देश दिए गए हैं।




# विधायक चंद्रशेखर को पुलिस गाड़ी की एस्कॉर्ट सुविधा देने पर माकपा हुई लाल

**रितेश, सरकाघाट**

**देवता** वह नलवाड़ मेला में बतौर चीफ गेस्ट के रूप पहुंचे धर्मपुर के विधायक चंद्रशेखर को सरकाघाट पुलिस द्वारा पायलट गाड़ी भरे बाजार हूटर बजाते हुए समारोह स्थल पर लाने और वापस छोड़ने को लेकर विवाद खड़ा हो गया।

विधायक को पुलिस द्वारा एस्कॉर्ट सुविधा मिलने का माकपा ने आरोप लगाया है कि सत्ता के नशे में चूर विधायक अपनी मनमर्जी करने पर उतारू हो गए हैं। माकपा नेता भूपेंद्र सिंह ने आरोप लगाया कि जनसेवक की आड़ में विधायक यह साबित करने की कोशिश में है कि वह कानून से भी ताकतवर हैं।

भूपेंद्र सिंह द्वारा मुख्यमंत्री को भेजी शिकायत में कहा की पुलिस द्वारा बरछवाड़ में संपन्न हुए नलवाड़ व देवता मेले की सांस्कृतिक संध्या में विधायक को पायलट गाड़ी मुहैया करवाई गई। यही नहीं अगले दिन सुबह जब विधायक ने मंडी में मंत्री की मीटिंग को जाना था तो पुलिस द्वारा फिर एस्कॉर्ट सुविधा मुहैया कराई गई। वहीं एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने कहा कि इस मामले को लेकर जानकारी ली जाएगी।

### धर्मपुर के नलवाड़ मेले में भी तोड़ी परंपरा

**धर्मपुर** में शुरू हुए नलवाड़ मेले के शुभारंभ से पहले बाबा कमलाहिया और शीतला माता धर्मपुर की पालकियां परम्पराओं के विपरीत प्रशासन ने विधायक के घर बहरी पहुंचा दी और विधायक ने अपनी सुविधा अनुसार अपनी पत्नी के साथ अपने नवनिर्मित आलीशान बंगले में पूजा-अर्चना कर डाली, जबकि यह सब ओल्ड धर्मपुर स्थित शीतला माता मंदिर में होता था।

**कार्यक्रम** लघु शिवरात्रि मेले की सांस्कृतिक संध्या के समापन पर एडीएम ने की बतौर मुख्यातिथि शिरकत

# अमर संधू व अरविंद के गानों पर नाचा जोगिंद्रनगर

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

**जोगिंद्रनगर** में आयोजित राज्य स्तरीय लघु शिवरात्रि मेला 2025 की चौथी व अंतिम सांस्कृतिक संध्या एक ऐतिहासिक आयोजन के रूप में संपन्न हुई। इस मौके पर मंच पर जहां एक ओर हिमाचली लोक संस्कृति की झलक देखने को मिली, वहीं दूसरी ओर आधुनिक और पंजाबी संगीत ने युवाओं को झूमने पर मजबूर कर दिया।

सांस्कृतिक संध्या के मुख्य आकर्षण रहे मशहूर पंजाबी गायक अमर सिंह संधू, जिन्होंने मंच पर आते ही दर्शकों के बीच उत्साह की लहर दौड़ा दी। उन्होंने अपने सुपरहिट गानों बापू तेरे करके, धी लाडली, दो-दो रखेगा, तेरी काली एक्टिवा और चंबा कितनी की दूर से श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। इसके बाद हिमाचल के लोकप्रिय गायक अरविंद राजपूत ने दिल का दरिया, ओम शांति ओम, चन्ना मेरेया, सुबह होने ना दे और कोई मिल गया जैसे गीतों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इस विशेष सांस्कृतिक संध्या में मंडी जिला के अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी (एडीएम) मदन कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने ज्योति प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। उनके साथ उनकी धर्मपत्नी आशा रानी भी उपस्थित रहीं। मंच पर पहुंचने पर उनका मेला समिति के अध्यक्ष एवं एसडीएम जोगिंदरनगर मनीश चौधरी द्वारा पारंपरिक रूप से स्वागत व अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर तहसीलदार डॉ. मुकुल शर्मा, नायब तहसीलदार विनय राशपा, थाना प्रभारी सकीनी कपूर, मेला समिति के सदस्यगण, विभिन्न विभागों के अधिकारी व गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।

सांस्कृतिक संध्या में स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किए गए पारंपरिक नृत्य और गानों ने भी खूब तालियां बटोरीं। रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों में सजी हिमाचली महिलाओं और युवतियों ने पहाड़ी लोकगीतों पर नृत्य प्रस्तुत कर लोक संस्कृति की समृद्ध विरासत को मंच पर जीवंत कर दिया।





# तर्कवाल में बनेगी 14.84 करोड़ की पेयजल योजना

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा की बुधान की तर्कवाल से 14.84 करोड़ रुपए की एक महत्वाकांक्षी पेयजल योजना शुरू होने जा रही है, जो मुच्छाली जिला पार्षद वार्ड के 25,000 परिवारों की प्यास बुझाएगी। इस योजना का कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने जल शक्ति विभाग के अधिकारियों के साथ मौके पर जाकर निरीक्षण किया।

**कोहडरा के 25 हजार परिवारों को मिलेगी सुविधा**

यह योजना न केवल इन क्षेत्रों में जल संकट को समाप्त करने के लिए एक बड़ी पहल है, बल्कि यह स्थानीय विकास की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। इस योजना के तहत पानी की आपूर्ति गोबिंद सागर झील से की जाएगी, जिससे इन गांवों के लोगों को शुद्ध मिलेगा।

थानाकलां जल शक्ति डिविजन के अधिशाषी अभियंता राजेश ठाकुर ने इस योजना की पुष्टि की है और बताया कि यह योजना अब अंतिम चरण में है और केवल नाबार्ड से स्वीकृति का इंतजार किया जा रहा है।


जगह का निरीक्षण करते विवेक शर्मा, अधीक्षण अभियंता नरेश धीमान और अन्य।

## गोबिंद सागर झील से 18 पंचायतों तक पहुंचाया जाएगा पानी

**तर्कवाल** पेयजल योजना के तहत गोबिंद सागर झील से पानी को उठाकर इन 18 पंचायतों तक पहुंचाया जाएगा। और समूर पेयजल योजना की सप्लाई के लिए बने वाटर टैंक में इस योजना का पानी डाला जाएगा। इस योजना में वीवीएमवी (वाटर वेल, मोटर और वॉटर टैंक) की मदद से पानी उठाने की स्वीकृति भी मिल चुकी है। योजना की पूरी रूपरेखा और डिजाइन (डीपीआर) तैयार कर ली गई है और अब सिर्फ नाबार्ड (राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक) से स्वीकृति का इंतजार किया जा रहा है। स्वीकृति मिलते ही इस योजना को लागू किया जाएगा।पानी की आपूर्ति का मुख्य स्रोत गोबिंद सागर झील है, जो कि एक प्राकृतिक जलाशय है। इस झील से पानी उठाने के लिए आवश्यक तकनीकी और पर्यावरणीय अनुमतियां पहले ही प्राप्त कर ली गई हैं। झील से पानी उठाकर उसे पाइपलाइन के माध्यम से इन 18 पंचायतों में वितरित किया जाएगा।

## विधायक विवेक ने जनता के लिए खोली विकास की नई राहें

**बता** दें कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा की इस योजना को लेकर लगातार मेहनत और संघर्ष रहा है। उन्होंने स्थानीय जनता की वर्षों पुरानी पानी की समस्या को लेकर सरकार से कई बार आग्रह किया था। उनके अथक प्रयासों का ही परिणाम है कि इस पेयजल योजना को अमलीजामा पहनाया गया। यह योजना कुटलैहड़ क्षेत्र के 18 पंचायतों में रहने वाले लोगों के लिए एक वरदान साबित होने वाली है। विधायक विवेक शर्मा ने इस योजना के माध्यम से अपनी क्षेत्र की जनता के लिए विकास की नई राहें खोली हैं।

## योजना के लिए नाबार्ड से स्वीकृति का इंतजार

14.84 करोड़ से निर्मित होने बाली पेयजल योजना के लिए बीबीएमबी प्रणाली के तहत पानी उठाने के लिए स्वीकृति मिल चुकी है। इस प्रणाली की मदद से जल स्रोत से पानी सीधे ग्राम पंचायतों तक पहुंचेगा, और किसी भी प्रकार की जल संकट की स्थिति उत्पन्न नहीं होगी। योजना का अंतिम चरण नाबार्ड से स्वीकृति का इंतजार है।

## पेयजल योजना से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिलेगी मजबूती

**बंगाणा** के लिए तर्कवाल पेयजल योजना इन ग्रामीण क्षेत्रों के लिए एक बड़ा विकास कदम साबित हो सकती है। पानी की बेहतर आपूर्ति से न केवल स्वास्थ्य में सुधार होगा, बल्कि इन क्षेत्रों में कृषि, पशुपालन व अन्य आर्थिक गतिविधियों में भी वृद्धि होगी। जैसे-जैसे जल की उपलब्धता बढ़ेगी, वैसे-वैसे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। इस के अतिरिक्त, इस योजना के लागू होने से स्थानीय रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे। जल आपूर्ति और जल प्रबंधन की व्यवस्था में काम करने के लिए कई लोगों को रोजगार मिलेगा। इस प्रकार, यह योजना क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक विकास में भी सहायक साबित होगी।

# चिंतपूर्णी में मनाया कंजक पूजन दिवस

**विकास शर्मा, चिंतपूर्णी।** धार्मिक नगरी चिंतपूर्णी में चल रहे चैत्र नवरात्र के दौरान महा अष्टमी कंजक पूजन मंदिर प्रशासन व पुजारी वर्ग द्वारा बड़ी धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही महा अष्टमी कंजक पूजन को लेकर श्रद्धालु लाइन व्यवस्था के तहत माता की पावन पिंडी के दर्शन व आशीर्वाद प्राप्त करते रहे। महा अष्टमी के कंजक पूजन विशेष दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन मां की अष्टम भुजा रूप का विशेष पूजन किया जाता है।

महा अष्टमी कंजक पूजन करके मां को स्वादिष्ट मिष्ठान 56 भोग का महा भोज लगाया जाता है। मां को प्रसन्न करने के लिए इस दिन विशेष नारियल बली दी जाती है और उसे नारियल बली का प्रसाद पुजारियों द्वारा श्रद्धालुओं को विशेष रूप से दिया जाता है। मुख्य पुजारी एवं पुजारी बारीदार सभा के प्रधान रविंदर छिन्दा ने चैत्र नवरात्रों के महा अष्टमी कंजक पूजन पर कहा कि वर्ष में चार नवरात्र पर मां की विशेष पूजा की जाती है। इस दौरान पुजारी वर्ग ट्रस्टी तिलक राज कालिया, ट्रस्टी विनोद कालिया, ट्रस्टी नरेंद्र कालिया, पूर्व ट्रस्टी निरंजन, भूषण कालिया, संजय, जीवन प्रकाश, संदीप आदि पुजारी वर्ग विशेष रूप से उपस्थित रहे।(अनंत ज्ञान)

## ऊना में सुरक्षित निर्माण अभ्यास पर कार्यशाला आयोजित

# प्रशिक्षण और तैयारियों से आपदा नुकसान को किया जा सकता है कम

**अनंत ज्ञान, ऊना**

सुरक्षित निर्माण अभ्यास विषय पर डीआरडीए हॉल ऊना में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला आपदा प्रबंधन एवं प्राधिकरण ऊना के प्रशिक्षण समन्वयक राजन कुमार शर्मा ने बताया कि कार्यशाला का आयोजन उपायुक्त ऊना जतिन लाल के निर्देशानुसार जिला प्रशासन और राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान हमीरपुर के संयुक्त प्रयासों से किया गया, ताकि निर्माण कार्यों में सुरक्षा मानकों को सुनिश्चित किया जा सके और भविष्य में आपदाओं से निपटने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा सकें। इस कार्यशाला में लगभग 60 से अधिक विभिन्न विभागों के अभियंताओं और कर्मचारियों ने भाग लिया।

कार्यशाला का उद्देश्य जिला के समस्त अभियंताओं, तकनीकी कर्मचारियों, सरकारी एवं निजी क्षेत्र के ठेकेदारों, आर्किटेक्ट्स और निर्माण कार्यों में शामिल कामगारों को सुरक्षित निर्माण अभ्यास के बारे में जानकारी और प्रशिक्षण प्रदान करना था। इसके अलावा कार्यशाला का मुख्य मकसद भूकंप सुरक्षा और निर्माण कार्यों के दौरान अनिवार्य सुरक्षा उपायों पर ध्यान केंद्रित करना है जिससे लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यशालाएं समाज में जागरूकता फैलाने और सुरक्षा मानकों को सख्ती से लागू करने में मदद करती हैं।

राजन शर्मा ने बताया कि इस दौरान उपस्थित व्यक्तियों को अपने आसपास के समुदायों को आपदाओं के प्रति जागरूक और उन्हें प्रशिक्षित करने पर बल दिया गया ताकि किसी भी प्राकृतिक या मानव निर्मित आपदा के दौरान वे सही तरीके से प्रतिक्रिया कर सकें। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन जिला प्रशासन के प्रयासों का हिस्सा हैं, जो जिले के लोगों को अधिक सुरक्षित और सक्षम बनाने के लिए किए जा रहे हैं।



## भूकंप सुरक्षा और भवन निर्माण पर चर्चा

**कार्यशाला** में डॉ. हेमंत कुमार विनायक, एसोसिएट प्रो., एनआईटी हमीरपुर ने अपने पहले सत्र में 4 अप्रैल 1905 के कांगड़ा भूकंप के दौरान भवनों को हुए भारी नुकसान के बारे में विस्तार से बताया। भूकंप जानलेवा नहीं होते, बल्कि असुरक्षित और कमजोर निर्माण जानलेवा साबित होते हैं। भूकंप की तीव्रता अधिक होने पर भी सही निर्माण से बड़े पैमाने पर जान-माल की हानि को रोका जा सकता है।

## आपदा प्रबंधन पर चर्चा

**हिमाचल** प्रदेश राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल कांगड़ा के मुख्य आरक्षी अजय ने भूकंप के बाद खोज और बचाव कार्य, प्राथमिक उपचार और आपदा प्रबंधन के अन्य पहलुओं पर प्रकाश डाला। सही प्रशिक्षण और तैयारियों से आपदाओं से होने वाले नुकसान को कम किया जा सकता है।

## न्यूज ब्रीफ

### छात्रा जीनत ने राष्ट्रीय स्तर की मीन्स परीक्षा की पास



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पिपलू में कक्षा आठवीं की छात्रा जीनत ने नेशनल मीन्स कम मेरिट स्कॉलरशिप परीक्षा 2024-25 में सफलता प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। जीनत को इस सफलता के लिए प्रत्येक वर्ष 12 हजार रुपए की छात्रवृत्ति कक्षा 12वीं तक प्राप्त होती रहेगी। यह विद्यालय और क्षेत्र के लिए अत्यंत गौरव का क्षण है। इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रधानाचार्य मदन लाल धीमान एवं सभी अध्यापकों ने जीनत व उनके माता-पिता को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

### लुधियाना का युवक चिट्टे सहित किया काबू

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** एसपी राकेश सिंह ने बताया कि चिंतपूर्णी पुलिस ने नशा तस्करों पर भी नुकेल कसी है। पुलिस ने प्रिंस पुत्र चमन लाल ताजपुर रोड मोहल्ला इंद्रपुरी जिला लुधियाना से 1.96 ग्राम चिट्टा (हीरोइन) बरामद किया है। पुलिस ने नशे के खिलाफ अभियान छेड़ रखा है। आरोपी पर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### बच्चों को बताए भूकंप से बचाव के तरीके

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भरवाईं की आपदा प्रबंधन इकाई द्वारा विद्यालय प्रांगण में आपदा जागरूकता दिवस मनाया गया। भरवाईं स्कूल में स्कूल प्रबंधन समिति सदस्यों एवम बच्चों की उपस्थिति में विद्यार्थियों द्वारा मॉकड्रिल के माध्यम से भूकंप से बचाव के तरीकों का प्रदर्शन प्रधानाचार्य सुरेंद्र सिंह के निर्देशानुसार हुआ। इसमें बच्चों ने प्राकृतिक आपदाओं से बचाव के तरीकों के बारे में सीखा। प्रधानाचार्य ने बच्चों व शिक्षकों के साथ आपदा से बचाव के तरीकों पर विचार साझा किए। इस अवसर पर समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

### पुलिसकर्मी ने रंगे हाथ पकड़ा जेबकतरा



**अनंत ज्ञान, लठियानी।** उप मंडल बंगाणा की लठियानी पंचायत से विश्वदत्त उर्फ मिड्डू पुलिस विभाग में सेवाएं देते हुए एक जेब कतरे को रंगे हाथों पकड़ा है। मिड्डू बहुत ही तेज तर्रार और ऊर्जावान होने के साथ-साथ पुलिस विभाग में अपनी सेवाएं बहुत ही अच्छे ढंग से दे रहे हैं। विश्वदत्त उर्फ मिड्डू ने पुलिस विभाग में बहुत ही अच्छे कार्य करके जिला उन्ना पुलिस का मान सम्मान बढ़ा रहा है। विश्व दत्त ने लठियानी स्कूल में पढ़ाई के साथ-साथ खेल की गतिविधियों में भी भाग लिया है और हमेशा बहुत ही अनुशासन में रहकर अन्य विद्यार्थियों को भी सामाजिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित करता था।

### कांग्रेस का शिमला में रोष प्रदर्शन नौटंकी : सुमीत

**अनंत ज्ञान, ऊना।** भाजपा प्रदेश सचिव एवं हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के प्रभारी सुमीत शर्मा ने शिमला में कांग्रेस द्वारा आयोजित रोष प्रदर्शन को प्रदेश की बदहाली से ध्यान हटाने की नौटंकी करार दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने सत्ता में बने रहने और मुस्लिम तुष्टिकरण के लिए वर्ष 2013 में वक्फ नियम बदले दिए थे। उन्होंने कहा कि मात्र अपने राजनीतिक आकाओं को खुश करने के लिए सिर्फ सांसद अनुराग के खिलाफ रोष प्रदर्शन करना एक राजनीतिक बहाना है। उन्होंने पूछा कि ज्यादा बढ़िया होता कांग्रेस पार्टी सुक्खू सरकार पर हिमाचल प्रदेश पावर कारपोरेशन के चीफ इंजीनियर स्व. विमल नेगी की मौत के मामले सीबीआई जांच से सुक्खू सरकार लगातार पीछे हट रही है।



### मैहतपुर में जगजीवन राम को दी श्रद्धांजलि



**अनंत ज्ञान, ऊना।** ऊना जिला के मैहतपुर में कार्यक्रम आयोजित किया गया और बाबू जगजीवन राम को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर एएसपी संजीव भाटिया ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। डॉ. केआर आर्य, कामरेड जगत राम शर्मा, मोहित शर्मा, पंकज शर्मा, विनोद शर्मा, रोहित राणा, रमन राणा, डॉक्टर दीपक आर्य, डॉक्टर शकुंतला आर्य, मनीष परवाह, कुलदीप चंद, विजय कौशल एसडी शर्मा, एडवोकेट नरेश, डॉ बलबीर भट्टी और मनोज भट्टी शामिल रहे।

### सड़क हादसे में चार लोग हुए घायल

**अनंत ज्ञान, अम्ब।** गांव पतेहड़ में दर्दनाक सड़क हादसे में चार लोग घायल हो गए। यह हादसा उस वक्त हुआ जब एक अज्ञात वाहन ने बाइक और स्कूटी सवार को टक्कर मार दी। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। घायलों की पहचान मुजफ्फरनगर निवासी सद्दाम (31) और मुजाहिल (31) के रूप में हुई है, जो बाइक पर सवार होकर कांगड़ा जा रहे थे। वहीं स्कूटी पर सवार कटोहड़ कला निवासी उर्मिला देवी (60) और पुत्री सुजाता (28) भी चपेट में आ गईं।

### नादौन महाविद्यालय में बीवोक प्रयोगशालाओं का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, नादौन।** सिद्धार्थ राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय, नादौन में बी. वोक. पाठ्यक्रमों-रिटेल मैनेजमेंट तथा हॉस्पिटैलिटी एवं टूरिज्म से संबंधित नव-निर्मित प्रयोगशालाओं का भव्य उद्घाटन कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान महाविद्यालय के प्रिंसिपल डॉ. अनिल कुमार गौतम ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस अवसर पर बीवोक. कोऑर्डिनेटर डॉ. नितिका तथा महाविद्यालय के प्राध्यापकगण प्रो. रवि कांत, प्रो. राजेश, प्रो. मंजू, प्रो. अनित, प्रो. नीतिका धवन, प्रो. योगेश कौंडल, प्रो. अंजू, प्रो. राजनी, प्रो. आदिका आदि भागीदारी निभाई।

## डीसी और एसपी ने चिंतपूर्णी मंदिर में नवाया शीश

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** दुर्गा अष्टमी के उपलक्ष पर डीसी ऊना जतिनलाल और एसपी राकेश सिंह ने मां चिंतपूर्णी के दरबार में हाजिरी भरी। इस मौके पर चिंतपूर्णी मंदिर के पुजारी नव कालिया ने विधिवत रूप से वैदिक मंत्रों का उच्चारण कर पूजा अर्चना करवाई और मां के दरबार में हाजिरी लगवाई। डीसी ने कहा कि प्रसाद योजना के अंतर्गत चिंतपूर्णी मंदिर के लिए 56 करोड़ की राशि मंजूर हो गई है अब जल्द ही टेंडर लगाकर काम को शुरू करवाने के प्रयास किए जाएंगे। एसपी ऊना राकेश सिंह ने कहा कि आज चिंतपूर्णी में व्यवस्थाओं का जायजा लिया।



## श्री राम सेवा समिति आज निकालेगी शोभायात्रा

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा की श्री राम नवमी हिंदू धर्म का एक प्रमुख पर्व है, जो भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है।

इस अवसर पर देशभर में विशेष धार्मिक आयोजन किए जाते हैं। बंगाणा क्षेत्र में श्री राम सेवा समिति द्वारा इस वर्ष श्री राम नवमी के उपलक्ष्य में एक भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जा रहा है, जो पूरे क्षेत्र में हर्षोल्लास का वातावरण बनाएगा। इस शोभायात्रा की शुरुआत लाठियानी से होगी और यह चमुक्खा मंदिर में समाप्त होगी, जहां विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। श्री राम सेवा समिति के द्वारा शोभायात्रा का प्रारंभ आज सुबह आठ बजे माता जमासनी मंदिर में हवन-यज्ञ के साथ होगा।

## युवाओं को आपदा प्रबंधन पर दिए सुझाव

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल**



संत ढांगू वाले गुर्जर राजकीय महाविद्यालय बीटन में आपदा प्रबंधन इकाई द्वारा 1905 में आए कांगडा भूकंप आपदा की 120 वीं जयंती की याद में आपदा जागरूकता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत मॉकड्रिल का आयोजन कर युवाओं को आपदा प्रबंधन के लिए महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए गए। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सुनीता गोयल ने मुख्यातिथि के रूप में इस कार्यक्रम में शिरकत की। कार्यक्रम का संचालन प्रोग्राम अधिकारी प्रो. बूटा राम द्वारा किया गया।

# विधायक विवेक ने 41 परिवारों को वितरित किए सहायता चैक


आर्थिक सहायता पाने वालों के साथ विधायक विवेक शर्मा और अन्य गणमान्य।

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने कुटलैहड़ में 41जरुरत मंद परिवारों को आर्थिक सहायता के रूप में 5 लाख रुपये के चेक बांटे। यह कार्य कुटलैहड़ की जनता की सामाजिक और आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने के उद्देश्य से किया गया।

विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि वह कुटलैहड़ की जनता के सुख-दु:ख में हमेशा साथ रहेंगे और उनकी हर समस्या का समाधान करने के लिए समर्पित हैं। कुटलैहड़ के इन 41 परिवारों को यह आर्थिक सहायता उनके दैनिक जीवन को बेहतर बनाने और आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद करेगी।

विधायक विवेक शर्मा का यह कदम राज्य सरकार के विकासात्मक कार्यों और योजनाओं के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। उनका उद्देश्य यह है कि हर व्यक्ति को अधिकार मिलें ।

# क्रिकेट टूर्नामेंट में नंदपुर ने राजपुरा टीम को 2 रन से हराया

**अनंत ज्ञान, जोल**

डोगरा चैरिटेबल ट्रस्ट रौणखर की ओर से आयोजित डोगरा क्रिकेट का प्रतियोगिता 2025 शिव भोलेनाथ की नगरी तलमेहडा के गांव वही ग्राउंड में खेला जा रहा है। प्रतियोगिता के दूसरे दिन शनिवार को डीहर पंचायत के पूर्व उप प्रधान एवं समाजसेवी गोपी राम शर्मा मुख्य अतिथि के रूम में उपस्थित रहे। इस मौके पर पर उनके साथ वाटरशेड के पूर्व चेयरमैन चरंजीलाल, रणवीर सिंह वीरू लंबरदार एवं कुलदीप सिंह ठाकुर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस मौके पर मुख्यातिथि एवं विशेष अतिथियों को फूलमालाएं पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

मुख्यातिथि शर्मा ने कहा कि नशे से न सिर्फ व्यक्ति को शारीरिक नुकसान होता है, बल्कि सामाजिक नुकसान भी होता है। वहीं क्रिकेट प्रतियोगिता में पहला मैच डीहर और नंदपुर के बीच हुआ। टॉस जीतकर डीहर ने फील्डिंग करने का निर्णय लिया।नंदपुर की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 104 रन बनाए। डीहर की टीम 9 ओवर में 102 रन पर वना कर आउट हो गई। इस मैच में नंदपुर मात्र दो रनों से जीत हासिल की। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार जट्ट को दिया गया।

वहीं दूसरा मैच घंडावल और अम्वेहडा के बीच खेला गया, जिसमें अम्वेहडा की टीम टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवर में 65 रन पर आउट हो गई। घंडावल की टीम 65 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए ।इस तरह घंडावल की टीम 66 रन से विजई हुई। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार विशाल को दिया गया।



## अनुराग का बयान दलित समाज का अपमान : कुलदीप

**अनंत ज्ञान, ऊना।** कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता, हिमाचल कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं वर्तमान में हिमाचल प्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष कुलदीप कुमार ने सांसद अनुराग ठाकुर द्वारा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पर लगाए गए आरोपों को दलित समाज के आत्मसम्मान पर सीधा हमला करार देते हुए इसे भाजपा की दलित विरोधी मानसिकता की परिचायक बताया है।



उन्होंने कहा कि यह बयान एक वरिष्ठ दलित नेता की छवि को धूमिल करने की सोची-समझी साजिश है। अनुराग का यह बयान भाजपा की उस मानसिकता को दर्शाता है जो आज भी दलित को उच्च पदों पर देखने से घबराती है। यह दलित समाज और हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों का अपमान है। कुलदीप ने अनुराग ठाकुर से बयान पर सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की।

# कुटलैहड़ के चुरड़ी स्कूल की स्थिति दयनीय

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक दविंद्र कुमार भुट्टो ने कहा कि कुटलैहड़ क्षेत्र के चुरड़ी स्कूल की स्थिति आज बेहद चिंताजनक हो चुकी है। यहां के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने में कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

इस क्षेत्र के लिए जो सबसे बड़ी चिंता का विषय है, वह है यहां शिक्षकों की भारी कमी। चुरड़ी स्कूल में प्रिंसिपल के अलावा कोई अन्य प्रवक्ता नहीं हैं, जिससे छात्रों को शिक्षा प्राप्त करने में भारी कठिनाइयां आ रही हैं। दविंद्र कुमार भुट्टो ने कहा कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल चुरड़ी में छठी से दसवीं तक 74 छात्र पढ़ाई कर रहे हैं, लेकिन इन 74 छात्रों के लिए अन्य 6 से 7 पोस्ट प्रवक्ताओं की सीटें खाली पड़ी हैं।

यह स्थिति शिक्षा के स्तर को प्रभावित कर रही है, क्योंकि एक प्रिंसीपल के लिए इतने सारे छात्रों को उचित शिक्षा देना लगभग असंभव है। इसके अतिरिक्त, स्कूल में पल्स-टू (12वीं) के 29 छात्र हैं, लेकिन वहां भी कोई प्रवक्ता नहीं है। ऐसे में सवाल उठता है कि इन छात्रों को उच्च शिक्षा किस तरह से प्राप्त होगी? भुट्टो ने कहा कि चुरडी स्कूल का भौगोलिक स्थान भी इस समस्या को और बढ़ा देता है। चुरडी स्कूल के पास 14 किलोमीटर के दायरे में कोई और स्कूल नहीं है, जहां अभिभावक अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दिलवा सकें।



- **पल्स टू में प्रिंसिपल के अलावा कोई प्रवक्ता नहीं : दविंद्र**
- **हाई में 74 और पल्स टू में 29 छात्र, लेकिन स्कूल में पढ़ाने वालों की पोस्ट खाली**

इस कारण बच्चों के पास अपने अध्ययन की बेहतर संभावनाओं का अवसर बहुत सीमित हो जाता है। ऐसे में शिक्षा की गुणवत्ता और पहुंच दोनों प्रभावित हो रही हैं। चुरडी क्षेत्र को पिछड़े क्षेत्रों में गिना जाता है, और यहां के लोग पहले से ही कई प्रकार की समस्याओं का सामना कर रहे हैं। भाजपा नेता दविंदर कुमार भुट्टो ने सुक्खू सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने 417 प्रवक्ताओं की नई नियुक्ति का ऐलान किया है, और प्रदेश में प्रवक्ताओं की नियुक्तियां भी हुई हैं। लेकिन इस योजना का असर चुरडी स्कूल पर बिल्कुल भी नहीं पड़ा।

इस क्षेत्र में एक भी प्रवक्ता की नियुक्ति नहीं की गई है। यह दिखाता है कि सरकार द्वारा की गई घोषणाओं का जमीनी स्तर पर असर नहीं हो पा रहा है। वहीं, स्कूल में क्लर्क की भी नियुक्ति नहीं है, जिसके कारण प्रशासनिक कार्यों में भी समस्या उत्पन्न हो रही है।

**तैयारी** हिमाचल दिवस पर ऊना स्कूल परिसर में होगा समारोह, उपायुक्त बोले-

# हिमाचल दिवस राज्य की विकास यात्रा का प्रतीक

**अनंत ज्ञान, ऊना**

हिमाचल दिवस के उपलक्ष्य में 15 अप्रैल को जिला स्तरीय समारोह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक छात्र विद्यालय, ऊना के प्रांगण में पूरे उत्साह और उल्लास के साथ आयोजित किया जाएगा। समारोह की तैयारियों को लेकर शनिवार को उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

उपायुक्त ने बताया कि 15 अप्रैल को मुख्यातिथि पूर्वाह्न 10.40 बजे एमसी पार्क स्थित शहीद स्मारक पर माल्यार्पण करेंगे। इसके उपरांत 11 बजे विद्यालय परिसर में ध्वजारोहण करेंगे तथा परेड निरीक्षण और मार्च पास्ट की सलामी लेने के उपरांत जिलावासियों को संबोधित करेंगे।

उन्होंने बताया कि परेड में पुलिस, होम गार्ड्स, एससीसी, एनएसएस, तथा स्काउट एवं गाइड्स के दल भाग लेंगे। इसके साथ ही विभिन्न सांस्कृतिक दलों एवं शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले कार्यक्रमों के माध्यम से हिमाचली संस्कृति की छटा और देशभक्ति की भावना का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा।


उपायुक्त जतिन लाल एवं अन्य अधिकारी बैठक करते हुए ।

उपायुक्त जतिन लाल ने कहा कि हिमाचल दिवस हमारे राज्य की गरिमा, एकता और विकास यात्रा का प्रतीक है। यह दिन हमें अपने गौरवशाली इतिहास को स्मरण करते हुए प्रदेश के प्रति अपने दायित्वों को पुन: दोहराने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने सभी विभागों को अपने दायित्वों के सम्यक निर्वहन को कहा।

बैठक का संचालन सहायक आयुक्त वरिंद्र शर्मा ने किया। इस अवसर पर एएसपी संजीव भाटिया, एसडीएम विश्वदेव मोहन चौहान सहित सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित रहे।

## विकास प्रदर्शनी और झांकियां बनेंगी आकर्षण

**प्रदेश** सरकार की कल्याणकारी योजनाओं पर आधारित झांकियों का भी प्रदर्शन किया जाएगा, जिनमें मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना, इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना, राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्टअप योजना सहित स्वास्थ्य, कृषि और शिक्षा से संबंधित योजनाएं प्रमुख रहेंगी। समारोह स्थल पर एक विकास प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी, जिसमें विभिन्न विभागों की उपलब्धियां व योजनाएं दर्शाई जाएंगी। साथ ही, स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं अपने उत्पादों के स्टॉल भी लगाएंगी।

# श्रीमद् भागवत कथा में भक्तों ने सुनी बाल कृष्ण लीलाएं

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा नायली क्षेत्र में चल रही श्रीमद् भागवत में कथा व्यास आचार्य नीरज शास्त्री जी बाल कृष्ण भगवान की अद्भुत लीलाओं का वर्णन कर रहे हैं। इन लीलाओं का गहरा अर्थ और दिव्य संदेश हर श्रोता के हृदय में एक अमिट छाप छोड़ता है।

एक विशेष प्रसंग में आचार्य जी ने बाल कृष्ण भगवान के गंगा तट पर घटित एक चमत्कारी लीला का वर्णन किया, जो आज भी भक्तों के दिलों में ताजगी और श्रद्धा का संचार करता है। आचार्य नीरज शास्त्री जी ने बताया कि एक बार माता यशोधा बाल कृष्ण को लेकर गंगा तट पर गईं। वहां भगवान ने अपने दिव्य रूप से माता को ऐसा अद्भुत दर्शन कराया कि वह स्वयं हैरान रह गईं। भगवान श्री कृष्ण ने अपने छोटे से मुख में समग्र ब्रह्मांड का दर्शन करवा दिया। इस अद्भुत दृश्य को देखकर माता यशोधा के दिल में एक नया विश्वास और श्रद्धा का संचार हुआ। वह समझ गईं कि उनका पुत्र केवल उनका प्यारा बालक नहीं, बल्कि वह स्वयं परमात्मा हैं, जिनके बिना संसार की कोई भी चीज संभव नहीं है।

आचार्य जी ने इस प्रसंग को सुनाते हुए कहा कि भगवान कृष्ण ने बाल रूप में अपनी दिव्यता का इतना भव्य रूप प्रकट किया कि उसे देखकर माता यशोधा भी अपने आप को भूल गईं। उनका विश्वास और आस्था भगवान पर और भी प्रगाढ़ हो गया। यह लीला केवल माता यशोधा के लिए ही नहीं, बल्कि सम्पूर्ण मानवता के लिए एक सीख है कि भगवान हमेशा भक्तों के करीब होते हैं और हर कठिनाई में उनका मार्गदर्शन करते हैं। आचार्य नीरज शास्त्री ने संदेश दिया कि जैसे भगवान ने अपनी लीला से माता यशोधा का मार्गदर्शन किया, वैसे ही हम सभी को भी भगवान की कृपा और आशीर्वाद की आवश्यकता है।

# भक्तों के दुख और तकलीफें हरती हैं विश्व प्रसिद्ध मां हिडिंबा

**कमलेश वर्मा, मनाली**

देवभूमि हिमाचल प्रदेश की पर्यटन एवं धार्मिक नगरी मनाली में माता हिडिंबा का प्राचीन मंदिर है। यह प्राचीन गुफा-मंदिर है, जो हिडिंबी देवी को समर्पित है इसका वर्णन महाभारत में भीम की पत्नी के रूप में मिलता है। हिडिंबा माता मंदिर पर्यटन नगरी मनाली में है।

यह प्राचीन गुफा-मंदिर है, जो हिडिंबी देवी को समर्पित है, जिसका वर्णन महाभारत में भीम की पत्नी के रूप में मिलता है। मंदिर में उकेरीं एक अभिलेख के अनुसार मंदिर का निर्माण राजा बहादुर सिंह ने 1553 ईस्वी में करवाया था।

पैगोड़ा की शैली में निर्मित यह मंदिर अत्यंत सुंदर है व मनाली शहर के पास पहाड़ी पर स्थित है। मनाली आने वाले





## जन्म से राक्षसी थीं, तपस्या और पतिव्रता धर्म से बनी देवी

हिडिंबा माता जन्म से राक्षसी थीं, लेकिन तपस्या और पतिव्रता धर्म से देवी मानी गईं। इन्हें कुल्लू के राज घराने की दादी भी कहा जाता है। वह हर साल देव महाकुंभ अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव में भाग लेती हैं। एक दिन पहले अपने मंदिर से लाव लश्कर के साथ कुल्लू के लिए रवाना हो जाती हैं। सात दिन तक ढालपुर स्थित अपने देव स्थल पर रहती हैं।

सैलानी माता हिडिंबा और उनके पुत्र घटोत्कच का आशीर्वाद जरूर लेते हैं। माता हिडिंबा भक्तों के दुख व तकलीफें हरती है। देवदार के पेड़ों से घिरे इस मंदिर की खूबसूरती हिमपात के बाद देखते ही बनती है।

**पर्यटन नगरी मनाली की आराध्य देवी :** माता हिडिंबा के पुजारी रमन शर्मा ने बताया कि मनु की नगरी मनाली में अनेक देव स्थान हैं, लेकिन इन्हीं में से एक माता हिडिंबा का मंदिर विशेष स्थान रखता है। माता हिडिंबा को पर्यटन नगरी मनाली की आराध्य देवी भी कहा जाता है। घाटी के लोगों की माता हिडिंबा के प्रति गहरी आस्था है।

### भीम से की थी शादी

कहा जाता है कि प्राचीन समय में माता हिडिंबा अपने भाई हिडिंब के साथ यहां रहती थीं, जो राक्षस थे। हिडिंब बहुत बलवान था और उसकी बहन हिडिंबा ने प्रण लिया था कि जो उनके भाई को पराजित करेगा, वह उससे शादी करेगी। पांडव अपने अज्ञातवास के दौरान मनाली में आए थे, तब भीम और हिडिंब में युद्ध हुआ था और इस युद्ध में हिडिंब मारा गया। इसके बाद हिडिंबा ने भीम से शादी की और उनका एक बेटा भी हुआ जो घटोत्कच कहलाया।

**बिना मूर्ति का है यह मंदिर, जहां होती है देवी के चरणों की पूजा**

यह जानकर हैरानी होगी कि इस मंदिर में देवी की कोई मूर्ति स्थापित नहीं है, बल्कि हिडिंबा देवी के पदचिन्हों की पूजा की जाती है। पैगोड़ा वास्तुकला मंदिर की खासियत है। लकड़ी से निर्मित इस मंदिर की चार छतें हैं। नीचे की 3 छतों का निर्माण देवदार की लकड़ी के तख्तों से हुआ है, जबकि ऊपरी चौथी छत तांबे एवं पीतल से बनी है। नीचे की छत सबसे बड़ी, दूसरी उससे छोटी, तीसरी उससे भी छोटी और चौथी सबसे छोटी है। इसकी सबसे छोटी छत एक कलश जैसी नजर आती है। करीब 40 मीटर ऊंचे शंकु के आकार में बने इस मंदिर की दीवारें पत्थर की हैं। प्रवेश द्वार और दीवार पर सुंदर नक्काशी की गई है। अंदर एक शिला को देवी का विग्रह रूप मानकर भी पूजा जाता है। हर साल ज्येष्ठ माह में यहां मेला लगता है। निकट ही भीम के पुत्र घटोत्कच का भी मंदिर है। (अनंत ज्ञान)

# कुल्लू-मनाली हाईवे पर टूटी सड़क की मरम्मत का कार्य शुरू



**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

कुल्लू-मनाली के बीच रायसन में नेशनल हाईवे पर टूटी हुई सड़क की मरम्मत शुरू हो गई है। हाईवे अथॉरिटी ने अब यहां कार्य शुरू कर दिया है। इस हाईवे पर 2023 में बाढ़ आने से सड़क का एक हिस्सा ढह गया था, जिससे कभी भी यहां हादसा हो सकता था।

बीते दिनों इसी जगह पर दो लोग अपनी जान गंवाने से बच गए थे। जब इस रोड को ठीक करने के लिए रेजिडेंट इंजीनियर अशोक चौहान से बात की गई थी तो उन्होंने तुरंत इस पर संज्ञान लेते हुए कार्य शुरू करवाया।

स्थानीय लोगों के साथ-साथ वाहन चालकों ने भी हाईवे ऑथोरिटी का धन्यवाद किया है। सड़क मुरम्मत से यात्रियों को राहत मिलेगी और इस क्षेत्र में यातायात सुचारु रूप से चलेगा। हाईवे अथॉरिटी ने इस कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया है।

# पतलीकूहल में दुर्गा अष्टमी रामनवमी मेले का आज होगा शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** रविवार को पतलीकूहल में दुर्गाष्टमी रामनवमी तीन दिवसीय मेले का शुभारंभ होगा। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता और पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर उपस्थित रहेंगे। इस मेले में आशिया ग्रुप पतलीकूहल व व्यापार मंडल पतलीकूहल मुख्य रूप से भूमिका निभाते हैं।

आशिया ग्रुप पतलीकूहल के प्रधान संजय अनुरूप ने जानकारी देते हुए कहा कि इस दिन पतलीकूहल की अधिष्ठाता देवी माता दुर्गा पतलीकूहल का चक्कर लगाती है, जिसके बाद मेले का शुभारंभ किया जाता है। इस मेले कि सांस्कृतिक संध्या में आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाते हैं। मेले की पहली सांस्कृतिक संध्या में प्रसिद्ध लोक गायक कुशल वर्मा और सुनीता भारद्वाज कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। मेले में बच्चों के लिए झूले खानपान का सामान भी उपलब्ध रहता है।

# भूमि सुपोषण एवं संरक्षण अभियान शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

भारतीय किसान संघ कुल्लू जिले ने बैठक करके पूरे जिले के सभी ग्राम समितियां में भूमि सुपोषण एवं संरक्षण अभियान जो 30 अप्रैल तक चलेगा, की शुरुआत शनिवार को बैठक करके की। बैठक में प्रांत संगठन मंत्री हरिराम ने बताया कि जरूरत से ज्यादा केमिकल खादों व कीटनाशकों का प्रयोग करके हमने भूमि को जहरीला बना दिया है, जिससे पैदावार भी कम हुई है और भूमि का उपजाऊपन भी गिर गया है। इसलिए भारतीय किसान संघ ने इस बात को महसूस किया कि किसानों को इस बारे में जागृत करने के लिए सूक्ष्म स्तर पर कार्य करने की जरूरत है, ताकि हमारा भोजन भी स्वस्थ हो और हमारा समाज भी सेहतमंद रहे।

बैठक में डॉक्टर शेर सिंह ने भी भूमि के सुपोषण एवं संरक्षण के ऊपर बोलते हुए कहा कि हमें प्राकृतिक खेती की तरफ ध्यान देने की जरूरत है और पारंपरिक खेती में आधुनिक खेती का मिश्रण जरूरी है, ताकि भूमि का उपजाऊपन भी बना रहे और हमें



**भारतीय किसान संघ जिला कुल्लू ने बैठक कर की शुरुआत**

स्वस्थ अनाज, सब्जियां और पानी मिलता रहे। जिला अध्यक्ष ऋषिराज राणा ने भी अपने विचार रखें उन्होंने कहा कि आजकल जिला कुल्लू में बिलासपुर लेह रेलवे लाइन की बुर्जियां लगाई जा रही हैं, इससे किसानों के विस्थापित होने तथा उनके उजड़ने की बहुत संभावना है।

भारतीय किसान संघ केंद्र सरकार से और रेल मंत्रालय से अनुरोध करता है कि इस मामले में जिला के किसानों के हित का पूरा-पूरा ध्यान रखा जाए। किसानों को उनकी जमीन के बदले में और उनके विस्थापन के बदले में उनकी जमीन का सही-सही मुआवजा दिया जाए ताकि किसान देशहित में इस रेलवे लाइन के लिए खुश होकर अपनी जमीन देने के लिए राजी हो।

बैठक में जिलेभर से प्रमुख कार्यकर्ता सुभाष ठाकुर, प्रेम सिंह, गैहर सिंह, पैना राम, हरिश्चंद्र राणा, फतेहचंद, ज्ञान सिंह, पूर्ण चंद, अमरचंद, रूपचंद, अमरनाथ, डिंपल ठाकुर, सीता ठाकुर, रीना शर्मा, इंदिरा शर्मा, संतोष शर्मा हंसराज हंसू, जितेंद्र, राजकुमार आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# स्पीति घाटी में पिछले दो दशक से बिजली की आंख-मिचौनी जारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

स्पीति घाटी में पिछले दो दशक से बिजली की आंख-मिचौनी जारी है। हालांकि स्पीति घाटी आज पर्यटन के लिहाज से विश्वविख्यात है, लेकिन बिजली जैसी मूलभूत सुविधा की कमी पर्यटन कारोबार पर प्रतिकूल असर डाल रहा है। केलांग वार्ड से जिप सदस्य कुंगा बौद्ध ने कहा कि स्पीति घाटी से कई लोग उन्हें रोजाना फोन करके इस मुद्दे को सरकार तक पहुंचाने की अपील कर रहे हैं।



उन्होंने कहा कि नेताओं की बड़ी-बड़ी कोरी घोषणाओं के बीच लोग मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। स्पीति से तालुक रखने वाले प्रेम सिंह ने कहा कि राजनेताओं की अदूरदर्शिता के कारण घाटी में यह समस्या जस का तस बना हुआ है। आज तक जिस भी पार्टी की सत्ता रही, स्पीति में केवल ठेकदारों प्रथा पर ही प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने कहा कि स्पीति घाटी में जल्द से जल्द एक माइक्रो हाइडल प्रोजेक्ट की जरूरत है। उधर, कुंगा बौद्ध ने कहा कि लोगों की समस्याओं को उन्होंने पत्र लिख कर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को भेजा है।

उन्होंने कहा कि घाटी की अन्य जन समस्याओं को लेकर जल्द एक प्रतिनिधि मंडल को लेकर शिमला रवाना हो रहे हैं। वहीं, स्पीति के पर्यटन कारोबारी जिगमेड, दोरजे, सोनम, हिशे ने कहा कि बिजली आपूर्ति सुचारु नहीं होने से जनरेटर के जरिए बिजली की कमी दूर करने को मजबूर हो रहे हैं। बिजली विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि स्पीति में सुचारु बिजली आपूर्ति के लिए विभाग प्रयासरत है।

# देनदारियों को देने के बारे में सरकार के ढुलमुल रवैये पर जताया कड़ा विरोध

**अनंत ज्ञान, मनाली**

सिविल पेंशनर्स एंड सोशल वेलफेयर एसोसिएशन नग्गर मनाली खंड की मासिक बैठक माता गायत्री के प्रांगण सभागार में वीर सिंह बोध प्रधान की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी के उपप्रधान व जिला प्रधान सेस राम ठाकुर, वरिष्ठ उपप्रधान गिरधारी लाल डोगरा, उपप्रधान मेंहदीरत्ता, जिला महासचिव मोहर सिंह सीस, कोषाध्यक्ष भादर चंद, संयुक्त सचिव पवन भल्ला, मोहिंदर सिंह डोगरा विशेष आमंत्रित अतिथि उपस्थित रहे। बैठक का संचालन खंड सचिव मेहर चंद ठाकुर ने किया।

बैठक गायत्री मंत्र के उच्चारण से शुरू हुई और शांतिपाठ से संपन्न हो गई। सभी प्रवक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए, जिसमें पेंशनरों की विभिन्न मांगों बारे विस्तृत जानकारी पेंशनरों को दी एवं सरकार द्वारा पहले ही स्वीकृत मांगों,देनदारियों को देने बारे ढुलमुल



सिविल पेंशनर्स एंड सोशल वेलफेयर एसोसिएशन नग्गर मनाली खंड की बैठक आयोजित।

रवैया अपनाने का कड़ा विरोध और निराशा व्यक्त करते हुए आगामी उचित समय पर रोष प्रकट करने बारे फैसला लिया तथा प्रदेश स्तर पर मामला उठाया जाएगा। मांगों में महंगाई रिलीफ की 3 किस्तें देने और उसका बकाया भुगतान, 2016 से पूर्व सेवानिवृत्त हुए पेंशनर्स का पेंशन भुगतान और 2016 से 2021 तक सेवानिवृत्त हुए पेंशनर्स का पेंशन बकाया, ग्रेच्युटी, कोमन्यूकेशन का भुगतान, लंबित चिकित्सा बिलों का भुगतान, संयुक्त सलाहकार समिति की बैठक का गठन करके मीटिंग बुलाने आदि बारे सरकार से आग्रह किया गया तथा चेतावनी भी दी गई कि पेंशनरों की मांगों को हलके से नहीं लिया जाए और पेंशनरों को कम आंकने की गलती न कर बैठना, उचित समय पर उचित कदम उठाएं जाएंगे। ऐसा फैसला सर्वसम्मति से खंड के सभी पदाधिकारियों और पेंशनर्स ने किया।

बैठक में संबोधन, वीर सिंह बोध प्रधान, मेंहदीरत्ता जिला उप प्रधान, गिरधारीलाल डोगरा, मोहिंदर सिंह डोगरा पूर्व प्रधान, ओम प्रकाश शास्त्री और अंत में प्रदेश उपप्रधान व जिला प्रधान सेस राम ठाकुर ने आगामी कार्यवाही बारे जानकारी साझा की।

# कुल्लू महाविद्यालय में आपदा प्रबंधन पर मॉकड्रिल से किया जागरूक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू महाविद्यालय में भूगोल तथा भू-विज्ञान विभाग द्वारा जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) कुल्लू के सहयोग से एकदिवसीय मॉकड्रिल एवं व्याख्यान सत्र का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम दोपहर 12.15 बजे प्रारंभ हुआ, जिसमें सबसे पहले कक्षा संख्या 202 एवं 205 (आट्र्स ब्लॉक) में परीक्षा समाप्ति के पश्चात छात्रों को भूकंप के दौरान 'ड्रॉप, कवर एंड होल्ड' अभ्यास की जानकारी दी गई एवं मॉक ड्रिल करवाई गई।

छात्रों को आपदा के समय सुरक्षित रहने के तरीके, त्वरित प्रतिक्रिया एवं सतर्कता के बारे में व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इसके पश्चात, एमए एवं बीए के विद्यार्थियों को कॉन्फ्रेंस रूम में दो महत्वपूर्ण व्याख्यान सुनने का अवसर प्राप्त हुआ। पहला व्याख्यान प्रो. स्नेह लता द्वारा दिया गया, जिसमें उन्होंने स्थानीय, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर आपदा प्रबंधन की विभिन्न संस्थाओं, उनकी संरचना और आपदा शमन में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला। वहीं, दूसरा व्याख्यान प्रो. शुभम दीप द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिसमें उन्होंने भूवैज्ञानिक आपदाओं तथा विज्ञान की भूमिका पर जानकारी दी। कार्यक्रम की विशेष अतिथि डॉ. सपना (भौतिकी विभाग) भी व्याख्यान में सम्मिलित हुईं।

उन्होंने भूकंप तथा अन्य प्राकृतिक आपदाओं को भौतिकी के दृष्टिकोण से समझाने पर एक संक्षिप्त चर्चा की, जिससे छात्रों को विज्ञान की महत्ता का बोध हुआ। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को विभिन्न आपदाओं, उनके जोखिम एवं बचाव उपायों से संबंधित पंपलेट्स और पुस्तिकाएं भी वितरित की गईं। इस आयोजन का उद्देश्य छात्रों को आपदाओं के प्रति जागरूक करना एवं आपदा की स्थिति में सुरक्षित रहना सिखाना था।

# श्रद्धालुओं ने किया श्रीराम का गुणगान

## कुल्लू में रामनवमी को लेकर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने निकाली शोभायात्रा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

देशभर में रामनवमी का त्योहार रविवार को धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। चैत्र नवरात्र के उपलक्ष्य पर सत्संग सभा कुल्लू में रामनवमी महोत्सव मनाया गया। कुल्लू में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। सत्संग सभा ने शनिवार को रामशिला स्थित हनुमान मंदिर से ढालपुर चौक तक शोभायात्रा निकाली।

सभा के अध्यक्ष राकेश कोहली और आयोजन से जुड़े क्षितिज ने बताया कि शोभायात्रा में शहर के जुड़े लोग हिस्सा लिया। जिला मुख्यालय में रामनवमी को लेकर विभिन्न धार्मिक संगठनों के द्वारा एक शोभायात्रा का आयोजन किया गया। यह शोभायात्रा जिला कुल्लू के मुख्यालय रामशिला से लेकर ढालपुर तक निकाली गई



और सैकड़ों लोगों के द्वारा इस शोभायात्रा में भगवान श्रीराम का गुणगान किया गया। ऐसे में जिले के विभिन्न मंदिरों में भी नवरात्र का आयोजन किया जा रहा है।

वहीं, रामनवमी को लेकर भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। इसमें सैकड़ो श्रद्धालुओं के द्वारा भजन-कीर्तन भी किया गया। रामशिला से लेकर ढालपुर तक इसका आयोजन किया गया और रविवार को भगवान रघुनाथ के मंदिर में भी रामनवमी को लेकर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि भगवान श्री राम आदर्श मूर्ति थे और आज भी लोग भगवान श्री राम के आदर्शों पर चल रहे हैं।

# नेपाली मूल के मजदूरों को टोकन जारी करेगी नगर परिषद मनाली

**अनंत ज्ञान मनाली**

नगर परिषद मनाली नेपाली मूल के मजदूरों को टोकन जारी करेगी। नप मनाली शहर में मजदूरों को बैठने के लिए जगह भी चिन्हित करेगी। नगर परिषद नेनेपाली मूल प्रवाह एकता समाज को पत्र लिखकर नप सहयोग देने की बात कही है। मनाली शहर में पिछले कुछ समय से नेपाली मूल के मजदूरों की संख्या अधिक बढ़ गई है। पिछले कुछ समय से मनाली में चोरी, डकैती तथा अपराध की घटनाओं में बढ़ोतरी हुई है।

इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए नप मनाली ने व्यवस्था सुधारने की सराहनीय पहल की है। नप मनाली ने नेपाली एकता समाज से आग्रह किया है कि सभी नेपाली मजदूरों का मनाली थाने में पंजीकरण अवश्य करवाएं। नेपाली मूल प्रवाह एकता समाज के अध्यक्ष साईला लामा ने बताया कि नगर परिषद की ओर से पत्र मिला है। पत्र में नप ने सहयोग की बात कही है। लामा ने बताया कि संगठन की ओर से नप मनाली का हरसंभव सहयोग किया जाएगा।

**शहर में मजदूरों को बैठने के लिए चिन्हित की जाएगी जगह**

**नेपाली मूल प्रवाह एकता समाज को पत्र लिखकर नप ने मांगा सहयोग**

> पिछले कुछ समय से मनाली में नेपाली मूल के मजदूरों की संख्या मे भारी बढ़ोतरी हुई है। बढ़ती संख्या से शहर में अपराध की घटनाएं भी बढ़ी है। सभी बातों को ध्यान में रखते हुए बाहरी व्यक्तियों का पंजीकरण करवाना जरूरी है। पंजीकृत सभी मजदूरो को नप की ओर से टोकन जारी किया जाएगा। इन मजदूरों को बैठने के लिए जगह चिन्हित की जा रही है। जल्द ही इनके बेठने की व्यवस्था की जाएगी।
>
> **-मनोज लारजे, अध्यक्ष नप मनाली**

**दादागिरी** पर्यटकों से मारपीट का वीडियो हुआ वायरल

# पुलिस ने तीन व्यक्तियों पर की कार्रवाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

लाहौल-स्पीति जिले के सिस्सू स्थित पागलनाला के पास कुछ पर्यटकों के बीच मारपीट हुई है। मारपीट का एक वीडियो भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर खूब वायरल हो रहा है। जिला पुलिस सोशल मीडिया सैल कार्यालय पुलिस अधीक्षक के संज्ञान में आते ही इस संबंध में प्रभारी पुलिस थाना केलांग और प्रभारी पुलिस चौकी कोकसर को स्थान एवं वीडियो में दिख रहे व्यक्तियों की पहचान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जांच के दौरान यह वीडियो तीन दिन पुराना एवं जिप लाइन क्षेत्र, सिस्सू (पागल नाला) के समीप का पाया गया।

वीडियो में दिख रहे तीनों व्यक्ति जिप लाइन में कार्यरत कर्मचारी पाए गए, जिनमें 2 व्यक्ति नेपाली मूल के और एक व्यक्ति जिला मंडी का पाया गया, जिनकी पहचान निम्नानुसार की गई है। इनमें ओम बहादुर परियार पुत्र रिशु शर्मा, गांव विशाल बाजार, वार्ड नं. 9, जिला बगलुंग, मूल निवासी नेपाल व उम्र 22 वर्ष, पेमा शेर्पा, पुत्र पासाङ शेर्पा, वार्ड नं. 7, वीडीसी जैमरे, जिला सिन्धुपालचोक, मूल निवासी नेपाल व उम्र 25 वर्ष व यांसुल, पुत्र गोविंद, गांव शिलादस्त, डॉ. यहला, तहसील औट जिला मंडी व उम्र 19 वर्ष।

पुलिस उपअधीक्षक जिला मुख्यालय लाहौल-स्पीति राजकुमार ने बताया कि अब तक किसी भी पक्ष द्वारा पुलिस को कोई लिखित शिकायत प्राप्त नहीं हुई है, लेकिन जिला पुलिस द्वारा उपरोक्त तीनों व्यक्तियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई नियमानुसार अमल में लाई जा रही है तथा पर्यटकों की पहचान हेतु जिला पुलिस सोशल मीडिया सैल, प्रभारी पुलिस थाना केलांग एवं प्रभारी पुलिस चौकी कोकसर द्वारा संपर्क किया जा रहा है। जिला पुलिस द्वारा पीए सिस्टम के माध्यम से लगातार स्थानीय लोगों एवं पर्यटकों से अपील की जा रही है कि वे किसी भी स्थिति में नदी और नालों के समीप न जाएं तथा किसी भी तरह के दुर्व्यवहार के संबंध में तुरंत पुलिस को सूचित करें।

**डंडों से टूरिस्ट को पीट रहे कुछ लोग :** वीडियो में देखा जा सकता है कि कुछ लोग स्नो-ड्रेस पहने पर्यटकों को डंडों के साथ पीट रहे हैं। मौके पर मौजूद एक महिला टूरिस्ट बचाव के लिए जोर-जोर से चिल्लाती नजर आ रही हैं। कुछ लोग झगड़ा रोकने की कोशिश कर रहे हैं।

## नाबालिगा से दुष्कर्म का आरोपी भेजा कंडा जेल

**अनंत ज्ञान आनी।** पुलिस थाना निरमंड के अंतर्गत सराहन पंचायत के एक गांव में गत दिवस छठी कक्षा में पढ़ने वाली एक 11 वर्षीय नाबालिग से बहला फुसलाकर दुष्कर्म करने के आरोपी को न्यायिक हिरासत में कंडा जेल भेज दिया गया है। डीएसपी आनी चंद्रशेखर कायथ ने बताया कि दुष्कर्म आरोपी 41 वर्षीय परमा नंद उर्फ रघू पुत्र समतू राम निवासी झलेर को पुलिस ने सीजीएम कोर्ट किन्नौर पेश किया था, जहां से उसे 5 दिन के पुलिस रिमांड के बाद आगामी ज्यूडीशियल रिमांड पर कंडा जेल भेज दिया है। डीएसपी आनी चंद्रशेखर कायथ ने कहा कि आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 65-2,333 व पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया था और उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे 5 दिनों के ज्यूडिशियल रिमांड पर भेजा गया है।

# सेवानिवृत्त कर्मियों से सरकार कर रही भेदभाव : शर्मा

**अनंत ज्ञान, मनाली।** जिला कुल्लू नगर निकाय कर्मचारी एवं अधिकारियों की बैठक नगर पालिका सेवानिवृत्त महासभा हिमाचल प्रदेश के महासचिव प्रभु दयाल शर्मा की उपस्थिति में संपन्न हुई। जिला कुल्लू महासंघ ने उनका प्रदेश सचिव बनने पर स्वागत किया। बैठक में प्रदेश महासचिव ने बताया कि सरकार द्वारा नगर पालिका कर्मचारियों के साथ भेदभावपूर्ण रवैया अपनाया जा रहा है। वर्तमान में कार्यरत अधिकारियों कर्मचारियों के वर्ष 1. 1. 2016 से छठे वेतन का लाभ दिया जा रहा है और सरकार द्वार समय पर दिए जाने वाले लाभ महंगाई भत्ते भी दिए जा रहे हैं परंतु सेवानिवृत्त कर्मचारी को इसके लाभ से वंचित किया जा रहा है।

प्रदेश महासचिव प्रभु दयाल शर्मा ने कहा कि यदि सरकार शीघ्र अति शीघ्र नगर निकाय सेवनिवृत्त कर्मचारियों के लिए उनको दिए जाने वाले लाभ के लिए विभाग को अधिसूचन जारी नहीं करेगा तो महासंघ सड़कों पर उतरने को विवश होगा।

# केलांग स्कूल में नशे के दुष्प्रभावों के बारे में छात्रों को किया जागरूक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

लाहौल-स्पीति पुलिस की ओर से जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति जिला के लोगों को नशे से दूर रखने और जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को उप पुलिस अधीक्षक राजकुमार मुख्यालय केलांग एवं उनकी टीम जिसमें प्रभारी पुलिस थाना केलांग जवाल सिंह तथा महिला अन्वेषण अधिकारी माया शामिल रहे।

इस मौके पर इनके द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय केलांग में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 60 विद्यार्थी एवं 20 से 30 शिक्षक व अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उपपुलिस अधीक्षक द्वारा विद्यार्थियों को नशीले पदार्थों जैसे चिट्टा, हेरोइन आदि के दुष्प्रभावों की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने नशीले पदार्थों की पहचान, उनके सेवन के लक्षण, स्वास्थ्य एवं सामाजिक नुकसान तथा इससे बचाव के उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला, साथ ही छात्रों को एनडीपीएस एक्ट के बारे में भी अवगत करवाया गया। पुलिस विभाग ने यह भी अपील की कि यदि किसी को क्षेत्र में नशा बेचने या सेवन करने वालों की जानकारी हो, तो वह पुलिस को निसंकोच सूचित करें। जानकारी देने वाले व्यक्ति की पहचान पूर्ण रूप से गोपनीय रखी जाएगी। साथ ही प्रभावशाली व गोपनीय जानकारी देने वालों को पुलिस द्वारा सम्मानित भी किया जाएगा।

जिला पुलिस लाहुल-स्पीति नशे के विरुद्ध पूरी तरह सतर्क एवं प्रतिबद्ध है तथा समाज के सभी वर्गों से सहयोग की अपेक्षा करती है। सनद रहे कि प्रदेश सरकार एवं पुलिस मुख्यालय शिमला के दिशा-निर्देशों के अनुरूप, जिला लाहौल-स्पीति में राजपत्रित पुलिस अधिकारियों द्वारा विभिन्न सरकारी विद्यालयों को गोद लिया गया है, ताकि स्कूली स्तर पर ही नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया जा सके।

# पानी की दरें नहीं घटीं तो पड़ेगा आर्थिक बोझ

## वित्तीय बजट में पानी बिल की चार गुना वृद्धि के प्रस्ताव को लेकर असमंजस की स्थिति

**आर मोहन चौहान, सोलन**

प्रदेश सरकार की तरफ से नगर निगम सोलन और पालमपुर नगर निगम को जलशक्ति विभाग से मिल रहे पानी की दरों में करीब चार गुना बढ़ोतरी के प्रस्ताव को लेकर अभी भी असमंजस की स्थिति बनी हुई है। सरकार ने पानी की दरों को 27.71 रुपए प्रति किलो लीटर से बढ़ाकर 100 रुपए किए जाने का निर्णय लिया है।

शनिवार को सोलन पहुंचे प्रदेश सरकार में जल शक्ति का जिम्मा संभाल रहे उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री भी इस मुद्दे को लेकर कोई खास प्रतिक्रिया नहीं दे पाए। मीडिया के प्रश्न पर अग्निहोत्री ने इतना जरूर कहा कि इसका कुछ न कुछ समाधान किया जाएगा। नगर निगम के पार्षदों और भाजपा के विरोध के बावजूद सरकार मामले को लेकर गंभीर नहीं लग रही है। हालांकि स्थानीय कांग्रेस नेता भी पानी के बिलों की दरों की बढ़ोतरी को वापस लेने के पक्ष में हैं। जलशक्ति विभाग का मंत्रालय संभाले उपमुख्यमंत्री मामले को लेकर खुद ही आश्वस्त नहीं है।



**बढ़ोतरी का चौतरफा विरोध :** सरकार की तरफ से पानी की दरों में की गई बढ़ोतरी को लेकर घमासान मचा हुआ है। इस निर्णय का अब चौतरफा विरोध होने लगा है। एक तरफ नगर निगम के पार्षदों ने इस प्रस्ताव को वापस लेने की मांग की है।

निर्णय के खिलाफ भाजपा ने सोलन में हस्ताक्षर अभियान चलाकर लोगों का समर्थन जुटाया। राज्यपाल को ज्ञापन भी भेजा, बावजूद इसके कुछ नहीं हुआ। इसके बाद सरकार कई बार कैबिनेट की बैठक कर चुकी है, पर निर्णय की नोटिफिकेशन वापस नहीं ली। हालांकि नगर निगम सोलन ने हाउस में प्रस्ताव पारित कर राज्य सरकार से निर्णय वापस लेने का आग्रह किया है। यदि सरकार अपने निर्णय पर अड़िग रही तो नगर निगम सोलन के अंतर्गत आने वाले सोलन के निवासियों को मासिक पानी के बिलों में लगभग चार गुना वृद्धि का सामना करना पड़ेगा। संशोधित दर 27.71 रुपए प्रति किलो लीटर से बढ़कर नगर निगम (एमसी) के अंतर्गत आने वाले सोलन के निवासियों को राज्य सरकार द्वारा दरों में वृद्धि के बाद अपने मासिक पानी के बिलों में लगभग चार गुना वृद्धि का सामना करना पड़ेगा। संशोधित दर 27.71 रुपए प्रति किलो लीटर से बढ़कर 100 रुपए पीकेएल हो गई है, जो जनता के लिए एक झटका है।

हालांकि यह वृद्धि नागरिक निकाय चुनावों के दौरान किए गए पहले के वादे के विपरीत है, जिसमें प्रति घर 100 रुपए की रियायती दर पर पानी की आपूर्ति की गई थी। सोलन वासियों को अभी तक नई दरों को दर्शाते हुए बिल नहीं मिले हैं, लेकिन वित्तीय वर्ष में निगम इससे लागू करने को बाध्य हो जाएगी। जल शक्ति विभाग ने 21 सितंबर 2024 को जारी एक अधिसूचना के माध्यम से सोलन और पालमपुर एमसी के लिए यह मूल्य वृद्धि शुरू की, जब राज्य सरकार ने पूरे राज्य में पानी के शुल्क में संशोधन किया।

इन दोनों नगर निकायों में जेएसडी द्वारा पानी की आपूर्ति की जाती है, इसलिए उन पर बढ़े हुए शुल्क लगाए गए हैं, जबकि अन्य नगर निकाय अपनी जलापूर्ति का प्रबंधन स्वयं करते हैं। नतीजतन, नवंबर, 2024 से जेएसडी से पानी के लिए शुल्क में काफी वृद्धि हुई है, जिससे पहले से ही आर्थिक रूप से बोझिल एमसी पर और अधिक दबाव बढ़ गया है, जो 107 करोड़ रुपए से अधिक के कर्ज में है। बढ़ी हुई दरों ने नगर निगम की मासिक जलापूर्ति लागत में काफी वृद्धि की है। उदाहरण के लिए, गिरि योजना से लिए जाने वाले पानी का मासिक शुल्क 50.36 लाख रुपए से बढ़कर 2.04 करोड़ रुपए हो गया है और अश्वनी योजना से यह 16.64 लाख रुपए से बढ़कर 55 लाख रुपए हो गया है। ये नई दरें अक्तूबर 2024 से उपभोक्ताओं को दी जाने वाली हैं। (अनंत ज्ञान)

> प्रदेश सरकार की तरफ से पानी की दरों में बढ़ोतरी को फिलहाल नगर निगम द्वारा वहन किया जा रहा है। पार्षदों द्वारा सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित कर राज्य सरकार से संशोधित दरों को वापस लेने का आग्रह किया गया है।
> -उषा शर्मा, मेयर सोलन नगर निगम

### अनावश्यक बोझ डाला : गुप्ता

भाजपा पार्षद शैलेंद्र गुप्ता ने कहा कि सितंबर 2024 में अधिसूचना जारी होने के बावजूद उन्हें संशोधित शुल्कों के बारे में सूचित नहीं किया गया। गुप्ता ने इन बढ़े हुए शुल्कों को अत्यधिक करार देते हुए कहा कि सोलन निवासियों पर अनावश्यक बोझ डाला गया है।

## अफीम की अवैध खेती करने पर एक गिरफ्तार



**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** पुलिस थाना माजरा की एक टीम को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि जाफर अली पुत्र अकबर अली निवासी गांव गुलाबगढ़ डाकघर कोटडी ब्यास पांवटा साहिब, जिला सिरमौर ने अपनी मलकियती जमीन में अफीम की खेती उगा रखी है। इस सूचना पर पुलिस टीम ने मौका पर दबिश दी। मौका पर जाफर अली उपरोक्त के घर के पिछली तरफ खेत में अफीम के पौधे डोडे सहित खेत में उगे पाए गए तथा मौका पर जाफर अली पुत्र अकबर अली निवासी गांव गुलाबगढ़, डा. कोटडी ब्यास, तहसील पांवटा साहिब जो कि घर पर ही उपस्थित था, पौधों को गिनती करने पर कुल 805 पौधे अफीम के पाए गए। इनको मौका पर ही नष्ट किया गया। आरोपी जाफर अली के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया है।

## पुरुवाला पुलिस ने 2 मोटरसाइकिल चोर पकड़े



**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** रामपुरघाट से मोटरसाइकिल नं. यूपी 11बीपी -0379 की चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी गंगेश्वर उर्फ रिशु पुत्र सुरेश कुमार निवासी फतेहपुर डा. माजरा तहसील पांवटा साहिब व उम्र 27 साल व सुरजीत सिंह उर्फ पोंपी पुत्र ज्ञान चंद निवासी जगतपुर डा. माजरा तह. पांवटा साहिब को पुलिस थाना पुरुवाला की टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया तथा चोरी किए मोटरसाइकिल को भी बरामद किया गया है, जिनका पुलिस हिरासत रिमांड हासिल किया गया है तथा दोनों आरोपियों से पूछताछ जारी है।

## परवाणू में झुग्गियों में लगी आग, पाया काबू

**अनंत ज्ञान, परवाणू।** परवाणू में काली मिट्टी के पास रेलवे ट्रैक के ऊपर स्थित झुग्गियों में अचानक आग लग गई। यह झुग्गियां हिमुडा द्वारा एक-दो दिन पहले ही खाली करवाई गई थीं। आग की लपटें इतनी तेजी से फैलीं कि नीचे की ओर स्थित झुग्गियों में भी आग लग गई। मौके पर स्थानीय लोगों और फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया।

## क्रिकेट अकादमी सराहां में आज होंगे ट्रायल

**अनंत ज्ञान, सराहां।** क्रिकेट अकादमी सराहां में नए सेशन 2025/26 के लिए 8 से 16 वर्ष की आयु के ट्रायल 6 अप्रैल को होंगे। अकादमी के कोच सुरेंद्र ठाकुर व राजेश कुमार ने बताया कि जो खिलाड़ी इस ट्रायल में भाग लेना चाहते हैं, वे 6 अप्रैल सुबह 11 बजे सराहां क्रिकेट अकादमी में भाग ले सकते हैं, जो कि हिमाचल के मूल निवासी होने चाहिएं। इस में रजिस्ट्रेशन फीस 1000 तथा तीन महीने की फीस 1200 रुपए जो कि कुल 2200 रुपए जमा करने होंगे। लड़कियों ओर बीपीएल को केवल रजिस्ट्रेशन फीस 1000 रुपए सिर्फ एक बार जमा करने है। अकादमी के कोच सुरेंद्र ठाकुर ने बताया कि अब तक सराहां क्रिकेट अकादमी से चार बच्चे नेशनल तथा 18 बच्चे डिस्ट्रिक्ट खेल चुके हैं। आज कल की युवा पीढ़ी को मोबाइल फोन और नशे से अगर बचाना है तो बच्चों को खेलों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।

## माता पद्मावती कॉलेज ऑफ नर्सिंग का परिणाम उत्कृष्ट



**अनंत ज्ञान, नाहन।** माता पद्मावती कॉलेज की प्राचार्या रीजी गीवर्गीज ने बताया कि हमें यह बताते हुए अत्यंत गर्व हो रहा है कि माता पद्मावती कॉलेज ऑफ नर्सिंग नाहन की प्रथम वर्ष की छात्रा काजल ने हिमाचल प्रदेश में सातवां स्थान प्राप्त कर पूरे संस्थान को गौरवान्वित किया है। इतना ही नहीं, इस वर्ष कॉलेज के प्रथम वर्ष के सभी विद्यार्थियों ने परीक्षा में सफलता प्राप्त की, जिससे परिणाम शत-प्रतिशत रहा। कॉलेज की प्राचार्या रीजी गीवर्गीज, समस्त फैकल्टी और कॉलेज चेयरमैन अनिल जैन व कॉलेज सेक्रेटरी सचिन जैन ने काजल को इस शानदार उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दीं और अन्य विद्यार्थियों को भी इसी प्रकार कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि माता पद्मावती कॉलेज ऑफ नर्सिंग लगातार गुणवत्तापूर्ण नर्सिंग शिक्षा देने के लिए संकल्पबद्ध है और आने वाले समय में भी इसी तरह प्रदेश व राष्ट्र में उत्कृष्टता की नई ऊंचाइयां छूने का प्रयास करता रहेगा।

## साईं संजीवनी जीएनएम का परीक्षा परिणाम सराहनीय

**अनंत ज्ञान, सोलन।** साईं संजीवनी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में जीएनएम नर्सिंग कोर्स के प्रथम वर्ष की परीक्षा में सभी छात्राएं उत्तीर्ण हुई हुई। सभी छात्राओं ने अच्छे अंक लेकर अपनी पहले वर्ष की परीक्षा पास की। डॉ. सविता अग्रवाल ने बताया कि सभी छात्राओं ने जी-तोड़ मेहनत करके तथा संस्थान में शिक्षकों के प्रयास के चलते सभी ने आज सफलता हासिल की है। डॉ. संजय अग्रवाल निर्देशक ने भी सभी छात्रों को बधाई दी तथा आगे बढ़-चढ़कर इस प्रयास को कायम रखने की कामना करते हुए भगवान का धन्यवाद किया।

## धैर्य ने नेशनल स्कॉलरशिप परीक्षा की उत्तीर्ण



**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय माध्यमिक विद्यालय सेरा के एक विद्यार्थी धैर्य ने नेशनल मीन्स-कम-मेरिट स्कॉलरशिप परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। उन्होंने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने अध्यापकों और माता-पिता को दिया है। धैर्य की यह उपलब्धि न केवल उनके लिए, बल्कि उनके स्कूल और क्षेत्र के लिए भी गर्व की बात है। अध्यापिका ज्योति महाजन ने बताया कि एनएमएमएस परीक्षा में चयनित होने पर छात्रों को प्रति वर्ष 12,000 रुपए की छात्रवृत्ति दी जाती है। सेरा विद्यालय के अध्यापको में सुनील कुमार,ज्योति महाजन,दिनेश और दीक्षा ने धैर्य को इस उपलब्धि पर बधाई दी है। अध्यापकों ने कहा कि धैर्य की यह उपलब्धि अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत होगी।

## अष्टमी पर सोलन में खूब रही धूम

**अनंत ज्ञान, सोलन।** चैत्र नवरात्र की अष्टमी को सोलन में धूमधाम से मनाया गया। जहां मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा, वहीं माता की भक्तजनों ने कंजक पूजन कर व्रत का उद्यापन किया। शहर के मां शूलिनी मंदिर में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने माथा टेककर आशीर्वाद लिया। जिले के अन्य देवी मंदिरों में भी माता दुर्गा का विधि-विधान के साथ पूजा हुई।

मंदिरों के बाहर भक्तों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। शहर के प्राचीन मंदिर मां शूलिनी मंदिर, मां शूलिनी पीठ्म और मां दुर्गा माता मंदिर में भी श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। मंदिर के बाहर श्रद्धालुओं को प्रसाद बांटा गया। मां शूलिनी मंदिर में भी प्रसाद वितरित किया गया। काफी संख्या में भक्तों ने माता के दर्शन करने के बाद प्रसाद ग्रहण किया। इसके अलावा देवी मंदिरों में इन दिनों माता की चौकी, जागरण, भजन-कीर्तन का आयोजन हो रहा है। देवी मां की आराधना कर भक्त माता रानी को प्रसन्न करने के लिए अपने घरों में भी पूजा कर रहे हैं।

## पांवटा साहिब थाना में दर्ज विभिन्न अभियोगों में 3 को किया गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** थाना पांवटा साहिब व साइबर सैल सिरमौर की एक टीम ने गत माह पांवटा साहिब में हुई चोरियों की वारदातों को अंजाम देने वाले तीन शातिर चोरों, हमजा पुत्र जावेद निवासी सहारनपुर व उम्र 18 साल, साबिर पुत्र इरशाद निवासी विकास नगर व उम्र 20, इस्माइल निवासी सहारनपुर व उम्र 21 साल को सहारनपुर उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया है, जिससे चोरीशुदा 2 कार व नकदी भी बरामद की गई है। पकड़े गए चोरों से पूछताछ की जा रही है, जबकि अभियोगों में अभी अन्वेषण जारी है।

**शातिरों पर चोरी का है आरोप**

## नगर परिषद नाहन के तीन पार्किंग स्थल 24 लाख में हुए नीलाम

**अनंत ज्ञान, नाहन**

नगर परिषद नाहन ने शहर में 3 पार्किंग स्थलों को 24 लाख रुपए में नीलाम कर दिया। नगर परिषद द्वारा 4 पार्किंग स्थलों की नीलामी रखी गई थी, लेकिन नीलामी कार्यक्रम में एचआरटीसी वर्कशॉप के नजदीक बनी नई पार्किंग की नीलामी नही हो सकी। नगर परिषद की पक्का टैंक पार्किंग 16.72 लाख, शिमला रोड पार्किंग 4.20 लाख व मोहल्ला ढाबों पार्किंग 3.12 लाख में नीलाम हुई है।

पार्किंग फीस के जारी शेड्यूल के अनुसार पार्किंग के कवर्ड एरिया में 1500 रुपए, ओपन एरिया में 1200 रुपए जीएसटी समेत प्रति माह वाहन पार्ककरने के रखे गए हैं। इसी कड़ी में 20 रुपए 2 घंटे, 30 रुपए 6 घंटे, 50 रुपए 12 घंटे व 80 रुपए 24 घंटे की पार्किंग के वसूले जाएंगे ताकि ठेकेदार ज्यादा वसूली न कर सकें। नगर परिषद ने वाहन मालिकों के हितों को देखते हुए ठेकेदारों को मनमर्जी की वसूली पर लगाम कसने के इरादे से पार्किंग की दरें पहले ही तय कर दी थी। इसके लिए सदन में पारित हुए प्रस्ताव की शहर के वाहन मालिकों ने सराहना की है।

नगर परिषद के उपाध्यक्ष अविनाश गुप्ता ने बताया कि 4 पार्किंग स्थलों की नीलामी रखी गई थी। 3 स्थलों को नीलामी हुई है। एक स्थल की पार्किंग नहीं हो सकी। सदन ने पहले ही पार्किंग की दरें तय कर दी थीं। ठेकेदार अब मनमाने दाम नही वसूल पाएंगे। सड़कों के आसपास पार्क हो रहे वाहन जो परिषद को फीस दे रहे हैं, वे भी सड़कों से हटेंगे। इन वाहनों को पार्किंग में खड़ा करना होगा। अब दाम कम कर दिए हैं।

## शूलिनी विवि ने टेकफेस्ट 'ग्लिच' के दूसरे संस्करण की मेजबानी की

# हैकथॉन में टीम हशेड कोडर्स बनी अव्वल

**अनंत ज्ञान, सोलन**



शूलिनी विश्वविद्यालय में योगानंद स्कूल ऑफ एआई, कंप्यूटर्स और डेटा साइंस ने स्प्रिंग फेस्ट के हिस्से के रूप में अपने वार्षिक टेकफेस्ट, ग्लिच के दूसरे संस्करण का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन शूलिनी विश्वविद्यालय के अध्यक्ष और मुख्य नवाचार और विपणन अधिकारी प्रो. आशीष खोसला, मेलबर्न विश्वविद्यालय के ग्लोबल एजुकेशन स्ट्रैटेजी के निदेशक डॉ. डेविड, मेलबर्न विश्वविद्यालय के प्रो. रोज ब्रायंट स्मिथ और लेखक नितीश भूषण की उपस्थिति में हुआ।

सहायक प्रोफेसर डॉ. पीयूष सेवल उत्सव के संकाय समन्वयक थे। डॉ. पीयूष ने बताया कि इस कार्यक्रम में पांच गेमिंग प्रतियोगिताएं और 24 घंटे का कोडिंग हैकथॉन शामिल था। ई-स्पोर्ट्स सेगमेंट में बीजीएमआई, फ्री फायर, फीफा और वैलोरेंट जैसे लोकप्रिय गेम शामिल थे, जिसमें शूलिनी विश्वविद्यालय और अन्य संस्थानों के 100 से अधिक छात्रों ने भाग लिया।

हैकाथॉन में 13 टीमों के 35 से अधिक कोडर्स ने भाग लिया, जिन्होंने दो स्क्रीनिंग राउंड के बाद क्वालिफाई किया। अंतिम राउंड 24 घंटे तक चला, जिसके दौरान टीमों ने 18 घंटे से अधिक समय तक कोडिंग समाधानों पर काम किया। हैकाथॉन के जज शूलिनी विश्वविद्यालय के संकाय सदस्य डॉ. अभिषेक तोमर, डॉ. वलीद सालेही, गौरव धीमान और नितेश शर्मा थे।

पुरस्कार वितरण के मुख्य अतिथि शूलिनी विश्वविद्यालय के मुख्य शिक्षण अधिकारी डॉ. आशू खोसला, शूलिनी विश्वविद्यालय में योगानंद स्कूल ऑफ एआई, कंप्यूटर और डेटा साइंस के प्रमुख डॉ. पंकज वैद्य थे। हैकथॉन में टीम हशेड कोडर्स ने पहला पुरस्कार जीता, ई-स्पोर्ट्स इवेंट्स में, टीम टीएसजी ने बीजीएमआई टूर्नामेंट जीता, पिक्सेल प्रॉलर्स ने वेलोरेंट टूर्नामेंट जीता, मिस्टर जॉन ने फीफा टूर्नामेंट जीता।

## पूरे प्रदेश में लागू होगा वन अधिकार नियम : नेगी

**अनंत ज्ञान, सोलन**

राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास एवं जन शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि वन अधिकार अधिनियम, 2006 एक ऐतिहासिक एवं प्रगतिशील अधिनियम है। जगत सिंह नेगी वन अधिकार अधिनियम, 2006 (एफआरए) पर आयोजित कार्यशाला एवं जन संवाद की अध्यक्षता की।

एकदिवसीय मंडल स्तरीय कार्यशाला एवं जन संवाद का आयोजन जनजातीय विकास विभाग के सौजन्य से किया गया। कार्यशाला में विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार तथा कसौली के विधायक विनोद सुल्तानपुरी विशेष रूप से उपस्थित रहे। राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने



कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य लंबे समय से वन भूमि पर जीवन यापन करने वाले नागरिकों को भूमि का मालिकाना हक देना है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार वन अधिकार अधिनियम को पूरे प्रदेश में लागू करने जा रही है।

कार्यशालाओं के माध्यम से इस अधिनियम के बारे में लोगों को जागरूक किया जा रहा है ताकि पात्र लोगों को इसका लाभ मिल सके। कार्यशाला में शिमला, सोलन, सिरमौर तथा किन्नौर ज़िला के पंचायतीराज संस्थानों के प्रतिनिधियों, अधिकारियों व गैर सरकारी संगठनों के लगभग 300 प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

इस अवसर पर डॉ. यशवन्त सिंह परमार वानिकी एवं बागवानी विश्वविद्यालय नौणी के कुलपति डॉ. राजेश्वर चंदेल, उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप, उपायुक्त सिरमौर सुमित खिमटा, उपायुक्त किन्नौर डॉ. अमित कुमार शर्मा, जनजातीय विकास विभाग के संयुक्त सचिव डॉ. विक्रम सिंह नेगी, जनजातीय विकास विभाग के संयुक्त निदेशक कैलाश चौहान सहित ज़िला सोलन, सिरमौर, शिमला तथा किन्नौर के ज़िला परिषद समिति के सदस्य, विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## शूलिनी मंदिर में माता कालरात्रि नवरात्र का पाठ

**अनंत ज्ञान, सोलन।** चैत्र शुक्ल नवरात्र के मां दुर्गा के माता दुर्गा के सप्तम स्वरूप मां कालरात्रि का शूलिनी मंदिर सोलन में नवरात्र उत्सव मंडल व नव दुर्गा संकीर्तन मंडल के सदस्य ने मां की आराधना की व मधुर भजन गए। मंडल के सदस्य व समाजसेवी मुकेश गुप्ता ने माता कालरात्रि के बारे में संक्षिप्त वर्णन किया इस दौरान दुर्योधन राजा मानो मानो वचन, चोला पहनो साहिब, प्रथमय गुरु को बंदना, महारानी मेरे घर होवे आदि भजनों से मां की आराधना की गई।

भजनों को हरीश मारवाह,प्रदीप अंग्रेवर, राकेश अग्रवाल, ,विकास ओबराए, अमित ओबराए, किशन ग्रोवर, मोहन दत्त शर्मा, नवीन शर्मा, साहिल ने बहुत मधुर स्वरों के साथ गाया। बड़ी संख्या में माता के भक्त मंदिर पहुंचे जिस कारण मंदिर का प्रांगण भक्तों से भरा रहा।

## मुकेश ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता की पत्नी के निधन पर किया शोक व्यक्त



**अनंत ज्ञान, सोलन।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आज वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुरेंद्र सेठी के सोलन स्थित आवास पहुंचकर उनकी पत्नी के निधन पर संवेदनाएं व्यक्त कीं। सुरेंद्र सेठी की पत्नी रेणु सेठी का कुछ दिवस पूर्व देहांत हो गया था। मुकेश अग्निहोत्री ने स्व. रेणु सेठी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## आरटीओ फ्लाइंग स्क्वायड की कार्रवाई में सवा लाख रुपए के चालान काटे

**अनंत ज्ञान, सोलन।** आरटीओ फ्लाइंग स्क्वायड टीम शिमला ने सोलन में हुए ट्रैफिक नियमों की धज्जियां उड़ाने वालों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई की। इस दौरान बिना फिटनेस, बिना पासिंग, बिना टैक्स, बिना परमिट सहित कई अन्य अनियमितताओं के चलते दस वाहन चालकों पर सवा लाख रुपए के करीब चालान किए। इस कार्रवाई में नेपाल की एक बस भी पकड़ी गई, जिसका परमिट तीर्थ यात्रियों के लिए था, लेकिन उसमें मजदूरों को काठमांडू से सोलन के कुमारहट्टी पहुंचाया जा रहा था। नियमों का उल्लंघन करने पर आरटीओ फ्लाइंग स्क्वायड टीम ने बस पर 10,000 का चालान किया गया। आरटीओ विभाग की इस सख्त कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। विभाग का कहना है कि आगे भी ऐसे अभियान जारी रहेंगे और कानून तोड़ने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## 16.20 करोड़ से होगा पांवटा साहिब गुरुद्वारा का कार्य : जगीर

**अनंत ज्ञान, नाहन**

गुरुद्वारा पांवटा साहिब प्रबंधक कमेटी द्वारा 31 मार्च को वार्षिक बजट पेश किया गया था, जिसकी जानकारी गुरुद्वारा प्रबंधक केमठी के मैनेजर जगीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि पूरी कमेटी ने सर्वसम्मति से वार्षिक बजट पारित कर दिया है।

जगीर सिंह ने बताया कि बजट की कुल राशि 16 करोड़ 20 लाख रुपए रखी गई, जिसमें संगत की सुविधाओं और गुरुद्वारे के विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण कार्यों के लिए धनराशि आवंटित की गई है। उन्होंने कहा कि गुरुद्वारा कमेटी ने

**बोले-कमेटी ने सर्वसम्मति से वार्षिक बजट किया पारित**

गुरु तेग बहादुर जी की 350वीं शहीदी वर्षगांठ को ध्यान में रखते हुए अनेक विकास योजनाओं को मंजूरी दी है।

इस वर्ष में संगत की सुविधा के लिए गुरु तेग बहादुर एमएनआरआई यात्री निवास का निर्माण किया गया है,। यह यात्री निवास गुरुद्वारा कमेटी, कार सेवा बाबा अमरजीत सिंह पटियाला और संगत के सहयोग से निर्मित हुआ है। इसके अतिरिक्त गुरुद्वारे के नए भवन के निचले हिस्से में एक बेसमेंट भी बनाया गया है , जहां संगत अपने वाहनों को पार्क कर सकेगी।

इस भवन की प्रथम मंजिल पर दुकानें एवं बैंकिंग सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी, ताकि संगत को किसी प्रकार की असुविधा न हो। यात्री निवास में ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा भी प्रदान की गई है, जिसे गुरुद्वारा साहिब की आधिकारिक वेबसाइट **https://gurduwaraponta sahib.in/** के माध्यम से किया जा सकता है। इस वार्षिक बजट में गुरुद्वारे के पुरानी इमारतों के रखरखाव और नई इमारतों के निर्माण के लिए भी धनराशि रखी गई है। इसके अलावा, गुरुद्वारा साहिब में संगत की धार्मिक शिक्षा और ऐतिहासिक धरोहर को संजोने के लिए एक म्यूजियम/डिस्प्ले सेंटर भी संचालित किया जा रहा है।

गुरुद्वारा प्रबंधक समिति ने किला लोहगढ़ साहिब की मरम्मत और वहां विशेष सेवा कार्यों के लिए भी विशेष फंड की व्यवस्था की है। गुरुद्वारा साहिब में प्रकाश पर्व , गुरु पर्व , अन्य धार्मिक कार्यक्रमों और लंगर सेवा के लिए भी इस बजट में विशेष प्रावधान किया गया है।

## संस्था ने पांच बेसहारा बच्चों की मदद के लिए बढ़ाया हाथ

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

उपमंडल के पुरुवाला गांव में एक परिवार की बहुत ही दुखद बात सामने आई, जिसमें एक परिवार के पांच बच्चे अनाथ हो गए। पुरुवाला गांव में सोनू कुमार जिनकी 31 मार्च को हार्टअटैक से मृत्यु हो गई, जबकि उनकी पत्नी की 5 फरवरी को मृत्यु हो गई थी, उनके पांच बच्चे हैं, सबसे बड़ी बेटी 9वीं पास है तथा बाकी सभी भाई बहन छोटे हैं। इन दिनों पातलियों में मां सरस्वती मंदिर की स्थापना का कार्यक्रम चल रहा है जहां पर मेरा गांव मेरा देश एक सहारा संस्था की टीम भी गई हुई थी, वहां पर इन बच्चों के बारे में पंडित मोहन शर्मा के द्वारा हमें पता चला उसी समय संस्था के सदस्य इन बच्चों को मिलने उनके घर पर गए तथा बच्चों को आश्वासन दिया की उनकी जो भी जरूरतें हैं, वह मेरा गाँव मेरा देश एक सहारा संस्था के द्वारा पूरी की जाएंगी। उनके सोने के लिए बिस्तर व कपड़े तथा राशन संस्था द्वारा अति शीघ्र उपलब्ध करवा दिया जाएगा तथा प्रशासन से भी इनके सहयोग के बारे में बातचीत की जाएगी।

## किन्नौर युवा कांग्रेस ने भाजपा नेता सूरत नेगी के खिलाफ निकाली रोष रैली



**अनिल नेगी, रिकांगपिओ।** किन्नौर युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों समेत यंग ब्रिगेड के पदाधिकारियों ने किन्नौर युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष तानजिन शेरब की अध्यक्षता मे भाजपा किन्नौर नेता सूरत नेगी के खिलाफ रोष रैली निकाली तथा नारेबाजी भी की है। इस विषय को लेकर किन्नौर यंग ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष प्रशांत नेगी ने कहा कि जिला के भाजपा नेता सूरत नेगी जिनकी भाजपा के अंदर भी छवि खराब है, उन्होंने अपने सोशल मीडिया हेंडल पर केबिनेट मंत्री जगत सिंह नेगी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की व किन्नौर कांग्रेस कमेटी के महासचिव निर्मल चंद्र को भी सोशल मीडिया के माध्यम से मिस्त्री की संज्ञा दी है, जो सरासर गलत है। प्रशांत नेगी ने कहा कि भाजपा नेता सूरत नेगी केबिनेट मंत्री जगत सिंह नेगी के अलावा ज़िला के मिस्त्री समाज व अन्य जाति के खिलाफ भी कई बार टिपण्णी कर चुके हैं, ऐसे मे उनके भाजपा के हजारों कार्यकर्ता उनसे नाराज होकर अलग पार्टी खड़ी कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि अगर सूरत नेगी अभद्र टिपण्णी करेंगे तो उनको उसी भाषा मे जवाब देंगे। (अनंत ज्ञान)

## 15 अप्रैल को ठोडो मैदान में होगा जिलास्तरीय समारोह

**अनंत ज्ञान, सोलन**

उपयुक्त सोलन मनमोहन शर्मा की अध्यक्षता में 15 अप्रैल को आयोजित किए जाने वाले जिला स्तरीय हिमाचल दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि मुख्यातिथि सर्वप्रथम शहीदी स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। मुख्यातिथि द्वारा प्रात: 11 बजे ठोडो मैदान में ध्वजारोहण किया जाएगा। 15 अप्रैल को हिमाचल के गठन का यह पर्व सोलन के ऐतिहासिक ठोडो मैदान में हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया जाएगा।

इसमें पुलिस व गृहरक्षक जवानों, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट्स एंड गाइड्स सहित विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राएं परेड में भाग लेंगे। इस अवसर पर विभिन्न स्कूलों व अन्य संस्थानों की ओर से सोलन की लोक संस्कृति पर आधारित रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जाएंगे।

उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों को इस समारोह के सफल आयोजन के लिए दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने शहीदी स्मारक की साफ-सफाई, बैठने की समुचित व्यवस्था, मंच तथा मैदान की सजावट सहित अन्य सभी प्रबंध समय रहते पूर्ण करने को भी कहा। बैठक का संचालन कार्यकारी सहायक आयुक्त नरेंद्र चौहान ने किया। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त सोलन राहुल जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सोलन राजकुमार चंदेल, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शालिनी,जोगिंदर प्रकाश राणा सहित गणमान्य उपस्थित थे।

**समागम** लॉरेंस स्कूल सनावर में शुरू हुआ दो दिवसीय मिलिट्री लिट फेस्ट

# महिलाओं की सैन्य भागीदारी पर दिया जोर

**अनंत ज्ञान, सोलन**

कसौली स्थित लॉरेंस स्कूल सनावर में शुरू हुआ दो दिवसीय मिलिट्री लिट फेस्ट शुरू हुआ। इसमें लेखक, सैन्य दिग्गज, इतिहासकार और साहित्य प्रेमी देश के कोने-कोने से जुटे।

लोगों का स्वागत करते हुए स्कूल के हेडमास्टर हिम्मत सिंह ढिल्लों ने स्कूल की उल्लेखनीय विरासत पर प्रकाश डालते हुए कहा, कि 178 साल पुरानी संस्था ने कई प्रतिष्ठित शख्सियतों को जन्म दिया है, जिन्होंने ब्रिटिश और भारतीय दोनों सेनाओं में नायक के रूप में काम किया और ब्रिटिश राज और भारत की स्वतंत्रता सहित ऐतिहासिक संघर्षों के दौरान महत्वपूर्ण भूमिका



लॉरेंस स्कूल सनावर में शुरू हुए मिलिट्री लिट फेस्ट के दौरान छात्र।

निभाई। इस पहल के माध्यम से हम उन लोगों को श्रद्धांजलि देते हैं जिन्होंने हमारे इतिहास को आकार दिया और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करना जारी रखा।

स्कूल की पूर्व फैकल्टी मेजर प्रिया झिंगन जिन्हें सेना में शामिल होने वाली पहली महिला कैडेटों में से एक के रूप में जाना जाता है, ने इस बात की सराहना की कि भारतीय सेना में महिलाओं के लिए स्थायी कमीशन पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले और महिला कैडेटों के लिए नेशनल डिफेंस एकेडमी (एनडीए) खोलने जैसी नीतियों को सेना की दिशा में महत्वपूर्ण कदम के रूप में मान्यता दी गई है।

सेना अधिकारी की पत्नी और वॉरियर विडोज और 'सोल्डरिंग ऑन' पुस्तकों की लेखिका अंबरीन जैदी ने युद्ध विधवाओं के हृदय विदारक संघर्ष और विकलांग सैनिकों के प्रति चिंता से अभिभूत होकर उन्होंने उनके दर्द को कलमबद्ध किया। कार्यक्रम के अंत में, क्लेरियन कॉल एपिसोड्स ऑफ ब्रेवरी सत्र में मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट जनरल तेजिंदर सिंह शेरगिल (रिटायर्ड), पीवीएसएम, कर्नल अमरेश शर्मा और कमोडोर रोहित कौशिक के साथ एक प्रेरणादायक विचारों का आदान-प्रदान हुआ।

## सराहां कॉलेज में आपदा प्रबंधन को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**अनंत ज्ञान, सराहां।** राजकीय महाविद्यालय सराहां में आंतरिक गुणवत्ता एवं आश्वासन प्रकोष्ठ एवं सराहां प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान से वर्ष 1905 में कांगड़ा में आए भूकंप के 120 वर्ष पूरे होने पर आपदा प्रबंधन जागरूकता दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता उपमंडलाधिकारी सराहां डॉ. प्रियंका चंद्रा ने की। सर्वप्रथम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. गुलशन कुमार धीमान ने औपचारिक रूप से सभी का स्वागत किया। इसके पश्चात महाविद्यालय के भूगोल के प्राध्यापक प्रो. जगमोहन सिंह ने महाविद्यालय के विद्यार्थियों एवं राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सराहाँ के विद्यार्थियों को आपदा प्रबंधन एवं विशेष रूप से भूकंप के समय अपनी व दूसरों की सुरक्षा किस प्रकार की जाए विषय पर जानकारी दी गई।

## न्यूज ब्रीफ

### आरटीएस का उद्देश्य लोगों को सेवाएं प्रदान करना

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** सेक्टर-9 चंडीगढ़ सचिवालय में सेवा का अधिकार (आरटीएस) अधिनि यम के तहत प्रदान की जाने वाली सेवाओं की प्रगति की समीक्षा करने और चंडीगढ़ में आगे की राह पर चर्चा करने के लिए एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की सह-अध्यक्षता डॉ. महावीर सिंह, मुख्य आयुक्त, चंडीगढ़ सेवा का अधिकार (आरटीएस) आयोग और राजीव वर्मा, मुख्य सचिव, चंडीगढ़ प्रशासन ने की। मुख्य आयुक्त, चंडीगढ़ आरटीएस आयोग ने भारत में और चंडीगढ़ में आरटीएस की पृष्ठभूमि के बारे में एक संक्षिप्त प्रस्तुति दी। उन्होंने कहा कि आरटीएस का मूल उद्देश्य लोगों को समयबद्ध रूप से सेवाएं प्रदान करना और अंततः नागरिकों, विशेष रूप से गरीबों और मध्यम वर्ग के 'जीवन की सुगमता' में सुधार करना है।

### विश्व होम्योपैथी दिवस जागरूकता अभियान शुरू

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** विश्व होम्योपैथी दिवस के उपलक्ष्य में आयुष विभाग चंडीगढ़ ने निवारक और समग्र स्वास्थ्य सेवा में होम्योपैथी के महत्व को उजागर करने के लिए एक जीवंत जागरूकता अभियान शुरू किया है। वॉकथॉन को श्री द्वारा औपचारिक रूप से झंडी दिखाकर रवाना किया गया। अखिल कुमार, दानिक्स, निदेशक, आयुष, और विभाग के कई सम्मानित गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया, जो इस उद्देश्य के लिए समर्थन दिखाने के लिए प्रतिभागियों के साथ एकजुटता से चले।

### श्री सनातन समाज चैरिटेबल ट्रस्ट ने लगाया भंडार

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** श्री सनातन समाज चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा नवरात्रि की अष्टमी के पावन अवसर पर 5 अप्रैल को शिमला स्टोर (सेक्टर 22-सी) के सामने स्थित पार्किंग स्थल पर फलाहार भंडारे का भव्य आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं के लिए दूध, केला और व्रत लड्डू आदि फलाहार सामग्री भंडारे की व्यवस्था की गई। इस धार्मिक सेवा कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित गणमान्य अतिथियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और सेवा कार्य में भाग लिया। प्रमुख अतिथियों में श्री जतिंदर पाल मल्होत्रा, अनूप गुप्ता, रविकांत शर्मा, बीपी अरोड़ा (अध्यक्ष, हिन्दू पर्व महासभा) संजीव चड्ढा (अध्यक्ष, चंडीगढ़ व्यापार मंडल) एवं मोहित सूद शामिल रहे।

### निशांत कुमार समितियों के प्रतिनिधियों से की बैठक

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** यूटी चंडीगढ़ के डिप्टी कमिश्नर-कम-एस्टेट ऑफिसर निशांत कुमार यादव, आईएएस की अध्यक्षता में विभिन्न सहकारी आवास समितियों के प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में सहायक संपदा अधिकारी (एईओ), संपदा कार्यालय, चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड (सीएचबी), सहायक रजिस्ट्रार सहकारी समितियां, एसडीओ (बिल्डिंग ब्रांच) और एसडीओ पब्लिक हेल्थ के अधिकारी शामिल हुए। बैठक के दौरानप्रमुख बिंदुओं में रूपांतरण शुल्क, पूर्णता प्रमाण पत्र, अनर्जित वृद्धि और आंतरिक रखरखाव और जल शुल्क शामिल थे।

### 'वीआर सोढीज' एक ऐतिहासिक पुस्तक

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** सोढी वंश की शुरुआत श्रीराम चंद्र के पुत्र लव से हुई तथा बेदी वंश की शुरुआत दूसरे पुत्र कुश से हुई। प्रेस क्लब चंडीगढ़ में अंग्रेजी भाषा की पुस्तक 'वीआर सोढीज' के लेखक मनजिंद्र सिंह सोढी ने कहा कि यह सोढी वंश का संपूर्ण कुर्सीनामा है, जो एक ऐतिहासिक पुस्तक होगी। पुस्तक का विमोचन पंजाब के पूर्व मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय नेता राणा गुरमीत सिंह सोढी ने किया। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश सविंद्र सिंह सोढी, पंजाब के जनसंपर्क विभाग के निदेशक विमल, पंजाब की कोइल बीबी सुरिंदर कौर सोढी की पोती और लोक गायिका सुनैनी गुलेरिया, रघुमीत सिंह सोढी विशेष अतिथि थे।

### राष्ट्र को युवा देशभक्तों की जरूरत : वाधवा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** लॉरेंस स्कूल सनावर में दो दिवसीय सनावर मिलिट्री लिटरेचर फेस्टिवल के समापन दिवस पर एक प्रेरक संबोधन में वेस्टर्न कमांड हेडक्वार्टर के चीफ ऑफ स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल मोहित वाधवा ( सेना मेडल) ने स्टूडेंट्स से अपने जीवन में अनुशासन, साहस और उद्देश्य की भावना को अपनाने का आग्रह किया। लेफ्टिनेंट जनरल वाधवा ने दो दिवसीय कार्यक्रम के सुचारू संचालन की सराहना करते हुए कहा कि लिटरेचर फेस्टिवल केवल युद्धों या लड़ाइयों की कहानियों और वर्णन के बारे में नहीं है, बल्कि एक राष्ट्र की आत्मा है जो हमारे सैनिकों के साहस को दर्शाती है।


### ट्रंप ने टिकटॉक को बैन होने से फिर बचाया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने टिकटॉक को अमेरिका में बैन से बचाने के लिए 75 दिन का और वक्त दिया है। यह सीमा 5 अप्रैल को खत्म हो रही थी। यह दूसरी बार है जब ट्रंप ने टिकटॉक को अमेरिका में बैन से बचाने के लिए समय सीमा बढ़ाई है। दरअसल बाइडेन सरकार ने टिकटॉक को अमेरिका में बैन किए जाने का कानून बनाया था। सुप्रीम कोर्ट ने भी इस पर मुहर लगाते हुए कहा कि टिकटॉक बैन तभी रुक सकता है, जब इसकी पेरेंट चीनी कंपनी 'बाइटडांस' इसे किसी अमेरिकी कंपनी को बेच दे। ट्रंप प्रशासन टिकटॉक को अमेरिकी कंपनी के हाथों में लाने की डील पर काम कर रहा है, ताकि यह ऐप अमेरिका में चलता रहे। अमेजन, माइक्रोसॉफ्ट, ब्लैकस्टोन, और कई कंपनियों ने टिकटॉक के अमेरिकी हिस्से को खरीदने में रुचि दिखाई है, हालांकि अभी कोई पक्की डील नहीं हुई।

### मुंबई पुलिस के समक्ष पेश नहीं हुए कामरा

**मुंबई।** 'स्टैंड-अप कॉमेडियन' कुणाल कामरा महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के खिलाफ कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के सिलसिले में दर्ज मामले में मुंबई पुलिस के समक्ष पेश नहीं हुए। अधिकारी ने बताया कि यह तीसरी बार है जब कामरा समन जारी किए जाने के बावजूद पुलिस के सामने पेश नहीं हुए। पुलिस ने एक कार्यक्रम के दौरान उपमुख्यमंत्री के खिलाफ कथित रूप से अपमानजनक टिप्पणी करने पर शिवसेना के विधायक मुरजी पटेल की शिकायत पर कामरा के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### बंगाल में तस्कर पकड़ा, पिस्टल व कारतूस मिले



**कोलकताता।** कोलकाता पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स ने हावड़ा रेलवे स्टेशन से एक हथियार तस्कर को गिरफ्तार किया। वह पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले का रहने वाला है और चेन्नई भागने की कोशिश कर रहा था। पुलिस ने उसके पास से एक देसी पिस्टल, एक मैगजीन और 10 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। इसके अलावा, चार अधबने हथियार और चार पिस्टल के बैरल भी मिले हैं। कोर्ट ने उसे 17 अप्रैल तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है।

### कनाडा में भारतीय नागरिक की चाकू घोंपकर हत्या

**ओटावा।** कनाडा की राजधानी ओटावा के पास रॉकलैंड इलाके में एक भारतीय नागरिक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। ओटावा में भारतीय उच्चायोग ने घटना की जानकारी दी है। उच्चायोग ने दुख जताते हुए कहा कि वह पीड़ित परिवार की हरसंभव मदद के लिए स्थानीय लोगों के साथ संपर्क में हैं। पुलिस ने बताया कि घटना के बाद एक संदिग्ध को गिरफ्तार कर लिया गया है। अब तक मृतक की पहचान सार्वजनिक नहीं की गई है और जांच जारी है।

# पिंजौर में 100 एकड़ में जल्द बनेगी फिल्म सिटी : सीएम सैनी

## सिनेमा जगत से जुड़े कलाकारों को मिलेंगे रोजगार के अवसर

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सरकार ने फिल्म जगत को बढ़ावा देने और कलाकारों को प्रोत्साहन के लिए 2 चरणों में फिल्म सिटी बनाने का निर्णय लिया है। पहले चरण में जिला पंचकूला के पिंजौर में 100 एकड़ में फिल्म सिटी बनाई जा रही है। इसके लिए जमीन निर्धारित की जा चुकी है और इस परियोजना के लिए कंसलटेंट लगाने की प्रक्रिया जारी है। जल्द ही फिल्म सिटी का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। दूसरे चरण में गुरुग्राम में फिल्म सिटी का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए जमीन के चयन की प्रक्रिया जारी है। इससे सिनेमा जगत से जुड़े कलाकारों को न केवल फायदा बल्कि प्रदेश में रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

मुख्यमंत्री शनिवार को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में सिने फाउंडेशन, हरियाणा (विश्व संवाद केंद्र) तथा महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय फिल्म महोत्सव के समापन समारोह में बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने श्रेष्ठ फिल्मकारों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया और विश्व संवाद केंद्र को 21 लाख रुपए की अनुदान राशि देने की घोषणा की।

सैनी ने फिल्म जगत से जुड़े कलाकारों की मांगों पर आश्वासन देते हुए कहा कि दूरदर्शन पर हफ्ते में एक बार हरियाणवी फिल्म का प्रदर्शन करने के संबंध में प्रसार भारती के साथ बातचीत कर इसे शुरू करवाने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही, दादा लखमी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (सुपवा) को हरियाणा के प्रत्येक विश्वविद्यालय में फिल्म मेकिंग कोर्स शुरू करने की जिम्मेदारी दी जाएगी। इसके अलावा, हर स्कूल में थिएटर एजुकेशन शुरू करने के लिए भी सुपवा शिक्षा विभाग के साथ मिलकर इस दिशा में प्रयास करेगा।

उन्होंने सिंगल स्क्रीन सिनेमा को पुनर्जीवित करने की मांग पर आश्वस्त किया कि हरियाणा सरकार ने क्षेत्रीय सिनेमा को बढ़ावा देने के लिए फिल्म प्रोमोशन बोर्ड बनाया हुआ है। यह बोर्ड कला एवं सांस्कृतिक मामले विभाग के साथ मिलकर इस दिशा में नीति निर्धारण का काम करेगा। उन्होंने कहा कि फिल्म सब्सिडी के संबंध में सरकार की नीति के अनुसार आगामी 30 दिनों में लंबित पड़े सभी 5 आवेदनों की सब्सिडी का भुगतान कर दिया जाएगा। साथ ही सब्सिडी के लिए नए आवेदन भी मांगे जाएंगे। सीएम ने कहा कि हरियाणा की माटी में वीरता, कला और संस्कृति का अनमोल संगम है। यहां की लोक कला, संगीत और नृत्य अपनी मौलिकता और जीवंतता के लिए विश्व प्रसिद्ध हैं।

# कजहेड़ी में संजय टंडन ने किया जन औषधि केंद्र का उद्घाटन



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

देश के लोगों को सस्ती दवाओं को उपलब्ध करवाने वाली प्रधानमंत्री जन औषधि योजना के अंतर्गत खोले जा रहे जन औषधि केंद्रों की श्रृंखला में आज चंडीगढ़ के गांव कजेहड़ी में भी एक केंद्र को खोला गया, जिसका उद्घाटन भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं हिमाचल प्रदेश भाजपा के प्रदेश सह प्रभारी संजय टंडन ने किया।

इस अवसर पर उनके साथ पार्टी के मेडिकल प्रकोष्ठ के संयोजक प्रिन्स बन्धूला,ज़िला अध्यक्ष खुशविंदर सिंह, मंडल अध्यक्ष सुरेश, गोपाल शुक्ला, ललित कुमार, प्रीति, तेजविंदर सिंह हुंदल, भजन सिंह, सुरजीत सिंह, संजीव, सतपाल वर्मा एवं कजहेड़ी के अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

इस मौके पर उपस्थित सभी स्थानीय लोगों को जन औषधि केंद्र के खोले जाने की बधाई प्रदान करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की सरकार द्वारा शुरू की गई इस योजना से देश के लाखों गरीबों, मध्यमवर्गीय परिवारों एवं आम जनमानस के लिए स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ और किफायती बनाने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। इसके परिणाम स्वरूप इस परियोजना के माध्यम से देशभर में हजारों केंद्र खोले जा रहे हैं, जो गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाएं बेहद कम कीमतों पर उपलब्ध करा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि इन जन औषधि केंद्रों पर मोदी सरकार ने न केवल रोजमर्रा की दवाओं को सस्ती कीमतों पर उपलब्ध करवाया बल्कि बाजार में ऑपरेशन के दौरान मिलने वाले महंगे सामान को भी अब इन केंद्रों के माध्यम से लोगों को सस्ते दामों में उपलब्ध करवाने की पहल की। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा शुरू की गई इस योजना से देश के सभी लोगों को इस से सीधा सीधा लाभ प्राप्त हो रहा है जो कि एक सराहनीय कदम है और इसके लिए हम सभी देशवासी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हैं।

# चंडीगढ़ के सैनिक विश्राम गृह का होगा नवीनीकरण: डीसी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

डीसी निशांत कुमार यादव सह-अध्यक्ष जिला सैनिक बोर्ड ने जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, यूटी चंडीगढ़ का दौरा किया। उन्हें कर्नल एचएस घुमन (सेवानिवृत्त), जिला सैनिक कल्याण अधिकारी (जेडएसडब्ल्यूओ) द्वारा जिला सैनिक कल्याण कार्यालय और सैनिक विश्राम गृह (एसआरएच) के कामकाज के बारे में जानकारी दी गई। उन्हें चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा पूर्व सैनिकों, विधवाओं और पूर्व सैनिकों के बच्चों के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी गई।

डीसी ने कहा कि एसआरएच के भवन और अतिथि कक्षों का नवीनीकरण करने की तत्काल आवश्यकता है। चंडीगढ़ के मुख्य वास्तुकार कार्यालय ने इस भवन के जीर्णोद्धार के लिए ड्राइंग प्लान को पहले ही मंजूरी दे दी है, जिसमें बुजुर्ग सैनिकों के लिए लिफ्ट की स्थापना भी शामिल है। डीसी ने कहा कि चंडीगढ़ कार्यालय के मुख्य अभियंता जल्द ही जेडएसडब्ल्यू कार्यालय भवन का जीर्णोद्धार करेंगे।

द्वितीय विश्व युद्ध के दिग्गजों के 4 लाभार्थियों को 2,70,000 रुपए की वित्तीय सहायता, चंडीगढ़ से अधिकारी के रूप में सशस्त्र बलों में शामिल होने पर प्रत्येक कैडेट को 1 लाख रुपए के रूप में 30 लाभार्थियों को 30,00,000 रुपए की प्रोत्साहन राशि, चंडीगढ़ निवासी आरआईएमसी देहरादून में अध्ययनरत 21 छात्र लाभार्थियों को 7,59,000 रुपए का वजीफा और 12 लाभार्थियों को ईएसएम और उनके आश्रितों के लिए कंप्यूटर कोर्स के लिए 2,33,928 रुपए दिए गए।

# मुख्यमंत्री धामी ने प्रदान की विकास योजनाओं की स्वीकृति

**अनंत ज्ञान, देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने टनकपुर जनपद चंपावत में पूर्णागिरी मेले के संपूर्ण क्षेत्र में भीड़ प्रबंधन व आपदा प्रबंधन की दृष्टि से ढूलीगाड में स्मार्ट कंट्रोल रूम व सीसीटीवी निगरानी तंत्र स्थापित किए जाने, पूर्णागिरी मेला हेतु सेलागाड में बहुउद्देश्यीय प्रशासनिक भवन निर्माण, पूर्णागिरी क्षेत्र में लाढीगाड (श्री पूर्णागिरी) पंपिंग पेयजल योजना के निर्माण, पूर्णागिरी क्षेत्र में ठूलीगाड़, बाबलीगाड़ पंपिंग योजना के निर्माण, किरोडा पुल के अपस्ट्रीम से लेकर डाउनस्ट्रीम में पूर्णागिरी मार्ग के कॉजवे तक किरोडा नाले में वन विभाग के साथ सर्वे करते हुए चौनेलाइजेशन एवं बाढ़ सुरक्षात्मक कार्य लगभग 3 किमी का कार्य किए जाने तथा पूर्णागिरी टनकपुर में हुड्डी नदी को बाढ़ से ग्राम छीनीगोठ की सुरक्षा हेतु बाढ़ सुरक्षात्मक दीवार के निर्माण किए जाने की स्वीकृति प्रदान की है।

मुख्यमंत्री ने काशीपुर में केवीआर हॉस्पिटल से धनोरी तक बिजनेस इन होटल से परमानंदपुर लिंक मार्ग तक मार्ग चौड़ीकरण, डिवाइडर निर्माण तथा स्ट्रीट लाइट लगाने, नगर निगम काशीपुर के संपूर्ण परिसर में पीपीपी मोड में निगम कार्यालय भवन, आवासीय परिसर एवं शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का निर्माण आदि के लिए स्वीकृति प्रदान की है।

# पैकेजिंग इंडस्ट्री के सीईओ ने प्रोडक्शन हाउस 'आर सीज फिल्मीलिंक्स' किया लांच

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



नालागढ़-बद्दी स्थित पैकेजिंग इंडस्ट्री के सीईओ राजन चोपड़ा ने प्रोडक्शन हाउस 'आर सीज फिल्मीलिंक्स' शुरू करने की घोषणा शनिवार को यहां चंडीगढ़ प्रेस क्लब में की। प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले बने पहले सांग को भी उन्होंने गीत संगीत के श्रोताओं के सामने पेश किया है, जिसमे उन्होंने अपने पुत्र गोकुल चोपड़ा को भी बतौर मॉडल लांच किया है।

राजन ने बताया कि बोधिसिट्टा कमल सिंह मलही के आशीर्वाद से वह आज अपने सपने को साकार कर पाए हैं। वह वर्षों से नालागढ़-बद्दी में पैकेजिंग इंडस्ट्री चला रहे हैं। पुत्र गोकुल का मॉडलिंग और एक्टिंग के प्रति रूझान देखते हुए उन्होंने खुद का प्रोडक्शन हाउस खोलने का निश्चय लिया। इस प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले पहले ही गाने 'हे सुनो' का दुबई में वीडियो शूट किया गया है। गाने में मेल मॉडल गोकुल चोपड़ा और फीमेल मॉडल जैस्मीन हैं। गाने के लिरिक्स और म्यूजिक डॉक्टर टीजे का है, जबकि म्यूजिक डायरेक्टर सुमित और एडिटर सरबजीत सिंह सोहल हैं। 3 मिनट 40 सेकंड का यह हिंदी रोमांटिक सांग है।

## देश-विदेश

# वक्फ संशोधन बिल से मुसलमानों को कमजोर करने की कोशिश : राहुल

**एजेंसी, नई दिल्ली**



वक्फ (संशोधन) विधेयक 2024 को लोकसभा और राज्यसभा दोनों सदनों से पास कर दिया है। इस बिल को लेकर कांग्रेस और अन्य विपक्षी पार्टियों ने केंद्र सरकार की आलोचना की है और उनका कहना है कि यह कानून मुसलमानों के खिलाफ है। इस मुद्दे पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केंद्र सरकार को घेरा है।

उन्होंने 'एक्स' पर कहा कि यह कानून अभी तो मुसलमानों को निशाना बना रहा है, लेकिन भविष्य में बाकी समुदायों को भी प्रभावित कर सकता है। मैंने पहले ही कहा था कि वक्फ बिल सिर्फ मुसलमानों को नहीं, बल्कि बाकी धर्मों को भी निशाना बनाने का रास्ता बना सकता है। अब आरएसएस ने ईसाई समुदाय पर भी ध्यान देना शुरू कर दिया है। ऐसे समय में हमारा संविधान ही है, जो हमें ऐसे हमलों से बचा सकता है और उसे बचाना हम सबकी जिम्मेदारी है। यह बिल मुसलमानों को कमजोर करने और उनकी संपत्ति और धार्मिक अधिकार छीनने की कोशिश है। यह संविधान और उसमें दिए गए धार्मिक आजादी के अधिकार (अनुच्छेद 25) पर सीधा हमला है। राहुल ने कहा कि कांग्रेस इस कानून का विरोध करती है, क्योंकि यह भारत की एकता और लोकतंत्र के खिलाफ है।

## अमेरिकी सीनेट ने कर छूट और खर्च में कटौती के लिए ट्रंप की रूपरेखा को दी मंजूरी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी संसद के उच्च सदन सीनेट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एजेंडे को ध्यान में रखकर पेश की गई खरबों डॉलर की कर छूट और खर्च में कटौती की रूपरेखा को विपक्ष के कड़े विरोध के बावजूद पारित कर दिया। सीनेट ने अपनी मैराथन बैठक में ट्रंप प्रशासन की तरफ से रखे गए प्रस्ताव को 51-48 के नजदीकी अंतर से पारित किया। डेमोक्रेटिक सांसदों ने इसका पुरजोर विरोध किया, लेकिन रिपब्लिकन पार्टी भारी पड़ी। यह घटना ऐसे समय हुई है, जब ट्रंप की शुल्क योजनाओं के बाद अमेरिकी अर्थव्यवस्था में उथल-पुथल मची हुई है। शेयर बाजार में बड़ी गिरावट आई है और घरेलू उपभोक्ताओं के लिए बढ़ती लागत और संभावित मंदी की आशंकाएं बढ़ गई हैं।

# रूस ने यूक्रेन में दागी मिसाइलें, 18 लोगों की मौत, 61 से अधिक घायल

**एजेंसी, ब्रसेल्स**

यूक्रेन के केंद्रीय शहर क्रीवी रीह पर रूसी मिसाइल हमले में छह बच्चों सहित कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई, जबकि 61 से अधिक लोग घायल हो गए।

यूक्रेनी अधिकारियों ने यह जानकारी दी। रूसी बैलिस्टिक मिसाइल हमले को 'नागरिकों के विरुद्ध' युद्ध करार दिया। यह हमला ऐसे समय में हुआ है, जब अमेरिकी और यूरोपीय नेता रूस पर संघर्ष विराम स्वीकार करने के लिए दबाव डाल रहे हैं।



### जेलेंस्की ने लगाई मदद की गुहार

**रूसी** हमले के बाद यूक्रेनी अधिकारियों ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से मदद की गुहार लगाई है। शहर के अस्पताल घायलों से भरे हुए हैं और राहत कर्मी दिन-रात मलबे में फंसे लोगों को बचाने का प्रयास कर रहे हैं। यूक्रेन का कहना है कि रूस निर्दोष नागरिकों को निशाना बना रहा है, जिससे युद्ध के मानवीय संकट में और इजाफा हो रहा है।

# मणिपुर में चार उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** सुरक्षाबलों ने मणिपुर के बिष्णुपुर, थौबल और इंफाल पूर्व जिलों से दो प्रतिबंधित संगठनों के चार उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि प्रतिबंधित संगठन 'यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट' (यूएनएलएफ-पाम्बेई) के दो सदस्यों को 47 वर्षीय व्यक्ति के अपहरण में संलिप्तता के आरोप में शुक्रवार को बिष्णुपुर जिले के नाम्बोल से गिरफ्तार किया गया। उसने बताया कि इंफाल पश्चिम जिले के 'पटसोई पार्ट-4' निवासी लैटोनजम दिलीप सिंह (47) को कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने उसके घर से अगवा किया था और इसकी सूचना मिलने पर घेराबंदी कर तलाश अभियान शुरू किया गया। पुलिस ने कहा कि उक्त व्यक्ति के अपहरण में शामिल यूएनएलएफ (पी) के दो सदस्यों को घर से गिरफ्तार किया।

# अभिनेता मनोज पंचतत्व में विलीन, सितारों ने नम आंखों से दी अंतिम विदाई

**एजेंसी, मुंबई**

'**उपकार**' और 'क्रांति' जैसी फिल्मों में देशभक्त नायक की भूमिका निभाकर 'भारत कुमार' के नाम से मशहूर हुए अभिनेता मनोज कुमार का शनिवार को पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। उपनगरीय जुहू स्थित पवन हंस श्मशानघाट में अंतिम संस्कार के वक्त अमिताभ बच्चन और सलीम खान सहित मनोरंजन जगत की



प्रमुख हस्तियां मौजूद रहीं। उन्हें 21 तोपों की सलामी दी गई। मनोज के बेट विशाल और कुणाल ने मुखाग्नि दी। मनोज कुमार का शुक्रवार तड़के कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में निधन हो गया था। वह 87 वर्ष के थे। अभिषेक बच्चन, अरबाज खान, सुभाष घई, अनु मलिक, जायद खान, प्रेम चोपड़ा और राजपाल यादव भी अंतिम संस्कार में शामिल हुए। मनोज कुमार काफी समय से लिवर सिरोसिस से जूझ रहे थे। उनकी हालत बिगड़ने के बाद उन्हें 21 फरवरी 2025 को अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

# एमआरएसएएम मिसाइल का सफल परीक्षण



**नई दिल्ली।** भारतीय सेना और रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल एमआरएसएएम का सफल परीक्षण किया है। यह परीक्षण ओडिशा के डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम आइलैंड पर किया गया।

**बधाई**

**रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने डीआरडीओ भारतीय सेना और रक्षा उद्योगों को बधाई दी।**

- **मिसाइल के चार उड़ान परीक्षण**
- **सभी लक्ष्यों को किया नष्ट**

- मिसाइल ने लंबी और छोटी दूरी के साथ-साथ ऊंचाई पर और नीचे उड़ रहे हवाई लक्ष्यों को निशाना बनाया
- हथियार प्रणाली दुश्मन के विमानों, ड्रोन और मिसाइलों को नष्ट करने में सक्षम है।

# कर्नाटक में सड़क हादसे में 5 की मौत, 11 घायल

**कलबुर्गी ( कर्नाटक )।** कर्नाटक में कलबुर्गी जिले के जेवर्गी तालुक में नेलोगी क्रॉस के पास शनिवार तड़के एक मिनी बस के खड़े ट्रक से कथित तौर पर टकरा जाने से 13 वर्षीय एक किशोरी समेत पांच लोगों की मौत हो गई और 11 अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि सभी यात्री बगलकोट के रहने वाले थे और वे कलबुर्गी जिले में एक दरगाह जा रहे थे, इसी दौरान तड़के करीब साढ़े तीन बजे यह दुर्घटना हो गई। कलबुर्गी के पुलिस अधीक्षक ए श्रीनिवासुलु ने बताया कि दुर्घटना इतनी भयानक थी कि पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कई अन्य यात्री घायल हो गए। प्रारंभिक जांच का हवाला देते हुए एक अन्य पुलिस अधिकारी ने बताया कि कथित तौर पर तेज गति से चल रही मिनी बस का चालक नींद में था और उसने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया जिसके कारण बस खड़े ट्रक से टकरा गई। उन्होंने बताया कि घायलों को अस्पताल ले जाया गया है, जहां उनका उपचार किया जा रहा है।

# नक्सली हिंसा छोड़ विकास यात्रा का हिस्सा बनें : शाह

**एजेंसी, दंतेवाड़ा**

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को नक्सलियों से हिंसा छोड़ने और बस्तर की विकास यात्रा का हिस्सा बनने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि जब कोई नक्सली मारा जाता है तो कोई भी खुश नहीं होता है। अमित शाह ने अगले वर्ष मार्च तक भारत से नक्सलवाद का सफाया होने का दावा करते हुए कहा कि अब नक्सली हथियारों के बल पर आदिवासियों के विकास को नहीं रोक सकते।

शाह ने दंतेवाड़ा शहर में राज्य सरकार की ओर से आयोजित 'बस्तर पंडुम' महोत्सव के समापन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि अगले वर्ष यह कार्यक्रम राज्य में राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित किया जाएगा, जिसमें देशभर के आदिवासी भाग लेंगे। शाह ने कहा कि वे दिन चले गए जब यहां (बस्तर में) गोलियां चलती थीं और बम फटते थे। मैं उन सभी नक्सली भाइयों से अनुरोध करता



हूं, जिनके हाथ में हथियार हैं और जिनके पास नहीं भी हैं, वे हथियार छोड़कर मुख्यधारा में शामिल हों। आप हमारे अपने लोग हैं। किसी नक्सली के मारे जाने पर कोई खुश नहीं होता। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र को विकास की जरूरत है। प्रधानमंत्री मोदी पांच वर्ष में बस्तर को वह सब कुछ देना चाहते हैं, जिसने 50 साल से विकास नहीं देखा, लेकिन यह कैसे हो सकता है? यह तभी हो सकता है जब बस्तर में शांति हो, बच्चे स्कूल जाएं, गांवों और तहसीलों में स्वास्थ्य सुविधाएं हों, हर किसी के पास आधार कार्ड, राशन कार्ड और स्वास्थ्य बीमा हो। यह तभी हो सकता है जब बस्तर के लोग तय करें कि वे अपने घरों और गांवों को नक्सल मुक्त बनाएंगे।

## आईपीएल-18 रिकॉर्ड




ऑरेंज कैप
**निकोलस पूरन**
189




पर्पल कैप
**नूर अहमद**
09



सिक्सर किंग
**निकोलस पूरन**
15

## अंक तालिका

| क्रमांक | टीम | मैच | जीत | हार | अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पंजाब | 02 | 02 | 00 | 04 |
| 2. | दिल्ली | 02 | 02 | 00 | 04 |
| 3. | बेंगलुरु | 03 | 02 | 01 | 04 |
| 4. | गुजरात | 03 | 02 | 01 | 04 |
| 5. | कोलकाता | 04 | 02 | 02 | 04 |
| 6. | लखनऊ | 04 | 02 | 02 | 04 |
| 7. | मुंबई | 04 | 01 | 03 | 02 |
| 8. | चेन्नई | 03 | 01 | 02 | 02 |
| 9. | राजस्थान | 03 | 01 | 02 | 02 |
| 10. | हैदराबाद | 04 | 01 | 03 | 02 |

# चेन्नई की लगातार तीसरी हार

## राहुल ने बनाए 77 रन, विपराज को मिले 2 विकेट



शॉट खेलता केएल राहुल।

**एजेंसी, चेन्नई**

लोकेश राहुल की 51 गेंद में 77 रन की पारी के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से दिल्ली कैपिटल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में शनिवार को यहां चेन्नई सुपरकिंग्स को 25 रन से शिकस्त देकर मौजूदा सत्र में तीन मैचों में तीसरी जीत दर्ज की। दिल्ली की यह चेपॉक मैदान पर पिछले 15 साल में पहली जीत है। दिल्ली ने छह विकेट पर 183 रन बनाने के बाद चेन्नई की पारी को पांच विकेट पर 158 रन पर रोक दिया। चेन्नई की चार मैचों में यह लगातार तीसरी हार है।

चेन्नई ने 11वें ओवर में 74 रन पर पांच विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद विजय शंकर (नाबाद 69) और दिग्गज महेंद्र सिंह धोनी (नाबाद 30) ने 57 गेंद में 84 रन की अटूट साझेदारी कर हार के अंतर को कम किया। शंकर ने 54 गेंद की नाबाद पारी में पांच चौके और एक छक्का लगाया, जबकि धोनी ने 26 गेंद की नाबाद पारी में एक चौका और एक छक्का लगाया। दिल्ली के लिए विप्रज निगम ने चार ओवर में 27 रन देकर दो जबकि कुलदीप यादव, मिचेल स्टार्क और मुकेश कुमार को एक-एक सफलता मिली। इससे पहले राहुल ने एक छोर संभालते हुए अपनी पारी में छह चौके और तीन छक्के जड़े। ट्रिस्टन स्टब्स ने 12 गेंदों पर नाबाद 24 रन बनाए लेकिन बाद मथिश पथिराना (31 रन पर एक विकट) ने आखिरी ओवर में शानदार गेंदबाजी करते हुए दिल्ली की टीम को और बड़ा स्कोर खड़ा करने से रोक दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए मुकेश कुमार ने दूसरे ओवर में अपनी गेंद पर शानदार कैच लपककर रचिन रविंद्र (तीन) को चलता किया तो वहीं, स्टार्क के खिलाफ अगले ओवर में कप्तान रुतुराज गायकवाड़ (पांच) बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में जैक फ्रेजर मैकगुर्क को कैच दे बैठे।

छठे ओवर में गेंदबाजी के लिए आए निगम ने अपनी फिरकी में डेवोन कॉन्वे (13) को फंसाया। शिवम दुबे (18) ने इस गेंदबाज के खिलाफ चौका और छक्का जड़ा, लेकिन एक और बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में ट्रिस्टन स्टब्स को कैच दे बैठे। कुलदीप ने इसके बाद रविंद्र जडेजा (दो) को पगबाधा कर चेन्नई की उम्मीदों को लगभग खत्म कर दिया। एक छोर से विजय शंकर बड़ा शॉट लगाने के लिए संघर्ष कर रहे थे, तो दूसरी ओर से दिग्गज धोनी का बल्ला भी गेंद के साथ अच्छे से संपर्क नहीं कर पा रहा था।

शंकर ने मोहित और फिर कुलदीप के खिलाफ चौके लगाये जिससे टीम ने 15वें ओवर में रनों का सैकड़ा पूरा किया। टीम को आखिरी पांच ओवर में 78 रन चाहिए थे लेकिन शंकर और धोनी बड़ा शॉट खेलने में नाकाम रहे। शंकर ने 17वें ओवर में 43 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। धोनी ने मैच लगभग हाथ से निकल जाने के बाद मोहित शर्मा के खिलाफ छक्का लगाकर अपने प्रशंसकों को खुश होने का कुछ मौका दिया। आखिरी ओवर में मुकेश कुमार के खिलाफ शंकर ने छक्का और धोनी ने चौका लगाकर टीम के स्कोर को 150 रन के पार पहुंचाया।

### स्कोर बोर्ड

| दिल्ली कैपिटल्स | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| मैकगर्क क. अश्विन ब. खलील | 00 | 05 | 0/0 |
| राहुल क. धोनी ब. पथिराना | 77 | 51 | 6/3 |
| अभिषेक क. पथिराना ब. जडेजा | 33 | 20 | 4/1 |
| पटेल ब. अहमद | 21 | 14 | 2/1 |
| रिजवी क. जडेजा ब. खलील | 20 | 15 | 1/1 |
| स्टब्स (नाबाद) | 24 | 12 | 2/1 |
| आशुतोष रन आउट. | 01 | 01 | 0/0 |
| निगम (नाबाद) | 01 | 02 | 0/0 |
| **अतिरिक्त** | 6 | | |
| **कुल : (20 ओवर)** | **183/6** | | |

**विकेट पतन :** 1-0, 2-54, 3-90, 4-146, 5-179, 6-180.
**गेंदबाजी :** खलील 4-0-25-2, मुकेश 4-0-50-0, अश्विन 3-0-21-0, जडेजा 2-0-19-1, अहमद 3-0-36-1, पथिराना 4-0-31-1.

| चेन्नई सुपरकिंग्स | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| रविंद्र क.ब. मुकेश | 03 | 06 | 0/0 |
| कॉन्वे क. पटेल ब. निगम | 13 | 14 | 1/0 |
| गायकवाड़ क. मैकगर्क ब. स्टार्क | 05 | 04 | 1/0 |
| शंकर (नाबाद) | 69 | 54 | 5/1 |
| दुबे क. स्टब्स ब. निगम | 18 | 15 | 1/1 |
| जडेजा पगबाधा ब. यादव | 02 | 03 | 0/0 |
| धोनी (नाबाद) | 30 | 26 | 1/1 |
| **अतिरिक्त** | 18 | | |
| **कुल : (20 ओवर)** | **158/5** | | |

**विकेट पतन :** 1-14, 2-20, 3-41, 4-65, 5-74.
**गेंदबाजी :** स्टार्क 4-0-27-1, मुकेश 4-0-36-1, मोहित 3-0-27-0, निगम 4-0-27-2, यादव 4-0-30-1, पटेल 1-0-5-0.

# जायसवाल की फिफ्टी से राजस्थान बड़े स्कोर की ओर



**एजेंसी, मुल्लांपुर**

आईपीएल का 18वां मुकाबला पंजाब किंग्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच महाराजा यादवेंद्र सिंह क्रिकेट स्टेडियम मुल्लांपुर में खेला गया। पहले बल्लेबाजी करने आए जायसवाल और संजू सैमसन ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए राजस्थान को बड़े स्कोर की ओर ले गए। संजू सैमसन 26 गेंदों पर 38 रन बनाकर आउट हो गए। उसके बाद जायसवाल 67 रन बनाकर आउट हो गए। समाचार लिखे जाने तक 14 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 135 रन बना लिए थे। रियान पराग और नितीश राणा 11-11 रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए थे।

## पीसीबी ने की न्यूजीलैंड के खिलाफ अफगान दर्शकों की टिप्पणियों की निंदा

**एजेंसी, कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने शनिवार को माउंट मोनगानुई में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे वनडे के दौरान अफगानिस्तान के दर्शकों के एक समूह द्वारा पाकिस्तानी खिलाड़ियों पर की गई अनुचित टिप्पणी की कड़ी निंदा की। पाकिस्तानी टीम की शिकायत के बाद अफगानिस्तानी मूल के दो दर्शकों को मैदान से बाहर कर दिया गया। पाकिस्तान ने यह मैच 43 रन से गंवा दिया और वनडे श्रृंखला उसे 0-3 से क्लीन स्वीप का सामना करना पड़ा। पीसीबी ने एक बयान में कहा, ''जब पाकिस्तान विरोधी नारे लगे तो क्रिकेटर खुशदिल शाह ने हस्तक्षेप किया और दर्शकों से ऐसा नहीं करने का आग्रह किया। जवाब में अफगानिस्तान के दर्शकों ने पश्तो में अनुचित भाषा का इस्तेमाल किया जिससे स्थिति बिगड़ गई।''

## स्पोर्ट्स विंडो

### लेंथ पर नियंत्रण व विविधतापूर्ण गेंदबाजी से खतरनाक बन जाता है दिग्वेश : वाटसन

**एजेंसी, लखनऊ।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑल राउंडर शेन वाटसन का मानना है कि ऑफ-ब्रेक और कैरम बॉल जैसी विविधताओं के साथ लगातार सही लेंथ पर गेंदबाजी करने की स्पिनर दिग्वेश राठी की क्षमता उन्हें एक खतरनाक गेंदबाज बनाती है। राठी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के वर्तमान सत्र में लखनऊ सुपर जाइंट्स के लिए तुरुप का इक्का साबित हो रहे हैं। दिल्ली के



रहने वाले इस 25 वर्षीय गेंदबाज ने अभी तक 7.62 की इकॉनमी रेट से छह विकेट लिए हैं। लखनऊ की मुंबई इंडियंस के खिलाफ 12 रन से जीत के बाद वॉटसन ने जिओ हॉटस्टार से कहा, ''ऐसा लग रहा था कि जैसे वह आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए ही पैदा हुआ है। वह किसी तरह के दबाव में नहीं था और खुलकर प्रदर्शन कर रहा था। उसने अपना आत्मविश्वास दिखाया और शानदार प्रदर्शन किया।'' राठी ने मुंबई के खिलाफ चार ओवर में 21 रन देकर एक विकेट लिया और उन्हें मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। उन्होंने कैरम बॉल से नमन धीर को आउट करके लखनऊ को मैच में वापसी दिलाई। वॉटसन ने कहा, ''दिग्वेश की विशेषता यह है कि वह अपने खेल को सरल बनाए रखते हैं। वह अपनी विविधतापूर्ण गेंदबाजी जैसे कि कैरम बॉल और ऑफ ब्रेक का उपयोग करते हैं।

### सूर्यकुमार-देविशा की खूबसूरत जोड़ी

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव की पत्नी का नाम देविशा शेट्टी है। देविशा काफी क्यूट हैं, जिसके चलते वह खूब चर्चा में रहती हैं।



## तिलक को रिटायर्ड आउट करना रणनीतिक फैसला था: जयवर्धने

**एजेंसी, लखनऊ**

मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच माहेला जयवर्धने ने कहा कि लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान तिलक वर्मा को रिटायर्ड आउट करना अच्छा नहीं था, लेकिन तब वह परिस्थितियों के अनुसार आक्रामक बल्लेबाजी नहीं कर पा रहे थे और इसलिए यह रणनीतिक फैसला किया गया। जयवर्धने ने मैच के बाद



संवाददाताओं से कहा, ''क्रिकेट में इस तरह की चीजें होती रहती हैं। और उसे बाहर करना अच्छा नहीं था लेकिन मुझे ऐसा करना पड़ा। यह उस समय एक रणनीतिक निर्णय था।'' तिलक ने भारत की तरफ से टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में दो शतक लगाए हैं। वह जब 23 गेंद पर 25 रन बना कर खेल रहे थे तब मुंबई की टीम ने उन्हें रिटायर्ड आउट करवा दिया और उनकी जगह मिशेल सेंटनर को भेजा गया जिनका स्ट्राइक रेट 106 है। मुंबई की यह रणनीति हालांकि कारगर साबित नहीं हुई और उसे 12 रन से हार का सामना करना पड़ा।

## ऋषभ पंत पर 12 लाख रुपए का जुर्माना

**एजेंसी, लखनऊ**

लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान ऋषभ पंत पर मुंबई इंडियंस के खिलाफ शुक्रवार को यहां खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच के दौरान धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। किसी भी गेंदबाजी टीम के लिए 20 ओवर पूरे करने का निर्धारित समय 90 मिनट है। लखनऊ की टीम निर्धारित समय से एक ओवर पीछे चल रही थी। इस कारण उसे अंतिम ओवर में 30 गज के बाहर एक क्षेत्ररक्षक कम रखने



के लिए मजबूर होना पड़ा। बीसीसीआई की प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया, ''आईपीएल आचार संहिता के धीमी ओवर गति से संबंधित अनुच्छेद 2.22 के तहत यह उनकी टीम का सत्र का पहला अपराध था, इसलिए ऋषभ पंत पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया।'' इस बीच लखनऊ के स्पिनर दिग्वेश राठी पर आईपीएल की आचार संहिता के लेवल एक का उल्लंघन करने के बाद लगातार दूसरी बार उनकी मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।

## हिमाचल की बेटियां नेशनल यूथ गेम्स के लिए पुड्डुचेरी रवाना



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

हिमाचल प्रदेश की बेटियां एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने को तैयार हैं। 27 मार्च को बिलासपुर में आयोजित नेशनल्स ट्रायल में शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य की 12 प्रतिभाशाली छात्राओं ने अंडर-17 नेशनल यूथ गेम्स के लिए चयनित होकर प्रदेश का मान बढ़ाया है। चयनित 12 खिलाड़ियों में प्रदेश के विभिन्न जिलों की छात्राएं शामिल हैं। इनमें से 4 खिलाड़ी राज्य स्तरीय छात्रावासों से हैं, जबकि मंडी, कांगड़ा, बिलासपुर और ऊना जिलों से भी प्रतिभाशाली बालिकाओं ने जगह बनाई है।

चयनित खिलाड़ियों में इशिता भारद्वाज, बीशिता चंदेल, दिया, काव्या पंडित, आरुषि, अगाथा, दिव्यांशी, काव्या शर्मा, सिमरन साक्षी, इशिता और वर्षा शामिल हैं। इन खिलाड़ियों का प्रशिक्षण शिविर 29 मार्च से 5 अप्रैल तक कोच राकेश ठाकुर के मार्गदर्शन में सरकाघाट स्पोर्ट्स हॉस्टल के तहत राष्ट्रीय बास्केटबॉल स्टेडियम सरकाघाट में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। अब यह टीम आगामी 9 से 16 अप्रैल तक पुड्डुचेरी में आयोजित होने वाले अंडर-17 नेशनल यूथ गेम्स में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगी। टीम के साथ हेड कोच राकेश ठाकुर, वाइस कोच सुनील शर्मा और टीम मैनेजर अमित भी मौजूद रहेंगे। टीम को सरकाघाट नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष अश्वनी गुलेरिया ने हरी झंडी देकर रवाना किया।

## न्यूजीलैंड ने तीसरा वनडे जीतकर पाकिस्तान का **सूपड़ा किया साफ**

**एजेंसी, माउंट मोनगानुई**

सलामी बल्लेबाज राइस मारियू और कप्तान माइकल ब्रेसवेल के अर्धशतक तथा तेज गेंदबाज बेन सियर्स के पांच विकेट की मदद से न्यूजीलैंड ने शनिवार को यहां तीसरे और अंतिम एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में पाकिस्तान को 43 रन से हराकर तीन मैच की सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप किया।

आउटफील्ड गीली होने के कारण यह मैच 42 ओवर का कर दिया गया। न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद आठ विकेट पर 264 रन बनाए। पाकिस्तान की टीम इसके जवाब में 40 ओवर में 221 रन बनाकर आउट हो गई। सियर्स ने 34 रन देकर पांच विकेट हासिल करके पाकिस्तान को सबसे अधिक नुकसान पहुंचाया।



न्यूजीलैंड की पारी का आकर्षण अपना दूसरा वनडे खेल रहे मारियू (58) और ब्रेसवेल (59) के अर्द्धशतक रहे। इन दोनों के अलावा डेरिल मिचेल ने 43 रन का योगदान दिया। इस दौरान उन्होंने एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 2000 रन भी पूरे किए। पाकिस्तान की तरफ से आकिफ जावेद सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 62 रन देखकर चार विकेट लिए। सलामी बल्लेबाज इमाम उल हक के तीसरे ओवर में चोटिल होने के कारण बाहर हो जाने के बावजूद पाकिस्तान ने अच्छी शुरुआत की। बाबर आजम ने 50 रन बनाए, जबकि अब्दुल्ला सफीक ने 33 और कप्तान मोहम्मद रिजवान में 37 रन का योगदान दिया। पाकिस्तान का स्कोर एक समय एक विकेट पर 95 रन था। जब 10 ओवर का खेल बचा था तब पाकिस्तान ने चार विकेट पर 167 रन बनाए थे। इस मुकाम पर न्यूजीलैंड का स्कोर भी चार विकेट पर 165 रन था। न्यूजीलैंड ने हालांकि, अंतिम 10 ओवर में 99 रन बनाए और पाकिस्तान उसकी बराबरी नहीं कर पाया। तैयब ताहिर ने 33 रन बनाए लेकिन इससे हार का अंतर ही कम हो पाया।

पाकिस्तान ने इस तरह से इस निराशाजनक दौरे का अंत हार से किया। पाकिस्तान के कप्तान रिजवान ने कहा, ''निश्चित तौर पर हमारे लिए यह निराशाजनक सीरीज रही, लेकिन न्यूजीलैंड को श्रेय दिया जाना चाहिए। उसने हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया। f

## हमने 10-12 रन अधिक किए खर्च: हार्दिक

**एजेंसी, लखनऊ।** लखनऊ सुपरजायंट्स के खिलाफ आईपीएल मैच में 12 रन से हार का सामना करने के बाद मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या ने कहा कि उनकी टीम ने गेंदबाजी करते समय 10-12 रन अधिक खर्च किए। हार्दिक ने कहा, ''हारना हमेशा निराशाजनक होता है। मैं अगर ईमानदारी से कहूं तो मैदान में हमने 10-12 रन ज्यादा खर्च किये। आखिरी में हम इसी अंतर से हारे।'' हार्दिक ने इस मैच में 36 रन देकर पांच विकेट लिए।



टी20 क्रिकेट में उन्होंने पहली बार पांच विकेट चटकाए हैं। उन्होंने कहा, ''मैंने हमेशा अपनी गेंदबाजी का लुत्फ उठाया है। मेरे पास ज्यादा विकल्प नहीं हैं, लेकिन मैं विकेट परखकर समझदारी से अपने विकल्प चुनता हूं। मैं विकेट लेने की जगह बल्लेबाजों से गलतियां करवाने की कोशिश करता हूं।''

## विश्व मुक्केबाजी कप जामवाल फाइनल में

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत के अभिनाश जामवाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इटली के जियानलुइगी मलंगा को हराकर ब्राजील के फोज डो इगुआकु शहर में चल रहे विश्व मुक्केबाजी कप के 65 किग्रा वजन वर्ग के फाइनल में प्रवेश किया। इस 22 वर्षीय भारतीय मुक्केबाज ने मलंगा की पहुंच से दूर रहने के लिए अपनी लंबाई और गति का अच्छा इस्तेमाल किया। उन्होंने 5-0 के सर्वसम्मत मतों से जीत हासिल की। पांच में से चार जजों ने जामवाल को परफेक्ट 30 अंक दिए।



जामवाल इस प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंचने वाले दूसरे भारतीय खिलाड़ी हैं। उनसे पहले वीरवार को हितेश 70 किग्रा भार वर्ग में फ्रांस के ओलंपियन माकन ट्राओरे को हराकर फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय बने थे। फाइनल में जामवाल का मुकाबला स्थानीय खिलाड़ी यूरी रीस से होगा।

## द्रविड़ सर का साथ मिलना सौभाग्य की बात : जायसवाल

**एजेंसी, मुंबई।** भारत के पूर्व मुख्य कोच और राजस्थान रॉयल्स के मेंटर (मार्गदर्शक) राहुल द्रविड़ की देख-रेख में खेलने वाले युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने कहा कि इस युग में उनके जैसा सहानुभूति के साथ देखभाल करने वाला इंसान का साथ मिलना सौभाग्य की बात है। जायसवाल राजस्थान रॉयल्स के अहम खिलाड़ी भी हैं। उन्होंने अपने करियर पर द्रविड़ के प्रभाव के बारे में बात करते हुए पूर्व भारतीय दिग्गज को बेहतरीन इंसान करार दिया।



जायसवाल ने कहा, ''वह एक बेहतरीन इंसान हैं। इस युग में राहुल द्रविड़ सर जैसे खिलाड़ी का होना सौभाग्य की बात है।'' इस खब्बू बल्लेबाज ने विस्तार से बताया कि द्रविड़ एक इंसान के तौर पर किस तरह अलग हैं। उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि वह एक बेहतरीन 'लीडर' है। वह एक शानदार सहायक और देखभाल करने के साथ हमेशा सभी का ख्याल रखने वाले इंसान है। वह खिलाड़ियों में आत्मविश्वास भरते हैं, उन्हें भरोसा दिलाते हैं कि वे सही जगह पर हैं। वह सही मार्गदर्शन प्रदान करते हैं, जो व्यक्तिगत करियर और पूरी टीम दोनों के लिए महत्वपूर्ण है।'' द्रविड़ के साथ कोई भी बातचीत सीखने का अवसर है।

## आईपीएल गुजरात के खिलाफ आक्रामकता पर आत्ममंथन करना होगा सनराइजर्स को

# सनराइजर्स-गुजरात आज होंगे आमने-सामने

**एजेंसी, हैदराबाद**

अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपना विशेष स्थान बनाने वाले सनराइजर्स हैदराबाद के लिए उसकी यह आक्रामकता ही हार का कारण बन रही है और गुजरात टाइटंस के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले मैच में उसे अपनी इस शैली पर आत्ममंथन करना होगा।

सनराइजर्स ने अपने पहले मैच में 286 रन बनाकर धमाकेदार शुरुआत की थी, लेकिन इसके बाद उसके बल्लेबाजों की आक्रामकता नहीं चल पाई। सनराइजर्स ने अगले तीन मैच में 190, 163 और 120 रन बनाए। उसे इन तीनों मैच में हार का सामना करना पड़ा। सनराइजर्स की टीम अभी अंक तालिका में 10वें और अंतिम स्थान पर है तथा ऐसा लग रहा है कि विश्व चैंपियन पैट



कमिंस की अगुवाई वाली यह टीम बिखर रही है।

पिछले साल की उपविजेता सनराइजर्स की टीम आक्रामकता और अति आक्रामकता के बीच संतुलन बनाने में नाकाम रही है तथा उसके अधिकतर बल्लेबाजों ने अपने विकेट इनाम में दिए हैं। सनराइजर्स के लिए राहत की बात यह है कि उसकी टीम को गुजरात के खिलाफ अगला मैच अपने घरेलू मैदान पर खेलना है जहां अभी तक रन वर्षा होती रही है। सनराइजर्स को अगर हार की हैट्रिक पूरी करने के बाद वापसी करनी है तो उसके मुख्य बल्लेबाजों ट्रैविस हेड, इशान किशन, हेनरिक क्लासेन को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। सनराइजर्स के लिए गेंदबाजी भी चिंता का विषय लगती है, क्योंकि युवा लेग स्पिनर जीशान अंसारी (चार विकेट) को छोड़कर कोई भी गेंदबाज खतरनाक नहीं दिख रहा है।

**मैच : शाम 7.30 बजे से**

### संभावित टीमें

**सनराइजर्स हैदराबाद:** पैट कमिंस (कप्तान), ईशान किशन (विकेटकीपर), अथर्व तायदे, अभिनव मनोहर, अनिकेत वर्मा, सचिन बेबी, हेनरिक क्लासेन, ट्रैविस हेड, हर्षल पटेल, कामिंडु मेंडिस, वियान मुल्डर, अभिषेक शर्मा, नीतीश कुमार रेड्डी, मोहम्मद शमी, राहुल चाहर, एडम ज़म्पा, सिमरजीत सिंह, जीशान अंसारी, जयदेव उनादकट और ईशान मलिंगा।

**गुजरात टाइटंस:** शुभमन गिल (कप्तान), जोस बटलर, बी साई सुदर्शन, शाहरुख खान, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, राहुल तेवतिया, राशिद खान, निशांत सिंधु, महिपाल लोमरोर, कुमार कुशाग्र, अनुज रावत, मानव सुथार, वाशिंगटन सुंदर, गेराल्ड कोएत्जी, मोहम्मद अरशद खान, गुरनूर सिंह बराड़, शेरफेन रदरफोर्ड, आर साई किशोर, इशांत शर्मा, जयंत यादव, ग्लेन फिलिप्स, करीम जनत, कुलवंत खेजरोलिया।

## सिफत ने विश्व कप में भारत को दिलाया पहला स्वर्ण पदक

**एजेंसी, नई दिल्ली**



भारतीय निशानेबाज सिफत कौर समरा ने अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स में चल रहे एफ निशानेबाजी विश्व कप में महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3 पोजिशन (3पी) के फाइनल में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करके स्वर्ण पदक जीता। यह आईएसएसएफ विश्व कप में उनका पहला व्यक्तिगत स्वर्ण पदक है।

फरीदकोट की रहने वाली 23 वर्षीय सिफत ने शुक्रवार देर रात टिरो फेडरल अर्जेंटीनो डी ब्यूनस आयर्स शूटिंग रेंज में सत्र के पहले विश्व कप में भारत को पहला स्वर्ण पदक दिलाया। विश्व रिकॉर्ड धारक सिफत नीलिंग पोजीशन में 15 शॉट के बाद जर्मनी की अनीता मैंगोल्ड से 7.2 अंक पीछे थी। उन्होंने हालांकि, इसके बाद प्रोन और स्टैंडिंग पोजीशन में स्वप्निल वापसी करके पहला स्थान हासिल किया। सिफत 45 शॉट के फाइनल के बाद 458.6 अंकों के साथ पहले स्थान पर रही, जबकि मैंगोल्ड उनसे 3.3 अंक पीछे 455.3 अंक बनाकर दूसरे स्थान पर रही। वहीं, चीन एक स्वर्ण और एक रजत के साथ शीर्ष पर है।